3 | राजधानी
पिता की रिवाल्वर से छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

6 | अभिमत
भारत-चीन टकराव में नया आयाम

10 | स्पोर्ट्स
आस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती देगा भारत

11 | विदेश
रिकार्ड संख्या में पत्रकार जेल में

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 59
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 17 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



तापसी ने अपने प्रशिक्षण की झलकियां साझा कीं
विविध-12

# सुप्रीम कोर्ट ने दिया कमेटी गठित करने का संकेत

## ● केंद्र को जारी किया नोटिस, आज होगी सुनवाई, समिति में शामिल हो सकते हैं सरकार व किसान संगठनों के सदस्य

**किसान आंदोलन पर गतिरोध दूर करने की कोशिश**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को संकेत दिया कि कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सीमाओं पर धरना दे रहे किसानों और सरकार के बीच व्याप्त गतिरोध दूर करने के लिये वह एक समिति गठित कर सकता है क्योंकि 'यह जल्द ही एक राष्ट्रीय मुद्दा बन सकता है।' न्यायालय इस मामले में गुरुवार को आगे सुनवाई के लिये सूचीबद्ध करते हुए केंद्र तथा अन्य को नोटिस जारी किया।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि आपकी बातचीत से ऐसा लगता है कि बात नहीं बनी है। पीठ ने कहा कि यह विफल होना ही है। आप कह रहे हैं कि हम बातचीत के लिये तैयार हैं। इस पर मेहता ने जवाब दिया कि हां, हम किसानों से बातचीत के लिये तैयार हैं। पीठ ने जब केन्द्र की ओर से पेश तुषार मेहता से कहा कि उन किसान संगठनों के नाम दीजिये जो दिल्ली सीमा को अवरूद्ध किये हैं तो उन्होंने कहा कि वह सिर्फ उन लोगों के नाम बता सकते हैं, जिनके साथ सरकार की वार्ता चल रही है।

मेहता ने कहा कि वे भारतीय किसान यूनियन और दूसरे संगठनों के सदस्य हैं, जिनके साथ सरकार बात कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों के संगठनों से बातचीत कर रही है और उन्होंने न्यायालय को उनके नाम बताये। मेहता ने कहा कि अब, ऐसा लगता है कि दूसरे लोगों ने किसान आन्दोलन पर कब्जा कर लिया है। मेहता ने कहा कि किसान और सरकार बातचीत कर रहे हैं और सरकार उनके साथ बातचीत के लिये तैयार है। सॉलिसीटर जनरल ने कहा, 'समस्या उनके (किसानों) इस नजरिये में है कि आप या तो इन कानूनों को खत्म कीजिये अन्यथा हम बात नहीं करेंगे।

वे बातचीत के दौरान 'हां' या 'ना' के पोस्टर लेकर आये थे। उनके साथ मंत्रीगण बातचीत कर रहे थे और वे किसानों के साथ चर्चा करना चाहते थे लेकिन वे (किसान संगठनों के नेताओं) कुर्सियां मोड़कर पीठ दिखाते हुये 'हां' या 'न' के पोस्टरों के साथ बैठ गये।'इन कथन का संज्ञान लेते हुये न्यायालय ने विभिन्न पक्षकारों की ओर से पेश वकीलों से कहा कि वह क्या करने की सोच रहा है। पीठ ने कहा, 'हम इस विवाद को हल करने के लिये एक समिति गठित करेंगे। हम (शेष पेज 9)

## विपक्षी दल कर रहे पंजाब के किसानों को गुमराह: तोमर

### ● केंद्रीय कृषि मंत्री ने जल्द समाधान निकलने की जताई उम्मीद, कानूनों को पूरे देश से किसानों का समर्थन मिलने का किया दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** ग्वालियर

**नए** कृषि कानूनों के विरोध में पिछले करीब तीन हफ्तों से दिल्ली के बॉर्डर पर जारी प्रदर्शनों के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को दावा किया कि इन कानूनों को पूरे देश के किसानों का समर्थन मिल रहा है, लेकिन विपक्षी दलों ने पंजाब के किसानों को गुमराह करके भ्रमित कर दिया और वे आंदोलन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस मामले में पंजाब के किसान संगठनों सहित देश के कई किसान संगठनों से हमारी बातचीत चल रही है और जल्दी ही इसका समाधान निकल आएगा। तोमर ने ग्वालियर में मीडिया से बात करते हुए कहा, 'पंजाब (के किसान संगठनों) सहित कई किसान संगठनों से बात चल रही है और जल्दी ही



इसका समाधान निकल आएगा।' उन्होंने कहा कि कृषि कानूनों के मुद्दे पर जो विपक्षी दल किसानों को गुमराह कर रहे हैं, वे अपने इरादे में सफल नहीं होंगे।

तोमर ने कहा कि कृषि सुधार का जो काम शुरू हुआ है उससे किसान का जीवन बदल जाएगा। उन्होंने कहा, 'देश भर के किसान नये कानूनों का समर्थन कर रहे हैं। कई संगठन उनसे मिले भी हैं। पंजाब के किसान कुछ नाराज हैं, लेकिन जल्दी ही समाधान निकल आएगा।' तोमर ने कहा कि किसान जनजागरण अभियान पूरे देश में किया जा रहा है और आज ग्वालियर में यह कार्यक्रम है। बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार के लक्ष्य से बनाये गए कृषि कानूनों के प्रति जन जागरुकता लाने के लिए भाजपा द्वारा ग्वालियर में आयोजित (शेष पेज 9)

## 'अन्य किसान संगठनों के साथ समानांतर बातचीत बंद करे सरकार'

**नई दिल्ली। नए** कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे 40 किसान यूनियनों के प्रमुख निकाय ने बुधवार को केन्द्र को लिखे एक पत्र में कहा कि वह विवादस्पद कानून पर अन्य किसान संगठनों से 'समानांतर बातचीत' ना करे। 'संयुक्त किसान मोर्चा' ने ऐसे समय में सरकार को पत्र लिखा है, जब वह विभिन्न राज्यों के कई किसान संगठनों से बातचीत कर रही है और केन्द्र ने दावा भी किया है कि इन संगठनों ने नए कृषि कानूनों का समर्थन किया है। 'संयुक्त किसान मोर्चा' कई किसान संगठनों (जिनमें अधिकतर पंजाब से नाता रखते हैं) का प्रतिनिधित्व करता है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव विवेक अग्रवाल को लिखे पत्र में मोर्चे ने कहा कि केन्द्र को दिल्ली से लगी सीमाओं पर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जारी प्रदर्शन को 'बदनाम' करना भी बंद करना चाहिए। दूसरी ओर प्रदर्शन कर रहे किसान संघों के नेताओं ने कहा है कि तीन नये कृषि कानूनों पर जारी गतिरोध तोड़ने के लिए एक नयी समिति गठित करना कोई समाधान नहीं है क्योंकि वे चाहते हैं कि इन कानूनों को पूरी तरह से वापस लिया जाए।

# उत्तर प्रदेश में कोविड-19 टीकाकरण की तैयारी पूरी

## ● शुरू में तीन चरणों में लगेगी वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने पहले चरण की तैयारी पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तीन चरणों में टीकाकरण करने की योजना बनाई है। शुरुआत में प्रदेश में तीन चरणों में कोविड का टीकाकरण किया जाएगा। जिसके तहत पहले चरण में सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों के डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टॉफ का टीकाकरण अस्पतालों में किया जाएगा। दूसरे चरण में नगर निगम, फौज, पुलिस कर्मियों के बाद तीसरे चरण में 50 साल से ऊपर के लोगों को टीकाकरण किया जाएगा।

पहले चरण में प्रदेश स्तर पर टीकाकरण की व्यवस्थाओं के तहत एक ओर जहां 15 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में कोरोना वैक्सीन के रखरखाव, डीप फ्रीजर, कोल्ड बॉक्स, वैक्सीन कैरियर का इंतजाम किया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश स्तर पर ट्रेनर्स को टीकाकरण की पहली ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। प्रथम चरण में सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पतालों में ही टीका लगाए जाने के इंतजाम किए गए हैं। जिसके तहत सरकारी व गैर सरकारी अस्पलातों के डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टॉफ का ब्यौरा एकत्र कर लिया गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक डीएस नेगी ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगने के बाद ही उनमें से लोगों को टीका लगाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को चिन्हित किया जाएगा। प्रदेश में 1 लाख 23 हजार लीटर वैक्सीन रखने की व्यवस्था कर ली गई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन यूपी के जीएम टीकाकरण डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक जिले में कोल्ड चेन प्वांइट तैयार किए गए हैं। अभी तक सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में पांच लाख स्वास्थ्य कर्मियों का डाटा अपलोड किया गया है। 22 जिलों में वैक्सीन रखने के लिए कमरे बनाए जा रहे हैं। प्रदेश में हम लोग 2.03 लाख लीटर वैक्सीन रखने का इंतजाम कर रहे हैं। अब तक प्रदेश स्तर पर ट्रेनर्स को टीकाकरण की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। अब प्रथम चरण में कोविड टीकाकरण करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को ट्रेनिंग जनपद स्तर पर दी जाएगी। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में ट्रेनर जनपदीय स्तर पर टीकाकरण करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना के टीकाकरण की ट्रेनिंग देंगे। जिसके तहत उनको टीका लगाने समेत कोरोना टीकाकरण से जुड़ी सभी जानकारियां भी दी जाएंगी।

# मोदी ने स्वर्णिम विजय मशाल की प्रज्वलित

## ● 1971 में पाकिस्तान पर जीत की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जलाई मशाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विजय दिवस के अवसर पर स्वर्णिम विजय मशाल जलाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के 50 साल पूरा होने के अवसर पर बुधवार को राजधानी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक की अमर ज्योति से स्वर्णिम विजय मशालें प्रज्ज्वलित कर उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में रवाना किया। विजय दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोदी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) विपिन रावत और तीनों सेनाओं के प्रमुख उपस्थित थे।

इस मौके पर रक्षा राज्यमंत्री श्रीपद एसो नाइक और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ सिविल व सैन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पुष्पचक्र समर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार भी व्यक्त किए। मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक पर लगातार जलती रहने वाली ज्योति से चार विजय मशालें प्रज्ज्वलित कीं और उन्हें 1971 के युद्ध के परमवीर चक्र और महावीर चक्र विजेताओं के गांवों सहित देश के विभिन्न भागों के लिए रवाना किया। बाद में प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, विजय दिवस के मौके पर हम अपने सशस्त्र बलों के अदम्य साहस को याद करते हैं, जिसके फलस्वरूप 1971 के युद्ध में अपने देश को निर्णायक विजय हासिल हुई। इस विशेष दिन पर मुझे राष्ट्रीय समर स्मारक पर स्वर्णिम विजय मशाल प्रज्जवलित करने का सम्मान मिला।

इन विजेताओं के गांवों के अलावा 1971 के युद्ध स्थलों की मिट्टी को नई दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में लाया जाएगा। स्वर्णिम विजय मशाल के रवाना होने के साथ ही अब पूरे देश में 1971 के युद्ध की याद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां पर पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक साल भर (शेष पेज 9)

# माफियाओं से खाली कराई भूमि पर बनाएंगे गरीबों के लिए आवास

## ● नो प्राफिट, नो लॉस पर जरूरतमंद वकीलों, पत्रकारों को मिलेंगे घर

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**प्रदेश** में बाहुबलियों और माफियाओं के कब्जे से मुक्त हुई सरकारी और गैर सरकारी जमीनों पर प्रदेश सरकार गरीबों और जरूरतमंद अधिवक्ताओं, पत्रकारों के लिए आवास बनायेगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश राज्य विधिक परिषद एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदेश अधिवक्ता समागम में की। योगी ने कहा कि जरूरतमंदों और संस्थाओं को नो प्राफिट, नो लॉस पर भूखण्ड उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों और विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इस समागम में अधिवक्ताओं के लिए आवासीय सुविधाओं की (शेष पेज 9)



## मुख्यमंत्री आज बरेली में किसान सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 17 दिसंबर, 2020 को बरेली में किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बरेली की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। लोकार्पण व शिलान्यास की जाने वाली 111 विभिन्न विकास परियोजनाओं की कुल लागत 981.62 करोड़ रुपए है। यह जानकारी आज यहां देते हुए राज्य सरकार (शेष पेज 9)

# हाथरस मामले में 18 तक होगा आरोप पत्र दाखिल

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाथरस** मामले की जांच कर रही सीबीआई 18 दिसंबर तक आरोप पत्र दाखिल कर देगी। बुधवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई ने यह बात कही। इधर, पीठ ने इस मामले में एमिकस क्यूरी, सभी पक्षकारों के वकील व सरकार के किसी वरिष्ठ अधिकारी समेत हाथरस के डीएम तथा एसपी को मीडिया या फिर अन्य स्त्रोत से आए फोटोज व वीडियो देखने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस राजन रॉय की पीठ ने यह आदेश हाथरस मामले में स्वत: संज्ञान द्वारा गरिमापूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार के अधिकार टाइटिल से दर्ज जनहित याचिका पर दिया। बुधवार को पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान पूर्व के आदेश के अनुपालन में सीबीआई की ओर से बताया गया कि इस मामले की जांच पूरी करने के उपरांत 18 दिसंबर तक (शेष पेज 9)

# ममता बनर्जी के खास विधायक शुभेंदु अधिकारी ने छोड़ा साथ

## ● शाह के बंगाल दौरे से पहले दिया इस्तीफा, भाजपा ने कहा-आना चाहें तो है स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता



**पिछले** कई दिनों से लग रही अटकलों पर विराम लगाते हुए तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। भाजपा में उनके शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। अधिकारी के पिता शिशिर अधिकारी और भाई दिब्येंदु भी तृणमूल कांग्रेस के मौजूदा सांसद हैं।

शुभेंदु भी दो बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस में बुधवार को असंतोष के स्वर और तेज हो गए और इसी कड़ी में पार्टी के वरिष्ठ सांसद सुनील मंडल के साथ ही आसनसोल नगर निकाय के प्रमुख जितेंद्र तिवारी असंतुष्ट नेता शुभेंदु अधिकारी के समर्थन में खुलकर सामने आए। साथ ही पार्टी पर समय रहते शिकायतों का निवारण नहीं करने का आरोप लगाया।

पूर्वी मेदिनीपुर जिले में नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र से विधायक शुभेंदु अधिकारी ने पिछले महीने राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था और वह पिछले कुछ समय से पार्टी नेतृत्व से दूरी बरत रहे थे। वह बुधवार शाम राज्य विधानसभा आए और विधानसभा के सचिव को अपना इस्तीफा सौंपा। शुभेंदु अधिकारी ने 2009 में नंदीग्राम में वाम मोर्चा की सरकार के खिलाफ भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन में ममता बनर्जी की मदद की थी और इसके बाद तृणमूल कांग्रेस 2011 (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,666 | ↑ 403 |
| निफ्टी | 13,682 | ↑ 114 |
| सोना | 49,059 | ↑ 215 /10g |
| चांदी | 64,822 | ↑ 1185 /kg |

## क्विक न्यूज

### सम्भल में बस-टैंकर के बीच भिड़ंत, आठ की मौत

**सम्भल।** उप्र के संभल जिले के धनारी थाना क्षेत्र मे बुधवार सुबह कोहरे के चलते रोडवेज की बस और गैस टैंकर की भिड़त हो गई जिसमे कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई जबकि लगभग 21 लोग घायल हुए है जिन्हें पास के अस्पतालो मे भर्ती कराया गया है। जिले के आलाधिकारी मौके पर राहत बचाव कार्य मे लगे है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद सम्भल मे सड़क दुर्घटना मे लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सड़क दुर्घटना मे मरने वाले लोगो के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। मुरादाबाद के पुलिस महानिरीक्षक रमित शर्मा ने बताया कि सम्भल के धनारी में हुई रोडवेज बस और गैस टैंकर की टक्कर में आठ लोगों की मौत हुई है जबकि 21 लोग घायल हुए है।

# मलेशिया की इली सिद्दीकी के साथ परिणय सूत्र में बंधे भारतीय हॉकी कप्तान मनप्रीत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तोक्यो** ओलंपिक की तैयारियों के बीच भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी मंगेतर मलेशिया की इली सिद्दीकी के साथ बुधवार को जालंधर में परिणय सूत्र में बंध गए।

इली और मनप्रीत आठ साल से एक दूसरे को जानते हैं। मलेशिया में 2012 में सुल्तान जोहोर कप जूनियर हॉकी टूर्नामेंट के दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी, जब मनप्रीत भारतीय जूनियर टीम के कप्तान थे।

जालंधर के मीठापुर के रहने वाले मनप्रीत और इली का विवाह जीटीबी नगर गुरुद्वारे पर संपन्न हुआ। कोरोना महामारी को ध्यान में सीमित संख्या में मेहमानों को आमंत्रित किया गया था। भारतीय टीम के मौजूदा और पूर्व खिलाड़ी मनदीप (शेष पेज 9)

# जेईई मेंस परीक्षा अब साल में होगी चार बार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बुधवार को बताया कि जेईई-मेंस परीक्षा साल में चार बार आयोजित होगी और पहले सत्र में इसका आयोजन 23 से 26 फरवरी 2021 तक होगा। निशंक ने डिजिटल माध्यम से इसकी जानकारी देते हुए कहा, जेईई मेंस परीक्षा का आयोजन साल में चार बार होगा। यह परीक्षा चार सत्रों में फरवरी, मार्च, अप्रैल और मई में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि इसके तहत पहले सत्र में परीक्षा 23 फरवरी 2021 से 26 फरवरी 2021 तक होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बताया कि यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा ली जाएगी। यह विभिन्न पालियों में आयोजित की जाएगी। इससे छात्रों को अंक सुधारने में मदद मिलेगी। निशंक (शेष पेज 9)

# कानपुर में 5850 करोड़ की लागत से बनेगा मेगा लेदर पार्क

## ● केंद्र ने दी सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट मेगा लेदर क्लस्टर को मंजूरी

## ● 235 एकड़ में होगा निर्माण, पचास हजार लोगों को मिलेगी नौकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कभी** पूरब का मैनचेस्टर कहे जाने वाला कानपुर शहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से एक बार फिर विश्व के मानचित्र पर एक औद्योगिक शहर के रूप में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा। यहां के रमईपुर गांव में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना से यह संभव होगा। 235 एकड़ में बनने वाले मेगा लेदर क्लस्टर प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले मेगा लेदर पार्क में पचास हजार लोगों को नौकरी मिलेगी और 5850 करोड़ रुपये का निवेश आएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस ड्रीम पोजेक्ट को केंद्र के वाणिज्य मंत्रालय की सहमति गत दिनों मिल गई है। अब जल्दी ही मुख्यमंत्री मेगा लेदर क्लस्टर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट यूपी लिमिटेड कंपनी वहां विकास का कार्य शुरू करेगी। ऐसे में यहां विकास के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। चमड़े संबधी सारी इकाइयों के एक जगह होने से इन इकाइयों से गंगा में होने वाला प्रदूषण का बड़ा मुद्दा भी नहीं रहेगा। सरकार की ओर से एक अधिकारिक वकत्वय में यह जानकारी दी गई। प्रदेश में गंगा के किनारे बसा औद्योगिक शहर कानपुर देश के प्रमुख शहरों में शामिल है। इसे लेदर सिटी के नाम से भी जाना जाता है। एक दौर में कपड़ा उद्योग के चलते कानपुर को पूरब का मैनचेस्टर भी कहा जाता था हालांकि वक्त और पूर्व सरकारों की उपेक्षा के चलते यह शहर अपनी पहचान खोता चला गया। कानपुर का जिक्र देश के सबसे प्रदूषित शहरों में किया जाने लगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस ऐतिहासिक शहर को फिर विश्व व्यापी पहचान देनी की ठानी और उनके दिशा निर्देशन में मेगा लेदर क्लस्टर प्रोजेक्ट तैयार हुआ। इसके क्रम में कानपुर के रमईपुर गांव में मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना के लिए 235 एकड़ में भूमि अधिग्रहित की गई।

फिर एमएसएमई विभाग के जरिये केंद्र सरकार के वाणिज्य मंत्रालय को मंजूरी के लिए मेगा लेदर क्लस्टर प्रोजेक्ट को भेजा गया। जिसे मंत्रालय की मंजूरी गत दिनों मिल गई। यह देश का पहला लेदर पार्क होगा। इसकी स्थापना होने से कानपुर देश के दस बड़े लेदर मैन्युफैक्चरिंग राज्यों में अपने स्थान को और बेहतर करने में सफल होगा। कानपुर में मेगा लेदर क्लस्टर प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले लेदर पार्क में 50000 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा जबकि डेढ़ लाख लोगों को परोक्ष रूप से रोजगार पाएंगे। डेढ़ सौ से अधिक टेनरी इकाइयां इस पार्क में कार्य करेंगी। चमड़े से बने जूते, पर्स, जैकेट से लेकर अन्य विश्वस्तरीय उत्पाद इस पार्क में बनाकर उनका निर्यात किया जा सकेगा। लेदर पार्क प्रोजेक्ट से 5850 करोड़ रूपये का का निवेश आएगा। वही पूरे मेगा लेदर क्लस्टर प्रोजेक्ट में करीब 13000 करोड़ रूपये का निवेश आएगा।

मेगा लेदर क्लस्टर प्रोजेक्ट के लिए करीब 36 करोड़ रूपये से 235 एकड़ भूमि कानपुर के रमईनगर गांव में अधिग्रहित की गई है। लेदर पार्क सभी तरह की सुविधाओं से लैस होगा। इसमें लेदर प्रोडक्ट के उत्पादन से लेकर उत्पादों के प्रदर्शन की व्यवस्था होगी। यहीं नहीं लेदर पार्क में उत्पादों को खरीदने के लिए आने वाले दुनियाभर के निवेशकों के रुकने और खाने-पीने की व्यवस्था भी होगी। पार्क में कैंटीन से लेकर रेस्टहाउस तक बनेंगे। चमड़े के उत्पाद बनाने के चलते गंगा नदी में प्रदूषण ना हो (शेष पेज 9)

## देवरिया में दो नये थाने मंजूर

**लखनऊ।** कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया में दो नवीन पुलिस थाना की स्थापना के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा ट्वीट करके दी गई जानकारी के अनुसार देवरिया के थाना कोतवाली के अंतर्गत ग्राम बरियारपुर में नवीन थाना बरियारपुर तथा थाना रामपुर कारखाना के अंतर्गत ग्राम मडुआडीह में नवीन थाना मडुआडीह की स्थापना की जाएगी। दो नए थानों की स्थापना से तीन लाख से अधिक की आबादी को सहूलियत होगी।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

वेद प्रकाश भारद्वाज S/o राम बन्दन भारद्वाज को आज से सोनू भारद्वाज के नाम से जाना – पहचाना, पढ़ा जाये। सोनू भारद्वाज, ग्रा0 कोटा बुजुर्ग (बेलगहना), लालगंज, आजमगढ़। Mob.: 7571087213

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Firoz Juveriya था जो अब बदलकर Juveriya Firoz हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Juveriya Firoz W/o Syed Israr Ahmad, 170/2J, South Malaka, Prayagraj (U.P.).

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Santosh Khanna था जो अब बदलकर Santosh Kumar Khanna हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Santosh Kumar Khanna S/o Hira Lal Khanna, 691, Malviya Nagar, Prayagraj.

### सूचना

मैंने अपने पुत्र आशीष शुक्ला व पुत्रवधू श्रीमती सरिता शुक्ला पत्नी आशीष शुक्ला को उनके गलत आचरणों से तंग आकर अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इन दोनों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा। राम शंकर शुक्ला निवासी ग्राम कमलाबद बढ़ौली, छठामील, तहसील बख्शी का तालाब लखनऊ।

### आवश्यकता

**ठा0 जय नारायण सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज**
हथगाम, फतेहपुर-212652 (उ0प्र0)
(कालेज कोड-02039)
सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

**आवश्यकता है**
**महाविद्यालय में संचालित**

बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु–प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (1 पद), सहा0 आचार्य (15 पद) योग्यता– 1.प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (01) यो0–55% स्नातकोत्तर + 55% एम0एड0+शिक्षा में पी–एच0डी0+ अध्यापक शिक्षा संस्थान में शिक्षण कार्य का 15/08 वर्ष का अनुभव । 2. सहा0 आचार्य – शिक्षा के परिप्रेक्ष्य (04) यो0–सामाजिक विज्ञान विषयों में 55% स्नातकोत्तर उपाधि+55% एम0एड0 उपाधि या 55% एम0ए0 (शिक्षाशास्त्र)+55% बी0एड0+नेट (शिक्षाशास्त्र) 3. सहा0 आचार्य –विज्ञान (02) 4. सहा0 आचार्य–गणित (02) 5. सहा0 आचार्य– भाषा (02) 6. सहा0 आचार्यसामाजिक विज्ञान (02) यो0–55% स्नातकोत्तर उपाधि विज्ञान/गणित/भाषा/सामाजिक विज्ञान विषयों + 55% एम0एड0 । 7. सहा0 आचार्य– दृश्य कलाएं (01) यो0–55% स्नातकोत्तर उपाधि ललित कला विषयों में। 8. सहा0 आचार्यस्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा (01) यो0– 55% स्नातकोत्तर (एम0पी0एड0)। 9. सहा0 आचार्य– निष्पादन कलाएं (01) यो0–55% स्नातकोत्तर उपाधि संगीत/नृत्य/रंगमंच विषयों में 10. पुस्तकालयाध्यक्ष (01) यो0–55% अंकों के साथ बी0लिब0 उपाधि।

वेतनमान एवं सेवा शर्तें– एन0सी0टी0ई0/विश्वविद्यालय/यू.जी.सी. मानकानुसार

नोट–1. सभी सहा0 आचार्यों की उपरोक्त अर्हता के अति. रिक्त नेट/पीएच0डी0 अनिवार्य है।

नोट–2. आवेदन पत्र, 04 फोटो एवं समस्त संलग्नकों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक अथवा ई–मेल द्वारा भेजें या जमा करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष द्वारा दी जायेगी।

प्रबंधक/सचिव– 9452402590, 7704908732, 7704908728 ई–मेल आई0डी0– jnclg@gmail-com

### आवश्यकता

**रानी चन्द्रप्रभा महाविद्यालय**
खागा, फतेहपुर-212655 (उ0प्र0) (कालेज कोड-02008)
सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज

**आवश्यकता है**
**महाविद्यालय में संचालित**

बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु–प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (1 पद), सहा0 आचार्य (30 पद) योग्यता– 1.प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (01) यो0–55% स्नातकोत्तर + 55% एम0एड0+शिक्षा में पी–एच0डी0+ अध्यापक शिक्षा संस्थान में शिक्षण कार्य का 15/08 वर्ष का अनुभव । 2. सहा0 आचार्य – शिक्षा के परिप्रेक्ष्य (08) यो0–सामाजिक विज्ञान विषयों में 55% स्नातकोत्तर उपाधि+55% एम0एड0 उपाधि या 55% एम0ए0 (शिक्षाशास्त्र)+55% बी0एड0+नेट (शिक्षाशास्त्र) 3. सहा0 आचार्य –विज्ञान (04) 4. सहा0 आचार्य–गणित (04) 5. सहा0 आचार्य– भाषा (04) 6. सहा0 आचार्यसामाजिक विज्ञान (04) यो0–55% स्नातकोत्तर उपाधि विज्ञान/गणित/भाषा/सामाजिक विज्ञान विषयों + 55% एम0एड0 । 7. सहा0 आचार्य– दृश्य कलाएं (02) यो0–55% स्नातकोत्तर उपाधि ललित कला विषयों में। 8. सहा0 आचार्यस्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा (02) यो0– 55% स्नातकोत्तर (एम0पी0एड0)। 9. सहा0 आचार्य– निष्पादन कलाएं (02) यो0–55% स्नातकोत्तर उपाधि संगीत/नृत्य/रंगमंच विषयों में 10. पुस्तकालयाध्यक्ष (01) यो0–55% अंकों के साथ बी0लिब0 उपाधि।

वेतनमान एवं सेवा शर्तें–एन0सी0टी0ई0/विश्वविद्यालय/यू.जी.सी. मानकानुसार

नोट–1. सभी सहा0 आचार्यों की उपरोक्त अर्हता के अतिरिक्त नेट/पीएच0डी0 अनिवार्य है।

नोट–2. आवेदन पत्र, 04 फोटो एवं समस्त संलग्नकों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक अथवा ई–मेल द्वारा भेजें या जमा करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष द्वारा दी जायेगी।

प्रबंधक/सचिव– 9452402590, 7704908714 ई–मेल आई0डी0– rcpmahavidyalaya@gmail-com

# जेवर एयरपोर्ट के डिजाइन, लोगो और नाम पर आज लगेगी मोहर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ यूपी के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र जेवर में बनने वाले देश के सबसे बड़े जेवर एयरपोर्ट के डिजाइन, लोगो और नाम पर कल सुबह मुहर लगाएंगे। स्विस कंपनी ज़्यूरिख़ एयरपोर्ट इंटरनेशनल ने एयरपोर्ट का डिजाइन, लेआउट और लोगो तैयार कर लिया है। स्विट्जरलैंड की कंपनी ज्यूरिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 29 हजार 650 करोड़ की लागत से 1334 हेक्टेयर भूमि में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण का ठेका दिया गया है। परियोजना के लिए पहले ही नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि



अधिग्रहित कर ली गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कल सुबह यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) के अधिकारी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारी मिलेंगे। इस दौरान सीएम योगी जेवर एयरपोर्ट के डिजाइन, लोगो और नाम पर मुहर लगाएंगे। इस बैठक में वाईआईएपीएल के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन, वाईआईएपीएल की सीओओ किरण जैन वाईआईएपीएल के सुनील जोशी, एनआईएएल के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन एसपी गोयल, नागरिक उड्डयन के निदेशक सुरेन्द्र सिंह आदि शामिल रहेंगे। ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल ने जेवर में ग्रीनफील्ड नोएडा हवाई अड्डे के यात्री टर्मिनल का डिजाइन तैयार कर लिया है। कंपनी की ओर से एक डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें तीन अंतरराष्ट्रीय दलों को प्रस्ताव देने के लिए आमंत्रित किया गया था कि वे इस हवाई अड्डे को कैसे डिजाइन करेंगे।

# अयोध्या के समग्र विकास के लिए विश्व स्तरीय कंसलटेन्ट का चयन किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● सीएस की अध्यक्षता में गठित मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक**

**अयोध्या** को एक विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित करने तथा भव्य एवं समग्र विकास की योजना बनाने के लिए मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में गठित उच्च शक्ति प्राप्त मॉनीटरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विश्व स्तरीय कंसलटेन्ट के चयन के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार कराए गए ईओआई तथा आरएफपी के डॉक्यूमेन्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि अयोध्या को एक विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित करने तथा उसके भव्य एवं समग्र विकास की योजना तैयार करने के लिए कंसलटेन्ट का चयन करते हुए अयोध्या के समग्र विकास का प्लान तैयार कराया जाये। कंसलटेन्ट के चयन से लेकर समग्र मास्टर प्लान तैयार करने तक की कार्यवाही समयबद्ध तरीके से की जाए। उन्होंने कहा कि कमेटी में कृषि उत्पादन आयुक्त, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव गृह, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास, अपर मुख्य सचिव सूचना, अपर मुख्य सचिव नियोजन को भी शामिल किया जाये। उन्होंने सभी विभागों से भी अयोध्या के समग्र विकास के सम्बन्ध में अपने प्रस्ताव 2 दिन में उपलब्ध कराने को कहा। प्रमुख सचिव आवास एवं नगर विकास दीपक कुमार ने बताया कि उक्त परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 3 समितियों का गठन किया गया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय के लिए उच्च शक्ति प्राप्त मॉनीटरिंग कमेटी प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन की अध्यक्षता में बिड इवेल्यूवेशन कमेटी तथा मण्डलायुक्त, अयोध्या की अध्यक्षता में इम्प्लीमेन्टेशन कमेटी का गठन किया गया है।

# सड़कों की मरम्मत के लिए चलाई जाएं रोड एम्बुलेन्स: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि किसी सड़क में तात्कालिक आवश्यकता के मद्देनजर पैच मरम्मत कार्यों हेतु रोड एम्बुलेन्स की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय और यह रोड एम्बुलेन्स पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शीघ्र लान्च की जाय। इससे यह सुविधा होगी कि कहीं पर गड्ढे भरने व पैच मरम्मत की तत्काल जरूरत को पूरा किया जा सकेगा। हॉलांकि पैच मरम्मत कार्यों को विभाग द्वारा किया तो जाता है लेकिन उसमें मैनपावर, बिटुमिन को पिघलाने हेतु आग की व्यवस्था, लकड़ी आदि का इन्तजाम करना पड़ता है। यह मशीन अत्याधुनिक सुविधायुक्त होने से सीधे अमुक स्थान पर जाकर मरम्मत कार्य कर देगी।

श्री मौर्य ने इसी तरह फालिंग वेट रिफ्लेक्टोमीटर का भी प्रयोग किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। इस मशीन से रोड की कितनी भार क्षमता है, कितना लोड वहन करने पर टूटेगी नहीं, इसका पता आसानी से चल जाता है। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री के निर्देशों के फलस्वरूप ब्रिज कार्पोरेशन में कई सालों से खराब पड़ी मोबाइल ब्रिज इन्स्पेक्शन यूनिट का संचालन शुरू हो गया है। उपमुख्यमंत्री द्वारा पुराने एवं जर्जर सेतुओं की मरम्मत एवं सुरक्षित यातायात व आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस मशीन की तत्काल मरम्मत कराकर उपयोगी बनाये जाने के निर्देश दिये गये थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मियांपुर विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020–21 दिनांक दिसम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मियांपुर, वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से जनसेवा केन्द्र निर्मित किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईट, सीमेन्ट, रोड़, बजरी, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 09.12.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 16.12.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।
निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | जनसेवा केन्द्र निर्माण कार्य | मु0 400000 रु0 | 10,000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 16.12.2020 से 22.12.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम मियांपुर के नाम से बंधक होनी चाहिए।

श्रीमती सुष्माढाली (प्रधान)
ग्राम पंचायत-मियांपुर
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत-मियांपुर
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

# किसान क्रेडिट कार्ड पर बांटा गया 24 हजार करोड़ से ज्यादा का सस्ता कर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● सरकार और बैंकों ने खोला खजाना**

**सूबे** में किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार और बैंकों ने खजाना खोल दिया है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में सितंबर तक 19 लाख 62 हजार 954 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड पर 24 हजार करोड से ज्यादा का लोन किसानों को रियायती दर पर मिला है। इतना ही नहींए पहली बार किसान क्रेडिट कार्ड पर 20,027 किसानों को डेयरी और 777 किसानों को मत्स्य पालन के लिए लोन दिए गए हैं।

विदित हो कि प्रदेश में किसानों की आय को दुगुनी करने के लिए सरकार की ओर से पुरजोर कोशिश की जा रही है। इसी के तहत सरकार की ओर से अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने के लिए प्रदेश भर में अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की समय सीमा को बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा से वंचित पीएम किसान सम्मान के लाभार्थियों को केसीसी की सुविधा देने के साथ साथ सुरक्षा बीमा योजनाओं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की सुविधा भी दी जा रही है। इतना ही नहीं, प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान सितंबर तक 15,82,941 केसीसी का नवीनीकरण कर इनको 19 हजार 327 करोड़ 31 लाख रुपए लोन भी दिया गया है। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने 11 फरवरी 2019 को किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा को डेयरी और मत्स्य पालन के लिए भी निर्देश दिए थे। इसके तहत तीन लाख तक के लिए दो लाख की सब लिमिट को डेयरी और मत्स्य पालन के लिए दो फीसदी सबवेंशन और तीन फीसदी शीघ्र पुनर्भुगतान पर प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। पशुपालकों और मत्स्य पालकों को तीव्र गति से इस योजना का लाभ देने के उद्देश्य से एक जून से 31 जुलाई तक एक अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद अभियान की समय सीमा को बढ़ाकर 30 सितंबर किया गया और फिर इसे बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान कराने के लिए एस्क्रो अकाउंट की व्यवस्था लागू की है, जिससे गन्ना मूल्य मद की धनराशि का उपयोग किसी दूसरे मद में करने पर रोक है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने किसानों को एक लाख 12 हजार करोड़ रुपए का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया है। गन्ना किसानों की आय दोगुनी करने के लिए विभाग द्वारा नौ सूत्रीय गन्ना विकास कार्यक्रम के माध्यम से गन्ने की उत्पादकता में बढ़ोतरी कर उत्पादन लागत में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस कारण गन्ने की औसत उत्पादकता 72.38 से बढ़कर 81.10 टन प्रति हेक्टेयर हो गई है।

# गिरोह बनाकर अपराध करने पर वालों पर हो प्रभावी कार्रवाई: अवस्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी ने बुधवार को कमांड सेंटर में गृह विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि गिरोह बनाकर अपराध करने वाले असामाजिक तत्वों एवं माफियाओं के विरूद्ध समयबद्ध रूप से रणनीति बनाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कोविड-19 के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लघंन करने पर दर्ज मामलों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। श्री अवस्थी ने कहा कि गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई के लिए लम्बित मामलों की नियमित समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई की जाय। उन्होंने विभिन्न प्रकार के अपराधों में लिप्त माफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई की भी नियमित समीक्षा के निर्देश दिये हैं। अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव के लिए अपनायी गयी रणनीति एवं इस दिशा में किये गये सार्थक प्रयासों की भी बैठक में गहन समीक्षा की गयी। जिन स्थानों पर नये फायर स्टेशन खोले जाने हैं उनके भवन निर्माण के साथ-साथ अन्य जरूरी संसाधनों एवं स्टाफ आदि की व्यवस्था के लिए भी समयबद्ध रूप से कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये है ताकि अग्निकाण्ड की दुर्घटनाओं पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण किया जा सके। पुलिस विभाग के लिए निर्मित किये जाने वाले आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों में तेजी लाये जाने के साथ बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श कर सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किये जाने के लिए कहा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में लगी जिन इकाईयों के पास अधिक कार्य के दबाव के कारण समय पर परिणाम मिलने में कठिनाई आ रही हो तो उसके स्थान पर नई कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य आवंटित किये जाए ताकि गुणवत्ता के साथ-साथ समय पर कार्य पूर्ण हो सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत धमौला विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020–21 दिनांक दिसम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धमौला वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से जनसेवा केन्द्र निर्मित किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईट, सीमेन्ट, रोड़, बजरी, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 09.12.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 16.12.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।
निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | मुन्ना के मकान से कबीर के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | मु0 309946 रु0 | 10,000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 16.12.2020 से 22.12.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम धमौला के नाम से बंधक होनी चाहिए।

श्रीमती आश्मा बेगम (प्रधान)
ग्राम पंचायत-धमौला
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

श्री प्रभात वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत-धमौला
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

# समय की यही मांग, एकजुट हों गैर भाजपा दल: शिवपाल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया की प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक बुधवार को राज्य व केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखे हमले करने के साथ ही वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के आह्वान के साथ संपन्न हो गई।

प्रसपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शिवपाल यादव की अध्यक्षता में शुरू हुई। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा के 2022 में होने वाले चुनाव के लिए अभी से जुटने और प्रसपा के प्रभावी नेतृत्व वाली सरकार बनाने का आह्वान किया। शिवपाल यादव ने गैर भाजपा दलों की एकजुटता का आह्वान किया और कहा कि गैर भाजपावाद समय की मांग है। शिवपाल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गांव, गरीब, किसान, पिछड़े, दलित, व्यवसायी, मध्यवर्ग और युवाओं को सिर्फ छला है। सरकार शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, रोजगार और इलाज उपलब्ध करा पाने में पूर्णतया नाकामयाब रही है। शिवपाल यादव ने कहा, भाजपा सरकार में सबसे परेशान किसान हैं। उन्हें फसल का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। शिवपाल यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के उद्देश्य से प्रसपा 21 दिसम्बर को मेरठ में किसान नौजवान महासम्मेलन का आयोजन कर रही है। इसका उद्देश्य अन्नदाताओं के पक्ष में स्वर मुखर करना है। इसी क्रम में प्रसपा 23 को चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान संघर्ष दिवस के रूप में मनाएगी और 24 दिसम्बर से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में गांव गांव पद यात्रा अभियान चलाएगी।

# ओमप्रकाश राजभर से मिले ओवैसी विधानसभा चुनाव साथ लड़ने के संकेत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिहार** विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन से उत्साहित एआईएमआईएम के अध्यक्ष व लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी अब यूपी में अपने पैर जमाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कोशिश को साकार करने के लिए उन्होंने बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर से लखनऊ के एक होटल में मुलाकात की। जिसके बाद उन्होंने बताया कि एआईएमआईएम यूपी में छोटे दलों को साथ लेकर विधानसभा चुनाव में उतरेगी। राजभर से मुलाकात पर ओवैसी ने कहा कि हम दोनों आप के सामने बैठे हुए हैं। हम एक साथ हैं और राजभर के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को तैयार हैं। यूपी में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर



दी हैं। मंगलवार को ही आम आदमी पार्टी ने भी यूपी में विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। माना जा रहा है कि ओवैसी यूपी में भी बिहार की तर्ज पर छोटे दलों का गठजोड़ बनाकर सियासी पिच पर उतरना चाहते हैं। एआईएमआईएम ने 2017 के विधानसभा चुनाव में उप्र की 34 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे। हाल में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम को पांच सीटें मिली हैं। इससे ओवैसी के हौसले बुलंद हैं। वह उत्तर प्रदेश में भी बिहार की तर्ज पर कुछ बड़ा करने के इरादे से आए हैं। ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात के बाद ओवैसी से मिलने अब्दुल मन्नान पहुंचे। वह पीस पार्टी छोड़कर एआईएमआईएम में शामिल हो गए हैं। ओवैसी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव से भी मिलेंगे। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से संकेतों की भाषा में बात की। उन्होंने कहा कि राजनीति में जब दो लोग एक साथ मुलाकात करते हैं तो इसका मतलब तो आप समझते ही हैं। हम ओम प्रकाश राजभर के साथ हैं। शिवपाल सिंह यादव से मुलाकात की चर्चाओं पर उन्होंने कहा कि शिवपाल राजनीति में एक बड़ा चेहरा हैं। उनसे भी मुलाकात करेंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरिया विकास खण्ड मोहम्मदी खीरी**

पत्रांक /टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2020–21 दिनांक दिसम्बर 2020

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खजुरिया वर्ष 2020–21 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 14वॉ/चर्तुथ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से जनसेवा केन्द्र निर्मित किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त, ईट, सीमेन्ट, रोड़, बजरी, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 09.12.2020 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 16.12.2020 को समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदाताओ के समक्ष खोली जायेंगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री करने हेतु स्वतन्त्र होगी।
निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| क्र.सं. | कराये जाने वाला कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | जामा मस्जिद से अच्छन के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | मु0 190292 रु0 | 10,000 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 16.12.2020 से 22.12.2020 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री सन्तोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम खजुरिया के नाम से बंधक होनी चाहिए।

श्रीमती साबिरा (प्रधान)
ग्राम पंचायत-खजुरिया
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

श्री शिवांशु गुप्ता
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत-खजुरिया
विकास खण्ड-मोहम्मदी खीरी

# यूपी के शिल्पकारों को निखारेंगे नामचीन फैशन डिजाइनर

**● ओडीओपी में शामिल शिल्प के कलाकारों को पैकेजिंग, ब्रान्डिंग, नई तकनीक के सिखाएंगे गुर**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सदियों** से अपनी शिल्प विरासत को संजोते हुए प्रदेश को विशिष्ट पहचान दिलाने वाले यूपी के शिल्पकारों के हुनर को अब मुम्बई के नामचीन फैशन डिजाइनर और निखारेंगे। रीना ढाका, ऋतु बेरी, मनीष मल्होत्रा और जेजे बलाया जैसे प्रोफेशनल फैशन डिजायनर उत्तर प्रदेश के शिल्पकारों को न केवल बदलते जमाने के हिसाब से तकनीक आधारित ज्ञान देंगे बल्कि उन्हें अपने प्रोडक्ट की आकर्षक पैकेजिंग, ब्रान्डिंग और मार्केटिंग के गुर सिखाने के साथ-साथ बाजार भी



मुहैया कराएंगे। कई प्रतिष्ठित फैशन डिजायनरों ने योगी सरकार के साथ मिलकर शिल्पकारों को प्रशिक्षण देने की पहल की है। प्रतिष्ठित फैशन डिजायनर रीना ढाका ने एसीएस एमएसएमई नवनीत सहगल से भेंट कर अपनी ओर से ऐसा ही प्रस्ताव रखा। रीना ढाका ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक जनपद-एक उत्पाद योजना शुरू करने को शिल्पकला के पुनर्जीवन देने का अभिनव प्रयास कहा। बकौल रीना हाल के दिनों में खादी के कपड़ों की फैशन इंडस्ट्री में खासी मांग देखने को मिली। तमाम बड़ी कम्पनियां खादी आधारित डिजायनर कपड़े तैयार कर रही हैं जिन्हें ग्लोबल मार्केट में हाथों-हाथ लिया गया। खादी के थीम पर फैशन शो हो रहे हैं। ठीक ऐसे ही ओडीओपी योजनान्तर्गत लखनऊ की चिकन कारी और जरी जरदोजी वाराणसी की रेशमी साड़ियां जैसे तमाम उत्पाद हैं जो थोड़े से प्रयास से वैश्विक फैशन जगत में छा सकते हैं। जरूरत है, शिल्पकारों को नए जमाने के हिसाब से ट्रेनिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग और ब्रान्डिंग का ज्ञान देने की। नवनीत सहगल ने बताया कि शिल्पकारों को आधुनिकता के लिहाज से जरूरी प्रशिक्षण दिलाने के लिए अलग-अलग स्तरों पर काम चल रहा है। फैशन इंडस्ट्री के नामचीन डिजायनरों से भी इन्हें गाइडेंस मिलेगी जो न केवल यूपी की कलाकारी को नई पहचान देगी बल्कि शिल्पकारों को नया बाजार दिलाने में भी सहायक होगी।

# भाजपा की प्राथमिकता में किसान नहीं बल्कि कारपोरेट घराने: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि भाजपा की प्राथमिकता में गरीब, किसान नहीं बल्कि कारपोरेट घरानों का हित साधन हैं। कड़ाके की ठंड में हजारों किसान खेती बचाने की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। कई अपनी जान भी गंवा बैठे हैं लेकिन भाजपा सरकार अंधी बहरी बनी हुई है। हद तो यह है कि एक ओर वार्ता का ढोंग किया जा रहा है, दूसरी ओर किसानों के आंदोलन को बदनाम करने की भी कुचेष्टा हो रही हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आवाज को दबाने के लिए दमन का सहारा लिया है। किसानों पर या उनके समर्थन में खड़े लोगों पर गम्भीर धाराओं में मुकदमें दर्ज किए गए हैं। कितने ही लोग जेल यातना सह रहे हैं। लेकिन बेखबर सरकार कदमताल की स्थिति में है। घोषणाएं तो बहुत हो रही हैं लेकिन परिणाम शून्य निकलता है। उन्होंने कहा कि किसान और उनके समर्थक सड़क पर हैं लेकिन मुख्यमंत्री और उनकी सरकार उड़ने का रिकार्ड बनाने में लगी हैं। अब हार थककर कार से चलने की घोषणा कर रहे हैं। चार वर्ष में उनके काम काज का रिपोर्ट कार्ड शून्य रहा है। प्रदेश में विकास कार्यठप हैं, जनहित की एक भी योजना लागू नहीं है। समाजवादी पार्टी के कामों को ही अपना बनाकर किसी तरह इज्जत बचाई जा रही हैं। इस सच्चाई से राज्य की जनता अवगत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के बलबूते किसानों के आंदोलन का दमन करने के लिए छल कपट की रणनीति अपनाए हुए है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# पिता की रिवाल्वर से छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

## मौके से नहीं मिला सुसाइड नोट पुलिस मामले की जांच में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**घर** की जिम्मेदारियों का कोई बोझ नहीं, पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलने कूदने की उम्र और इनसे जुडी मात-पिता की ख्वाहिश को धूमिल कर आज के नए युवक व -युवतियों द्वारा खुदकुशी किए जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। ताजा मामला ठाकुरगंज थाना क्षेत्र का जहां सरदार नगर में रहने वाले एक छात्र ने बुधवार को पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। कनपटी पर गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसका खून से लथपथ शव कमरे में पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि मौके से सुसाइड नोट न मिलने से जान देने की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

मूल रूप से मलिहाबाद थाना क्षेत्र स्थित मान खेड़ा मजरा माधौपुर गांव निवासी रमेश कुमार सिंह परिवार के साथ ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के सरदार नगर स्थित मरीमाता मंदिर के पास रहते हैं और वकालत करते हैं। रमेश कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि बुधवार को करीब 12 बजे उनके 18 वर्षीय बेटे रवि प्रताप सिंह ने घर में रखी उनकी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। बताया गया कि घर में गोली चलने की आवाज सुनकर घर वाले कमरे में गये तो देखा कि रवि खून से लथपथ कमरे में पड़ा था। रवि प्रताप की दाहिने कनपटी पर गोली लगी थी और दाहिने हाथ के पास रिवाल्वर पड़ा था।

पुलिस के मुताबिक मृतक एक निजी स्कूल में बी काम प्रथम वर्ष का छात्र था। जांच पड़ताल में जुटी पुलिस का कहना है कि छात्र ने ने यह कदम क्यों उठाया इसकी पड़ताल की जा रही है।

## गुडम्बा में किशोर ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** गुड़म्बा के पलका गांव में एक किशोर ने बुधवार की दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर गुड़म्बा रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बांसा बाराबंकी निवासी 16 वर्षीय करन गुड़म्बा के पलका में अपने मामा के यहां करीब दो साल से रह रहा था। इंस्पेक्टर के अनुसार मामा के यहां से करन का मानसिक इलाज चल रहा था। बुधवार दोपहर करन ने कमरे में पंखे के सहारे गमछे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़करपुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को उतारा। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## लखनऊ विवि ने जारी की बचे पदकों की सूची

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से बुधवार को बचे हुए मेडल की लिस्ट जारी कर दी गई है। विवि प्रशासन ने सूची को विवि की बेवसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अब इन सभी मेधावियों को विभाग स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन करके मेडल दिए जाएंगे।परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि एलयू ऑर्डिनियंस के मुताबिक कई विभागों में ऐसे स्टूडेंट्स है जहां तीन स्टूडेंट्स के एक ही नंबर आए हैं ऐसे में उनको एलयू के ऑर्डिनेंस के मुताबिक जिसकी उम्र कम है उस स्टूडेंट को मेडल दिया गया है। ऐसे करीब 5 स्टूडेंट्स लिस्ट में शामिल किए गए हैं। वहीं इस अंतिम लिस्ट में एक बैक पेपर के छात्र को भी शमिल किया गया है। बता दें कि एलयू प्रशासन ने 21 नवंबर को अपना 63वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया था। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंच से 15 स्टूडेंट्स को मेडल प्रदान किया था। बचे हुए स्टूडेंट्स को मेडल बाद में विभाग स्तर पर दिए जाना तय हुआ था।

# पत्थरबाजी के बाद अपर नगर आयुक्त ने संभाल ली डेरियां हटाने की कमान

## तड़के ही फैजुल्लागंज प्रीतिनगर, डुडौली और फैजुल्लागंज में डेरियां हटाने का चला अभियान, पकड़े 51 पशु

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अवैध** डेरियों को हटाने में हुई पत्थरबाजी को देखते हुए अभियान की कमान स्वयं अपर नगर आयुक्त ने संभाली। बुधवार को तड़के सुबह ही फैजुल्लागंज, प्रीतिनगर, डुडौली, फैजुल्लागंज में डेरियां हटायीं गयी। डेरियां हटाने के दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स, प्रवर्तन दल और कैचरों व अधिकारियों का दल रहा। अभियान में 51 पशु पकड़े गए।

शहर से डेरियों को बाहर करने का अभियान पत्थरबाजी के बाद भी चलता रहा। बुधवार को मड़ियावं क्षेत्र में अवैध डेरियों को हटाया गया। अपर नगर आयुक्त अमित कुमार ने पत्थरबाजी की घटना को देखते हुए कैटिल कैचिंग दस्ते की कमान स्वयं संभाली। केशव नगर और फैजुल्लागंज में अवैध डेरियों पर कार्रवाई करने के लिए तड़के सुबह अभियान चलाया। लगभग आधा दर्जन इलाके से डेरियां हटायी गयीं। पशु कल्याण के संयुक्त निदेशक डॉ अरविंद राव, जोनल अधिकारी जोन तीन राजेश सिंह भी कार्रवाई के दौरान सक्रिय रहे। अभियान के दौरान पशु पालकों ने कोई विरोध नहीं किया। बीते मंगलवार को कड़े विरोध और पत्थरबाजी से सबक सीखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स , प्रवर्तन दल के कर्मी भी मौजूद रहे। अपर नगर आयुक्त नेबताया कि अभियान तड़के सुबह ही शुरू कर दिया गया था। किसी प्रकार का कोई विरोध नहीं हुआ। अभियाान के दौरान 44 भैसे, 2 गाय एवं 5 पड़िया सहित कुल 51 पशु पकड़े गये। सभी पशु राधा उपवन गौशाला में बन्द किये गये है।

## विजय दिवस पर शहीद सैनिकों को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** विजय दिवस के अवसर पर आज लखनऊ छावनी में मध्य कमान के वार मेमोरियल स्मृतिका पर सशस्त्र बलों की तीन सेवाओं के बहादुर सैनिकों याद किया गया जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर 16 दिसंबर 1971 को देश को अपनी सबसे बड़ी सैन्य जीत दिलाई। इस युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित भी किया गया। आज दिन की शुरुआत स्मृतिका वार मेमोरियल पर एक श्रद्धांजलि समारोह के आयोजन के साथ हुई। इस अवसर पर मध्य कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एमयू नायर ने स्मृतिका पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को सलामी दी। इस दौरान लखनऊ गैरिसन के सैन्य अधिकारियों और सैनिकों ने भी देशभक्ति की धुनों के बीच स्मृतिका वार मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहीदसैनिकों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया।



## बिजली के पोल से भिड़ी बाइक एक की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई इलाके में मंगलवार देर रात, युवक की हत्या की सूचना पर हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची 112 नंबर व पीजीआई पुलिस तेलीबाग के राजीव नगर घोसियाना स्थित एक मैरेज हाल पर पहुंची और पड़ताल करती रही, बाद में पता चला कि एक ही बाइक पर सवार तीन युवक दुर्घटना में घायल हुए हैं, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल ट्रामा सेंटर भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक युवक के भाई इमरान उर्फ रानू ने दोनों साथी युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी जिसके बाद पीजीआई कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक अरबाज, इरफान एक दुकान पर बेल्डिंग का काम करते हैं, इनका एक साथी बृजेश है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार शाम इन तीनों ने जमकर शराब पी और एक ही बाइक पर सवार होकर निकले थे, वृंदावन योजना सेक्टर 12 में अनियंत्रित होकर एक बिजली के पोल से टकरा गए जिसमें इरफान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के भाई इमरान उर्फरानू का कहना है कि उसे अरबाज और बृजेश ने मार डाला है।

# आईपीएस अरविंद सेन के खिलाफ कुर्की नोटिस जारी करने की अर्जी

विधि संवाददाता। लखनऊ

**पशुधन** घोटाला मामले में वांछित सीनियर आईपीएस अफसर अरविंद सेन के खिलाफकुर्की की कार्यवाही के लिए नोटिस जारी करने के लिए बुधवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत में एक अर्जी दाखिल की गई। इस मामले की विवेचक व एडीशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस गोमतीनगरए श्वेता श्रीवास्तव ने एक दूसरी अर्जी भी दाखिल की। इस अर्जी में सिपाही दिलबहार यादव का वायॅस सैम्पल लेने की मांग की गई है। बीते मंगलवार को इसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। दूसरी तरफ विशेष अदालत में इस मामले में निरुद्ध मुल्जिम मोंटी गुर्जर व आशीष राय की जमानत अर्जी पर भी सुनवाई हुई। विशेष जज संदीप गुप्ता ने जमानत अर्जी पर आदेश सुरक्षित करते हुए कुर्की की कार्यवाही की मांग वाली अर्जी पर 17 जबकि वायॅस सैम्पल वाली अर्जी पर 18 दिसंबर को सुनवाई नियत की है। 13 जून 2020 को इस मामले की एफआईआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फरिन्कू ने थाना हजरतंगज में दर्ज कराई थी। इस मामले में मोंटी गुर्जर, आशीष राय व उमेश मिश्रा समेत 13 मुल्जिमों को नामजद किया गया था। विवेचना में सीनियर आईपीएस अफसर अरविंद सेन का नाम भी प्रकाश में आया। इनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है। मुल्जिमों पर कूटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से ठेका दिलवाने के नाम पर नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी का आरोप है।

### बर्खास्त सिपाही अरुण कुमार यादव की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** महोबा के क्रेशर व्यापारी इंद्रकांत को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में निरुद्ध कबरई के बर्खास्त सिपाही अरुण कुमार यादव की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज गौरव शर्मा ने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। अभियोजन की ओर से इसकी जमानत अर्जी का जोरदार विरोध करते हुए कहा गया कि मुल्जिम पर लोकसेवक के पद पर रहते हुए न सिर्फ अवैध उगाही बल्कि व्यापारी इंद्रकांत को आत्महत्या के लिए उकसाने का भी आरोप है। बीते 30 नवंबर को इसने आत्मसमर्पण किया था। इसके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की नोटिस जारी थी। सरकारी वकील डीसी यादव ने अर्जी का विरोध करते हुए यह भी तर्क दिया कि इस मामले में निरुद्ध कबरई के बर्खास्त थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला व दो अन्य मुल्जिम ब्रह्म दत्त तिवारी तथा सुरेश सोनी की जमानत अर्जी भी खारिज हो चुकी है।

### इंटौजा के थानाध्यक्ष रहे नंद किशोर के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**लखनऊ।** हत्या के एक कथित मामले में बुधवार को इंटौजा के तत्कालीन थानाध्यक्ष नंद किशोर के खिलाफ अदालत में मुकदमे की अर्जी मृतक की पत्नी जनाका ने दाखिल की है। इस अर्जी में इंटौजा थाने के कुछ पुलिसकर्मियों को भी विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। सीजेएम शिवानंद ने फिलहाल उनकी इस अर्जी पर थाना इंटौजा से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई सात जनवरी को होगी। जनाका ने अपनी अर्जी में आरोप लगाया है कि 24 जून 2020 को गांव के लोगों में कहासुनी होने पर इंटौजा पुलिस उनके पति गुड्डू लोध उर्फ गोविंद वर्मा को भी पकड़कर थाने ले गई। जहां उनके पति को एसएचओ नंद किशोर व कुछ पुलिस वाले पट्टे तथा लात घूंसों से मार रहे थे।

# इमरजेंसी सेवा में सुधार को लेकर केजीएमयू कुलपति ने किया बदलाव

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिनपुरी ने ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी सेवाओं के सुधार का दोबारा खाका खींचा है। ऐसे में ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस, एमएस के अलावा हर यूनिट के इंचार्ज नामित किए गए हैं। कुलपित ने इसका आदेश जारी कर दिया है। कुलपति की तरफसे जारी आदेश के मुताबिक ट्रॉमा सेंटर में पूर्व में नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संदीप तिवारी के नेतृत्व वाली टीम में बदलाव किये गये हैं। आदेश के अनुसार अब बाल रोग विभाग के डॉ सिद्धार्थ कुंवर को ट्रॉमा सेंटर का चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। इसके अतिरिक्त यहां स्थित अलग अलग विभागों की इकाइयों के प्रभारियों की घोषणा भी की गई है। यहां बनाये गये दो होल्डिंग एरिया में एक होल्डिंग एरिया का इंचार्ज एनस्थीसियोलॉजी के डॉ प्रेम राज व डॉ तन्मय तिवारी को तथा दूसरे होल्डिंग एरिया का इंचार्ज ट्रॉमा सर्जरी विभाग के डॉ नरेंद्र कुमार तथा ओरल एंड मैक्सोफेशियल सर्जरी विभाग के डॉ अमित अग्रवाल को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त इमरजेंसी मेडिसिन विभाग का प्रभारी डॉ हैदर अब्बास को, ट्रॉमा सर्जरी की प्रभारी डॉ अनीता सिंह को, जनरल सर्जरी के प्रभारी डॉ मनीष अग्रवाल, ऑर्थोपेडिक्स के प्रभारी डॉ देवेश अग्रवाल, न्यूरो सर्जरी के प्रभारी डॉ अंकुर बजाज, इंटरनल मेडिसिन का प्रभारी डॉ अजय चौधरी, बाल रोग का प्रभारी डॉ निशांत वर्मा, टीवीयू का प्रभारी डॉ विपिन कुमार सिंह, न्यूरोलॉजी की प्रभारी डॉ श्वेता पांडे तथा क्रिटिकल केयर मेडिसिन का प्रभारी डॉ सैयद नबील मुजफ्फर को बनाया गया है।

### परिवार कल्याण निदेशालय में सभी की छुट्टियां निरस्त

**लखनऊ।** जनवरी माह में प्रस्तावित कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण को देखते हुए परिवार कल्याण निदेशालय के महानिदेशक डॉ राकेश दुबे ने सभी कर्मियों सहित अधिकारियों की छुट्टियां निरस्त कर दी है। महानिदेशक की तरफ से जारी आदेश में दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को भी इसमें शामिल किया गया है।

## लोहिया संस्थान के निदेशक ने गठित की कमेटी

**लखनऊ।** आये दिन हो रहीं मारपीट और मरीज को सही इलाज न मिलने की घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ एके सिंह ने इमरजेंसी में किये जाने वाले सुधार के बारे में सुझाव देने के लिए एक कमेटी गठित की है। यह कमेटी सैफई स्थित उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के कुलपति रहे चुके वर्तमान में विवेकानंद हॉस्पिटल में कार्यरत एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ टी प्रभाकर की अध्यक्षता में की गई है। इस कमेटी की खास बात यह है कि इसमें शामिल सदस्य सरकारी, कॉरपोरेट और ट्रस्ट द्वारा चलाये जाने वाले अस्पतालों से जुड़े विशेषज्ञ हैं। संस्थान के निदेशक डॉ एके सिंह ने बताया कि इमरजेंसी में होने वाली घटनायें निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण हैं, इमरजेंसी में मरीज के इलाज में दिक्कत न हो साथ ही हमारे चिकित्सक और अन्य स्टाफ को भी सुरक्षा मिले इसके लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में दो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गयी है। इसके साथ ही इमरजेंसी की व्यवस्था को किस तरह से बेहतर से बेहतर बनाया जा सके इसके लिए सुझाव देने के लिए डॉ टी प्रभाकर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है।

## शिक्षक भर्ती में धांधली का आरोप लगा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आवास घेरा

**लखनऊ।** 69000 सहायक शिक्षक भर्ती मामले में आरक्षण का अनुपालन सही तरीके से न होने का आरोप लगाकर बुधवार को नाराज अभ्यर्थियों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह के आवास का घेराव किया। घेराव कर रहे अभ्यर्थियों को प्रदेश अध्यक्ष ने 18 दिसंबर को बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री डा सतीश चन्द्र द्विवेदी से मुलाकात कर समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद अभ्यार्थियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन ले जाकर छोड़ दिया। 69 हजार शिक्षक भर्ती से वंचित अभ्यर्थियों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार से शुरू प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। सैकड़ों की संख्या में अभ्यार्थियों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के घर का घेराव किया। अभ्यर्थियों ने कहा कि सूची में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया गया है। एमआरसी की आड़ में ओबीसी व एससी का आरक्षण छीना जा रहा है, जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने 18 दिसंबर को बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. सतीश चन्द्र द्विवेदी से भेंट कर समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया।


## इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

आजमगढ़ ब्रांच : पं0 दिन दयाल चौक, सिविल लाईनस, आजमगढ़ - 276001

कब्जा सूचना (स्थावर सम्पत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन इण्डियन ओवरसीज़ बैंक का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, निम्न उधारकर्ताओं एवं गारंटीकर्ताओं को उनके नाम के सामने दिये गये रकम तथा ब्याज की सूचना जारी करते हुए 60 दिनों के अन्दर उल्लिखित राशि तथा ब्याज के पुन:भुगतान हेतु सूचित किया था ।

चूँकि उधारकर्ता इस रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहे, अत: उधारकर्ता/गारंटीकर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 व 9 के साथ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूमि हित का प्रवर्तन (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है । उधारकर्ता/गारंटीकर्ता और विशिष्ट रुप से जनसाधारण को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वह नीचे वर्णित संपत्ति के सम्बन्ध में व्यवहार न करें और संपत्ति में किसी भी प्रकार का व्यवहार इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के प्रभार के अधीन होगा ।

| क्र.सं. | उधारकर्ता/गारंटीकर्ता/बंधककर्ता का नाम और पता | खाते का विवरण | प्रतिभूतियों के विवरण | कब्जा सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स अम्बे इण्डस्ट्री (प्रो. श्रीमती अनीता मिश्रा पत्नी अनुराग मिश्रा) इसकपुर, निकट जुनैदगंज, हाफिजपुर, आजमगढ़। | माँग सूचना दिनांक 22.07.2020 बकाया राशि रु. 1,15,52,060/- + ब्याज एवं अन्य प्रभार 08.07.2020 से | समस्त संपत्ति का भाग प्लॉट नं0 182, ग्राम इसकपुर, टप्पा - अट्ठासी, पी आर निजामाबाद, तहसील - सदर - जिला - आजमगढ़ आंसिक निर्माण के साथ श्रीमती अनीता मिश्रा पत्नी अनुराग मिश्रा के नाम रक्षित क्षेत्रफल 1818 वर्ग फीट। चौहद्दी - उत्तर - हरदेव का जमीन, दक्षिण - श्रीमती सत्ती@साटिया का जमीन, पूर्व - श्रीमती शशी किरन सिंह और श्रीमती गेसमती राय का जमीन, पश्चिम - चकरोड़। | 11.12.2020 |
| 2 | मेसर्स मोहम्मद मोबाइल कॉटेज (प्रो. मेहताब अहमद) भगवती शाह कटरा, चौक आजमगढ़ (उधारकर्ता) व 1. श्रीमती शाहजहॉं बेगम पत्नी अस्फाख अहमद 2. श्री अस्फाख अहमद, मोहल्ला - फारस टोला, वार्ड नं0 1, तहसील - सदर - जिला - आजमगढ़ (गारंटीकर्ता/बंधककर्ता) | माँग सूचना दिनांक 22.07.2020 बकाया राशि रु. 1,56,065.90/- + ब्याज एवं अन्य प्रभार 22.07.2020 से | समस्त संपत्ति का भाग जमीन व रिहाइसी विल्डिंग मोहल्ला - फारस टोला, वार्ड नं0 1, तहसील - सदर - जिला - आजमगढ़ में स्थित, श्रीमती शाहजहॉं बेगम पत्नी श्री अस्फाख अहमद के नाम रक्षित, क्षेत्रफल 015 लिंक (60.75 वर्ग मीटर) चौहद्दी - उत्तर - मुनिसिपल लेन बाग मीर पेटू तक, दक्षिण - अस्फाख अहमद का मकान, पूर्व - शाहिद का मकान व जमीन, पश्चिम - अस्फाख अहमद का मकान। | 11.12.2020 |

दिनांक : 16.12.2020 स्थान : आजमगढ़

प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक


# राजधानी में 206 सूबे में कोरोना के 1277 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना संक्रमित में कमी आई है। बुधवार को राजधानी में कोरोना के 206 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1277 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 17801 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2816 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8118 मरीजों की और राजधानी में 1065 की मौत हो चुकी है।अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,57,297 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,18,44,458 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1,277 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 17,801 कोरोना के एक्टिव मामले में से 7,758 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1835 लोग ईलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 1765 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। अब तक कुल 5,43,344 लोग कोविड.19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

## कोरोना मरीज का शव बदलने की अब होगी मजिस्ट्रेटी जांच

**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट के पास टीएस मिश्रा मेडिकल कालेज में भर्ती कोरोना मरीज वाईके तिवारी की मृत्यु के बाद शव बदल गया था। शव बदने की घटना के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिया है। मजिस्ट्री जांच के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय को नामित किया है। बुधवार को अपर नगर मजिस्ट्रेट (तृतीय) देवेंद्र कुमार ने बताया कि टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज अमौसी एयरपोर्ट के पास नादरगंज कानपुर रोड में भर्ती कोरोना मरीज वाईके तिवारी उम्र लगभग 54 वर्ष निवासी-प्रेमवती नगर लखनऊ के मृत्यु के बाद शव बदलने की घटना हो गई थी। इस प्रकरण की जांच के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं।




# एक लाख से अधिक जोड़ों की कराई शादी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



## समाज कल्याण मंत्री ने गिनाईं विभागीय उपलब्धियां

**यूपी** सरकार के मंत्री रमापति शास्त्री ने बुधवार को विभाग की चार वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुये कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बड़ी संख्या मे युवाओं की शादियां कराई गई हैं। प्रदेश के अंदर के साथ ही बाहर पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की भी शुल्क प्रतिपूर्ति की जा रही है। बड़ी संख्या में सभी वर्गों के स्टूडेंट्स को नि:शुल्क सिविल सेवा की कोचिंग दिलाई जा रही है। जिनमें से कई स्टूडेंट सफलता अर्जित कर अफसर भी बने हैं। आगे भी विकास कार्य जारी रहेंगे।

लोक भवन में समाज कल्याण विभाग की उपलब्धियों को मीडिया के समक्ष रखते हुए उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सरकार गठन के तुरन्त बाद गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के अन्तर्गत वर्तमान में 51,000 रुपये का अनुदान दिया जाता है। योजना के प्रारम्भ से अब तक 1,05,427 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराते हुए 483.23 करोड़ की धनराशि व्यय की गई है।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु धनराशि 502.13 करोड़ की धनराशि व्यय करते हुए लाभान्वित किया गया। समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत वर्तमान में 51,21,454 वृद्धजनों को पेंशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। पेंशन योजनान्तर्गत सरकार गठन के बाद 14,68,847 नवीन पेंशनरों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016-17 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग छात्रवृत्ति में 21,29,201 छात्र लाभान्वित हुए थे। वर्ष 2019-20 में कुल 27,25,394 छात्र लाभान्वित हुए, जो वर्ष 2016-17 के सापेक्ष लाभान्वित छात्र संख्या में कुल 28 प्रतिशत वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 103 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित है, जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा 94 एवं जनजाति विकास विभाग द्वारा 9 विद्यालय सम्मिलित है। इन विद्यालयों में छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा, भोजन, पाठ्य पुस्तक, ड्रेस, आवास आदि की सुविधा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। योजनान्तर्गत 20 नवीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय तथा 45 ट्रान्जिट हास्टल निर्माणाधीन है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में 7 राजकीय कोचिंग केन्द्र संचालित हैं। विगत चार वर्षों में कुल 489 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं, जिसमें 51 अभ्यर्थी पीसीएस-आईएएस परीक्षा में एवं 438 अभ्यर्थी अन्य सेवाओं में चयनित हुए हैं।

# राज्यपाल ने की मूक-बधिर बच्चों से मुलाकात



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जीवन** में जिस प्रकार आंखों का महत्व है, उसी प्रकार यदि मानव मूक बधिर है तो उसकी भी अवस्था अत्यन्त दयनीय है। लायन्स क्लब आफ कानपुर गैन्जेज द्वारा एक संकल्प के रूप में मूक बधिर मुक्त उत्तर प्रदेश 2030 की शुरुआत एक सराहनीय कदम है। ये विचार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को लायन्स क्लब आफ कानपुर गैन्जेज के प्रतिनिधि मण्डल से राजभवन में शिष्टाचार भेंट के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आपके संगठन द्वारा मूक बधिर बच्चों के उत्थान एवं विकास हेतु जो प्रयास किये गये हैं वह सराहनीय है। राज्यपाल ने संस्था के माध्यम से स्वस्थ हुए बच्चों से बात की तथा बच्चों को दुलार कर क्लब के सदस्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर लायन्स क्लब आफ कानपुर गैन्जेज के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लॉयन टीकम चन्द सेठिया एवं क्लब के अन्य पदाधिकारी सहित मूक बधिर बच्चे एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित थे।

# सूबे के 18 मेडिकल कालेजों व संस्थानों में प्लाज्मा एफ्रेसिस की सुविधा उपलब्ध

**लखनऊ।** प्रदेश के कई मेडिकल कालेजों एवं संस्थानों में कोरोना मरीजों के उपचार हेतु प्लाज्मा थेरेपी की सुविधा उपलब्ध है। प्लाज्मा एफ्रेसिस सुविधा अभी तक प्रदेश के मात्र कुछ चिकित्सा संस्थानों जैसे केजीएमयू, एसजीपीजीआई एवं नोएडा मेडिकल कॉलेज इत्यादि में ही उपलब्ध थी, किंतु प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों द्वारा अब प्रदेश के 18 मेडिकल कॉलेजों एवं संस्थानों द्वारा यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। चिकित्सा शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में डेंगू एवं कोविड.19 में प्लाज्माफ्रेसिस के द्वारा प्लेटलेट्स की आपूर्ति हेतु प्रदेश के कुल 13 सरकारी संस्थान पूरी तरह से सुसज्जित हैं। वर्तमान में केजीएमयू लखनऊ, जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा, एसएसपीजी एचटीआई नोएडा, एसजीपीजीआई लखनऊ, आरएमएल इन्स्टीट्यूट लखनऊ, बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर, यूपीएमएस सैफई, एमएलएन मेडिकल कॉलेज प्रयागराज, एएसएमसी मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद, एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज मेरठ एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज झांसी में एफ्रेसिस की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पांच निजी मेडिकल कॉलेजों टीएमआरसी मुरादाबाद, एसआरएमएस बरेली, शारदा हॉस्पिटल नोएडा, मेयो मेडिकल कॉलेज आफ मेडिकल साइंसेज एवं मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में भी जीवनदायिनी एफ्रेसिस की सुविधा दी जा रही है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज एवं संस्थानों को एफ्रेसिस प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। वर्तमान समय में प्लाजमा थेरेपी की बढ़ती मांग के कारण राज्य सरकार द्वारा एफ्रेसिस की सुविधा अन्य केंद्रों में भी प्रारंभ की जा रही है।

# पीपीई टेंडर जांच को लेकर डीजी स्वास्थ्य ने शासन को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चिकित्सा** एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. डीएस नेगी ने उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन द्वारा 5 लाख पीपीई किट के टेंडर मामले में एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर द्वारा दी गयी शिकायत की जाँच के लिए शासन को पत्र भेजा है। नूतन ने अपनी शिकायत में कहा था कि यह टेंडर उस फर्म को दिया था जिसके द्वारा दिया गया बिड दूसरे न्यूनतम बिड से मात्र 20 पैसे कम था। कारपोरेशन ने 21 अप्रैल 2020 को टेंडर विज्ञापित किया जिसमें 27 अप्रैल को अंतिम तिथि निर्धारित की गयी। कारपोरेशन ने टेंडर प्रक्रिया में 3 संशोधन करते हुए अंतिम तिथि 30 अप्रैल कर दिया। 1 मई 2020 को 40 फर्म द्वारा अपने बिड भेजे गए पाए गए, जिसमें मात्र 3 फर्म के बिड सही पाए गए। कारपोरेशन ने फर्म को बिड को सुधारने हेतु समय दिया और उसके द्वारा अंत में मेसर्स स्टेरीमेड मेडिकल डिवाइस प्राइवेट लि. को टेंडर दिया गया। जिनके द्वारा 884.80 रुपये तथा 12 फीसदी टैक्स अर्थात 990.98 रुपये प्रति ईकाई बिड दिया गया। यह बिड दूसरे नंबर के मेसर्स श्रीनिधि इम्पेक्स द्वारा 885 तथा 12 फीसदी टैक्स अर्थात 991.20 रुपये प्रति ईकाई से मात्र 20 पैसे कम था।

# मुख्तार अंसारी के करीबी बाबू सिंह के दो गुर्गे गिरफ्तार

**लखनऊ।** विधायक मुख्तार अंसारी के करीबी अभिषेक सिंह उर्फबाबू सिंह के दो गुर्गों को मड़ियांव पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों ने शनिवार रात बाबू सिंह की जमानत के लिए टेंट कारोबारी से रंगदारी की मांग की थी। विरोध करने पर पीड़ित व्यवसायी को जमकर पीटा था। चप्पल पर थूक कर उसे चटवाया था, पीड़ित के सिर पर पिस्टल की बट मार कर घायल कर दिया था।

# ग्रामीण अंचल के उच्च शिक्षा के छात्रों को तकनीक से जोड़ने के लिए सरकार बनवाएगी ई-लर्निंग पार्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ग्रामीण अंचलों में तकनीकी संसाधनों से जूझ रहे उच्च शिक्षा के छात्रों को ध्यान में रखते हुए सरकार ई लर्निंग पार्क बनवाएगी। इस ई पार्क के जरिये काफी छात्र लाभान्वित होंगे। बुधवार को यह जानकारी प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने दी है।

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग ने बताया कि कोविड.19 महामारी के दौरान छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों में ऑन लाइन पठन पाठन का कार्य प्रारम्भ किया गया और लॉकडाउन के प्रथम दो चरणों में ही 15000 शिक्षकों द्वारा 9 लाख छात्र छात्राओं को आनलाइन उच्च शिक्षा उपलब्ध करायी गयी। इस दौरान यह अनुभव किया गया कि प्रदेश के ग्रामीण अंचल में निर्बाध इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे प्रदेश के ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्र के छात्र छात्राओं को कतिपय असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रदेश में सबसे बड़ी चुनौती समता, समानता एवं समावेशन की है। केवल 25 प्रतिशत छात्रों के पास ही स्मार्टफोन, लैपटाप और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। इस डिजिटल डिवाइड को कम करने के लिए और प्रदेश के तहसील ब्लाक स्तर पर संचालित 120 राजकीय महाविद्यालयों के छात्रों को ध्यान में रखते हुये ई लर्निंग पार्क विकसित करने की योजना विभाग द्वारा बनायी गयी है। ऐसे पार्क राजकीय महाविद्यालयों में स्थापित किये जायेगें, जहाँ कम्प्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन, वाई फाई की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलबध रहेगी। छात्रों के पास इन्टरनेट की अबाध निरंतर उपलब्धता न होने के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा डिजिटल लाईब्रेरी का सृजन किया गया है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बांकेगंज, खीरी

पत्रांक–2196 / क्षेत्र पंचायत / निविदा / 2020–21 दिनांक–15.12.2020

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जनपद के समस्त (ग्रा0अभि0वि0 एवं पी0डब्लू0डी0) के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड बांकेगंज में वर्ष 2020–21 के अन्तर्गत केन्द्रीय वित्त / राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यों को कराया जाना है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि (5 प्रतिशत) | निविदा बिक्री की धन0 (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक विकास अधिकारी पंचायत को आवंटित आवास (टी. 3 / 7)की मरम्मत एवं रंगाई पुताई। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 575200.00 | 28760.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 2 | अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) को आवंटित आवास (टी.2 / 5) की मरम्मत एवं रंगाई पुताई। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 558200.00 | 27910.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 3 | विकास खण्ड प्रांगण में स्थित स्वान केन्द्र की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 758400.00 | 37920.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 4 | पशु चिकित्सालय, बांकेगंज की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 857500.00 | 42875.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 5 | लिपिक 2 टाइप दो आवासों (टी 2 / 1, टी 2 / 6) की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 927700.00 | 46385.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 6 | श्री शैलेन्द्र कुमार तकनीकी सहायक को आवंटित आवास (टी 2 / 6) की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | राज्य वित्त | 586500.00 | 29325.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 7 | विकास खण्ड परिसर में इन्टरलाकिंग / उच्चीकरण कार्य। | राज्य वित्त | 979500.00 | 48975.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 8 | टाइप एक के दो आवासों (टी 1 / 1, टी 1 / 2) की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | राज्य वित्त | 619800.00 | 30990.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 9 | टाइप एक के दो आवासों (टी 1 / 3, टी 1 / 4) की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | राज्य वित्त | 623900.00 | 31195.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 10 | विकास खण्ड बांकेगंज में शहीद स्तम्भ व स्टोर कक्ष की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | राज्य वित्त | 999600.00 | 49980.00 | 1140.00 | तीन माह |
| 11 | राजकीय कृषि बीज भण्डार कार्यालय बांकेगंज की मरम्मत व रंगाई पुताई कार्य। | राज्य वित्त | 994900.00 | 49745.00 | 1140.00 | तीन माह |

उपरोक्त कार्यों में व्यय के अतिरिक्त जीएसटी 12 प्रतिशत एवं नियमानुसार शेष की धनराशि देय होगी। निविदादाता कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 18.12.20 से 22.12.20 पूर्वान्ह 11.00 बजे तक कार्य दिवस में निविदा मूल्य देकर मूल्य / जीएसटी सहित निविदा प्रपत्र कैशियर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 22.12.2020 को पूर्वाहन्ह 12.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में कार्यालय में नियमानुसार टेण्डर बाक्स में स्वीकार होगी । दिनांक 22.12.20 अपरान्ह 02.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी एवं निविदादाता की उपस्थिति में सीलबन्द निविदायें खोली जायेंगी।

**मुख्य शर्तें :**

1. ठेकेदार को 10 प्रतिशत जमानत राशि जमा करनी होगी जिसमें से 5 प्रतिशत निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी के नाम से बंधक होगा जमा करना होगा। न्यूनतम निविदाधारक को भुगतान से पूर्व 05 प्रतिशत की कटौती बिल से की जायेगी।
2. ठेकेदारों को आयकर, जी0एस0टी0 हैसियत प्रमाण–पत्र, जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का प्रमाण पत्र, कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. ठेकेदार को कार्य प्रारम्भ के पूर्व की, कार्य प्रारम्भ के समय तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात की फोटोग्राफी कराकर कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
4. अन्य विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
5. एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी बांकेगंज में निहित होगा।
6. सशर्त निविदा / ओवर राइटिंग कटिंग निविदा मान्य नहीं होगी।
7. निविदा स्वीकृत के उपरान्त समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करनी होगी।
8. कार्य गुणवत्ता के साथ नियत अवधि में पूर्ण कराना अनिवार्य होगा।
9. गुणवत्ता के सत्यापन के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने एवं अधिकृत अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) / कार्य प्रभारी के मापांकन एवं संस्तुति के उपरान्त ही ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।
10. निविदा के साथ 10 / – रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित देना अनिवार्य होगा।
11. निविदा स्वीकृत होने के बाद 100 / – के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा।
12. ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से स्वीकृत ठेकेदारों को निविदा मान्य नहीं होगी।
13. समय समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेश / शर्ते ठेकेदारों को मान्य होगी।
14. निविदादाता द्वारा उक्त कार्य के निमित्त लगे मजदूरों / मिस्त्रियों / श्रमिकों से सबंधित ई0पी0एफ0 / श्रम विभाग / अन्य किसी भी विभाग से सम्बन्धित दावे / आपत्तियों का निस्तारण स्वंय के व्यय से किया जायेगा।
15. समस्त विवादों का निपटारा न्याय क्षेत्र जिला खीरी लखीमपुर होगा।
16. समस्त निविदादाता निविदा खोलने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहें अन्यथा की स्थिति में किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

**(अशोक कुमार सिंह)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**बाँकेगंज, जनपद–खीरी**


# विजय दिवस पर सैनिक स्कूल में आनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित

संवाददाता। सरोजनीनगर



**सरोजनीनगर** स्थित कैप्टन मनोज कुमार पांडेय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल में यह वर्ष हीरक जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। बुधवार को विजय दिवस के अवसर पर देशभक्ति गीतों की ऑनलाइन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई राज्यों के 15 प्रतिष्ठित स्कूलों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल लखनऊ के मान मेहरोत्रा प्रथम स्थान पर रह कर स्वर्ण पदक के हकदार बने। जबकि सैनिक स्कूल झुंझुनू राजस्थान के प्रियेश चरन दूसरे स्थान पर रहे और उन्होंने रजत पदक हासिल किया। वहीं सैनिक स्कूल नालंदा बिहार के आर्यन ने तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा स्कूल में कक्षा 12 के छात्र सैनिकों के बीच अंतर सदन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में किदवई हाउस प्रथम स्थान पर और टंडन हाउस दूसरे स्थान पर, जबकि संपूर्ण सदन तीसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में स्थित वार मेमोरियल पर विजय दिवस अभियान में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय वीर सैनिकों को स्कूल के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल उदय प्रताप सिंह सहित अन्य लोगों ने पुष्प के साथ ही श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# तहसील और पुलिस अफसरों में उलझकर रह गई बब्लू की घर वापसी

संवाददाता। मोहनलालगंज



**जान** जोखिम में डालकर खुले आसमान के नीचे सर्द रातें गुजार रहे मानसिक मंदित जरदोजी कारीगर अब्दुल कादिर उर्फ बब्लू की घर वापसी मोहनलालगंज तहसील और पुलिस अफसरों के बीच अटक कर रह गई है। तहसील अधिकारियों ने जहां उसे घर पहुंचवाने की जिम्मेदारी पुलिस पर डालकर पल्ला झाड़ लिया है। वहीं कोतवाली के पुलिस अधिकारी दो दिन बाद भी उसके परिवार का पता नहीं लगा पाए हैं।

मोहनलालगंज तहसील और कोतवाली के सामने हाईवे डिवाइडर पर पिछले कुछ दिनों से फतेहपुर जिले के सरांय सुल्तानपुर घोष निवासी मानसिक मंदित अब्दुल कादिर उर्फ बब्लू घर वापसी के इंतजार में ठिठुरते हुए सर्द रातें गुजार रहा है। लोगों से जानकारी पाकर तहसील की टीम उसे रैनबसेरे भी ले जा चुकी है। लेकिन अपनों से मिलने के इंतजार में वह हाईवे के आसपास से हटने को तैयार नहीं है। मंगलवार को एसडीएम विकास कुमार सिंह ने इंस्पेक्टर जीडी शुक्ल को बब्लू के परिवार का पता लगाकर उसे घर पहुंचवाने के निर्देश दिए थे। इंस्पेक्टर ने जिम्मेदारी मातहतों को सौंप दी। लेकिन पुलिसकर्मियों ने फतेहपुर पुलिस का सम्पर्क तलाशने में ही 48 घण्टे गुजार दिए। लिहाजा बुधवार को भी बब्लू के परिवार का पता नहीं लगाया जा सका।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत दो अरब स्वीकृत

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत् अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को दशमोत्तर छात्रवृत्ति (100 प्रतिशत केन्द्रपोषित) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्रावधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा शासनदेश जारी कर दिया गया है। शासनदेश के अनुसार दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत् अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र छात्राओं को दशमोत्तर छात्रवृत्ति (100 प्रतिशत केन्द्रपोषित) योजनान्तर्गत भारत सरकार के माध्यम से अवमुक्त केन्द्रांश क्रमशः 3695.38 लाख, 7036.97 लाख, 226.15 लाख तथा 10958.50 लाख अर्थात् कुल धनराशि रुपये 21917 लाख के सापेक्ष चालू वित्तीय वर्ष में दो अरब मात्र को शर्तों-प्रतिबन्धों के अधीन अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

## इंटरनेशनल स्पोर्ट्स, आर्ट्स एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता संपन्न

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (सैम-2020) का आज आनलाइन भव्य समापन हुआ। रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुए सैम-2020 के 'पुरस्कार वितरण व समापन समारोह' में ईरान, रूस, अमेरिका, ग्रीस, तुर्की, श्रीलंका व नेपाल समेत देश के विभिन्न प्रान्तों की विजेता छात्र टीमों को ऑनलाइन सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में साउण्ड सिम्फनी प्रतियोगिता में बाल भारती पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया तो वहीं दूसरी ओर ब्लेंडिंग बाउडरीज (कोलाज) प्रतियोगिता में लिटिल एन्जिल्स हाई स्कूल, ग्वालियर, मध्य प्रदेश के छात्र प्रथम स्थान पर रहे। इसी प्रकार, फ्लोर डिजाइनिंग प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार लिटिल एन्जिल्स हाई स्कूल, ग्वालियर, मध्य प्रदेश की छात्र टीम को, कोविड रैप्सोडी प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आरडीएसओ कैम्पस की छात्र टीम को मिला। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को अपना आशीर्वाद देते हुए उन्हें विश्व नागरिक बनकर समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

## राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए नशे से दूर रहे युवा: कौशल

**सरोजनीनगर।** सांसद कौषल किषोर ने कहा कि सेना के जवान देश की सीमाओ पर जहां विदेशी दुश्मनों से हमारी रक्षा करते है वहीं देश की रक्षा कर राष्ट्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है। इसलिए युवा वर्ग को चाहिए कि वह नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बने। सांसद कौशल किशोर बुधवार को पूर्व सैनिक सेवा परिषद की महानगर इकाई द्वारा भारतीय सेना द्वारा 1971 की बांग्लादेश मुक्ति युद्ध की ऐतिहासिक विजय की 49वीं वर्षगांठ पर सरोजनीनगर के अमौसी में आयोजित सभा को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मेजर जनरल एके चतुर्वेदी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर वर्ष 1965 और 1971 के युद्ध में युद्धरत एक्स सूबेदार भगवान बक्स सिंह चौहान व उक्त युद्ध के दौरान सेवारत रहे सात सैनिकों को उनके अदम्य साहस के लिये अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## कैंसर में प्रोटोन थेरेपी से मुंह का सूखापन होता है कम: डॉ. सपना

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में बुधवार को रेडियोथेरेपी और रेडियोडायग्नोसिस विभाग के 34 वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आरंभ प्रोफेसर एमएलबी भट्ट के स्वागत भाषण के द्वारा हुआ। स्थापना दिवस कार्यक्रम में दो ओरेशन तथा मुँह और गले के कैंसर पर सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई में डॉक्टर चरणजीत सिंह ने बताया कि कैंसर के संपूर्ण फैलाव को पीईटी स्कैन के द्वारा देखा जा सकता है। यह जाँच रोगी के उपचार निर्धारण में अत्यंत सहायक है। डॉक्टर सपना नांगिया ने बताया कि अत्याधुनिक प्रोटोन रेडियोथेरेपी के द्वारा मुँह के सूखापन, छाले, फाइब्रोसिस तथा अन्य दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की पूर्व निदेशक तथा पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ नुजहत हुसैन ने अपने व्याख्यान में बताया कि वर्तमान युग में कैंसर का निदान में पैथोलॉजी में अभूतपूर्व विकास हुआ है। यह समय मौलिक मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी जांच का है। इससे रोगी को सटीक दवा देने में सहायता मिलती है। प्रोफेसर पुनीता लाल ने अपने व्याख्यान में बताया कि कैंसर के रोगी में प्रोटोन, स्टेरिक्टिक विधि द्वारा दूसरी बार भी रेडिएशन दिया जा सकता है। यदि रेडिएशन दोबारा संभव ना हो तो रोगी को बेस्ट पैलिएटिव केयर का विकल्प देना चाहिए। डॉ हर्षवर्धन आत्रे द्वारा और गले के कैंसर में टारगेटेड थेरेपी के द्वारा उपचार पर जोर दिया गया रेडियोथैरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राजीव गुप्ता ने बताया कि उत्तर भारत में मुंह और गले का कैंसर एक महत्वपूर्ण कैंसर है यदि रोगी समय पर आते हैं तो पूर्ण रूप से ठीक होकर जा सकते हैं।

## कंडक्टरों की कमी से रद हो रहीं बसें

**लखनऊ।** अभी तक यात्री आभाव में रद हो रही थी। अब बस कंडक्टरों की कमी से बसें रद्द करनी पड़ रही हैं। यही वजह है रोजाना लखनऊ से सहरानपुर, झांसी, अलीगढ़, मेरठ, दिल्ली व हरिद्वार की बसें कंडक्टर आभाव में रद्द करनी पड़ रही है। ऐसे में रोडवेज में बस कंडक्टरों की भर्ती नहीं करने का परिणाम यात्री भुगत रहे है। लखनऊ क्षेत्र में परिवहन निगम की 558 व अनुबंधित 526 बसें है। इनमें कुछ बसें रोजाना मरम्मत के आभाव में व कोरोना काल की वजह से सरेंडर है। बावजूद 500 से ज्यादा बस कंडक्टरों की कमी है। ऐसे में ट्रेनें कम चलने से यात्री बस पकड़ने बस अड्डे पहुंच रहे है। जहां यात्रियों को ले जाने के लिए बस कंडक्टर ही नहीं है। बस कंडक्टरों की कमी प्रदेश के 32 बस डिपो में है। जहां सब मिलाकर करीब 3000 पद खाली पड़े है। इन पदों पर परिवहन निगम नियमित से दूर संविदा पर भी भर्ती नहीं कर रहा है। इससे नाराज बुधवार को प्राइवेट बस मालिकों ने मुख्यालय पर हंगामा किया। सीजीएम संचालन ने कहा कि बस कंडक्टर की भर्ती करने के लिए शासन तीन बार प्रस्ताव बनाकर भेजा। पर मंजूरी अभी तक नहीं मिली।

## खामियों को सुधारने के लिए एक हफ्ते की मोहलत



**बख्शी का तालाब।** अपर मुख्य सचिव ने बुधवार को बीकेटी ब्लाक के विकास कार्यो का निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर बीडीओ को एक हफ्ते में दुरुस्त करने का समय दिया है। बुधवार दोपहर एक बजे के करीब अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास मनोज कुमार, अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार बीकेटी ब्लाक के सोनवा गांव में हो रहे विकास कार्यों के निरीक्षण को पंहुचे। उन्होंने गांव में मनरेगा के तहत तालाब की बाउंड्रीवाल का काम कर रहे मजदूर सुंदर लोधी से जॉब कार्ड दिखाने को कहा लेकिन वह नहीं दिखा पाया। उन्होंने उससे काम के दिनों और मजदूरी के बारे में भी जानकारी ली जिसपर मजदूर ने बताया कि पिछले 3 महीने से भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने गांव में बन रहे सामुदायिक शौचालय के साथ गौशला का भी निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि योगेंद्र दीक्षित ने बताया कि पिछले 4 महीने से गौशला का पैसा नहीं मिला है। गौशला के निर्माण का काम भी अधूरा है। खडंजा व पानी का भी मुद्दा उठाया। जिसपर कड़ा रुख अपनाते हुये उन्होंने बीडीओ को सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए सप्ताह भर का समय दिया है । उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी प्रभास कुमार, उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र बीडीओ पूजा सिंह भी मौजूद थी।

# कोविड-19 का पालन करते हुए अयोध्या में मनाया जायेगा भव्य विवाह महोत्सव

संवाददाता। अयोध्या

**वैश्विक** महामारी कोरोना काल में कोविड 19 का पालन करते हुए वैष्णो नगरी अयोध्या में मनाया जा रहा है प्रभु श्री राम का विवाह। सदियों से अयोध्या में प्रभु श्री राम का विवाह महोत्सव बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और विवाह महोत्सव पर सभी मंदिर वर और कन्या पक्ष के रूप में परिवर्तित हो जाते है। अयोध्या में कुछ ऐसे मंदिर हैं जिसमें माता जानकी का विवाह ही प्रमुख माना जाता है वहां का मुख्य उत्सव विवाह महोत्सव ही होता है। स्वर्गद्वार स्थित विहुती विभूति भवन मंदिर में तो अगहन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को विवाह का मुख्य पर्व होता है जिसकी तैयारी भी पूरी कर ली गई है। वही परिक्रमा मार्ग पर स्थित जानकी महल ट्रस्ट में रामचर्चा पूजन से विवाह महोत्सव का आगाज हो गया है और आज ही से प्रतिदिन 20 दिसंबर तक रामलीला का भी आयोजन होगा। 17 दिसंबर को

**● वैष्णो नगरी अयोध्या के सभी मंदिरों में विवाह का कार्यक्रम हुआ शुरू अगहन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 19 दिसंबर को अयोध्या में निकाली जाएगी भव्य बारात**

दोपहर दो फुलवारी की लीला होगी जिसमें अयोध्या केउपस्थित होते हैं और लीला का मंचन देखते हैं। 18 दिसंबर को प्रभु श्री राम की हल्दी तिलक उत्सव और मेहंदी का कार्यक्रम होगा। दिसंबर को सुबह 9 न्यौछावरी ए10बजे मुकलावा नेग और शाम 5 बजे प्रभु श्री राम की भव्य बारात निकाली जाएगी और रात्रि 10 बजे सीताराम जी का विवाह धूमधाम से संपन्न होगा। 20 दिसंबर को रात्रि 8 बजे कुंअर कलेवा होगा जिसमें भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा। जानकी महल ट्रस्ट कार्यक्रम के संयोजक आदित्य सुल्तानिया ने बताया कि हमारे यहां का मुख्य कार्यक्रम माता जानकी का विवाह ही है जिसको बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और कोविड.19 का पूरा पालन किया जाएगा। अयोध्या के प्रमुख मंदिर कनक भवन में भी भगवान श्री राम के विवाह की तैयारी कर ली गई है 19 तारीख को भव्य बारात निकाली जाएगी और माता जानकी का विवाह संपन्न होगा। कनक भवन परिसर में स्थित लाल साहब दरबार में भी दो दिवसीय सीताराम विवाह महोत्सव मनाया जाएगा जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। महंत रामनरेश शरण ने बताया की हमारे यहां लाल साहब के दरबार में श्रीसीताराम विवाह महोत्सव दो दिवसीय 19 और 20 तारीख को मनाया जाएगा। रंगमहल मैं भी विवाह महोत्सव प्रारंभ हो गया है 19 तारीख को ठाकुर जी की भव्य बारात निकाली जाएगी। रंग महल के पुजारी साकेत दास ने बताया कि ठाकुर जी का विवाह महोत्सव श्री सदगुरुदेव भगवान महंत रामशरण दास जी महाराज के संयोजन में मनाया जा रहा है और 19 तारीख को भव्य बारात निकाली जाएगी। स्वर्गद्वार राम पैड़ी स्थित दिव्य कला कुंज में भी विवाह महोत्सव प्रारंभ हो गया और ठाकुर जी की भव्य भारत की तैयारी चल रही है वही रूप कला कुंज में भीहै और 19 तारीख को भव्य बारात निकाली जाएगी जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।

## श्रीराम के दर्शन मात्र से जीव को परम शांति की अनुभूति होती है

**अयोध्या।** अयोध्या दशरथ महलए बड़ी जगह में विंदु गाद्याचार्य मंहत श्री देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में श्री सीताराम विवाहोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही संगीतमयी श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस की बेला में क्रांतिकारी कथाव्यास स्वामी बाल भरत जी महाराज नें कहा कि भगवान श्री राम भी परम उदार है और उनका नाम भी उदार है तथा इसका आश्रय प्राप्त किये बिना संसार की कोई भी भौतिक सुख सुविधा जीव का कल्याण नही कर सकती। श्री राम के पावन दर्शन से मानव जीवन मे परम् शांति की अनुभूति होती है इसी क्रम में भगवान शिव भी काग भुशुण्डि के साथ बालक राम का दर्शन करने आते हैं



इसका तात्पर्य बताते हुए श्री व्यास जी नें कहा कि भगवान शिव बड़े ऊँचे पर्वत कैलास के ऊपर से नीचे आ रहे हैं श्री रामचरित मानस में गृहस्थ आश्रम को भी पर्वत के समान जटिल बताया गया है। जैसे रू गृह कारज नाना जंजाला । ते अति दुर्गम सैल विसाला।अर्थात विशाल पर्वत के समान ही गृह कार्य का जंजाल बड़ा ही जटिल है इसिलए गृहस्थ में भी परम शांति की अनुभूति हो इसके लिए श्री राम दर्शन और संत समागम परम् आवश्यक है।इसीलिये नीलगिरि पर्वत से महात्मा काग भुशुण्डि जी के साथ भगवान श्री राम का दर्शन करने के लिए भगवान शिव अयोध्या पधारे।जैसे संसार का वातावरण अनेक विकारों से प्रदूषित हो जाता है उसी तरह से हमारे नेत्र भी संसार की असार वस्तुओं को देखते देखते प्रदूषित हो जाते हैं अत: उनको पुन: शुद्ध करने के लिए इन आँखों को श्री राम दर्शन की परम आवश्यकता है।इसी क्रम में यह भी बताया गया कि अणिमा गरिमा आदि अष्ट सिद्धि ए श्री चन्द्र देव ए इंद्र ए मरुद्गण ए लोकपाल ए दिक्पाल आदि भी बाल रूप में भगवान श्री राम प्रभु का दर्शन करने आये। सीताराम विवाह महोत्सव के अवसर पर दशरथ महल में कथा 20 दिसंबर तक चलेगी कथा श्रवण करने आए संतों महंतों का संत राम भूषण दास कृपालुजी महाराज ने स्वागत किया।

## रेलवे स्टेशन पर निर्मित लवकुश कालोनी का सांसद ने किया लोकार्पण

**अयोध्या।** राईट्स द्वारा अयोध्या रेलवे स्टेशन पर निर्मित लवकुश कालोनी का सांसद लल्लू सिंह ने लोकापर्ण किया। कालोनी में टाईप तीन के 6 तथा टाईप दो के 18 आवास है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अंतराष्ट्रीय स्तर के मानकों को पूरा करता हुआ अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अयोध्या रेलवे स्टेशन का निर्माण पयर्टन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। पर्यटकों को अयोध्या आगमन पर ही विकसित तस्वीर का दर्शन होगा। उन्होने बताया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अयोध्या के विकास को लेकर योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। विदेशी पयर्टकों की सुविधा को देखते हुए यहां एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। अयोध्या को जोड़ने वाले सभी सड़कों को विकसित किया जा रहा है। जिससे यहां सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं को भी किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि आयोजनों के माध्यम से अयोध्या की संस्कृति को वैश्विक स्तर पर परिभाषित किया गया है।

## क्विक न्यूज

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा गायब

**जलालपुर।** स्कूल गई नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दिया है। मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के नगपुर का है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि छात्रा ननिहाल में रहकर जैनाबिला स्कूल करीमपुर नगपुर में पढ़ाई करती थी। वह कक्षा 9 की छात्रा थी । छात्रा 12 दिसंबर को घर से स्कूल गई थी। देर शाम तक वापस नहीं आई। न आने पर परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया परंतु कहीं अता पता नहीं चला। पीडित का कहना है कि छात्रा को कोई बहला-फुसलाकर भगा ले गया है । पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### तमंचे के साथ दो सगे भाई गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** जैतपुर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान दो सगे भाईयों को दो तमंचे व खोखे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता हमराही सिपाहियों के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान दो संदिग्ध लोगों की तलाशी में उनके पास से 315 बोर के दो तमंचे बरामद किये गये। पकड़े गये योगेन्द्र चौहान व इन्द्र बहादुर चौहान पुत्र शत्रुघन चौहान जैतपुर थाना क्षेत्र के ही उसमा जोलहापुर के रहने वाले हैं।

### पांच लोगों में मिला कोरोना का संक्रमण

**अम्बेडकरनगर।** जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में एक बार फिर से बढ़ोत्तरी होने लगी है। बुधवार को हुई जांच में पांच लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है जबकि मंगलवार को चार लोगों में कोरोना का संक्रमण पाया गया था। बुधवार को एक व्यक्ति को ठीक हो जाने के बाद घर भेज दिया गया। मौके पर कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 42 है। इनमें से 13 होम आइसोलेशन में हैं जबकि दो मरीजों का लेवल -2 व 13 मरीजों का लेवल -3 एवं नौ का अन्य अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

### कोविड के दृष्टिगत सीमित होगा महोत्सव

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने आयुक्त सभागार में गोरखपर महोत्सव के आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन, सी.ई.ओ. गीडा संजीव रंजन, अपर आयुक्त प्रशासन अजयकान्त सैनी एवं अन्य अधिकारियों तथा विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों व उद्यमियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि गोरखपुर महोत्सव स्थानीय कलाकारों के लिए एक बड़ा मंच है जहां वह अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं, जिससे राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर उनको पहचान मिलती है। कोविड-19 के दृष्टिगत गोरखपुर महोत्सव का आयोजन सीमित किया गया है ताकि स्थानीय कलाकार इस मंच से वंचित न रहे। मण्डलायुक्त ने बताया कि गोरखपुर महोत्सव में पर्यटन, रेडिमेट गार्मेन्ट, गोरक्षनाथ दर्शन एवं योग तथा गोसंरक्षण विषय पर सेमिनार भी आयोजित कराने पर विचार किया जा रहा है।

### घर के बाहर बहुभोज, अंदर चोर कर रहे थे चोरी

**गोरखपुर।** पिपराइच क्षेत्र के हसनगंज और महुआ चाफी में मंगलवार रात में लाखों की चोरी हो गई। हसनगंज में राकेश के घर बहुभोज का आयोजन था। लोग आवभगत में व्यस्त थे। घर के अंदर चोर चोरी करने में लगे हुए थे। राकेश के पुत्र राजन ने पुलिस को बताया कि तीन रिश्तेदारों का घर में रखा तीन बैग जिसमें हार एक, दो जोड़ी झुमका, पायजेब-दो जोड़ी, मंगलसूत्र-एक अदद, मोबाइल-तीन पीस चोरी कर लिए। जबकि महुआ चाफी में धर्मेन्द्र भारती के घर चहारदीवारी फांदकर अंदर घुसे चोर ने लगभग डेढ़ लाख रुपए का सामान चुरा लिया। धर्मेन्द्र की पत्नी मुन्नी देवी ने पुलिस को बताया कि रात को 12 बजे उनकी नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाया तो आवाज सुनते ही चोर सामान लेकर चहारदीवारी फांदकर भाग गया। उन्होंने बताया कि घर के एक कमरे से लैपटाप एक, हैमर मशीन एक, ग्लैंडर एक, कटर मशीन एक लगभग डेढ़ लाख रुपए का सामान चोर चुरा ले गए। बुधवार की सुबह घटना स्थल से करीब दो किलोमीटर दूर लाला बाजार में देशी शराब की दुकान के समीप दो चोर चोरी का मोबाइल दो हजार रुपए में किसी को बेच रहे थे। शक होने पर लोगों ने दोनों चोरों को पकड़कर भट्ठा चौराहे पर पुलिस को सौंप दिया। उसके पहले लोगों ने उन दोनों की जमकर पिटाई कर दी थी।

### स्कूल प्रबंधक ने खुद को गोली से उड़ाया

**गोरखपुर।** बुधवार को एक स्कूल के प्रबंधक ने खुद को गोली से मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक गुलरिया इलाके के भटहट अतरौलिया में बीएन नेशनल एकेडमी के प्रबंधक राजा यादव (34) ने खुद को पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं है।

## अब एलईडी वैन के माध्यम से होगा फसल बीमा योजना का प्रचार-प्रसार



वैन को हरी झण्डी दिखाते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी

**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में एलईडी वैन के माध्यम से फसल बीमा योजना के प्रचार–प्रसार हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अवगत कराना है कि जो किसान केसीसी धारक नहीं है वो किसान 31 दिसंबर 2020 से पहले पंजीकरण सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) से करा लें। पंजीयन कराने हेतु कागजात बैंक पासबुक की छायाप्रति ,खतौनी का नकल, आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर सीएससी सेंटर पर उपस्थित हो। मौसम रबी 2020–21के लिए जनपद अंबेडकर नगर में फसल टमाटर में बीमा के लिए किसानों द्वारा देय प्रीमियम दर बीमित राशि का 5 प्रतिशत तथा फसल गेहूं में बीमा के लिए कृषकों द्वारा देय प्रीमियम दर बीमित राशि का 1.5: है। इस दौरान उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी डॉ. धर्मराज सिंह तथा संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## केके मिश्रा ने किया टूर्नामेन्ट का उद्घाटन

**मालीपुर, अम्बेडकरनगर।** देश व समाज को आगे ले जाने में खेल और खिलाड़ियों का बिशेष महत्व है।खिलाड़ियों के उत्तम खेल से जहाँ देश का नाम रोशन होता है वही समाज व खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार होता है। क्षेत्र के शेखपुरा राजकुमारी गांव में चल रहे हंटर एवम आलआउट क्रिकेट टूर्नामेंट में उद्घाटन समारोह के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवम उ प्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व सदस्य के के मिश्रा ने उक्त बिचार व्यक्त किए। क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर मुख्यातिथि मिश्र ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत किया तदुपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।इसके पहले आयोजक किशन सिंह, नीतीश मिश्रा, सुनील सिंह,सुमित सिंह व अखिलेश सिंह ने मुख्यातिथि श्री मिश्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया।श्री मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन करने के लिए आयोजको का आभार जताया।

## सीआरपीएफ देश की सबसे अनुशासित संस्था: छोटेलाल

संवाददाता। अयोध्या

**सीआरपीएफ** देश की सबसे अनुशासित संस्था है। यह उद्बोधन सीआरपीएफ की 63 वीं बटालियन के अंर्तवाहिनी कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कमांडेंट छोटेलाल ने व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरा देश फिट इंडिया के तहत खेल का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हम फिट रहेंगे तभी देश की सेवा कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि अपने आपको, परिवार कोए समाज को और देश को स्वस्थ रहने के लिये जागरूक करना चाहिये। उन्होंने कहा कि योगा, खेल, दौड़ आदि के माध्यम से देश को स्वस्थ रखना हमारा कर्तव्य है। 63 वीं बटालियन के जवानों ने छह टीम बनाकर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसमें ए, बी, सी, डी, ई, एफ, जी ग्रुप के जवानों ने अपना.अपना हुनर दिखाया था। फाइनल मैच में डेल्टा और गोल्फ



टीम की भिड़ंत हुई जिसमें विजेता जी टीम ने 35 अंक अर्जित किये जबकि उपविजेता डी टीम को मात्र तीस अंक प्राप्त हुए। विगत 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत हुई थी। इस अवसर पर कमांडेंट छोटेलाल ने बताया कि इस अभियान का मकसद लोगों को फिट रहना और जागरूक करना है। खेल का आयोजन का लक्ष्य प्रतियोगिता नहीं बल्कि प्रयत्न है। इसमें राष्ट्र के चहुँमुखी विकास के लिये स्वयं को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्तर पर स्वस्थ रखना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनीता यादव, द्वितीय कमांडेंट राजा रमन सरकार, अशोक कुमार शील, सहायक कमांडेंट रामनिवास चौहान, राजबहादुर सिंह, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों सहित आसपास के नागरिक मौजूद रहे।

## तीन चोर समेत कई गिरफ्तार, लाखों का सामान बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**अपराध** पर अंकुश लगाने, अपराधियों की धर पकड़ एवं घटना के अनावरण में लगी जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने अलग–अलग मामलों में वांछित फरार चल रहे अभियुक्तों में तीन चोर समेत कई को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना राजघाट पुलिस टीम द्वारा चोरी के आरोप में रवि गौड पुत्र इन्द्रजीत गौड निवासी पासवान ढाला नौसड़ थाना गीडा, सुजीत कुमार पुत्र स्व. दीनानाथ निवासी देवहिया टोला नौसड़ थाना गीडा, अमित शर्मा पुत्र मजनू शर्मा निवासी पासवान ढाला नौसड़ थाना गीडा को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही एवं जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने 217200 रुपया नकद, एक गले का माला पीली धातु चेन, एक मंगलसूत्र पीली धातु, एक मांगटीका पीली धातु, एक नाक का नथुनी पीली धातु, तीन जोड़ी (6अदद) कानफूल पीली धातु, एक जोड़ी कान का झूमका पीली धातु, दो अदद अंगुठी पीली धातु, एक अदद अंगूठी पीली धातु, एक जोड़ी पाजेब सफेद धातु, तीन जोड़ी पैर का कड़ा गोलनुमा सफेद धातु, एक करधन सफेद धातु 5 लरी लगी हुई, एक जोड़ी पायल सफेद धातु, तीन अदद अंगूठी सफेद धातु, दो लाकेट पीली धातु, दो जोड़ी बिछिया सफेद धातु, एक अदद गुच्छा कमरबन्द का, एक अदद अंगूठी सफेद धातु, एक अदद ताला चाभी लरी, एक जोड़ी कान का टप्स पीली धातु, बरामद किया।

थाना गोला पुलिस टीम द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में अभियुक्त भोलू चौरसिया उर्फ आशीष चौरसिया पुत्र प्रमोद चौरसिया निवासी वार्ड नं. 06 डिहवा कस्बा गोला थाना गोला को गिरफ्तार किया गया। थाना हरपुर बुदहट पुलिस द्वारा मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोप में अभियुक्त हजारी लाल यादव पुत्र रंगीलाल यादव निवासी नाजीर भैसहिया थाना महुली जनपद सन्तकबीरनगर को गिरफ्तार किया गया। थाना गीडा द्वारा मारपीट व दुष्कर्म के आरोप में अभियुक्त आनन्द जायसवाल पुत्र राधेश्याम निवासी नौसड़ थाना गीडा को गिरफ्तार किया गया। थाना कैंण्ट द्वारा छेड़खानी के आरोप में अभियुक्तगण मोहन पुत्र फेंकू प्रसाद गुप्ता निवासी पथरा थाना रामगढ़ताल, राम जियावन पुत्र पतिराज निवासी राजघाट थाना राजघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना तिवारीपुर द्वारा अवैध नशीला पाउडर के साथ अभियुक्त अरमान पुत्र कयूम निवासी इलाही बाग जोगी टोला थाना तिवारीपुर को 120 ग्राम नशीला पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना चिलुआताल द्वारा मारपीट व गैरइरादतन हत्या के आरोप में अभियुक्तगण मन्टू पुत्र रामसेवक, डब्लू पुत्र निरंजन निवासीगण उसका पोस्ट मीरपुर थाना चिलुआताल को गिरफ्तार किया गया। थाना चिलुआताल द्वारा अपहरण के आरोप में अभियुक्त मोहन उर्फमोनू रावत पुत्र स्व. रामकृष्ण निवासी लेहनी थाना गुलरिहा हा.मु. शास्त्रीनगर थाना चिलुआताल गिरफ्तार किया गया। थाना उरुवा बाजार द्वारा अपहरण के आरोप में वांछित अभियुक्त अभिमन्यु उर्फ बिक्कू पुत्र बालेन्द्र निवासी बहतिया थाना उरुवा बाजार गिरफ्तार किया गया।

## मैत्री चयन के लिए 31 तक करें आवेदन

**गोरखपुर।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया है कि पशुपालन विभाग में कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन बढ़ाने हेतु स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत मैत्री का चयन किया जाना है। हाईस्कूल बायलोजी से उत्तीर्ण 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवा इसके लिए अपना आवेदन संबंधित पशु चिकित्साधिकारी/उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के यहां 31 दिसम्बर तक रजिस्टर्ड या व्यक्गित रूप से उपलब्ध करा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु स्थानीय पशु चिकित्साधिकारी/उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

## दिव्यांग पार्टी ने मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी द्वारा भियाव ब्लॉक मुख्यालय बन्दीपुर पर अपने विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया तथा तहसीलदार जलालपुर को संबोधित ज्ञापन सौंपा। पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि जहां सरकार द्वारा दिव्यांगो को तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रहे हैं वहीं सरकारी कर्मचारी इन लोगों को सरकारी लाभों से वंचित करने में लगे है। इसी क्रम में नेवादा निवासी इजहारुद्दीन, लव कुश, निवासी नहरपुर बबुरा, संजय निवासी कान्दीपुर को सरकारी आवास दिया गया था जिसको ग्राम पंचायत अधिकारी ने गलत रिपोर्ट लगाकर अपात्र घोषित कर दिया जिससे इनका परिवार आवास के लाभ से वंचित कर दिया गया जबकि ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की मिलीभगत से तमाम अपात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिला अध्यक्ष ने मांग किया है कि पूरे इस प्रकरण की जांच करा कर इन लोगों को आवास दिलाया जाए और दोषी कर्मचारी को दंडित किया किया जाए। धरना प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष वीर बहादुर, इजहार उद्दीन, राजकुमार ,दुर्गेश मिश्रा, संजय बारी, लवकुश, विनय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। तहसीलदार को दिए गए ज्ञापन में दिव्यांगों ने अपात्र आवास पाने वाले की सूची भी दी।


## कार्यालय उपायुक्त स्वतः रोजगार, अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 955/एन0आर0एल0एम0/निविदा/2020–21 दिनांक 15.12.2020

### निविदा सूचना

उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, अम्बेडकरगर के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0सं0 | कार्य | कार्य विवरण | फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षण के दौरान भवन व्यवस्था हेतु | आवासीय प्रशिक्षण के आयोजन हेतु वांछित सुविधायें युक्त राजकीय भवन/पंजीकृत होटल/धर्मशाला/विवाह घर आदि की किराये पर आवश्यकता है। प्रशिक्षण में 30–40 प्रतिभागीयों का 01 बैंच होगा और जहां न्यूनतम 02 बैच प्रशिक्षण कराने की व्यवस्था हो। प्रशिक्षण स्थल हेतु निविदा स्थानीय स्तर पर ही स्वीकार होगी। | 500.00 |
| 2 | प्रशिक्षण के दौरान भोजन व्यवस्था हेतु | उपरोक्तानुसार आवासीय प्रशिक्षण एवं कार्यालय में आवश्यकतानुरुप मीनू के अनुसार भोजन व नाश्ता की व्यवस्था हेतु कैटर्स। | 500.00 |
| 3 | स्टेशनरी | कार्यालय हेतु स्टेशनरी जैसे रजिस्टर, फाइल कवर, फोटो स्टेट पेपर एवं अन्य आवश्यक सामान। | 1000.00 |
| 4 | वाहन व्यवस्था हेतु | कार्यालय में टैक्सी रजिस्ट्रेशन वाहन मासिक आधार 01 बोलेरो वाहन (ए०सी०) किराये पर एवं आन्तरिक आई0सी0आर0पी0 टीम को वाहय जनपद एवं अन्तर विकास खण्ड स्तर पर भेजने एवं लाने हेतु 10–15 वाहन ए0सी0 एवं नॉन ए0सी0 दैनिक किराये पर आवश्यकतानुसार। | 500.00 |
| 5 | समूहों एवं ग्राम संगठन हेतु लेखांकन पुस्तिका | स्वयं सहायता समूहों एवं ग्राम संगठन हेतु बुक्स आफ रिकार्डस का मुद्रण कराये जाने हेतु | 1000.00 |

उपरोक्त निविदा प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 26.12.2020 समय 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा वित्तीय बिड एवं टेक्निकल बिड दो अलग–अलग लिफाफे को एक बड़े लिफाफे में सीलबन्द करके पंजीकृत डाक से भेजी जाय जिसे दिनांक 30.12.2020 को समय अपरान्ह 03:00 बजे गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी।

निविदादाता कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म एवं शर्ते कार्यालय से दिनांक 17.12.2020 से 26.12.2020 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

उपायुक्त (स्वत:रोजगार)
अम्बेडकरनगर।


## सबक से भविष्य का निर्माण करें युवा: डा. भगवान

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**किसी भी** देश की युवा पीढ़ी का अपने देश की प्रति यह महत्वपूर्ण दायित्व होता है कि वह अपने देश व समाज के अतीत व गौरव की गहन समीक्षा करते हुए उससे प्राप्त होने वाले सबक से अपने भविष्य का निर्माण करें। उक्त विचार दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित विजय दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. भगवान सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष एवं महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक बाजार महाराजगंज के प्राचार्य ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किया। डॉ. सिंह ने आगे कहा कि 1971 में भारत की विजय एवं बाग्लादेश के निर्माण ने पूरी दुनिया के नजरों में भारत वर्ष की परिभाषा को बदल कर रख दिया। जिसे पश्चिमी जगत भारत को संन्यासियों और सपेरों का देश कहा करते थे। ढाका छवानी में 93000 पाकिस्तानी सैनिकों का पाकिस्तान के ले. जनरल ए. ए. नियाजी के नेतृत्व में भारतीय सेना के ले. जनरल जगदीश सिंह अरोड़ा के सामने आत्मसमपर्ण दोनों देशो के लिए ऐतिहासिक दिन है, किन्तु जहाँ भारत के लिए वह गर्व का विषय है वहीं पाकिस्तान के लिए शर्म का दिन है। ऐसे अवसरो पर हमें अपने शहीदों को नमन करने के साथ–साथ अपने कर्तव्यों की समीक्षा भी करते रहना चाहिए। उन्होनें आगे कहा कि 16 दिसम्बर को पाकिस्तान की पराजय मनोवैज्ञानिक पराजय थी। हमारी सेना हर स्थिति में अपने प्राणो की बाजी लगातें हुए अपने देश की गरिमा और सम्मान की सदैव रक्षा की है तो वही राजनेता वार्ता के मंच पर निराशाजनक स्थित में वापस लौटते रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की कला संकाय प्रभारी डॉ. वीणा गोपाल मिश्रा ने, संचालन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन के प्रभारी डॉ. आर.पी.यादव ने तथा स्वागत भाषण डॉ. इन्द्रजीत कुमार ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक विकास पाठक, डॉ. संजीव कुमार सिंह, डॉ. जागृति विश्वकर्मा, डॉ. दीपक साहनी आदि उपस्थित रहें।

### पूर्व सैनिकों ने किया रक्तदान

विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर, जनपद देवरिया में किया गया। इस अवसर पर गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने 1971 के युद्ध के नायकों और शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आतातायी अहंकार के मान मर्दन का यह दिवस सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। आज का सारा उल्लास मॉ भारती के उन सभी लाड़लों को समर्पित है जिनकी शौर्य-साधना के बदौलत आज हम और आप गर्वित भारतीयता का यह जश्न मना पा रहे हैं। इस अवसर पर अरविंद मिश्रा, प्रभाकर मणि त्रिपाठी, संगीता तिवारी, राधा रमन मिश्रा, सुधाकर त्रिपाठी, मदन कुमार, शिवम तिवारी के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने रक्त दान किया।

## एसडीएम ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**● जमीन पर की गई थी लोगों के सोने की व्यवस्था**

**● मोहसिनपुर मंसूरपुर में बंद पाया गया रैन बसेरा**

**गिरते तापमान** के चलते बढ़ रही ठंड को देखते हुए उपजिलाधिकारी अकबरपुर मोइनुल इस्लाम ने जिला मुख्यालय पर स्थित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। मंगलवार की देर शाम उपजिलाधिकारी गांधी आश्रम के सामने स्थित रैन बसेरे पर पंहुचे। यहां पर केयर टेकर सौरभ श्रीवास्तव उपस्थित थे लेकिन फोल्डिंग अथवा चारपाई की व्यवस्था नही पाई गई। केयर टेकर को फोल्डिंग की व्यवस्था किये जाने तथा हैंडवाश रखने के निर्देश दिये गये। 15 दिसम्बर तक रैन बसेरे में कुल 139 व्यक्तियों का रूकना पाया गया। मौके पर दो व्यक्ति रूके हुए पाये गये। रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थित रैन बसेरे में केयर टेकर राम सजीवन मौजूद पाये गये। निरीक्षण के दौरान यहां अलाव जलता पाया गया। यहां गद्दा, रजाई जमीन पर डालकर रहने की व्यवस्था की गई थी। केयर टेकर को फोल्डिंग अथवा चारपाई तथा हैंडवाश की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया गया। यहां भी दो व्यक्ति रूके हुए पाये गये। मोहसिनपुर मंसूरपुर में डूडा बिल्डिंग के पास स्थित रैन बसेरा निरीक्षण के दौरान बंद पाया गया। केयर टेकर मदन लाल ने दूरभाष पर बताया कि वह खाना खाने गये हैं। स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत की गई कि नगर पालिका द्वारा अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नही की गई है। रात पौने नौ बजे पुराने तहसील तिराहे पर किये गये निरीक्षण में पाया गया कि वहां अलाव जलाने के लिए लकड़ी तो पड़ी हुई थी लेकिन उसे जलाया नही गया था। इसके लिए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को दूरभाष पर आवश्यक निर्देश दिये गये।

# एयर इंडिया का निजीकरण

## बन गई थी सफेद हाथी

सालों से एयर इंडिया भारत में शानदार सफेद हाथी का उदाहरण बनी थी। इसका कारण केवल यह नहीं है कि एयरलाइन में सफेद रंग के बोइंग-747 'जंबो जेट' शामिल थे। अनेक अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों की तरह एयरलाइन भी राजनेताओं व नौकरशाहों द्वारा पक्षपात का माध्यम बन गई थी जिसमें विमानों की खरीद व सेवाओं पर भारी खर्च होता था। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय से ही एयरलाइन की बिक्री के प्रयास जारी थे। कर्ज के बोझ से लदी एयर इंडिया को न केवल मुनाफे में लाना असंभव था, बल्कि देश में उसके इंडिगो जैसे कई प्रतियोगी थे। अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर इंडिया पर अरबियन एयरलाइन्स को कुछ अच्छे रास्ते आबंटित होने के कारण झटका लगा था और भारतीय यात्री उसकी ओर चले गए थे। हालांकि, एयर इंडिया ने महामारी शुरू होने के बाद से विदेशों से भारतीय नागरिकों को लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, पर इससे एयरलाइन को कोई लाभ नहीं हुआ। इसके पहले भी खासकर विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के कार्यकाल में एयर इंडिया ने अनेक बचाव अभियानों में हिस्सा लिया था। हालांकि, देश में प्रतियोगी न रहने के बावजूद यह एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर नानस्टाप यात्राओं के क्षेत्र में कारगर हो सकती थी। उसे इंडिगो व विस्तारा से भारी प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन इसके बावजूद एयर इंडिया मजबूत ब्रांड है। यदि भारत सरकार इसके कर्ज का ज्यादातर बोझ उठाने को तैयार हो तो इसे बचाया जा सकता है। आखिरकार कोई व्यक्ति ऐसी संपत्ति क्यों खरीदेगा जो कर्ज के बोझ से लदी हो, जबकि वह इससे कम दाम में नई संपत्ति बना सकता है। यदि एयर इंडिया की गोपनीय बोली लगाने वाले



एयरलाइन के बदले भारत सरकार को अच्छा पैसा देते हैं, इसका कुछ घाटा सहते हैं तथा अधिकांश कर्मचारियों को नौकरी में बनाए रखते हैं तो यह सौदा सबके लिए अच्छा होगा। पिछले दशक में एयरलाइनों से बड़े पैमाने पर छंटनी हुई है तथा किंगफिशर व जेट एयरवेज़ की विफलता से जनता का हजारों करोड़ रुपया डूबा है क्योंकि ये सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के डूबे कर्ज का बड़ा कारण रही हैं। हालांकि, भारत सरकार ने उन लोगों की पहचान नहीं उजागर की है जो एयरलाइन की बोली लगाने की इच्छुक हैं, लेकिन अनुमान है कि इनमें एयरलाइन कर्मचारियों का एक समूह शामिल है जो निजी शेयरों और टाटा संस के माध्यम से इसे खरीदना चाहता है। 'महाराजा' लोगों वाली एयर इंडिया की नीलामी के संबंध में सरकारी स्रोतों ने पुष्टि की है कि उसे इसकी खरीद में दिलचस्पी दिखाने वाले अनेक लोग मिले हैं। उम्मीद है कि एयर इंडिया की टुकड़ों में बिक्री सरकार द्वारा एयरलाइन के लिए अधिकतम मूल्य प्राप्त करने का माध्यम है और सत्तारूढ़ लोगों द्वारा इस मामले में विलम्ब से कदम उठाने पर बिक्री में और जटिलता पैदा होगी। भारत के लिए उड्डयन क्षेत्र का बहुत महत्व है और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। भारत में रेलवे यात्री परिवहन की दशकों से जीवनरेखा बनी हुई है, पर भारत जैसे विशाल आकार वाले देश के लिए सस्ती व विश्वसनीय उड़ान सेवा न केवल लोगों को एक दूसरे से जोड़ने के लिए जरूरी है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था के लिए भी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। अतीत में अनेक देशों में बड़ी सिविलियन व्यापारिक हवाई सेवाओं की तरह बड़ी सिविलियन उड़ान सेवा सेना व अन्य रणनीतिक रणनीतिक चीजों को तेजी से दूसरी जगह ले जाने के लिए महत्वपूर्ण है। इसी कारण तर्क दिया जाता था कि भारत को एक सार्वजनिक एयरलाइन बनाए रखना चाहिए। लेकिन अनेक देशों, खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका में सरकारी नियंत्रण वाली कोई एयरलाइन नहीं है। वास्तव में पेशेवर तरीके से संचालित एयर इंडिया मुनाफे में बनी रहती और करदाताओं के लिए सस्ती उड़ानों के मामले में प्रतियोगिता न करती। इससे निजी एयरलाइनों को भी समान आधार पर भारतीय उड्डयन क्षेत्र को प्रगति देने में सहायक बनाया जा सकता था। देखना होगा कि क्या इस बार एयर इंडिया की बिक्री में सफलता मिलती है।

# भारत-चीन टकराव में नया आयाम

**चीन और कनाडा के बीच द्विपक्षीय सैनिक आदान-प्रदान के दौरान उनको कनाडियन रक्षा बलों से प्रशिक्षण, विशेषज्ञता व उपकरण मिले थे। भारत की सुरक्षा के प्रति ट्रूडो सरकार की संवेदनहीनता इस बात से भी स्पष्ट होती है।**



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं।)



वर्तमान समय में जारी भारत-चीन टकराव के बीच खबर आई है कि चीनी सैनिकों को कनाडा में जाड़े में लड़ाई का प्रशिक्षण मिला था। यह खबर कनाडा के 'रीबल न्यूज़' की है। कनाडा के धुर दक्षिणपंथी न्यूज़ नेटवर्क 'रीबल न्यूज़' को 'चाइना फाइल्स' नामक दस्तावेज के 34 पेज मिले हैं जिनसे स्थापित हुआ है कि कनाडा ने चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए के जवानों को किंगस्टन इंस्टीट्यूशन के ओंटारियो व कनाडियन फोर्स कालेज, टोरंटो में जाड़े में युद्ध का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही उसने चीन में उच्चस्तरीय कनाडियन अधिकारियों को भेजा था जो पीएलए अधिकारिकियों को ऊंचे स्थानों पर लड़ाई का प्रशिक्षण व तकनीक प्रदान कर रहे थे। लगभग 200 कनाडियन सैनिकों ने अक्टूबर, 2019 में वूहान में विश्व सैनिक गेम्स में हिस्सा लिया था। इसके साथ ही कनाडा के नौसैनिकों व नौसैनिक जहाजों ने पीएल नौसेना के 70वें स्थापना दिवस समारोहों में क्विनडाओ में भाग लिया था। दोनों देशों के बीच रक्षा व सुरक्षा संबंध चीनियों द्वारा दो कनाडाई नागरिकों को बंधक बनाने के बावजूद 2018-19 से बढ़े हैं। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो की कनाडा सरकार चीन से बेहतर संबंध बनाने पर दृढ़ है। उसे टंप प्रशासन द्वारा चीन को जानकारी व सूचनाओं के प्रसार पर नाराजी की चिन्ता भी नहीं थी क्योंकि इससे कनाडा के अन्य साझीदार चिन्तित नहीं थे। न्यूज़ नेटवर्क को कुछ संशोधित दस्तावेज मिले जिनमें कुछ गोपनीय तथा केवल कनाडा के लिए थे। उसे सूचना की स्वतंत्रता प्रार्थना के अंतर्गत ये दस्तावेज 19 महीने बाद मिले थे, पर समुचित रूप से संशोधित न होने के कारण इनको पढ़ा जा सकता था। आदान-प्रदान कार्यक्रम का विरोध होने पर चीफआफडिफेंस स्टाफने कनाडा में जाड़े में युद्धाभ्यास के बारे में एक बैठक की। इसमें आदेश दिए गए थे कि प्रिवी कौंसिल प्रमुख की अनुमति लिए बिना प्रशिक्षण स्थगित नहीं किए गए थे। पिछले सप्ताह ये दस्तावेज सार्वजनिक हुए। इससे स्पष्ट होता है कि चीनी 2018-19 व खासकर 2019 के जाड़े से ऊंचे स्थानों पर युद्ध का प्रशिक्षण ले रहे थे। चीन और कनाडा के बीच द्विपक्षीय सैनिक आदान-प्रदान के दौरान उनको कनाडियन रक्षा बलों से प्रशिक्षण, विशेषज्ञता व उपकरण मिले थे। भारत की सुरक्षा के प्रति त्रूदो सरकार की संवेदनहीनता इस बात से भी स्पष्ट होती है कि उसके रक्षा मंत्री और विपक्ष के नेता, दोनों खालिस्तानी समर्थक हैं। ये खुलासे अमेरिका-चीन आर्थिक, सुरक्षा समीक्षा आयोग की 1 दिसंबर को जारी रिपोर्ट के समय आए हैं। इसमें कहा गया था कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत-चीन टकराव दशकों में सर्वाधिक गंभीर सीमा संकट है। इसमें आरोप लगाया गया था कि चीनी रक्षा मंत्री जनरल वेंग फेई के निर्देश पर चीन ने गलवान झड़प की तैयारी पहले से की थी। टकराव के दो सप्ताह बाद ग्लोबल टाइम्स ने भारत को चेतावनी दी थी कि अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता में शामिल होने पर भारत को भयानक धक्का लगेगा। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'चीन सरकार ने भले ही लद्दाख में झड़प की योजना क्षेत्र पर कब्जे के लिए बनाई हो, पर वह भारत को ढांचागत संरचनायें बनाने तथा अमेरिका के साथ एकजुट होने से नहीं रोक सका और इसके विपरीत नतीजे निकले।' भारत सरकार ने किसी क्षेत्र पर कब्जे या अमेरिका के साथ एकजुटता के आरोपों को खारिज किया है। लेकिन रिपोर्ट से स्पष्ट है कि चीन लद्दाख में एलएसी में जबरन परिवर्तन करना चाहता था और 'चाइना फाइल्स' के अनुसार इसके लिए उसने 2019 के मध्य में ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। यह घटना चेन्नै के महाबलिपुरम में प्रधानमंत्री मोदी व शी जिनपिंग के बीच बैठक से पहले हुई थी। इससे प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की ऐतिहासिक लाहौर यात्रा और जनरल मुशर्रफ की कारगिल योजना याद आ जाती है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और पीएलए की सोच में झूठ बोलना और धोखाधड़ी रची बसी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि चीन ने एलएसी पर भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती के पांच अलग-अलग कारण बताए हैं। सिडनी के लोवे इंस्टीट्यूट के साथ वर्चुअल सत्र में बोलते हुए जयशंकर ने गतिरोध व टकराव के लिए बीजिंग पर आरोप लगाए थे। इसके जवाब में बीजिंग विदेश मंत्रालय ने पहले जैसी प्रतिक्रिया दी है। उसके अनुसार, 'स्थिति पूरी तरह स्पष्ट थी। भारत इस स्थिति के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है।' इस जाड़े में यह गतिरोध दूर होने की कोई उम्मीद नहीं है तथा चीनी और भारतीय टैंक कैलाश पर्वत श्रृंखला में एक दूसरे से केवल 20 मीटर की दूरी पर तैनात हैं। चीन ने द्विपक्षीय संबंधों की 70वीं वर्षगांठ पर टिकट जारी करने की योजना रद्द कर दी है। बीजिंग ने नवें सैनिक संवाद की तिथि अभी नहीं बताई है तथा परस्पर संवाद के रास्ते बंद हैं। भारत और चीन, दोनों से अच्छे संबंध रखने वाला रूस इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है जिससे गतिरोध टूटने की संभावना नहीं है। इसके साथ ही उसने पश्चिम पर 'चीन-विरोधी रणनीतियां' अपनाने का आरोप लगा कर आग में घी डाल दिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव ने कहा कि पश्चिमी शक्तियां हिंद-प्रशांत रणनीति और चतुर्मुखी सुरक्षा संवाद के माध्यम से भारत को चीन-विरोधी रणनीतियों में शामिल करने के साथ ही भारत के साथ रूसी साझेदारी को नुकसान पहुंचाना चाहती हैं। उनकी टिप्पणी अमेरिका पर लक्षित थी। अमेरिका ने रूस से 5.4 बिलियन डालर के एस 400 रक्षा उपकरण खरीदने पर भारत के खिलाफ काटसा एक्ट के अंतर्गत प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी जो अमेरिका के विरोधियों पर प्रतिबंध लगाता है। यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को सीधी चुनौती है और भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी में एक बाधा है, लेकिन टंप प्रशासन इस पर चुप रहा है। हालांकि, भारत और चीन के बीच टकराव जारी है, पर भारत ने अपने शब्दों और कृत्यों से स्पष्ट कर दिया है कि चीन द्वारा सीमा लांघने पर उसके पास क्या विकल्प उपलब्ध हैं। पिछले सप्ताह हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट में बोलते हुए अमेरिकी डेमोक्रेटिक विधि निर्माता मार्क वार्नर ने कहा था, 'भारत को अमेरिका व अन्य लोकतंत्रों के साथ एक स्वैच्छिक गठबंधन में शामिल हो कर चीन के राज्य प्रायोजित तानाशाही पूंजीवादी माडल का मुकाबला करना चाहिए।' लेकिन जिस प्रकार त्रूदो चीन को खुश रखना चाहते हैं, संभवत: उसी तरह भारत भी चीन को एक सीमा से अधिक आहत नहीं करना चाहता है क्योंकि हिमालय से लगे मोर्चे पर सैनिक असमानता के कारण उसके लिए अकेले चीन से मुकाबला कठिन हो सकता है। जमीनी यथार्थ को देखते हुए जयशंकर का विश्वास राजनयिक तरीकों पर बना हुआ है। एक पत्रकार द्वारा चीनी हस्तक्षेप पर भारतीय प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने और इसे सैनिक के बजाय राजनयिक पहल बताने पर उन्होंने कहा, 'हमने अपनी सैनिक तैनाती से असाधारण सैनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित की है।' उन्होंने चीनी हस्तक्षेप की शुरुआती प्रतिक्रिया में ढिलाई की बात से भी इनकार किया। जयशंकर ने इसी साक्षात्कार में जवाबी सैनिक तैनाती को उचित ठहराते हुए कहा कि गतिरोध 1986 में सुमदोरोंग चू जैसा हो सकता है जिसे दूर करने में नौ महीने लगे थे। लेकिन उस समय की भू-राजनीतिक स्थिति तथा सीमित तैनाती बिल्कुल अलग थी। भारत वांगडुंग में पीएलए की घुसपैठ का मुकाबला करने में पूरी तरह सक्षम था और वह भारत की गश्ती सीमा से दूर था। लेकिन इसके बावजूद वांगडुंग खुफिया विफलता का उदाहरण था। रीबल न्यूज़ के खुलासे से स्पष्ट है कि भारतीय खुफिया तंत्र को ज्यादा चौकस रहना चाहिए था क्योंकि कनाडा के सशस्त्र बल 2018-19 से ही चीन को जाड़े में युद्ध करने का प्रशिक्षण दे रहे थे। ऐसी ही स्थिति में भारत को 1984 में सुराग मिल गया था कि पाकिस्तान यूरोप में बर्फीले क्षेत्रों में प्रयोग होने वाले कपड़े खरीद रहा था। इससे सियाचिन पर कब्जा करने की उसकी रणनीति का पूर्वानुमान लगा था। लद्दाख क्षेत्र के पूर्व जीओसी मेजर जनरल यश मोर ने दु:ख प्रकट किया है कि भारत खुफिया जानकारियों का ठीक से विश्लेषण नहीं कर सका।

# गर्भपात के पक्ष में नौजवान

> स्वर्गीय पोप सेंट जान पाल द्वितीय एकमात्र पोलिश पोप और महान राष्ट्रीय नायक थे, लेकिन हाल में वारसा में उनकी मूर्ति पर प्रदर्शनकारियों ने लाल पेंट फेंका।

**गुईन डायर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)



**अनेक** देशों में गर्भपात वर्तमान समय में मुद्दा बना हुआ है। लगभग सभी देशों में बहुसंख्य नौजवान गर्भपात के पक्ष में हैं। आयरलैंड में 2018 में गर्भपात को वैध बनाने के लिए जनमत संग्रह के समर्थन में महिलाओं ने अनेक प्रदर्शन किए थे। दो साल बाद 2020 में हुए चुनाव में सत्ता पर एक शताब्दी से कब्जा जमाए दो दक्षिणपंथी पार्टियों फियेना फेल व फाइन गेल का वर्चस्व समाप्त हुआ। उनको कुल मिला कर पहले से आधे से भी कम वोट मिले। क्या गर्भपात-विरोधी कानून के खिलाफ 2018 में हुई लामबंदी ने आयरलैंड की राजनीति बदली? परंपरागत रूप से कैथोलिक चर्च के राजनीतिक वर्चस्व वाले एक और देश पोलैंड में भी जन लामबंदी दिख रही है। कम्युनिस्ट शासन में पोलैंड में गर्भपात वैध था, लेकिन 1989 में लोकतंत्र शुरू होने के बाद कैथोलिक चर्च लगातार गर्भपात अधिकारों पर प्रहार करती रही। 2015 में ला एंड जस्टिस पार्टी के चुनाव जीतने के बाद उसने संसद में कानून बना कर गर्भ विकृति वाले मामलों में गर्भपात पर रोक लगाने का प्रयास किया, लेकिन राजनेताओं को जनता व खासकर महिलाओं का भारी विरोध देखते हुए पीछे हटना पड़ा। इस पर सरकार ने अलग रणनीति अपनाई।

ला एंड जस्टिस पार्टी ने संविधान अदालत को अपने समर्थकों से भर दिया और अक्टूबर में अदालत ने प्रभावी रूप से सभी गर्भपातों पर प्रतिबंध लगा दिया। लेकिन देश में भारी विरोध फूट पड़े। अचानक पोलिश बड़ी संख्या में कैथोलिक चर्च से नाराज हो गए, हालांकि उसका संबंध आयरलैंड की तरह पोलैंड की पहचान और राष्ट्रीयता से था। स्वर्गीय पोप सेंट जान पाल द्वितीय एकमात्र पोलिश पोप और महान राष्ट्रीय नायक थे, लेकिन हाल में वारसा में उनकी मूर्ति पर प्रदर्शनकारियों ने लाल पेंट फेंका। केवल 35 प्रतिशत पोलिशों का



कैथोलिक चर्च के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण है और उनमें नौजवानों की संख्या 9 प्रतिशत है। संभवत: अब पोलैंड की राजनीति बदलने वाली है। अर्जेन्टाइना में कांग्रेस के निचले सदन ने कानून पास कर सरकार द्वारा गर्भपात को वैध करने पर सहमति प्रकट की जिसे वर्तमान समय में सभी परिस्थितियों में अपराध समझा जाता है। अचानक गर्भपात हो जाने वाली महिलाओं को भी गर्भपात का दोषी ठहरा कर मानवहत्या के आरोप में जेल में बंद कर दिया जाता है। दसियों हजार महिलायें ब्यूनुस आयर्स में शुक्रवार को गर्भपात के समर्थन में कानून पास करने की खुशी में सड़कों पर उतरीं। एक स्थानीय न्यूज़ वेबसाइट ने इसे खुशी की सुनामी बताया। वे पिछले महीने पूरी ताकत से सड़क पर उतरी थीं कि सिनेट पर नया कानून पास करने के लिए दबाव डाला जा सके। इस कारण पूरे लैटिन अमेरिका में ऐसे ही सुधारों के लिए दबाव बढ़ गया है। मध्य व दक्षिण अमेरिका के अधिकांश देशों में केवल मां के जीवन पर खतरा होने की स्थिति में ही गर्भपात की अनुमति है जिसका कारण कैथोलिक चर्च का सत्ता पर परंपरागत कब्जा है। अब तक केवल क्यूबा व उरुग्वे में ही गर्भपात की अनुमति है।

लेकिन अब लैटिन देशों में अधिकांश जनता ग्रामीण नहीं है और उसे दीवाल की लिखावट दिख रही है। लेकिन अमेरिका में परिदृश्य एकदम उलट है। यहां गर्भपात का विरोध कैथोलिकों की तुलना मे इवैंजेलेकिल ईसाई ज्यादा करते हैं। हालांकि, कैथोलिक महिलाओं में गर्भपात की दर राष्ट्रीय औसत के बराबर व इवैंजेलिकल ईसाइयों में इसकी आधी है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा रो बना वेड मामले में 1973 में गर्भपात को वैध ठहराने के बाद गर्भपात की दर सबसे कम है, लेकिन इसका कारण बेहतर गर्भनिरोध है। इसके बावजूद लगभग एक चौथाई अमेरिकन महिलायें जीवन में किसी न किसी समय व अधिकांशत: युवावस्था में गर्भपात कराती हैं। इनमें से अधिकांश महिलायें अपनी स्थितियों के कारण गर्भपात कराती हैं। उनमें से कुछ महिलाओं के पहले से एक बच्चा होता है तथा आधी गरीबी रेखा के नीचे होती हैं। यदि गर्भपात वैध न हो तो चोरी छिपे गर्भपात कराने वाले सामने आएंगे जिससे काफी महिलाओं की मौत होगी या वे विकलांग हो जाएंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप अब हार गए हैं और जो बाइडेन का व्हाइट हाउस पर कब्जा हो गया है। टंप ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपने मनपसंद जज भर दिए थे जिससे 6 जजों में से तीन 'जीवन-समर्थक' कंजरवेटिव हैं। यदि वे गर्भपात पर पुन: प्रतिबंध लगाने का निर्णय करते हैं तो इतने बड़े पैमाने पर जन-प्रदर्शन होंगे जो आयरलैंड व पोलैंड में देखने को मिले हैं। 80 प्रतिशत अमेरिकन गर्भपात अधिकारों के समर्थन में हैं। अमेरिका में गर्भपात पर प्रतिबंध से महिलायें आम हड़ताल कर सकती हैं। इस प्रकार गर्भपात अनेक देशों में मुद्दा बना है और नौजवानों ने दक्षिणपंथी सरकारों को संदेश दिया है कि वे 'सांस्कृतिक युद्ध' के लिए तैयार हैं। वे गर्भपात अधिकार पर हमला होने की अनुमति नहीं देंगे।

## आप की बात

### वायरस की नई चाल

**अभी** हम देख रहे हैं कि कोरोनावायरस का असर दुनिया में खत्म नहीं हुआ है। जिन देशों में वायरस की पहली लहर समाप्त हुई, वैसे ही कुछ दिनों के अंतराल के बाद वहां दूसरी लहर शुरू हो गई है। यह दूसरी लहरी लहर से बहुत ज्यादा घातक है। भारत में भी हमने देखा था कि मई जून के महीने में कोरोनावायरस में धीरे-धीरे अपनी रफ्तार पकड़ी और जुलाई तक वह अपने चरम पर पहुंच गया था परंतु बीच में कुछ मामलों में कमी आई लेकिन अचानक फिर से मामले बढ़े और स्थिति चिंताजनक हो गई। परंतु दिसंबर के महीने में यह देखा जा रहा है कि प्रत्येक दिन 50000 की औसत से मामले आ रहे हैं और बीते दिन तो 40000 से भी कम मामले आए। यह हमारे लिए एक अच्छी खबर है परंतु इसका मतलब यह नहीं है कि हमें भी ढिलाई दे देनी चाहिए। नहीं बिल्कुल नहीं, कोरोना संक्रमण मुक्त होने की दर भले ही 94.28% हो गई है परंतु इसका खतरा अभी भी टला नहीं है। कोरोनावायरस पिछले साल दिसंबर में ही शुरू हुआ था और अब उसे 1 साल होने जा रहा है। ठंड में इसकी उत्पत्ति होने के कारण यह सर्दियों के मौसम में और ज्यादा घातक साबित हो सकता है।

**सुदर्शन सोराड़ी, नैनीताल**

### मातृभाषा का सम्मान हो

**हिंदी** के प्रचार-प्रसार हेतु लेखन कार्य हिंदी में ही अनिवार्य करना होगा ताकि हिंदी लिखने की शुद्धता बनाई जा सके। मातृभाषा की सही स्तुति के लिए ये कार्य करना आवश्यक है ताकि मातृ भाषा का सही मायने में सम्मान हो सके। विद्यार्थियों को अपनी सृजनात्मकता, मौलिक चिंतन को विषयान्तर्गत रूप से हिंदी व्याकरण और वर्तनी में सुधार की और ध्यान देना होगा। हिन्दी के प्रचार में साहित्यकारों की भूमिका का उल्लेख करें तो हिंदी के प्रचार प्रसार में कई साहित्यकारों की भूमिका रही जिनकी साहित्य रचनाओं को हम आज अपने पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे है। महावीर प्रसाद द्विवेदी, मुंशी प्रेमचन्द, सुमित्रानन्दन पंत, कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास, मीराबाई, रहीम, रसखान, पदमलाल पुन्नालाल बक्शी, मैथलीशरण गुप्त, रामधारी सिंह दिनकर, महादेवी वर्मा, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, हरिवंश राय बच्चन, भीष्म साहनी, यशपाल, सच्चिनान्द अज्ञेय, जयशंकर प्रसाद, हजारी प्रसाद द्विवेदी, सुभद्रा कुमारी चौहान, चंद्रधर शर्मा गुलेरी, माखनलाल चतुर्वेदी, शिवमंगल सुमन, श्रीकृष्ण सरल, धरमवीर भारती आदि कई सम्मानीय साहित्यकार हैं जिनकी छत्र छाया में साहित्य को पढ़ते समझते आए हैं। साहित्यकार समाज का भी पथ प्रदर्शक होता है। साहित्य देश और समाज को उन्नत बनाता है।

**प्रेम कुमार,** कानपुर

### आगरा को मेट्रो की सौगात

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उत्तरप्रदेश के आगरा महानगर को मेट्रो परियोजना की सौगात दी। ये परियोजना लगभग 8400 करोड़ रुपए की लागत से पांच साल में पूरा होने की उम्मीद है। बताया जा रहा था कि आगरा में विश्व धरोहर ताज महल है। जिससे आगरा में प्रतिवर्ष देश विदेश से लगभग 60 लाख पर्यटक आते हैं। इस परियोजना से आगरा में बाहर से आने वाले कारोबारियों को भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब इससे रोजगार तो मिलेगा ही, साथ ही ट्रैफिक जाम से बर्बाद होने वाला समय भी बचेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ और शहरी आवास कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस परियोजना में दो गलियारे लिए गए हैं जो कि लगभग 30 किलोमीटर का है। मेट्रो की सुविधा से ताज महल, अक़बर का किला समेत अन्य राष्ट्रीय धरोहर को आसानी से पहुंच कर देखा जा सकेगा।

**अमन जायसवाल**
**दिल्ली विश्वविद्यालय**

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




15 दिन के अंदर सिलेंडर की कीमत में 100 रुपए की वृद्धि हुई है, यह इस बात का प्रमाण है कि देश की सरकार लोगों की दिक्कतों और जरूरतों को लेकर किस हद तक असंवेदनशील है।

**अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री



**यह** बात समझ नहीं आ रही कि नक्सलियों का समर्थन करने वाले लोगों की तस्वीरें, जिनका किसानों से कोई नाता नहीं है, वे किसान प्रदर्शन के दौरान क्यों नजर आ रही हैं। किसानों को ऐसे तत्वों के प्रयास विफल करने चाहिए।

**नितिन गडकरी**
केंद्रीय मंत्री



भाजपा नीत राजग सरकार को उन किसानों के साथ बात करनी चाहिए जो दिल्ली की सीमाओं पर केन्द्र सरकार के तीन कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर पिछले 21 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

**संजय राउत**
शिवसेना सांसद

# माफियाओं को बख्शा नहीं जायेगा, जारी रहेगी कठोर कार्रवाई : योगी

● राष्ट्रीय विधि विवि की स्थापना से विधि का ज्ञान अर्जन करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा लाभः योगी

● केपी कालेज मैदान में आयोजित प्रदेश अधिवक्ता समागम में बोले मुख्यमंत्री योगी



सीएम को स्मृति चिन्ह देते जानकी शरण पाण्डेय एवं अमरेंद्र नाथ सिंह



अधिवक्ताओं को संबोधित करते सीएम योगी एवं उपस्थित अधिवक्तागण

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** में बाहुबलियों और माफियाओं के कब्जे से मुक्त हुई सरकारी और गैर सरकारी जमीनों पर प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों और जरूरतमंद अधिवक्ताओं पत्रकारों के लिए आवास बनायेगी। आज उत्तर प्रदेश अपराधियों के खौफसे भय मुक्त हो चुका है। किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जायेगा। उनके अवैध तरीके से बनाये गये निर्माण का ध्वस्तीकरण चल रहा है। आगे भी माफियाओं के खिलाफकठोर कार्यवाही चलती रहेगी। सीएम योगी आज के पी कालेज मैदान में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक परिषद एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदेश अधिवक्ता समागम 2020 में बतौर मुख्य अतिथि अधिवक्ताओं के जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि जरूरतमंदों और संस्थाओं को नो प्राफिट नो लॉस पर भूखण्ड उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों और प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इसी तरह प्रयागराज में भी नो प्राफिट नो लॉस पर अधिवक्ताओं और पत्रकारों को आवास मुहैया कराए जायेंगे। सूबे के अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण जल्द शुरू कराया जायेगा। इसकी स्थापना होने के बाद विधि का ज्ञान अर्जन करने वाले विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। प्रदेश के अंदर जहां भी न्यायालय के लिए भवन बनने हैं उनको निधि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रयागराज को 600 करोड़ की राशि न्यायिक अधिकारियों के साथ साथ पार्किंग और चेम्बर के निर्माण के लिए अवमुक्त की गयी है। साथ ही तहसील स्तर से लेकर ऊपर तक अधिवक्ताओं के लिए चेम्बर आदि की समस्याओं पर ध्यान देते हुए उनकी समस्याओं को दूर किया जायेगा। डिजिटल लाइब्रेरी की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार से जो सहयोग अपेक्षित होगा वह सरकार अधिवक्ताओं के लिए अवश्य करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिवक्ता समागम में कहा कि अधिवक्ता समाज के निर्माण एवं समाज को जागरुक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अधिवक्ता विश्वास के प्रतीक होते हैं। जब व्यक्ति अपनों से हारता है तो वह भौतिक रूप से अधिवक्ता के पास ही जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वसनीयता जब तक बनी रहेगी तब तक न्यायपालिका पर आमजन का विश्वास बना रहेगा। इस विश्वास को बनाये रखना हम सभी का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के निर्माण में भारत की स्वाधीनता में यशस्वी नेतृत्व देने में और समाज को जागरूक करने में अधिवक्ता समाज का बड़ा योगदान रहा है।

## सीएम को भेंट किया त्रिवेणी का जल

**प्रयागराज।** संगम नगरी पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव एवं महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी समेत भाजपाइयों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महेश चंद्र श्रीवास्तव एवं गणेश केसरवानी ने त्रिवेणी का जल देकर एवम अंगवस्त्रम पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या सहित सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर नमन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर के कहा कि सभी जनप्रतिनिधि एवं संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एक दूसरे से समन्वय बनाकर काम करें।

**मुख्यमंत्री ने मोबाइल सर्विलांस सिस्टम का किया लोकार्पणः** प्रयागराज। प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर पुलिस लाइन में प्रयागराज स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत संचालित बाडीवार्न कैमरे पब्लिक एड्रेस सिस्टम मोबाईल सर्विलांस सिस्टम का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने माघ मेला 2020 की तैयारियों को समय से गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रयागराज की धरती पर आयोजित कुम्भ मेला को विश्व पटल पर पहचान मिली है।

## सोशल मीडिया पर सक्रियता जरूरीः शेख

**प्रयागराज।** कोविड 19 महामारी के चलते वर्तमान साल काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। इस वर्ष कोरोना महामारी की वजह से त्यौहार और जश्न थोड़े फीके रहे लेकिन अब ज़ी टीवी अपने लोगों को शानदार मनोरंजन दे रहा है। जिसमें इंडिया एक रात में पूरा साल मनाएगा। इस साल का सबसे बड़ा कार्यक्रम ज़ी रिश्ते अवार्ड्स लेकर जा रहा है। जिसका प्रसारण ज़ी टीवी पर सत्ताईस दिसंबर को शाम सात बजे होगा। बीते अट्ठाइस वर्षों से बेमिसाल कार्यक्रमों यादगार कहानियों और अपने से लगने वाले किरदारों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। सभी किरदार दर्शकों की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। जिनके साथ मिलकर उन्होंने अलग अलग भावनाओं का एहसास किया है। वहीं पूरे लॉकडाउन के दौरान लोगों के बीच खुशियां फैलाने की कोशिश करता रहा। रीम शेख ने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ा सुखद एहसास है। क्योंकि सोशल मीडिया पर कम ही सक्रिय रहती हैं।

# ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा पत्नी व बच्चे की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**लोहता थाना** क्षेत्र के दयापुर गांव में अकेलवा–मोहनसराय मार्ग पर सुबह करीब दस बजे ट्रक के चपेट में आने से रोहनिया थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव निवासी बाइक सवार सुरेश सिंह की पत्नी और बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। सड़क जाम कर प्रदर्शन होने की वजह से दूर दूर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। दो लोगों की मौत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। वहीं प्रदर्शन कर रहे लोगों के अनुसार पुलिस प्रशासन बेलगाम हो चुके ट्रकों की गति नियंत्रित नहीं कर सकी है जिसकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोग दो मौतों के बाद मौके पर एसएसपी को बुलाने के मांग पर अड़े हुए हैं वहीं गंगापुर चौकी इंचार्ज को सस्पेंड करने की मांग भी ग्रामीणों ने किया है। आरोप लगाया कि पुलिस की हीलाहवाली से ही इस प्रकार के हादसे क्षेत्र में हो रहे हैं।

## कोविड-19 पॉजिटिव रोगी के लिए दुर्लभ डबल लंग प्रत्यारोपण किया

**वाराणसी।** इंस्टीट्यूट ऑफहार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांटए कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के डॉक्टरों ने अतिरिक्त कॉरपोरेट मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन में 53 दिनों के बाद ट्रांसप्लांट करने के लिए पोस्ट कोविड लंग फाइब्रोसिस के मरीज पर डबल लंग ट्रांसप्लांट किया। यह प्रक्रिया हैदराबाद के केआईएमएस अस्पताल में की गई थी और इस प्रक्रिया को करने वाले डॉक्टरों की टीम का नेतृत्व सबसे प्रसिद्ध हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण सर्जन डॉ संदीप अतावार ने किया था। हरियाणा राज्य के एक 34 वर्षीय मार्केटिंग पेशेवर में 29 अक्टूबर को कोविड–19 के लक्षण पाए गए। उन्हें शुरुआत में दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बहुत अच्छे उपचार के बाद भी रोगी की स्थिति लगातार खराब होती गई और उसे शुरू में वेंटीलेटर पर रखा गया और बाद में एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेम्ब्रेन ओक्सिजनेशन के सहयोग पर। जांच से पता चला कि कोविड की वजह से मरीजों के फेफड़े को काफी नुकसान पहुंचा था।

# पीएम के संसदीय क्षेत्र सांबा से तीन ट्रकों से रवाना हुआ काला चावल



● कमिश्नर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, गुजरात से समुद्र मार्ग के जरिए होगी रवानगी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**हरहुआ ब्लाक** के रिंग रोड स्थित ऐढे ग्राम पंचायत के समीप तीन ट्रकों से कमिश्नर वाराणसी द्वारा हरी झंडी दिखाकर कतर के लिए काला चावल और सम्भा चावल बुधवार की सुबह रवाना किया गया। इस दौरान जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। पहले बाबतपुर एयरपोर्ट से भेजे जाने की तैयारी थी। एपीडा के अध्यक्ष एम अंगामुथु ने वाराणसी में चावल लदे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वाराणसी सहित अन्य आसपास के जिलों में किसानों की पैदावार को लगातार निर्यात करने की पहल हो रही है। उत्तम किस्म की खेती के साथण्साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उपस्थित वाराणसी के मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने कहा कि सिर्फकाला चावल ही नहीं बल्कि आम और हरी मिर्च का निर्यात भी हो रहा है। प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने में यह संजीवनी सरीखा होगा।

## क्विक न्यूज

### चांदपुर गांव में पत्नी पर अवैध सम्बंध का था शक, सनकी पति ने गड़ासे से कर डाले पांच टुकड़े, गिरफ्तार

**वाराणसी।** चौबेपुर में चांदपुर मुस्तफाबाद गांव में राजेंद्र कुमार सोनकर उर्फगुड्डन उम्र 50 वर्ष ने अपनी पत्नी आशा देवी 45 वर्ष की गड़ासे के काटकर हत्या कर शव गांव के बाहर फेंक दिया। बुधवार को ग्रामीणों ने राजेन्द्र सोनकर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए राजेन्द्र सोनकर ने बताया कि उसको तीन बेटी थीए दो की शादी कर दी है। दो बेटे साहिल और गणेश दोनों बाहर पुणे में रहते हैं। आरोप लगाया कि मेरी पत्नी का कई लोगों से अवैध सम्बन्ध हैए मना करने पर भी नही मान रही थी। बताया कि गड़ासे से गर्दन हाथ पैर काट कर 11 दिसम्बर को रात में अलग कर गांव के बाहर बबूल के पेड़ के नीचे फेंक दिया है। पुलिस को मौके से केवल कुछ अंग मिला हैए शेष अंगों की तलाश जारी है। चौबेपुर थानांतर्गत मुस्तफाबाद निवासी राजेन्द्र उर्फगुड्डर सोनकर ने क्रूरता की सारी सीमाएं पारकर अपनी पत्नी आशा सोनकर 45 को नृशंस रूप से हत्या कर दी। शव को पांच टुकड़ा कर इधर उधर फेंक दिया। घटना के छह दिन बाद आरोपित के निशानदेही पर बुधवार को पुलिस ने मुस्तफाबाद गांव के सरहद पर शव का कुछ अंश बरामद किया। मौके पर फोरेंसिक टीमए डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंचे थे।

### काशीरत्न राजाराम की इच्छानुसार पुत्र ने किया उनका नेत्रदान

**वाराणसी।** वरिष्ठ अधिवक्ताए काशीरत्न राजाराम गुप्ता 82 का मंगलवार को मणिकर्णिका घाट पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। काशीरत्न राजाराम गुप्ता का इच्छानुसार उनके पुत्र अधिवक्ता डा अनुपम गुप्ता ने नेत्रदान कराया। काशीरत्न राजाराम गुप्ता के निधन पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, शहर कैण्ट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण द्विवेदी ने शोक व्यक्त किया। इण्डियन एसोसिएशन आफजनर्लिस्ट आईएजे भगवान पुर कार्यालय पर शोक सभा आयोजित कर वरिष्ठ अधिवक्ता,काशीरत्न राजाराम गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त किया। शोक सभा में आईएजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा कैलाश सिंह विकास, मो दाऊद, विजय कृष्ण सिंह, राम नरेश, आनंद कुमार सिंह अन्ना, विक्रम कुमार, देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, डा नरेन्द्र प्रताप सिंह पाल, विक्की कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए काशीरत्न राजाराम गुप्ता के व्यक्तित्व व समाज सेवा को स्मरण किया। शोक सभा की अध्यक्षता डा कैलाश सिंह विकास ने की।

### वैश्विक स्वास्थ्य के जरिए समानता जरूरीः मजूमदार

**प्रयागराज।** वैश्विक स्वास्थ्य समानता के माध्यम से सामाजिक आर्थिक समानता लाना है। स्वास्थ्य प्रणाली के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले प्रमुख साझीदारों की आवाज से प्रेरणा मिलेगी। इस कमीशन का काम भी शुरू हो गया। इसका लक्ष?य अगले दो वर्षों में इसकी खोजों और अनुशंसाओं की अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित करना है। द लैंसेट सिटिजंस कमीशन रिइमेजिनिंग इंडियाज हेल्थ सिस्टम के लांच के साथ अब यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज यूएचसी हासिल करने में मदद मिलेगी। विश्व के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल जर्नल द लैंसेट और द लक्ष्मी मित्तल एंड फैमिली साउथ एशिया इंस्टिट्यूट हारवार्ड यूनिवर्सिटी के साथ भागीदारी में गठित कमीशन का प्राथमिक मिशन होगा। प्रत्येक भारतीय के लिये गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य रक्षा सेवाओं तक वैश्विक पहुँच की गांरटी का मार्ग बनाना होगा। इस कमीशन का नेतृत्व चार विशिष्ट स्वास्थ्य एवं व्यवसाय नेतृत्वकर्ता को चेयर्स साथ में उल्लेखित करेंगे। वह कमीशन में उनके साथ सेवा प्रदान करें। बायोकॉन की एक्जीक्यूटिव चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ ने कहा कि यह अपने प्रकार की पहली परामर्शक और भागीदारीपूर्ण पहल है। जिसका लक्ष्य देशभर के नागरिकों को शामिल करना और उन्हें भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को बदलने के प्रयासों के केन्द्र में रखना और इस देश में वैश्विक स्वास्थ्य रक्षा को एक वास्तविकता बनाना है। कमीशन की शुरूआत कोविड 19 महामारी की छाया में हुई थी।

### बारह जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में किया प्रवेश



**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय ब्लाक कार्यालय सभागार में आज प्रधानमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत वैवाहिक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पुरोहित के वेद मंत्रोच्चार और शहनाई की धुन के बीच कुल 12 जोड़ों ने वरमाला पहनाकर एक-दूसरे को अंगीकार किया। समारोह में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने वर-वधू को उनके सफल दांपत्य जीवन का आशीर्वचन प्रदान किया। समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान एवं खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रधानमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना देश में सर्वाधिक लोकप्रिय है। सरकार बालिकाओं को सबल बनाने के लिए बालिका समृद्धि योजना व प्राथमिक से लेकर डिग्री तक निशुल्क शिक्षा तथा महिला सशक्तिकरण सहित अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। जिससे प्रत्येक महिला दूसरे की आश्रित न रहकर स्वयं सक्षम बन सके। वरमाला कार्यक्रम के पूर्व बीडीओ श्री सिंह तथा ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण शिवेंद्र प्रताप सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर विधायक श्री कटियार का अभिनंदन किया। बाद में श्री कटियार ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। वरमाला कार्यक्रम के बाद विधायक श्री कटियार तथा भाजपा युवा नेता विकास गुप्ता ने दहेज के रूप में आभूषण, वस्त्र व इलेक्ट्रिक उपकरण तथा बर्तन आदि भेंटकर अश्रुपूरित नेत्रों से सभी कन्याओं को वर के साथ विदा किया। वैवाहिक कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी रोहित सिंह ने किया। समारोह में आशीष कुमार, आनंद जी सुमन, देवेंद्र, महिपाल व आदि ग्राम पंचायत अधिकारियों के अलावा प्रधान संघ अध्यक्ष रामसेवक यादव, बृजेश बाजपेई, आरिफजमा, रामविलास महंत, अंजर अहमद, फहीम, विमलेश यादव व राम सिंह आदि प्रधान बंधु भी शामिल हुए। इन युगलों की हुयी शादीः निशा देवी-रोहित, प्रियंका-मंजेश, रिंकी देवी-सुनील कुमार, सोनिका देवी-मुकेश कुमार, पुष्पा देवी-अश्वनी कुमार, रेनू -अजब सिंह, खुशबू-राजकुमार, आरती-अखिलेश, बसंती-अनूप, शैल कुमारी-राजकुमार, उषा-अनिल, मंजू-सज्जन।

### पति-पत्नी में मारपीट, पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार

**नवाबगंज उन्नाव।** चौकी क्षेत्र के हरचंदपुर गांव में छत पर कपड़ा सुखाने को लेकर पति-पत्नी के बीच में शुरू हुई तू-तू-मैं-मैं के बाद आपस में मारपीट होने लगी। पत्नी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति को पकड़कर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। गांव निवासी नीलू पुत्र अयोध्या प्रसाद ने अपनी पत्नी शालिनी को छत पर कपड़े सुखाने से मना किया तो पत्नी ने पति को झिडक दिया। जिससे दोनों में तू-तू-मैं-मैं के मारपीट होने लगी। पत्नी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति के विरुद्ध शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।

बेसिक शिक्षा का हाल...

# डोली निष्ठा तो, जिम्मेदारी भी भूल गए गए साहब!

● कंपोजिट की भांति सूमेरपुर ब्लॉक में खेल किट व पुस्तकालय अनुदान में भी हुआ बड़ा खेल, निष्ठा प्रशिक्षण व फर्नीचर खरीद में भी गड़बड़झाला

**संवाददाता।** पाटन, उन्नाव

**जिले के** बेसिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार की जड़े गहरी हैं। कंपोजिट ग्रांट घोटाले में तत्कालीन बीएसए बीके शर्मा के निलबंन से भी खिलाड़ियों ने सबक नहीं लिया। भ्रष्टाचार में लिपटे महकमे में घपलेबाजी का सिलसिला कम नहीं हुआ। खेलकूद किट की खरीद से लेकर पुस्तकालय अनुदान सहित अन्य मदों में आवंटित धनराशि के व्यय में जमकर गोलमाल किया गया। इस खेल में जिले में कई बीईओ अव्वल रहे। विभागीय सूत्रों का दावा है कि भृष्टाचार की पिच पर कुछ बीईओ ने खूब चौके छक्के लगाए। पूरे खेल में जिम्मेदारों की भूमिका मूकदर्शक की रही। सुमेरपुर ब्लॉक में परिषदीय शिक्षा का हाल बेहाल है। व्यवस्था में सुधार हो इस बाबत शासन से भारी भरकम धनराशि भेजी गई। किन्तु कमीशनखोरी के दीमक ने बेसिक की पौध को पनपने नहीं दिया। यहां कंपोजिट ग्रांट की भांति ही खेल किट की खरीद में भी बड़े पैमाने पर लूट हुई। जांच हो तो बड़ा घोटाला निकलकर सामने आएगा। खेल किट की खरीद के लिए सभी प्राथमिक व उच्च प्रा विद्यालयों के प्रबंध समितियों के खाते में क्रमशः 5 व 10 हजार रुपये की धनराशि भेजी गई। खरीद कोटेशन प्रक्रिया के जरिए विद्यालय प्रबंध समिति को करनी थी। किंतु स्थानीय जिम्मेदारों के फरमान के आगे सारी व्यवस्थाएं फीकी पड़ गई। विद्यालयों पर दबाव बनाकर सेंट्रलाइज व्यवस्था के तहत खरीद कराई गई और चेकें वसूल ली गई। सिलसिला यहीं नही रुका सूत्र बताते हैं कि यूनीफॉर्म वितरण से लेकर फर्नीचर खरीद तक कमीशनखोरी के खेल को बखूबी अंजाम दिया गया।

### जौनपुर की फर्म से कराई गई खेल किट की आपूर्ति

**पाटन।** कंपोजिट ग्रांट घोटाले में विक्टिम जौनपुर की फर्म ने जिम्मेदारों की सरपरस्ती में सुमेरपुर में भी खूब धमाल मचाया। कतिपय विद्यालयों को छोड़कर लगभग सभी में जौनपुर की चहेती फर्म द्वारा आपूर्ति कराई गई।

### शिक्षक बोले, गुणवत्ताहीन किटें थमाकर कराया था भुगतान

**पाटन।** नाम न छापने की शर्त पर एक शिक्षक ने बताया कि खेल सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब थी। जिन्हें मनमानी दरों पर बेंचा गया। दबाव देकर फर्म को भुगतान करा दिया गया। प्रबंध समिति की व्यवस्था तो दरकिनार हुई ही खेल सामग्री का बच्चे चार दिन भी उपयोग नहीं कर सके।

### पुस्तकालय अनुदान में भी लगा कमीशनखोरी का घुन

**पाटन।** सुमेरपुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्रा विद्यालयों में पुस्तकालय अनुदान के नाम पर क्रमशः 5 व 10 हजार रूपये की धनराशि भेजी गई थी। विभागीय सूत्रों का दावा है कि खेलकूद किट की भांति यहां भी कमीशनखोरी की गई। यहां भी सेटिंग गेटिंग वाली फर्म के जरिए जमकर धांधली की गई।

### डोलती निष्ठा को रोक न सके जिम्मेदार, गाइडलाइन भूले

पाटन। मैनेजमेंट के खेल में माहिर अधिकारी ने निष्ठा प्रशिक्षण में भी गोलमाल किया। विभागीय सूत्रों का दावा है कि स्टेशनरी व अन्य उपकरणों की खरीद में नियमों व गुणवत्ता की धज्जियां उड़ाई गई तो वहीं शिक्षकों को परोसे गए नाश्ते व खाने में भी खूब धांधली हुई। प्रति ट्रेनी ?200 निर्धारित होने के बावजूद घटिया खाद्य सामग्री से बना नाश्ता व खाना परोसा गया। इस बात को लेकर शिक्षकों में सुगबुगाहट तो रही किंतु अधिकारी की नजर में चढ़ने के भय से खुलकर शिकायत नहीं कर सके।

## ब्लॉक प्रमुख के प्रयासों से चमक उठे शिक्षा मंदिर



**नवाबगंज।** स्थानीय विकासखंड की ग्राम पंचायत सरौती, भैसोरा में ग्राम पंचायत विकास निधि द्वारा कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण उद्घाटन विधायक मोहान व नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख के द्वारा संयुक्त रूप से लगभग दो दर्जन विकास कार्यों को ग्रामीणों को समर्पित किया गया। मोहान विधायक बृजेश रावत व ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत में कराए गए अंतर्गत प्राथमिकएवं जूनियर विद्यालयों में सुंदरीकरण कार्य, सी सी रोड निर्माण कार्य, खड़ंजा निर्माण कार्य एवं शासन की महत्वपूर्ण योजना गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अंतर्गत बनाए जा रहे सार्वजनिक शौचालय, पंचायत भवन इत्यादि कार्यों का उद्घाटन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान फूलचंद एवं प्रधान तकदीर अली के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने विधायक और ब्लॉक प्रमुख का गर्मजोशी से स्वागत कर जन–चौपाल कार्यक्रम में सहयोग किया। उपरोक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी, नीतू सेंगर, पंकज चौहान, राजू यादव, फूलचंद, संतोष सिंह यादव, बाबू सिंह, दिनेश सिंह समाजसेवी, निबहरी प्रधान अभेन्द्र सिंह प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, प्रधान सेवरा आसिफराजा, प्रधान सधीरा अवधेश सिंह जी, प्रधान निबहरी आदि उपस्थित रहे।

# निर्भया दिवस पर आधी आबादी ने घरेलू हिंसा, छेड़खानी के खिलाफ भरी हुंकार

● साइकिल रैली निकालकर तहसील दिवस पर किया प्रदर्शन




**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**निर्भया दिवस** के अवसर पर सैकड़ों महिलाए और लड़कियाँ घरेलु महिला हिंसा, लैंगिक भेदभाव के खिलाफ यौन उत्पीड़न के खिलाफसड़क पर उतरीं। लोगों ने उत्तर प्रदेश में पूर्ण शराब बिक्री पर रोक लगाने की माँग भी किया।आशा ट्रस्ट, लोक समिति, सहयोग संस्था द्वारा आयोजित जन आक्रोश साईकिल रैली में छेड़खानी,बलात्कार, महिला हिंसा व शराब के खिलाफआराजी लाइन और सेवापुरी ब्लाक के दर्जनों गांव से आई महिलाओं और लड़कियों ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम नागेपुर से जोरदार साईकिल रैली निकाली। रैली नागेपुर के लोक समिति आश्रम से प्रारम्भ होकर, मेहदीगंज, बीरभानपुर, कचनार, राजातालाब बाजार, आराजी लाइन ब्लाक मुख्यालय से होते हुए तहसील पर पहुँची। तख्ती बैनर लिए महिलाएं और लड़कियां महिला हिंसा बंद करो, छेड़खानी पर रोक लगाओ, शराब बेचना बंद करो, चुप नही रहना है हिंसा नही सहना है, भेदभाव मिटायेंगे नया समाज बनाएंगे आदि के जोरदार नारे लगाये। स्लोगन लिखे तख्ती के साथ साईकिल चलाते हुए दर्जनों गाँव का भ्रमण किया। रैली राजातालाब तहसील पहुँचते ही तहसील परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया, लड़कियों महिलाओं के हुँकार से पूरा तहसील परिसर गूँजने लगा। मुख्य गेट पर महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।लोगों ने दुष्कर्मियों, छेड़खानी करने वालो के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। सभा के अंत में लोगों ने महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति को संबोधित 5 सूत्रीय मांगपत्र तहसील में नायब तहसीलदार सुजीत कुमार को सौंपा। निर्भया दिवस के अवसर पर आयोजित सभा में महिलाओं ने यूपी की बेटी निर्भया को श्रद्धांजलि दी। साथ ही महिला हिंसा को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया।

## डाकिया निभा रहा चलते-फिरते एटीएम की भूमिकाः पोस्टमास्टर जनरल

● 16 दिसंबर को आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से घर बैठे डाकिया द्वारा पाइये किसी भी बैंक खाते से भुगतान

**वाराणसी।** डाक विभाग द्वारा वाराणसी परिक्षेत्र में कोरोना और ठंड के बीच पहल करते हुए डोर स्टेप बैंकिंग के तहत एक ही दिन में 14 दिसम्बर को 5 हजार से ज्यादा लोगों के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते खुलवाए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देते हुए मात्र आधार व मोबाईल नम्बर द्वारा ये पेपरलेस खाते खोले गए। उक्त जानकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने दी। वाराणसी परिक्षेत्र में अब तक 3.18 लाख लोग इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक से जुड़ चुके हैं और घर बैठे इसकी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक के माध्यम से हर किसी के लिए घर से लेकर खेतों तक सहजता से डिजिटल और पेपरलेस बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लोगों को भविष्य में भी घर बैठे आईपीपीबी के माध्यम से डीबीटी राशि प्राप्त करने में आसानी होगी। इस खाते के माध्यम से मोबाईल व डीटीएच रिचार्जए बिजली व पानी बिल भुगतान जैसी तमाम सुविधाएँ मिलेंगी। जहाँ कोई नहीं पहुँचताए वहाँ डाकिया पहुँच रहा है। अब डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक चलतेण् फिरते एटीएम बन गए हैं। श्री यादव ने बताया कि इसी क्रम में आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम द्वारा अन्य बैंकों में प्राप्त डीबीटी राशि या जमा राशि का भी माइक्रो एटीएम द्वारा भुगतान किया जा रहा है।


# किसानों पर राजनीति देश हित में नहीं: गडकरी

भाषा। नई दिल्ली

**कुछ ताकतें प्रदर्शन का फायदा उठाना चाहती हैं**

**केन्द्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि किसानों को गुमराह और भ्रमित करने और उनके प्रदर्शन का फायदा उठाने की कोशिश की जा रही है। साथ ही उन्होंने किसान संगठनों से सरकार से सार्थक बातचीत कर गतिरोध समाप्त करने की अपील भी की। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि मामले पर विदेशों से आ रहे बयान अनुचित और अकारण हैं क्योंकि भारत ने कभी किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, कुछ ताकतों द्वारा किसानों को गुमराह और भ्रमित करने और प्रदर्शन का फायदा उठाने की कोशिश की जा रही है। इस तरह की राजनीति देश हित में नहीं है। लोकतंत्र में, सरकार बातचीत को तैयार है.... हम उनकी वास्तविक मांगों को स्वीकार करने को तैयार हैं। उन्हें आगे आकर बातचीत करनी चाहिए। गडकरी ने समस्या के समाधान के लिए संवाद को एक जरिया बताते हुए कहा, जब सरकार बातचीत को तैयार है, तो किसानों को भी आगे आना चाहिए क्योंकि जहां संवाद नहीं होता, वहां समस्याएं और गलतफहमियां होती हैं। मंत्री ने कहा कि उन्हें यह बात समझ नहीं आ रही कि नक्सलियों का समर्थन करने वाले लोगों की तस्वीरें, जिनका किसानों से कोई नाता नहीं है, वे किसान प्रदर्शन के दौरान क्यों नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को ऐसे तत्वों के प्रयास विफल करने चाहिए और सरकार के साथ तीनों कृषि कानूनों पर बातचीत करनी चाहिए।

यह पूछे जाने पर कि गतिरोध आखिर समाप्त क्यों नहीं हो रहा, गडकरी ने कहा कि किसान संगठनों को यह समझना चाहिए कि कुछ तत्व उन्हें भ्रमित करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे लोग जो केवल मंडी में सामान बेचने की बात कर रहे हैं...वे असल में वे लोग हैं, जो किसानों के साथ अन्याय कर रहे हैं। कृषि कानूनों के कॉरपोरेट और उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के आरोपों को खारिज करते हुए गडकरी ने कहा कि ए केवल किसानों के फायदे के लिए हैं और बेहद सोच-विचार कर बनाए गए हैं। तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों और सरकार के मध्य जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा था कि सरकार वास्तविक किसान संगठनों के साथ वार्ता जारी रखने और खुले दिमाग से मसले का समाधान खोजने को तैयार है। उन्होंने यह भी कहा था कि जिस न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकार की किसानों से उनकी उपज खरीदने की प्रतिबद्धता होती है, वह एक प्रशासनिक निर्णय होता और यह वर्तमान स्वरूप में इसी तरह जारी रहेगा। अनेक किसान संगठन, विशेष रूप से पंजाब और हरियाणा के किसान संगठन, तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ दो सप्ताह से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन जारी रखे हैं। उनका कहना है कि नए कानून से एमएसपी और मंडी प्रणाली खत्म होगी और उन्हें निगमित कंम्पनियों के रहमो-करम पर छोड़ दिया जाएगा। वहीं गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा था, आज कल दिल्ली के आसपास किसानों को भ्रमित करने की बड़ी साजिश चल रही है।





कोझिकोड में केरला के स्थानीय चुनाव की मतगणना करते हुए कर्मचारी।

# बंगाल में स्थिति कश्मीर से भी बदतर, ईरान इराक के समान : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि बढ़ती राजनीतिक हिंसा के कारण राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति कश्मीर से बदतर हो गई है और ईरान तथा इराक के समान है। उन्होंने तृणमूल सरकार पर स्थानीय निकाय चुनाव को देर से करवाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने शहर में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, अगर नगर निगम चुनाव हैदराबाद और असम में हो सकते हैं तो यहां क्यों नहीं ? स्थिति कश्मीर से भी खराब तथा ईरान तथा इराक के समान है। दीदी (ममता बनर्जी) ने साबित कर दिया है कि पश्चिम बंगाल की कानून एवं व्यवस्था चुनाव कराने के अनुकूल नहीं है। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार को कोलकाता नगर निगम चुनाव के साथ-साथ स्थानीय निकायों में चुनाव कराने की चुनौती दी।

घोष ने कहा कि पिछले पंचायत चुनाव में भाजपा को प्रचार नहीं करने दिया गया था और उनके कार्यकर्ताओं की पिटाई कर उन्हें मतदान केन्द्रों से भी निकाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल को इस बार कोलकाता नगर निगम (केएमसी) और स्थानीय निकाय दोनों चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा था कि पश्चिम बंगाल सरकार मार्च के शुरुआत में केएमसी चुनाव कराना चाहती है। इसके बाद ही घोष का यह बयान आया है।

भाजपा ने अक्टूबर में एसईसी अधिकारियों से मुलाकात कर केएमसी चुनाव विधानसभा चुनाव से पहले कराने का अनुरोध किया था। नगर निगम चुनाव यहां अप्रैल 2020 में होने थे, लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण राज्य सरकार ने उसे स्थगित कर दिया था। राज्य में विधानसभा चुनाव अप्रैल-मई 2021 में होने भी संभावना है।

# एआईएमआईएम पर ममता बनर्जी की टिप्पणी को लेकर ओवैसी ने साधा निशाना

**हैदराबाद।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान की आलोचना करते हुए एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुस्लिम उनकी (बनर्जी) जागीर नहीं है। बनर्जी ने कहा था कि भाजपा, पैसे खर्च कर हैदराबाद से पश्चिम बंगाल में एक पार्टी ला रही है ताकि हिंदू मुस्लिम मतों का विभाजन किया जा सके। बनर्जी के बयान को खारिज करते हुए ओवैसी ने ट्वीट किया, अब तक आपका पाला आज्ञाकारी मीर जाफरों और सादिकों से पड़ा है आप उन मुस्लिमों को पसंद नहीं करतीं जो अपने लिए सोचते और बोलते हैं। याद रखिए बिहार में उन पार्टियों का क्या हुआ जो अपनी विफलता के लिए वोट कटवा पार्टियों को दोष देती थीं। मुस्लिम मतदाता आपकी जागीर नहीं है। बनर्जी ने मंगलवार को एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि भाजपा पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने के लिए एआईएमआईएम को लाने का प्रयास कर रही है।

# लद्दाख संकट के बाद से पूर्वी कमान क्षेत्र में कोई बड़ी झड़प नहीं हुई : चौहान

भाषा। कोलकाता

**सेना** की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि भारतीय बलों और चीन की सेना पीएलए के बीच लद्दाख में गतिरोध के बाद से पूर्वी कमान के अधीन आने वाले इलाके में घुसपैठ या किसी बड़ी झड़प की कोई घटना नहीं हुई है। चौहान ने कहा कि गलवान घाटी की घटना के बाद से भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सौहार्द्र और आपसी भरोसा समाप्त हो गया है और चीजों को स्थिर होने में समय लगेगा।

उन्होंने कहा, लद्दाख में गतिरोध के बाद से पूर्वी कमान की जिम्मेदारी के अधीन आने वाले इलाके में घुसपैठ या किसी बड़ी झड़प की कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना और पीएलए ने लद्दाख संकट के दौरान एहतियातन कुछ बलों की तैनाती की थी, जिसमें सर्दियां शुरू होने के बाद पूर्वी सेक्टर में लगातार कमी आ रही है। चौहान ने विजय दिवस पर यहां फोर्ट विलियम में संवाददाताओं से कहा, बहरहाल, भारतीय सेना सर्दियों में किसी भी चुनौती से निपटने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि पीएलए ने सड़क से जुड़ी आधारभूत विकास की गतिविधियां तेज की है और सिक्कम सीमा और अरुणाचल प्रदेश के कामेंग में सुरक्षा बढ़ाई है। लेफ्टिनेंट जनरल चौहान ने कहा, हम भी इसके हिसाब से और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारी कर रहे हैं...उन्होंने सीमाई इलाके के पास गांव बसाने का प्रयास किया। वहां पर वे घुमंतू तिब्बती आबादी को बसाने का प्रयास कर रहे हैं।

डोकलाम के संबंध में उन्होंने कहा कि यह भूटान और चीन के बीच का मुद्दा है और भारत की भागीदारी इसमें तब होती है जब हमें तीनों देशों के बीच के स्थान पर फैसला करना होता है। उन्होंने कहा, भूटान मित्र देश है जिसके साथ भारत सरकार के करीबी संबंध हैं। भूटान सरकार और भूटान की सेना ने इस क्षेत्र में अपने हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए हैं और उन्होंने जो भी कदम उठाए हैं, हम उससे आश्वस्त हैं।

पीएलए द्वारा सितंबर में अरुणाचल प्रदेश के पांच युवाओं को कथित तौर पर अगवा किए जाने और फिर छोड़ने की घटना पर उन्होंने कहा कि पश्चिमी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना, पाकिस्तान के सामने जिस स्थिति में है, उसके मुकाबले राज्य में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनाती उससे अलग है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थान हैं जहां तैनाती नहीं है लेकिन वहां पर नियमित तौर पर गश्त की जाती है।

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के राजपेंटा गांव के करीब जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। डीआरजी और सीआरपीएफ के 223 बटालियन के दल को गश्त पर रवाना किया गया था। दल जब राजपेंटा गांव के जंगल में पहुंचा तो नक्सलियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्वाई की। संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। जब सुरक्षा बलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां एक वर्दीधारी नक्सली का शव, एक अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर और दो भरमार बंदूक बरामद हुए। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान नही हुई है।

### ठाणे में 1.7 किलोग्राम गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे पुलिस ने 26,880 रुपए मूल्य के प्रतिबंधित पदार्थ गांजे के साथ एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने महाराष्ट्र के जलगांव जिले के निवासी 19 वर्षीय युवक को सात दिसंबर को कल्याण शहर में पकड़ा। युवक के पास से 1.7 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत 26,880 रुपए है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि जलगांव की ही 49 वर्षीय एक महिला ने उसे यह मादक पदार्थ दिया था। इसके बाद ठाणे पुलिस की एक टीम ने सोमवार को जलगांव पहुंचकर महिला को गिरफ्तार कर लिया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसे यह गांजा जलगांव के ही 46 वर्षीय एक व्यक्ति ने दिया था। व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पति की मौत के बाद महिला इस तरह के गैरकानूनी काम करने लगी थी। सभी आरोपियों को नशीला पदार्थ एवं मादक पदार्थ (एनडीपीएस) कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### ठाणे में मादक पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे जिले के मीरा भायंदर से पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ मेफेड्रोन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसकी कीमत 35 लाख रुपए बताई जाती है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को इस बारे में बताया। गुप्त सूचना के आधार पर मीरा भायंदर वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस ने सोमवार शाम को दहिसर टोल नाका के पास स्कूटर से जा रहे दोनों संदिग्धों को रोका। पुलिस के प्रवक्ता तुकाराम तटकर ने बताया कि उनके पास से करीब 350 ग्राम मेफेड्रोन बरामद की गई जिसकी कीमत 35 लाख रुपए है। आरोपियों की उम्र 19 वर्ष और 20 वर्ष है। दोनों मुंबई से सटे सांताक्रूज के निवासी है। आरोपियों को एनडीपीएस कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस यह पता लगा रही है कि उन्होंने ए मादक पदार्थ कहां से लिया और किसे बेचने वाले थे।

### जनता की दिक्कतों व जरूरतों को लेकर असंवेदनशील है केंद्र सरकारः अशोक गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रसोई गैस सिलेंडर के महंगा होने को लेकर प्रधानमंत्री नीत राजग सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार जनता की दिक्कतो व जरूरतों को लेकर असंवेदनशील है। गहलोत ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतें लोगों की समस्याओं को और ज्यादा बढ़ाएंगी। 15 दिन के अंदर सिलेंडर की कीमत पर 100 रूपए की वृद्धि हुई है, यह इस बात का प्रमाण है कि देश की सरकार लोगों की दिक्कतों और जरूरतों को लेकर किस हद तक असंवेदनशील है। आर्थिक मंदी और कोरोना संकट के समय में भी राजग सरकार के कार्यकाल मे लोगो को कोई राहत देने के बजाय उनकी परेशानियो और अधिक बढ़ाया जा रहा है।

### 1.15 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त

**बेंगलुरू** अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 1.15 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए गए है। गिरोह के चार सदस्यो ने नए साल पर बेचने के लिए मादक पदार्थ रखे थे। केन्द्रीय अपराध शाखा के सदस्यों ने उनके घर पर छापा मार इसे बरामद किया। तिरुपाल रेड्डी (32), ऐजाज़ पाशा (45) और तमिलनाडु के कमलेसन (31) और सतीश कुमार (27) को गिरफ्तार किया गया है।

### अपर प्राइमरी शिक्षके के पास चार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति

**बरहमपुर (ओडिशा)।** सतर्कता विभाग के अधिकारियो ने गजपति जिले में एक उच्च प्राथमिक विद्यालय के एक सहायक शिक्षक के पास से 4.03 करोड़ रुपए मूल्य से ज्यादा की संपत्ति का पता लगाया है। उन्होंने बताया कि यह संपत्ति आरोपी शिक्षक, उनकी पत्नी और बेटे के नाम पर होने का पता चला है। छापेमारी के दौरान विभाग के अधिकारियों को परलाखेमुंडी मे विभिन्न स्थानो पर आठ बहुमंजिला इमारतो और आठ स्थानों पर जमीनों के हिस्से का पता चला जो कि शिक्षक की अचल संपत्ति है। बरहमपुर के सतर्कता पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार पात्रा ने बताया कि शिक्षक की आय की गणना करके इस असंगत संपत्ति का पता लगाया जाएगा।


अगरतला में एनसीसी के छात्र भारत-पाक के 1971 में हुए युद्ध के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर साइकिल रैली निकालाते हुए।

# तृणमूल में असंतोष बढ़ा, दो और ने पार्टी आलाकमान के खिलाफ नाराजगी जताई

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस में बुधवार को असंतोष के स्वर और तेज हो गए और इसी कड़ी में पार्टी के वरिष्ठ सांसद सुनील मंडल के साथ ही आसनसोल नगर निकाय के प्रमुख जितेंद्र तिवारी असंतुष्ट नेता शुभेंदु अधिकारी के समर्थन में खुलकर सामने आए। पार्टी पर समय रहते शिकायतों का निवारण नहीं करने का आरोप लगाया। बर्द्धमान पुरबा से दो बार के लोक सभा सांसद सुनील मंडल बुधवार को शुभेंदु अधिकारी के समर्थन में सामने आए और पार्टी की अंदरूनी कलह एवं भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने में लापरवाही बरतने का आरोप नेतृत्व पर लगाया। मंडल ने कहा, शुभेंदु अधिकारी एक अच्छे नेता हैं और उनका मजबूत जनाधार है। अगर वह पार्टी छोड़ते हैं तो चुनाव में तृणमूल कांग्रेस पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

पार्टी में तमाम तरह की समस्याएं हैं और नेतृत्व इसे दूर करने में विफल हो चुका है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि पुराने लोगों को और नए आए लोगों को एक-साथ काम करना पड़ेगा लेकिन इसको लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। इस तरह की अटकलें हैं कि मंडल बुधवार को ही अधिकारी से मुलाकात कर सकते हैं। इस बीच, आसनसोल नगर निकाय के प्रमुख जितेंद्र तिवारी ने बुधवार दोपहर को शुभेंदु अधिकारी को पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के बाद तृणमूल कांग्रेस का दूसरा सबसे लोकप्रिय नेता करार दिया। तिवारी ने एक रैली को संबोधित करते हुए यह अटकलें जताईं कि बतौर पश्चिम बर्द्धमान जिला अध्यक्ष, यह उनका अंतिम संबोधन हो सकता है। पार्टी के बारे में कुछ भी कहने अथवा शिकायत जाहिर करने वालों को पार्टी छोड़कर चले जाने को कहा जा रहा है। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के बाद शुभेंदु अधिकारी पार्टी के दूसरे सबसे बड़े जनाधार वाले नेता हैं और उन्हें भी शिकायतें हैं। जब मैंने अपनी समस्याएं जाहिर कीं तो नगरपालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हाकिम ने मुझे भाजपा में शामिल होने को कहा।

# किसान नही बिचौलिए कर रहे है नए कृषि कानूनों का विरोध : कमल पटेल

भाषा। भोपाल

**मध्यप्रदेश** के कृषि मंत्री कमल पटेल ने बुधवार को दावा किया कि केंद्र द्वारा बनाए गए कृषि कानूनों का विरोध करने वाले लोग बिचौलिए हैं, वे असली किसान नहीं हैं। पटेल ने बातचीत में जोर देकर कहा कि नए कृषि नियमों से किसानों को उनकी उपज की वास्तविक कीमत मिलेगी और व्यापार, निर्यात और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों एवं गोदामों की स्थापना का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि अब तक बिचौलिए किसानों की फसलों को बहुत कम दामों पर खरीदते थे और दस गुना अधिक दरों पर बेचते थे। पटेल ने दावा किया, ए बिचौलिए राजनीतिक दलों को चंदा दिया करते हैं। इन तीन नए कृषि कानूनों ने बाजार पर पूरी तरह से कब्जा करने वाले बिचौलियों की कमर तोड़ दी है। इसलिए वे इस मुद्दे पर आंदोलन कर रहे हैं और इन कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ए बिचौलिए किसी न किसी राजनीतिक दल से जुड़े रहे हैं। चूंकि ए कानून बिचौलियों को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं, इसलिए वे इस मुद्दे पर आंदोलन कर रहे हैं। वे असली किसान नहीं हैं।

पटेल ने कहा कि नए कृषि कानून पूरी तरह से किसानों के लाभ के लिए हैं और उन्हें उनकी संपत्तियों और जमीनों पर ऋण प्राप्त करने की सुविधा देते हैं। उन्होंने कहा, इन कानूनों से किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए उत्पादन, व्यापार, निर्यात और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों एवं गोदामों की स्थापना करने के बड़े अवसर मिलेंगे।

# पाकिस्तान से लौटने के पांच साल बाद भी अपने परिवार की तलाश में गीता

भाषा। नांदेड़ (महाराष्ट्र)

**इंदौर** में रह रही मूक-बधिर गीता को पाकिस्तान से लौटे पांच साल हो गए हैं, लेकिन उसके माता-पिता का अब भी कोई पता नहीं चल पा रहा है और अब उनकी तलाश में वह महाराष्ट्र के नांदेड़ आ पहुंची है। गीता करीब 20 साल पहले पाकिस्तानी सैनिकों को लाहौर स्टेशन पर ट्रेन समझौता एक्सप्रेस में मिली थी, उस समय गीता की उम्र सात-आठ वर्ष रही होगी। इसके बाद एधी फाउंडेशन से जुड़े एक शख्स ने उसे वहां गोद ले लिया था।

तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के प्रयासों से 26 अक्टूबर 2015 को गीता भारत लौटी थी। स्वराज गीता को हिंदुस्तान की बेटी बुलाती थीं। स्वराज ने गीता से मुलाकात करके उसे आवश्वासन दिया था कि सरकार उसके माता-पिता को ढूंढने के लिए प्रयास कर रही है। गीता, (जिसकी उम्र 30 साल के आसपास मानी जा रही है) अभी मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में दिव्यांगों के एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) आनंद सर्विस सोसायटी में रह रही है।


कई दम्पत्ति सामने आए और गीता के अभिभावक होने का दावा किया लेकिन गीता ने उनमें से किसी को नहीं पहचाना और उनमें से कोई अपने दावों के पक्ष में कोई ठोस सबूत भी नहीं पेश कर पाया। इंदौर के सरकारी अधिकारी और एनजीओ अब भी गीता के माता-पिता की तलाश में जुटे हैं। गीता ने भी हार नहीं मानी है और मंगलवार को वह एनजीओ के सदस्यों के साथ अपने परिवार की तलाश में नांदेड़ पहुंची।

एनजीओ के सांकेतिक भाषा के विशेषज्ञ ज्ञानेंद्र पुरोहित की मदद से गीता ने पत्रकारों से कहा कि वह अपने माता-पिता को ढूंढने की कोशिश कर रही है। उसने बताया कि उसका घर एक रेलवे स्टेशन के पास था, जिसके पास एक अस्पताल, मंदिर और नदी भी थी। पुरोहित ने कहा कि वह इस संदर्भ में ही नांदेड़ आए हैं। उन्होंने कहा , ट्रेन सचखंड एक्सप्रेस नांदेड़ से अमृतसर जाती है और वहां से समझौता एक्सप्रेस जिसमें वह मिली थी, वह अमृतसर से ही पाकिस्तान जाती है।

पुरोहित ने कहा, नांदेड़ से करीब 100 किलोमीटर दूर तेलंगाना में एक बासर नाम का कस्बा है, जो कि गीता द्वारा बताई जगह की तरह ही प्रतीत होता है, इसलिए हम यहां आए हैं। नांदेड़ के पुलिस निरीक्षक द्वारकादास चिखलीकर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनका दल गीता, पुरोहित और उनके साथ आए अन्य लोगों की मदद कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारा दल (गीता के माता-पिता की) तलाश के दौरान उनके साथ रहेगा और गीता जब तक यहां हैं वह एनजीओ के सदस्यों के साथ काम करता रहेगा।



मुंबई में बस को सैनिटाइज करते हुए सांता क्लास



नई दिल्ली में बुधवार को विदेश सचिव डोमिनिक राब के साथ एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# ब्रिटिश विदेश मंत्री ने पीएम से की मुलाकात

भाषा। नई दिल्ली

**ब्रिटेन** के विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की जिसमें दोनों नेताओं ने कोविड संकट और ब्रेक्जिट बाद विश्व में भारत-ब्रिटेन संबंधों के विविध आयामों एवं संभावनाओं और सामरिक गठजोड़ के बारे में चर्चा की।

बैठक के बाद मोदी ने अपने ट्वीट में कहा कि वह अगले महीने गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की भारत यात्रा को लेकर आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमिनिक राब के साथ शानदार बैठक हुई। कोविड और ब्रेक्जिट बाद विश्व में भारत-ब्रिटेन संबंधों के विविध आयामों एवं संभावनाओं और सामरिक गठजोड़ के बारे में चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने अपने ट्वीट में कहा,

## सामरिक संबंधों पर हुई चर्चा

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान हमारे सामरिक गठजोड़ के विविध आयामों पर चर्चा हुई। वहीं, प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार, बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के साथ टेलीफोन पर हुई चर्चा को याद करते हुए कोविड बाद की दुनिया में भारत-ब्रिटेन गठजोड़ के महत्व को रेखांकित किया।

बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के लिए कारोबार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, आवागमन, शिक्षा, ऊर्जा, जनवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य क्षेत्र को शामिल करते हुए 360 डिग्री परिणामोन्मुख खाका तैयार करने की बात कही। इसमें कहा गया है कि ब्रिटिश विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटिश सरकार भारत के साथ अपने संबंधों को काफी महत्व देती है जो साझा मूल्यों एवं हितों पर आधारित है। इस अवसर पर विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का एक पत्र सौंपा जिसमें उन्हें (मोदी) साल 2021 में ब्रिटेन की अध्यक्षता में होने वाले जी-7 बैठक में आमंत्रित किया गया।

बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने उन्हें (राब) को धन्यवाद दिया और निमंत्रण स्वीकार किया। गौरतलब है कि राब 14 से 17 दिसंबर तक की भारत यात्रा पर आए हैं। इस दौरान ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक की। मंगलवार को विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए 10 वर्षों का महत्वाकांक्षी खाका तैयार करने पर सहमति व्यक्त की थी। दोनों देशों ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सामरिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी सहमति जताई थी। दोनों पक्षों ने बैठक के दौरान विविध विषयों पर व्यापक चर्चा की थी। इस दौरान जयशंकर और राब ने कारोबारी गठजोड़ को आगे बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की जो भविष्य में मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण हो सकता है।

जयशंकर ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि दोनों पक्षों ने चार घंटे तक विविध विषयों पर व्यापक चर्चा की और इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि अपने द्विपक्षीय संबंधों को उच्च स्तर तक कैसे ले जाया जाए। इस दौरान कारोबार एवं समृद्धि, रक्षा एवं सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, लोगों से लोगों के बीच सम्पर्क, स्वास्थ्य सेवा जैसे पांच क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

# सभी के लिए तलाक का एक समान आधार निर्धारित करने की याचिका पर सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय संविधान और अंतरराष्ट्रीय संधियों की भावना के अनुरूप देश के सभी नागरिकों के लिए विवाह विच्छेद का एक समान आधार निर्धारित के लिए दायर याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को सहमत हो गया। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने मौखिक ही कहा कि वह विवाह विच्छेद से संबंधित कानूनों पर विचार करने और संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21 और 44 की भावना को ध्यान में रखते हुए तलाक के समान आधारों के बारे में तीन महीने के भीतर सुझाव देने का विधि आयोग को निर्देश देने के अनुरोध पर गौर कर सकता है।

शीर्ष अदालत ने इसके साथ इस याचिका पर केन्द्र को नोटिस जारी करके उससे जवाब मांगा हे। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान पीठ ने याचिकाककर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पिंकी आनंद से सवाल किया कि क्या वह चाहती हैं कि सारे व्यक्तिगत कानून खत्म किए जाएं? इस पर आनंद ने कहा कि नहीं, वह ऐसा नहीं कह रही हैं। पीठ ने कहा कि क्या वह न्यायालय से ऐसा कुछ कहने का अनुरोध कर रही है जो व्यक्तिगत कानूनों में जाने और उन्हें खत्म करने जैसा है। पीठ ने कहा कि सरकार को जनता की नब्ज की पहचान होनी चाहिए लेकिन क्या इस तरह से न्यायालय व्यक्तिगत कानूनों में हस्तक्षेप करता है? पीठ ने आनंद से सवाल किया, क्या हम व्यक्तिगत कानूनों में व्याप्त भिन्नताओं को खत्म किए बगैर भेदभाव की प्रथा हटा सकते हैं? पीठ ने तीन तलाक मामले का जिक्र किया और कहा कि संसद ने इस संबंध में कानून बनाया है। इस पर आनंद ने कहा कि शीर्ष अदालत ने तीन तलाक की प्रथा को भेदभाव पूर्ण पाया और उसे निरस्त कर दिया था। भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने इस याचिका में तलाक से संबंधित कानूनों में व्याप्त विसंगियां दूर करने और धर्म, जाति, वर्ग या लिंग के आधार पर बिना किसी प्रकार के पक्षपात के सभी नागरिकों के लिए इस बारे में एक समान कानून बनाने का निर्देश केन्द्र को देने का अनुरोध किया है

याचिका में कहा गया है कि न्यायालय यह घोषणा करे कि तलाक के पक्षपातपूर्ण आधार अनुच्छेद 14, 15, 21 का उल्लंघन करते हैं और सभी नागरिकों के लिए एक समान तलाक के आधार तैयार करे। याचिका में कहा गया है कि वैकल्पिक रूप में न्यायालय विधि आयोग को तलाक से संबंधित विभिन्न कानूनों पर विचार करके अनुच्छेद 14, 15, 21 और 44 के अनुरूप तलाक के एक समान आधार के बारे में तीन महीने के भीतर अपने सुझाव देने का निर्देश दे।

याचिका के अनुसार हिन्दू, बौद्ध, सिख और जैन समुदाय के लोगों को हिन्दू विवाह कानून, 1955 के तहत विवाह विच्छेद करना होता है जबकि मुसलमानों, ईसाईयों और पारसी समुदाय के लिए उनके अपने पर्सनल कानून हैं। अलग अलग धर्म के जोड़ों को विशेष विवाह कानून, 1956 के तहत तलाक लेना होता है। यही नहीं, अगर जीवन साथी विदेशी नागरिक है तो ऐसे व्यक्ति को विदेशी नागरिक विवाद कानून 1969 के तहत तलाक लेना होता है। याचिका में कहा गया है कि हिन्दू, ईसाई और पारसी समुदाय में व्यभिचार विवाह विच्छेद का आधार है लेकिन मुस्लिम समुदाय के लिए ऐसा नहीं है। हिन्दू और ईसाई समुदाय में असाध्य कुष्ठ रोग तलाक का आधार है लेकिन पारसी समुदाय में ऐसा नहीं है।

# न्यायालय ने गुजारा भत्ते और निर्वाह धन के लिए समान आधार के लिए याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने वैवाहिक विवादों से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए लैंगिक और धर्म के आधार पर भेदभाव के बगैर ही गुजारा भत्ता या निर्वाह धन निर्धारित करने के लिए समान आधार प्रतिपादित करने के लिए दायर जनहित याचिका पर बुधवार को केन्द्र को नोटिस जारी किया।

प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को नोटिस जारी किए। पीठ ने उपाध्याय की ओर से पेश हुई वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा की दलील सुनी और कहा, हम पूरी सावधानी के साथ नोटिस जारी कर रहे हैं। याचिका में रखरखाव और गुजारा भत्ता देने से जुड़ी प्रचलित विसंगतियों को दूर करने और उसे धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव के बिना सभी नागरिकों के लिए एक समान बनाने के लिए सरकार को उचित कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

याचिका में कहा गया कि संविधान में स्पष्ट प्रावधान होने के बावजूद केन्द्र सरकार सभी नागरिकों के लिए गुजारा भत्ता और निर्वाह धन के आधारों में व्याप्त विसंगतियां दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने और लैंगिक, धार्मिक भेदभाव के बिना गुजारा भत्ता दिलाने में विफल रही है। याचिका पर सुनवाई शुरू होते ही मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा कि धर्म लैंगिक आधार पर अंतर कर सकता है लेकिन हमारा संविधान महिलाओं के साथ अलग तरीके के व्यवहार की अनुमति नहीं देगा। मीनाक्षी न्यायालय के उस सवाल का जवाब दे रही थीं जिसमें उनसे गुजारा भत्ता और निर्वाह धन से संबंधित मामलों में हिन्दु और मुस्लिम महिला के बीच तुलना को न्यायोचित ठहराया जाए। उन्होंने संविधान के प्रावधानों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार इस मसले पर विशेष कानून बना सकती है। उन्होंने कहा कि लैंगिक अधिकारों का मामला सामने आने पर शीर्ष अदालत ने इस संबंध में आदेश पारित किए हैं।

पीठ ने उनके कथन का संज्ञान लेते हुए कहा, हमने जो किया है और जो नहीं किया है, उसके प्रति हम सचेत हैं। हमारा सीधा कानून का सवाल है। हम एक धर्म विशेष में स्वीकार्य तलाक के आधारों के बारे में बात कर रहे हैं। पीठ ने कैथॉलिक चर्च के मामले में अपने फैसले का जिक्र किया और पूछा कि अगर राज्य संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 में प्रदत्त समता और लैंगिक न्याय के मौलिक अधिकारों को लागू करते हैं तो क्या ऐसा करना पक्षपातपूर्ण होगा।

मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा कि सरकार को व्यक्ति के अधिकारों और गरिमा की रक्षा सुनिश्चित करनी होगी। अधिकारों और गरिमा का हनन होने की स्थिति में राज्य को इसमे हस्तक्षेप करना होगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे एएमयू के शताब्दी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

भाषा। अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश)



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी वीडियो लिंक के माध्यम से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। संस्थान द्वारा जारी बयान के मुताबिक 22 दिसंबर को इस समारोह में प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक भी भाग लेंगे। कुलपति, प्रोफेसर तारिक मंसूर ने कहा कि एएमयू समुदाय विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री का आभारी है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय का और अधिक विकास होगा, जिससे छात्रों को निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में नियुक्ति में मदद मिलेगी। प्रोफेसर मंसूर ने विश्वविद्यालय के समुदाय, कर्मचारियों, सदस्यों, छात्रों और पूर्व छात्रों से आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि शताब्दी समारोह में अभी लोग राजनीति से ऊपर उठकर शामिल हो। इस महीने की शुरुआत में विश्वविद्यालय ने घोषणा की थी कि शताब्दी समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि हो सकते हैं। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार, मुख्य अतिथि में बदलाव अंतिम समय में किया गया है। मुहम्मद एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज एक दिसंबर 1920 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना और उसी साल 17 दिसंबर को विश्वविद्यालय के रूप में इसका औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया।

# देश 1971 के युद्ध में भारतीय सैनिकों के बलिदान को हमेशा याद रखेगाः राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्ष 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को कहा कि 1971 के युद्ध में सैनिकों का बलिदान सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह देश उन्हें हमेशा याद रखेगा। गौरतलब है कि 16 दिसम्बर को भारत में विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसी दिन पाकिस्तान के खिलाफ 1971 में भारत को जीत मिली थी, जिसके फलस्वरूप एक देश के रूप में बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। सिंह ने ट्वीट किया, आज विजय दिवस के अवसर पर, मैं भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम की परम्परा को नमन करता हूं। मैं स्मरण करता हूं उन जांबाज़ सैनिकों की बहादुरी को जिन्होंने 1971 के युद्ध में एक नई शौर्यगाथा लिखी। उन्होंने कहा, उनका त्याग और बलिदान सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह देश उन्हें हमेशा याद रखेगा।

# इसरो की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण नीति पर नए सिरे से ध्यान दिया जाएगा

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने यहां विकसित प्रौद्योगिकी का व्यावसाईकरण करने के लिए उसका हस्तांतरण उद्योगों को करने की अपनी नीति पर नया जोर देने का फैसला किया है। अंतरिक्ष एजेंसी संशोधित तकनीकी हस्तांतरण नीति दिशा-निर्देश-2020 लेकर आई है। अंतरिक्ष विभाग के सचिव एवं इसरो के अध्यक्ष के सिवन ने इसरो की वेबसाइट पर दिशा-निर्देशों के बारे में पीटीआई-भाषा को बताया, हमने इसे सार्वजनिक किया है और सार्वजनिक टिप्पणियां मिलने के बाद इसे मंजूरी दी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण कदमों में से एक तकनीक की पहचान है जिसमें व्यावसाईकरण की क्षमता हो और अधिकारियों के अनुसार इस प्रक्रिया में डॉसाइसरो केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# भारत में कोविड-19 के 26,382 नए मामले

भाषा। नई दिल्ली



**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 26,382 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 99.32 लाख के पार चले गए, जिनमें से 94.56 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 के कुल मामले बढ़कर 99,32,547 हो गए हैं। वहीं 387 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,44,096 हो गई। आंकड़ों के अनुसार देश में 94,56,449 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 95.21 प्रतिशत हो गई। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.45 प्रतिशत है। देश में लगातार 10 दिनों से उपचाराधीन लोगों की संख्या चार लाख से कम है। आंकड़ों के अनुसार अभी 3,32,002 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 3.34 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी।

वहीं, कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में 15 दिसम्बर तक 15,66,46,280 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई, जिनमें से 10,85,625 नमूनों की जांच मंगलवार को की गई। आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटे में जिन 387 लोगों की मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 70, पश्चिम बंगाल के 45, दिल्ली के 41, करेल के 33 और उत्तर प्रदेश के 20 लोग थे। मंत्रालयों के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से अभी तक 1,44,096 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से महाराष्ट्र के 48,339, कर्नाटक के 11,965, तमिलनाडु के 11,919, दिल्ली के 10,115, पश्चिम बंगाल के 9,145, उत्तर प्रदेश के 8,103, आंध्र प्रदेश के 7,064 और पंजाब के 5,117 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

# राम मंदिर का निर्माण देश के भीतर एकत्रित किए धन से ही होगाः न्यास

भाषा। नई दिल्ली

**श्रीराम** जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने बुधवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण जन संपर्क कार्यक्रम के जरिए लोगों से घरेलू स्तर पर एकत्रित किए गए धन से ही किया जाएगा क्योंकि न्यास के पास विदेशों से दान लेने की जरूरी मंजूरी नहीं है। राय ने कहा कि राम मंदिर वास्तव में राष्ट्र मंदिर का रूप लेगा और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र मंदिर निर्माण के लिए देशभर में जन संपर्क एवं योगदान अभियान शुरू करने जा रहा है। उन्होंने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान के जरिए राम मंदिर के प्रस्तावित नए मॉडल की तस्वीरें भी करोड़ों घरों में पहुंचेंगी। उन्होंने कहा, रामभक्तों से स्वैच्छिक दान मंजूर किया जाएगा और इसके लिए 10, 100 और 1000 रुपए के कूपन उपलब्ध कराए जाएंगे। राय ने कहा कि वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता बरतने के मकसद से न्यास ने 10 रुपए के चार करोड़ कूपन, 100 रुपए के आठ करोड़ कूपन और 1000 रुपए के 12 लाख कूपन छपवाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर निर्माण के लिए विदेश से किसी प्रकार का धन नहीं लिया जा सकता क्योंकि इसके लिए न्यास के पास आवश्यक मंजूरी नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मंदिर से लगे भवनों के लिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कोष पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धन इकट्ठा करने का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है और न ही मंदिर निर्माण पर होने वाले खर्च का आकलन किया गया है।

# पेज 1 का शेष

## सुप्रीम कोर्ट...

समिति में सरकार और किसानों के संगठनों के सदस्यों को शामिल करेंगे। यह जल्द ही एक राष्ट्रीय मुद्दा बन सकता है। हम इसमें देश के अन्य किसान संगठनों के सदस्यों को भी शामिल करेंगे। आप समिति के लिये प्रस्तावित सदस्यों की सूची दीजिये।' न्यायालय ने जिन किसान यूनियनों को नोटिस जारी किये हैं, उनमें भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू-राकेश टिकैत), बीकेयू-सिदधुपुर (जगजीत एस दल्लेवाल), बीकेयू-राजेवाल (बलबीर सिंह राजेवाल), बीकेयू-लाखोवाल (हरिन्दर सिंह लाखोवाल) जम्हूरी किसान सभा (कुलवंत सिंह संधू), बीकेयू डकौंदा (बूटा सिंह बुर्जगिल), बीकेयू-दोआबा (मंजीत सिंह राय) और कुल हिंद किसान फेडरेशन (प्रेम सिंह भंगू) शामिल हैं। न्यायालय ने इन याचिकाओं पर केन्द्र और अन्य को भी नोटिस जारी किये। इस मामले में कई याचिकायें दायर की गयी हैं, जिनमें दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को तुरंत हटाने के लिये न्यायालय में कई याचिकायें दायर की गयी हैं। इनमें कहा गया है कि इन किसानों ने दिल्ली-एनसीआर की सीमाएं अवरूद्ध कर रखी हैं, जिसकी वजह से आने जाने वालों को बहुत परेशानी हो रही है और इतने बड़े जमावड़े की वजह से कोविड-19 के मामलों में वृद्धि का भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान पीठ ने याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे विरोध प्रदर्शन कर रही किसान यूनियनों को भी इसमें पक्षकार बनायें। न्यायालय इस मामले में बृहस्पतिवार को आगे सुनवाई के लिये सूचीबद्ध किया है। पीठ ने कहा, 'हम नोटिस जारी करेंगे और इसका जवाब कल तक देना होगा क्योंकि शीतकालीन अवकाश के लिये शुक्रवार से न्यायालय बंद हो रहा है।'

## विपक्षी दल...

किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए तोमर ने कहा, 'नए कृषि कानूनों को पूरे देश के किसानों का समर्थन मिल रहा है। लेकिन कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने पंजाब के किसानों को गुमराह करके भ्रमित कर दिया और वे आंदोलन कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि सरकार 24 घंटे किसानों से चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष यदि किसानों के सहारे मोदी सरकार की छवि को धूमिल करने का काम करेगा तो सरकार उसका जबाव देगी। तोमर ने कहा कि पहले कांग्रेस ने भी अपने घोषणा पत्र में कृषि कानून बनाने की बात कही थी और अब यही काम मोदी सरकार ने किया है तो उन्हें इसलिए तकलीफ हो रही है, क्योंकि जनता का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में ज्यादातर छोटे किसान हैं और सरकार ने हाल ही में डेढ़ लाख करोड़ रुपए किसान इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिए हैं, जिससे किसान विश्व स्तरीय खेती कर सकें। इसके लिए पुराने कृषि कानूनों को बदलना जरुरी था। उन्होंने कहा कि ये कानून किसान के साथ खेती व देश की तस्वीर बदलेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है और सरकार ने कई बार किसानों से कहा है कि वे कानून के उन प्रावधानों को बताएं, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। तोमर ने कहा कि जहां पंजाब के किसानों को गुमराह करके आंदोलित किया गया है, वहीं मध्यप्रदेश में किसानों ने ग्वालियर के साथ इंदौर, रीवा, सागर व उज्जैन में किसान सम्मेलन करके नए कानूनों के प्रति समर्थन जताया है। उन्होंने कहा कि जब 2014 में मोदी सरकार बनी थी तो उन्होंने कहा था कि यह बहुमत सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश बदलने के लिए मिला है। देश बदलना है तो कठोर निर्णय लेने होंगे और इसमें अपने ही लोगों से संघर्ष होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का सिद्धांत हमेशा रहा है, देश पहले, पार्टी व व्यक्ति बाद में। जब मोदी सरकार ने नोटबंदी और जीएसटी जैसे निर्णय लिए तो विपक्ष ने कहा था कि यह सरकार गई, लेकिन 2019 के चुनाव में ज्यादा सीटों के साथ मोदी सरकार फिर से बनी। तोमर ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों व खेती को मजबूत करने का काम किया। स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिया। पहले केवल गेहूं और चावल का ही एमएसपी मिलता था, अब कई प्रकार की फसलों का समर्थन मूल्य है।

## पीएम ने...

होने वाले समारोहों के दौरान सेना के बैंड का प्रदर्शन, सेमिनार, प्रदर्शनी, उपकरणों का प्रदर्शन, फिल्म समारोह, संगोष्ठी और रोमांचक गतिविधियों के आयोजन जैसे कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर भारत में विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में 1971 में भारत को जीत मिली थी और केवल 13 दिनों के युद्ध के बाद एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। 1971 के युद्ध को सबसे छोटे युद्धों में गिना जाता है। इस युद्ध ने दक्षिण एशिया का भौगोलिक और राजनीतिक परिदृश्य बदल दिया था।

## माफियाओं से...

मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने विकास प्राधिकरणों को कहा है कि जिन जगहों पर भू माफियाओं का कब्जा है, उन्हें खाली कराके वहां अधिवक्ताओं, पत्रकारों, शिक्षकों के लिए नो प्रॉफिट, नो लॉस पर आवासीय सुविधाएं विकसित करें। यहां केपी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित प्रदेश अधिवक्ता समागम-2020 में प्रदेश भर से आए वकीलों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जो लोग धन के अभाव में न्याय पाने से वंचित रह जाते हैं, ऐसे लोगों के लिए विद्वान अधिवक्ता कार्ययोजना बनाएं और सरकार के समक्ष प्रस्तुत करें तो हमें खुशी होगी। हम उसे गंभीरता से लागू करेंगे जिससे प्रत्एक व्यक्ति को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 का टीका उलब्ध होने पर प्रत्एक व्यक्ति तक उसे पहुंचाने के लिए राज्य सरकार व्यवस्थित तैयारी कर चुकी है। यह केवल एक आपदा के खिलाफ लड़ाई नहीं है, बल्कि इसने लोगों को बहुत कुछ सिखाया है।

## मुख्यमंत्री आज...

के प्रवक्ता ने बताया कि जनपद बरेली में 461.87 करोड़ रुपए की 60 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 519.75 करोड़ रुपए लागत की 51 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा।

## हाथरस मामले...

आरोप पत्र दाखिल कर दिया जाएगा। पीठ ने इस पर सीबीआई के वकील को औपचारिक प्रार्थना पत्र देने का आदेश दिया। पीठ ने इसके साथ ही इस मामले में एमिकस क्यूरी, सभी पक्षों के वकील, राज्य सरकार के किसी वरिष्ठ अधिकारी तथा हाथरस के जिलाधिकारी व एसपी को अंतिम संस्कार से संबधित मीडिया व अन्य स्त्रोतों से आए फोटोज व वीडियोज देखने का भी आदेश दिया।

## ममता बनर्जी...

में सत्ता में आई। उनको मनाने का प्रयास नाकाम रहा। अधिकारी ने बिना किसी का नाम लिए हालिया दिनों में कई मुद्दों पर तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना की। अधिकारी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक एक या दो दिनों में उनके पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा देने की संभावना है और आगामी दिनों में वह भगवा खेमे से जुड़ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का राज्य का दो दिवसीय दौरा शनिवार से शुरू होगा। घटनाक्रम पर तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, बड़ी राहत मिली है। बनर्जी ने कहा, यह राहत की बात है कि उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। वह बहुत महत्वाकांक्षी हैं और अगला मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। वह जा सकते हैं। हम ममता बनर्जी के नेतृत्व में अगला चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त हैं। दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय ने अधिकारी के फैसले का स्वागत किया और कहा कि भगवा पार्टी खुली बाहों के साथ उनका स्वागत करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने भी अधिकारी के फैसले की सराहना की और कहा कि भाजपा को उनका स्वागत करते हुए खुशी होगी। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय, सुदीप बंदोपाध्याय जैसे वरिष्ठ नेताओं ने मनाने के काफी प्रयास किए लेकिन अधिकारी नहीं माने।

## मलेशिया की...

सिंह, तलविंदर सिंह, वरुण कुमार, दिलप्रीत सिंह, गुरसाहिबजीत सिंह और शमशेद सिंह विवाह समारोह में शामिल हुए। भारतीय टीम का बेंगलुरू के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र स्थित अभ्यास शिविर हाल ही में खत्म हुआ है। कोरोना लॉकडाउन के दौरान खिलाड़ी इसी केंद्र पर थे। मनप्रीत समेत छह हॉकी खिलाड़ी अगस्त में कोरोना पॉजिटिव भी पाए गए थे।

## जेईई मेंस...

ने बताया कि इसमें विभिन्न बोर्डों के निर्णयों को ध्यान में रखा गया है। इसके तहत प्रश्नपत्र में 90 प्रश्न होंगे। उन्होंने बताया कि एनटीए ने तय किया है कि अभ्यर्थियों को इनमें 75 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। 15 वैकल्पिक प्रश्न होंगे। मंत्री ने बताया कि परीक्षा का आयोजन 13 भाषाओं में होगा। उन्होंने दावा किया कि यह विश्व की सबसे बड़ी परीक्षा होगी। इससे पहले मंत्री ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय ने जेईई-मेंस को लेकर मिले सुझावों की समीक्षा की है और एनटीए को इन सुझावों पर सकारात्मक ढंग से विचार करने को कहा गया है। इन सुझावों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय किए गए हैं।

## कानपुर में...

इसके लिए ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जाएगा। पार्क में साफ-सफाई का विशेष प्रबंध भी रहेगा। 4000 स्कावयर मीटर से लेकर 1000 स्कावयर मीटर के प्लाट पार्क में कारोबार करने वालों को मिल सकेंगे। कानपुर के लोगों को मेट्रो रेल के बाद यह योगी सरकार का दूसरा बड़ा तोहफा है।

# अनुभवी आस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती देगा भारत

## पहला दिन-रात्रि टेस्ट आज से

**भाषा।** एडीलेड

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली और उनकी निर्भीक टीम गुरूवार को यहां शुरू होने वाले पहले दिन-रात्रि टेस्ट में आस्ट्रेलिया के गुलाबी गेंद के क्रिकेट में दबदबे को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेगी जबकि मेजबान टीम दो साल पहले की हार का बदला लेने को तैयार है, हालांकि उसके कई खिलाड़ी चोटों की समस्या से जूझ रहे हैं। सीरीज में कोहली की शानदार बल्लेबाजी का सामना स्टीव स्मिथ की रन जुटाने की निरंतरता से हो, जिसमें चेतेश्वर पुजारा के क्रीज पर टिके रहने की जिद को युवा मार्नस लाबुशेन चुनौती दे और यह सब एडीलेड ओवर में दूधिया रोशनी में खेले जाने वाले मुकाबले में होगा। साथ ही दोनों टीमों के तेज गेंदबाज गुलाबी गेंद से गोधूलि के समय बल्लेबाजों के दिमाग में संशय पैदा कराना चाहेंगे।

जोश हेजलवुड बनाम मोहम्मद शमी मुकाबला भी काफी रोमांचक होगा, जबकि पैट कमिंस के बाउंसर का जवाब जसप्रीत बुमराह अपने यार्कर से देना चाहेंगे। ईशांत शर्मा जैसा अनुभवी तेज गेंदबाज भारतीय टीम में शामिल नहीं है तो वहीं आस्ट्रेलियाई लाइन-अप को अपने स्टार डेविड वार्नर की कमी खलेगीजिससे दोनों टीमें मजबूती के हिसाब से बराबरी पर ही दिखती हैं। हालांकि आस्ट्रेलियाई टीम को ज्यादा दिन-रात्रि टेस्ट खेलने का अनुभव है और उसे घरेलू परिस्थितियों का फायदा निश्चित रूप से मिलेगा।

दिन-रात्रि टेस्ट मैच की अपनी खासियत है जिसमें बल्लेबाजों के पहले सत्र में हावी होने की उम्मीद होती है जबकि जब सूरज छिप जाता है तो गेंदबाजों की तूती बोलती है क्योंकि गुलाबी कूकाबूरा की रफ्तार तेज हो जाती है। वहीं भारतीय टीम के पास विभिन्न स्थानों के लिए इतने सारे विकल्प कभी नहीं होते थे। लेकिन भारतीय कप्तान कोहली ने स्पष्ट किया कि शुभमन गिल और लोकेश राहुल को अपने मौकों का इंतजार करना होगा क्योंकि टीम प्रबंधन ने सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए फार्म से बाहर चल रहे पृथ्वी साव के साथ बने रहने का फैसला किया है। कोहली ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, शुभमन को अभी तक टेस्ट क्रिकेट में इस स्तर पर मौका नहीं मिला है इसलिए जब भी उसे मौका मिलता है तो यह देखना शानदार होगा कि वह कैसा प्रदर्शन करता है क्योंकि वह बहुत ही आत्मविश्वास से भरा युवा खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी ने टेस्ट स्तर पर प्रदर्शन दिखाया है लेकिन वह पहली बार आस्ट्रेलिया में खेलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि उसकी प्रगति को देखना भी रोमांचक होगा। क्या राहुल को श्रृंखला के दौरान टीम में शामिल किया जा सकता है? तो उन्होंने कहा कि केएल निश्चित रूप से शानदार खिलाड़ी है और इसलिए उसे टेस्ट टीम में शामिल किया गया और हमें देखना होगा कि टीम के सर्वश्रेष्ठ संतुलन के लिए क्या संयोजन ठीक रहता है। कप्तान के इस बयान से अंदाजा लगा कि अभी हनुमा विहारी अपनी कामचलाऊ ऑफ ब्रेक के कारण पसंद हैं। वहीं विकेटकीपर के स्थान पर रिद्धिमान साहा को विस्फोटक ऋषभ पंत पर तरजीह दी गई। श्रृंखला की तैयारियों के दौरान दोयम दर्जे के आस्ट्रेलियाई ए आक्रमण के खिलाफ दूधिया रोशनी में पंत की 73 गेंद में खेली गई 100 रन की पारी की तुलना में साहा ने मुश्किल परिस्थितियों में लाल गेंद से प्रथम श्रेणी मैच में अर्धशतकीय पारी खेली थी। साथ ही उमेश यादव को तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर अपना स्थान वापस मिला जो अभ्यास मैच में उनके अच्छे प्रदर्शन के कारण हुआ। मंगलवार को भारत के शीर्ष बल्लेबाजों को एडीलेड के नेट पर गुलाबी कूकाबूरा से टी नटराजन की अंदर आती गेंदों से परेशानी हो रही थी।

अगर नटराजन की 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उन्हें इतनी परेशानी हो सकती है तो गुलाबी गेंद के टेस्ट में दुनिया के सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले स्टार्क कितने खतरनाक हो सकते हैं। कभी कभार कम विकल्प में से चयन करना आसान होता है और कोहली उम्मीद करेंगे कि वह सही विकल्पों का चयन करें ताकि अजिंक्य रहाणे उनके ब्रेक के बाद भारत को यही दोहराने में मदद कर सकें।

**टीमें:** भारत- विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, पृथ्वी सॉव, चेतेश्वर पुजारा, अंजिक्य रहाणे, हनुमा विहारी, ऋद्धिमान साहा, उमेश यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और रविचंद्रन अश्विन। आस्ट्रेलिया- टिम पेन, जो बर्न्स, पैट कमिंस, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मोइजेस हेनरिक्स, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसेर, जेम्स पैटिनसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वेपसन, मैथ्यू वेड।




## मेरी अनुपस्थिति में अच्छी तरह जिम्मेदारी निभाएगा रहाणे: कोहली

**एडीलेड।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अजिंक्य रहाणे का समर्थन करते हुए कहा कि जब वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश पर जाएंगे तो यह उप कप्तान टीम की अगुआई करने की जिम्मेदारी शानदार तरीके से निभाएगा। कोहली ने कहा कि उनके और रहाणे के बीच रिश्ता भरोसे और आपसी सम्मान का रहा है। वह गुरूवार से शुरू हो रहे दिन-रात्रि मैच के बाद अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए घर लौट जाएंगे जिससे रहाणे बचे हुए तीन टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी निभाएंगे। यह पूछने पर कि उनकी अनुपस्थिति में रहाणे किस तरह का प्रदर्शन करेंगे तो उन्होंने कहा कि पहले तो हमारी इतने वर्षों में आपसी समझ बहुत अच्छी है और एक दूसरे का सम्मान करते हैं। हमने एक साथ बल्लेबाजी करते हुए काफी भागीदारियां निभाई हैं जो एक दूसरे पर भरोसे और समझ पर बनी हैं कि टीम के लिए क्या करने की जरूरत है। उनका मानना है कि दोनों जानते हैं कि यह टीम कैसे काम करती है। उन्होंने कहा, दो अभ्यास मैचों, टूर मैचों में रहाणे ने काफी काम किया है, वह काफी संयमित दिखा और वह हमारी टीम की मजबूती को जानता है।

### विराट कोहली को निरर्थक लगती है छींटाकशी

**एडीलेड।** कोरोना महामारी ने लोगों को अलग-अलग चीजें सिखाई हैं, भारतीय कप्तान विराट कोहली को इसने महसूस कराया कि छींटाकशी कितनी व्यर्थ चीज है और उन्होंने वादा किया कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के दौरान गैर जरूरी चीजों को बाहर कर दिया जाएगा। वहीं उनके आस्ट्रेलियाई समकक्ष टिम पेन का कहना है कि अगर मैच के दौरान इसकी जरूरत पड़ती है तो वह इससे पीछे नहीं हटेंगे। कोहली ने कहा कि मुझे लगता है कि महामारी के कारण इस साल लोगों ने बहुत सारी चीजें महसूस की हैं जिनकी पहले शायद जरूरत नहीं पड़ी होगी जिसमें आपके मन में शिकायत रहती है या फिर टीमों या व्यक्तियों के बीच गैरजरूरी तनाव होता हो जो पूरी तरह से व्यर्थ है। पेन हालांकि सहमत थे कि आक्रामक होने की जरूरत नहीं है लेकिन वह और उनके खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर पीछे नहीं हटेंगे।

## भविष्य का फैसला इस सीरीज के बाद: पेन



**एडीलेड।** आस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान टिम पेन ने बुधवार को खुलासा किया कि वह कोच जस्टिन लैंगर और मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर होन्स से अपने भविष्य पर चर्चा कर रहे हैं, हालांकि अभी उनकी निगाहें गुरूवार से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला में भारतीय चुनौती से निपटने पर लगी हैं। गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के बाद स्टीव स्मिथ को कप्तानी से हटा दिया गया और पेन को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पेन बखूबी जानते हैं कि वह स्मिथ की तरह इतने दमदार नहीं हैं लेकिन वह मानते हैं कि मौजूदा आस्ट्रेलियाई सेट-अप में वह अपनी भूमिका बेहतरीन ढंग से निभा रहे हैं। 36 साल के पेन से जब वर्चुअल कांफ्रेंस के दौरान पूछा गया कि क्या वह बतौर खिलाड़ी और कप्तान अपने भविष्य पर विचार कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। उन्होंने कहा कि इस समय ध्यान एडीलेड पर और फिर मेलबर्न पर लगा है। इसके बाद पूरी श्रृंखला पर, फिर हम देखेंगे। मैं ट्रेवर होन्स और जेएल लैंगर से बात कर रहा हूं कि हम भविष्य में क्या करेंगे और इस समय मेरा ध्यान पूरी तरह से श्रृंखला पर लगा है। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरी कप्तानी की बात है तो यह ठीक ही रहा है क्योंकि मैं हर किसी की तरह इस टीम में अपनी भूमिका निभा रहा हूं। जहां तक मैं यह करना जारी रखूंगा, हम सभी खुश हैं।

## कोहली की कप्तानी में अब भी सुधार की जरूरत: लक्ष्मण

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व** भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि विराट कोहली अपने साथियों के लिए आदर्श रोल मॉडल हैं लेकिन उनकी कप्तानी में अब भी सुधार की गुंजाइश है। लक्ष्मण ने कहा कि जहां तक अपने कार्य के प्रति समर्पण की बात है तो कोहली ने उदाहरण बनकर नेतृत्व किया है, लेकिन वह क्षेत्ररक्षण सजाने में थोड़ा रक्षात्मक रहते हैं और इसके अलावा टीम में भी लगातार बदलाव करते रहते हैं। लक्ष्मण ने कहा कि मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं कि जब वह मैदान पर होते हैं तो पूरी तरह खेल में डूब जाते हैं और उनके हाव भाव से भी इसका पता चलता है फिर चाहे वह बल्लेबाजी हो या क्षेत्ररक्षण। वह उदाहरण बनकर नेतृत्व करते हैं और इससे अन्य खिलाड़ियों पर भी बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे उनके सभी साथी प्रेरित होते हैं और इसलिए वह कप्तान के तौर पर आदर्श रोल मॉडल हैं। जहां तक कप्तानी की बात है तो उसमें अब भी कुछ सुधार की जरूरत है। मेरा मानना है कि विराट कोहली सुधार कर सकते हैं। लक्ष्मण ने कहा कि कोहली के कप्तान बनने के बाद लगातार प्रयोग किए गए हैं जिससे खिलाड़ियों में असुरक्षा की भावना पैदा होती है। कोहली ने 2014 में टेस्ट कप्तानी संभाली थी और 2017 से वह सीमित ओवरों की टीम के भी कप्तान है। उन्होंने कहा कि कुछ अवसरों पर मुझे लगता है कि वह थोड़ा रक्षात्मक हो जाता है विशेषकर क्षेत्ररक्षण सजाने में। लक्ष्मण ने कहा कि दूसरी चीज अंतिम एकादश में लगातार बदलाव करना है। अपने अनुभव से मैं कह सकता हूं कि कोई भी खिलाड़ी चाहे वह नया हो या अनुभवी वह स्थिरता, सुरक्षा चाहता है जिससे वह टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान दे सके। इस क्षेत्र में विराट को निश्चित तौर पर सुधार करने की जरूरत है।

### पुकोवस्की को लेकर चिंतित हैं लैंगर

**एडीलेड।** आस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लैंगर ने स्वीकार किया कि वह विल पुकोवस्की को लेकर चिंतित हैं क्योंकि यह युवा बल्लेबाज को नौंवी बार कनकशन (सिर में हल्की चोट) का शिकार बना है। पुकोवस्की का गुरुवार से एडीलेड में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलना तय था लेकिन आस्ट्रेलिया ए की तरफ से भारत के खिलाफ पहले अभ्यास मैच के दौरान उनके सिर में चोट में लग गई जिसके कारण वह टेस्ट टीम से बाहर हो गए। लैंगर ने कहा कि विल अभी कई बार कनकशन से गुजर चुका है। हम निश्चित तौर पर हम उन पर करीबी निगाह रखे हुए हैं। वह अभी घर में अपने परिजनों के साथ हैं। भारत के रिजर्व तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी की गेंद पुकोवस्की के हेलमेट के अगले हिस्से में लगी थी। यह नौवां अवसर था जबकि इस 22 वर्षीय बल्लेबाज के सिर पर चोट लगी लेकिन ए सभी क्रिकेट से जुड़ी घटनाएं नहीं हैं। लैंगर ने कहा कि अगर यह घटना नहीं घटती तो यह युवा बल्लेबाज एडीलेड में आस्ट्रेलिया की टेस्ट कैप बैगी ग्रीन जरूर हासिल करता। उन्होंने कहा, मैं विल को लेकर चिंतित हूं क्योंकि लगातार उसके सिर में चोट लग रही है।

### रहाणे अच्छे कप्तान साबित होंगे: तेंदुलकर

**मुंबई।** चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि अजिंक्य रहाणे काफी समझदार हैं और आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट में अपनी संतुलित आक्रामकता से अच्छी कप्तानी करेंगे। एडीलेड में दिन रात के पहले टेस्ट के बाद विराट कोहली पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौट आएंगे। तेंदुलकर ने रहाणे को धर्मशाला में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की कप्तानी करते देखा है और उन्हें अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह थोड़ा अलग होगा। अजिंक्य रहाणे को मैं जानता हूं। मुझे पता है कि वह काफी समझदार और संतुलित है। उन्होंने कहा कि वह आक्रामक है लेकिन उसकी आक्रामकता नियंत्रित है। मैने उसके साथ जितना समय बिताया है, मैं जानता हूं कि वह काफी मेहनती है।

### चेल्सी चार दिन में दूसरी बार हारा

**लंदन।** चेल्सी फुटबॉल क्लब को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में चार दिन में दूसरी शिकस्त झेलनी पड़ी जिसे वोल्वरहैम्पटन ने 1-2 गोल से पराजित किया। वहीं मैनचेस्टर सिटी ने भी इन्हीं चार दिनों में दो ड्रा खेले। इसलिए मंगलवार की शाम लीग के खिताब के दो दावेदारों के लिए भूल जाने वाली रही। वोल्वरहैम्पटन ने जहां स्टापेज टाइम में विजयी गोल किया वहीं सिटी को वेस्ट ब्रोमविच एलबियोन से अंक बांटने पड़े जो इस सत्र में रेलीगेशन होने वाले क्लबों के दावेदारों में से एक है। मैनचेस्टर सिटी और वेस्ट ब्रोमविच एलबियाने के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रा रहा। शनिवार को एवर्टन से 0-1 से हारने वाले चेल्सी क्लब ने पहले स्थान पर पहुंचने का जबकि मैनचेस्टर सिटी शीर्ष दो क्लब टोटेनहम और लीवरपूल के करीब पहुंचने का मौका गंवा दिया। चेल्सी के लिए ओलिवर गिरोड ने 49वें मिनट में गोल कर बढ़त दिलाई। लेकिन वोल्वरहैम्पटन ने डेनियल पोडेंस के 66वें मिनट में किए गए गोल से बराबरी हासिल की फिर पुर्तगाल के पेड्रो नेटो ने स्टापेज टाइम के पांचवें मिनट में विजयी गोल किया।

### रीयल मैड्रिड की जीत में चमके बेंजेमा

**बार्सिलोना।** करीम बेंजेमा के दो गोल की मदद से रीयल मैड्रिड ने स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एथलेटिक बिलबाओ को 3-1 गोल से हराया। बिलबाओ की टीम मैच में अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेली, लेकिन इसके बावजूद उसने रीयल को कड़ी चुनौती दी। ऐसे में बेंजेमा ने इस सत्र में अपना नौवां और 10वां गोल करके अपनी टीम को जीत दिलाई। रीयल अब अंकतालिका में रीयल सोसिडाड और एटलेटिको मैड्रिड के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। बिलबाओ ने 14वें मिनट में ही रॉल गर्सिया को गंवा दिया था जिन्हें तब दूसरा पीला कार्ड मिला था। ला लिगा के अन्य मैचों में सेविला ने सियुडाड डि लुसेना को 3-0 से ओसासुना ने टोमारेस को 6-0 से और विल्लाडोलिडने कैंटोलागुआ को 5-0 से हराया। हुएस्का को मार्चामलो पर 3-2 से जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा।

### मेवैदर व लैला हॉल ऑफ फेम चुने गए

**कैनास्टोटा (न्यूयार्क)।** कई विश्व खिताब जीत चुके फ्लायड मेवैदर, पूर्व हेवीवेट चैम्पियन व्लादिमीर क्लिटश्चेको और लैला अली को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी हॉल ऑफ फेम एंड म्यूजियम में चुना गया है। मंगलवार को 2021 की श्रेणी की घोषणा की गई जिसमें पूर्व ओलंपिक चैम्पियन आंद्रे वार्ड, एन वोल्फे, मारियन ट्रीमियार और डा मार्गेट गुडमैन भी शामिल हैं। विभिन्न वर्गों में मरणोप्रांत चुने गए व्यक्तियों में लाइटवेट चैम्पियन डेवी मूर, जैकी टोनावांडा, कट मैन फ्रेडी ब्राउन, मैनेजर-ट्रेनर जैकी मैकॉय, पत्रकार जार्ज किम्बाल और टीवी कार्यकारी जे लार्किन शामिल हैं। इन सभी को 13 जून को शामिल किया जाएगा जिसमें पिछले साल की श्रेणी भी शामिल होगी जिसे कोरोना वायरस महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था।

### मुंबई के मुख्य चयनकर्ता बने अंकोला

**मुंबई।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज सलिल अंकोला को आगामी घरेलू सत्र के लिए मुंबई का नया मुख्य चयनकर्ता चुना गया। घरेलू सत्र अगले महीने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के साथ शुरू होगा। अंकोला (52 वर्ष) ने भारत के लिए एकमात्र टेस्ट मैच में दो विकेट चटकाए थे। उन्होंने 20 वनडे भी खेले जिसमें 13 विकेट झटके थे। घरेलू क्रिकेट में अंकोला ने 54 मैच खेले और 181 विकेट चटकाए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 47 रन देकर छह विकेट रहा था। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने कहा कि एमसीए की क्रिकेट सुधार समिति ने 2020-21 सत्र के लिए सीनियर चयन समिति के लिए सलिल अंकोला (चेयरमैन), संजय पाटिल, रविंद्र ठाकेर, जुल्फिकार पार्कर और रवि कुलकर्णी की नियुक्तियां की है।



**बुधवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मुख्य गेट पर अपनी मांगों को लेकर अंशकालिक प्रशिक्षकों ने धरना दिया। धरना दे रहे कोचों का आरोप है कि 450 अंशकालिक प्रशिक्षकों का गत एक अप्रैल को नवीनीकरण होना था, लेकिन शासनादेश की दुहाई देकर जिम्मेदार अधिकारियों ने फाइल को लटका दिया। इसके बाद करीब चार बजे प्रदर्शन कर रहे कोचों को पुलिस पकड़ कर ले गयी और ईको गार्डन के पास छोड़ दिया। प्रदर्शनकारी कोचों का कहना है कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती, धरना जारी रहेगा। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी अंशकालिक प्रशिक्षकों के नवीनीकरण की मांग को लेकर पहले भी कई बाद धरना-प्रदर्शन हो चुका है, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकल सका है।**

## कतर में होंगे 2023 के एशियाई खेल, 2034 की मेजबानी सऊदी अरब को

**मस्कट (ओमान)।** कतर की राजधानी दोहा 2030 में होने वाले एशियाई खेलों की मेजबानी करेगी जबकि इसके चार साल बाद 2034 में इन खेलों का आयोजन रियाद में किया जाएगा। इन दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच करार के बाद बुधवार को यह फैसला किया गया। दोहा ने 2030 एशियाई खेलों की मेजबानी की दौड़ में रियाद को पीछे छोड़ा। इसके लिए मतदान एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की आम सभा में किए गए थे। सऊदी अरब और कतर के बीच लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक विवादों के बीच मतदान संपन्न हुआ। सऊदी अरब उन चार देशों में शामिल है जिसने 2017 में कतर का व्यापार और यात्रा बहिष्कार कर दिया था हालांकि हाल में संकेत मिले हैं कि इनके बीच के विवाद को सुलझाया जा सकता है। ओसीए इस नतीजे पर पहुंचा कि मतदान में विजेता को 2030 की मेजबानी सौंपी जाएगी जबकि दूसरा उम्मीद्वार 2034 में खेलों का आयोजन करेगा। ओसीए अध्यक्ष शेख अहमद अल फहद अल सबाह ने कहा कि इसका मतलब कोई विजेता नहीं रहा और किसी की हार नहीं हुई। उन्होंने इस समझौते पर पहुंचने के लिए सऊदी अरब और कतर के विदेश मंत्रियों तथा सम्मेलन के मेजबान ओमान का आभार व्यक्त किया। कतर में 2022 में फीफा विश्व कप भी आयोजित किया जाएगा।

## सेंसेक्स और निफ्टी का कारोबारी सत्र में बना नया रिकॉर्ड

**मुंबई।** वृहद आर्थिक संकेतकों में लगातार सुधार तथा वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख से बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी लंबी छलांग के साथ लगातार चौथे कारोबारी सत्र में अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 403.29 अंक या 0.87 प्रतिशत की बढ़त के साथ 46,666.46 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 114.85 अंक या 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,682.70 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। दिन में सेंसेक्स 46,704.97 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। निफ्टी ने भी 13,692.35 अंक का रिकॉर्ड स्तर छुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी, ओएनजीसी, भारती एयरटेल, टाइटन, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टीसीएस के शेयर 3.11 प्रतिशत तक चढ़ गए। वहीं दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों 1.09 प्रतिशत की गिरावट आई। कोविड-19 के टीके तथा दुनियाभर की सरकारों द्वारा वृद्धि को प्रोत्साहन के लिए आर्थिक पैकेज की उम्मीद के बीच अन्य एशियाई बाजार भी लाभ में रहे। ब्रेक्जिट करार तथा कोरोना वायरस टीकाकरण कार्यक्रम सुगमता से शुरू होने की उम्मीद से यूरोपीय बाजार 10 माह के उच्चस्तर पर पहुंच गए। रिलायंस सिक्योरिटीज के प्रमुख-रणनीति विनोद मोदी ने कहा, वैश्विक बाजारों के समर्थन से घरेलू बाजार नए रिकॉर्ड पर पहुंच गए।

## ईपीएफओ ने कोविड 19 से जुड़े 52 लाख दावे निपटाए

संवाददाता। **नई दिल्ली**

**सेवानिवृत्ति** कोष का संचालन करने वाली संस्था ईपीएफओ ने कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान भविष्य निधि खातों से धन निकालने के 52 लाख मामलों का निपटारा किया। इसके तहत 13,300 करोड़ रुपये की राशि आवेदकों को जारी की गई। यह राशि बिना वापसी के अग्रिम दावे के तौर पर जारी की गई।

श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार ने इस साल मार्च में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े छह करोड़ से अधिक अंशधारकों को उनके भविष्य निधि खाते से महंगाई भत्ते सहित अधिकतम तीन माह का मूल वेतन निकालने की अनुमति दे दी थी। महामारी के दौरान लगाए गए लॉकडाउन को देखते हुए भविष्य निधि अंशधारकों को यह सुविधा दी गई।

## मंत्रिमंडल ने 3,500 करोड़ रुपये के चीनी निर्यात सब्सिडी को मंजूरी दी

### पांच करोड़ किसानों को मिलेगा लाभ

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने चीनी मिलों के लिए चालू विपणन वर्ष (2020-21) में 60 लाख टन चीनी निर्यात को 3,500 करोड़ रुपये की निर्यात सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। उम्मीद है कि इससे चीनी मिलों की बिक्री बढ़ेगी और नकद धन आने से उन्हें किसानों के गन्ने का के बकाए का भुगतान करने में मदद मिलेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बुधवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक के बाद बताया कि सीसीईए ने 60 लाख टन चीनी निर्यात के लिए 3,500 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। सब्सिडी की राशि सीधे किसानों को दी जाएगी। जावड़ेकर ने कहा कि चीनी उद्योग के साथ गन्ना किसान भी संकट में हैं। देश में चीनी का उत्पादन खपत से अधिक है। इस बार उत्पादन अनुमानित 310 लाख टन रहेगा जबकि घरेलू मांग 260 लाख टन की है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से पांच करोड़ किसानों को लाभ होगा। सरकार ने 2019-20 के विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के दौरान एकमुश्त 10,448 रुपए प्रति टन की निर्यात सब्सिडी दी थी।

इससे सरकारी खजाने पर 6,268 करोड़ रुपए का बोझ पड़ा था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार चीनी मिलों ने 2019-20 के विपणन सत्र में 60 लाख टन निर्धारित कोटा की तुलना में 57 लाख टन चीनी का निर्यात किया था।

## मंत्रिमंडल ने अगले दौर की स्पेक्ट्रम नीलामी को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को अगले दौर की स्पेक्ट्रम नीलामी को मंजूरी दे दी। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि यह नीलामी मार्च में होगी और इसमें कुल 2,251 मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी की बिक्री की जाएगी। नीलामी के इस दौर में 5जी सेवाओं के लिए चिन्हित स्पेक्ट्रम फ्रीक्वेंसी को बिक्री के लिए प्रस्तुत नहीं करने का निर्णय किया गया है। प्रसाद ने कहा कि सरकार 700 मेगाहट्र्ज, 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज और 2,500 मेगाहट्र्ज के फ्रीक्वेंसी बैंड में 2,251 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए रखेगी।

उन्होंने कहा, आवेदन आमंत्रित करने को लेकर नोटिस इस महीने जारी किया जाएगा और नीलामी मार्च तक होगी।



न्यूयार्क में रेस्टोरेंट उद्योग को लेकर रेस्टोरेंट व बार के कर्मचारी व मालिक रैली निकालते हुए

# महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनादर की घटना स्तब्ध करने वाली: कैली

**भाषा।** वाशिंगटन

● भारत में नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों के समर्थन में यहां सिख-अमेरिकी युवाओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया था और इस दौरान खालिस्तानी अलगाववादियों ने अमेरिका में भारतीय दूतावास के बाहर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनादर किया था

**व्हाइट हाउस** की प्रेस सचिव कैली मेकनैनी ने यहां भारतीय दूतावास के बाहर महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनादर किए जाने की घटना को स्तब्ध करने वाली करार दिया और कहा कि उनकी प्रतिष्ठा का सम्मान होना चाहिए।

भारत में नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों के समर्थन में यहां सिख-अमेरिकी युवाओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया था और इस दौरान खालिस्तानी अलगाववादियों ने अमेरिका में भारतीय दूतावास के बाहर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनादर किया था।मेकनैनी ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस घटना संबंधी एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, यह निंदनीय है। किसी भी प्रतिमा या स्मारक का अनादर नहीं किया जाना चाहिए और खासकर गांधी जैसी शख्सियत की प्रतिमा के साथ तो ऐसा कतई नहीं होना चाहिए जो शांति, न्याय एवं स्वतंत्रता के उन मूल्यों के लिए लड़े, जिनका प्रतिनिधित्व अमेरिका करता है। उन्होंने कहा, यह स्तब्ध करने वाली बात है कि एक से अधिक बार ऐसा हुआ और हमारा मानना है कि महात्मा गांधी की प्रतिमा का सम्मान होना चाहिए, खासकर यहां अमेरिका की राजधानी में। वहीं विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि वह वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने हाल में हुए प्रदर्शनों से अवगत हैं।प्रवक्ता ने कहा, हम अमेरिका में विदेशी मिशन की सुरक्षा की जिम्मेदारी गंभीरता से लेते हैं और हालिया घटना को लेकर भारतीय दूतावास से बातचीत कर रहे हैं। ग्रेटर वाशिंगटन डीसी, मैरीलैंड और वर्जीनिया के अलावा न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी, पेंसिल्वेनिया, इंडियाना, ओहायो और नॉर्थ कैरोलाइना जैसे राज्यों से आए सैंकड़ों सिखों ने शनिवार को वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास तक कार रैली निकाली थी। इसी दौरान भारत विरोधी पोस्टरों और बैनरों के साथ खालिस्तानी झंडे लिए कुछ सिख वहां आए। इनमें से कुछ खालिस्तान समर्थक सिख हाथों में कृपाण लिए महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने आए और उस पर एक पोस्टर चिपका दिया। इस समूह ने भारत विरोधी और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे।भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर प्रदर्शनकारियों के रूप में गुंडागर्दी करने वाले लोगों के इस दुष्ट कृत्य की निंदा की। दूतावास ने कहा कि उसने अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समक्ष इस संबंध में कड़ा विरोध दर्ज कराया है और अपराधियों के खिलाफ जांच तथा कानून के तहत कार्वाई के लिए अमेरिकी विदेश मंत्रालय के सामने भी यह मामला उठाया है।महात्मा गांधी की इस प्रतिमा का तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने 16 सितंबर, 2000 को तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की मौजूदगी में अनावरण किया था।प्रतिमा के अनादर की यह घटना दूसरी बार हुई है। इससे पहले दो और तीन जून की मध्यरात्रि को भी कुछ अज्ञात बदमाशों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनादर किया था, जिसके बाद मिशन ने स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। यह घटना 25 मई को मिनियापोलिस में अफ्रीकी-अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में मौत के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हुई थी।

# अपना काम करने की वजह से रिकॉर्ड संख्या में पत्रकार जेल में

**एपी।** न्यूयॉर्क



**वैश्विक स्तर** पर इस महीने की शुरूआत में, अपने काम की वजह से 274 पत्रकारों को जेल जाना पड़ा है और उनमें से करीब तीन दर्जन पत्रकारों पर फर्जी खबर देने का आरोप है। यह आंकड़ा कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स ने जारी किया है।

कमेटी ने मंगलवार को कहा कि यह लगातार पांचवां ऐसा वर्ष है, जब कम से कम 250 पत्रकार हिरासत में हैं, जो कि सरकारों के दमनकारी कदमों को दर्शाता है। पत्रकारों को जेल में रखने के मामले में चीन सबसे ऊपर है। इसके बाद तुर्की और मिस्त्र का स्थान है। वहीं बेलारूस और इथियोपिया में राजनीतिक गतिरोध की वजह से भी बड़ी संख्या में पत्रकार हिरासत में हैं।कमेटी ने बताया कि इस साल अब तक 29 पत्रकार मारे जा चुके हैं, जो कि पिछले साल से ज्यादा है। पिछले साल 26 पत्रकार मारे गए थे। हालांकि यह आंकड़ा पिछले दशक के शुरूआती समय से कम है। 2012 और 2013 में 74 पत्रकार मारे गए थे।

समिति के एक पदाधिकारी कोर्टनी राडसश ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से इस साल संघर्ष क्षेत्रों में पत्रकारों की संख्या कम है, जहां वे संघर्ष का शिकार हो सकते हैं। इस साल अब तक 20 पत्रकार हत्या का शिकार हुए हैं। अमेरिका प्रेस फ्रीडम ट्रेकर ने बताया कि इस महीने की शुरूआत में अमेरिका में किसी पत्रकार की न तो हत्या हुई है और न ही कोई अभी जेल में हैं। लेकिन 2020 में 110 पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया और उन पर आपराधिक आरोप लगाए गए। वहीं 300 को उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जिनमें से कई काले व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉइड की पुलिस हिरासत में हुई मौत के बाद नस्लीय न्याय को लेकर उभरे विरोध प्रदर्शन की रिपोर्टिंग कर रहे थे।कमेटी इस बात को लेकर चिंतित है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका में फर्जी खबरों को लेकर बार-बार दिए गए बयान की वजह से अन्य देशों के अधिनायकवादी नेता प्रभावित हो रहे हैं। पिछले कई वर्षों के मुकाबले अब ज्यादा पत्रकार जेल में हैं। कमेटी ने बताया कि 2005 में 131 और 2000 में यह संख्या 92 थी।चीन में 47 पत्रकार जेल में हैं, जिनमें से तीन कोविड-19 महामारी पर सरकार के कदमों से जुड़ी खबरों के लिए जेल में हैं। वहीं मिस्र में 27 पत्रकारों को जेल में जाना पड़ा है, जिनमें से कम से कम तीन को कोविड-19 महामारी से जुड़ी खबरों के लिए जेल जाना पड़ा। वहीं मिस्र और होंडुरास में जेल में संक्रमित होने से पत्रकारों की मौत हो गई।जेल जाने वाले पत्रकारों में से लगभग सभी अपने देश से संबंधित मामलों की रिपोर्टिंग कर रहे थे। कमेटी ने बताया कि जेल जाने वाले पत्रकारों में से 36 महिला पत्रकार हैं।

# अमेरिका में कोविड-19 का टीका एक चमत्कार है: व्हाइट हाउस

**भाषा।** वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने इस साल के अंत में टीका उपलब्ध कराने के वादे को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का उपहास उड़ाने वाले अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग की आलोचना करते हुए कहा है कि इतने कम समय में कोविड-19 का टीका विकसित करना और उसका वितरण करना एक चमत्कार है।

अमेरिकी दवा निर्माता कंपनी फाइजर ने रविवार को मिशिगन के गोदाम से कोरोना वायरस के टीके की पहली खेप रवाना कर दी और इसके साथ ही अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई।अमेरिका में कोरोना वायरस के कारण तीन लाख से अधिक लोगों की मौत हो गई है और देशभर में एक करोड़ 60 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। फ्लाइट नर्स का काम करने वाले 43 वर्षीय जॉनी पीपल्स को मिशिगन मेडिकल केयर सेंटर में सोमवार दोपहर को टीका दिया गया। वह यह टीका लेने वाले पहले शख्स बने हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैली मेकनैनी ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, कल अमेरिका ने चिकित्सीय चमत्कार देखा। देशभर में कोविड-19 से निपटने के लिए अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे कर्मियों को टीके की पहली खुराक दी गई। राष्ट्रपति ने रिकॉर्ड समय में सुरक्षित एवं प्रभावी टीके का वादा किया था और राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसा किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने इन टीकों को विकसित किए जाने की निगरानी की और उन्हें इन पर बहुत भरोसा है। उन्होंने कहा कि ट्रंप चाहते हैं कि सभी अमेरिकियों को यह टीका मिले।मेकनैनी ने कहा, इस साल की शुरुआत में हमने कई समाचार संस्थानों एवं तथ्यों की तथाकथित जांच करने वालों से सुना था कि राष्ट्रपति ट्रंप को अपनी बात सही साबित करने के लिए चमत्कार की आवश्यकता होगी। एनबीसी के एक लेख में यह कहा गया था। उन्होंने कहा, हेल्थलाइन के अनुसार, हमें बताया गया था कि टीका विकसित होने में एक साल से अधिक का समय लगेगा। यूएसए टुडे ने हमें सचेत किया था कि चिकित्सीय अनुसंधानों के प्रगति करने के बावजूद टीका आने में एक साल से अधिक का समय लगेगा। नेशनल ज्योग्राफिक ने भी हमें बताया था कि एक साल से 18 महीने तक के समय में टीका विकसित करना अभूतपूर्व होगा। इन रिपोर्टों को स्वयं अपने तथ्यों की जांच करने की आवश्यकता है।

# न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस की संक्रमण दर स्थिर करना ही काफी नहीं था: जेसिंडा



**एपी।** वेलिंगटन

**न्यूजीलैंड ने** इस साल देश से कोरोना वायरस खत्म करके विश्व के सभी देशों को चकित कर दिया। प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस को दिए साक्षात्कार में कहा कि लक्ष्य पूरा करने की जितनी लालसा थी, डर भी उतना ही था। उन्होंने कहा कि हमें हमें शुरू में ही एहसास हो गया था कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था इस महामारी से निपट नहीं सकेगी और इसी ने हमारा लक्ष्य तय किया।इस रास्ते में बहुत मुश्किलें आईं। अगस्त में वायरस को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बढ़ाचढा कर किए दावों के बीच जेसिंडा को अपना बचाव करना पड़ा। ट्रंप ने रैलियों में वायरस संक्रमण के मामलों के फिर से बढ़ने का दावा करते हुए कहा था , न्यूजीलैंड के लिए चीजें खत्म हो गई हैं। सब खत्म हो चुका है। आर्डर्न ने ट्रंप की टिप्पणियों के संदर्भ में कहा था कि इस तरह का बयान न्यूजीलैंड की स्थिति की गलत प्रस्तुति थी। इसपर व्हाइट हाउस से तुरंत कोई टिप्पणी नहीं मिल सकी।जब यूरोप में वायरस का प्रकोप शुरु हुआ तो आर्डर्न ने कहा कि देश बस दो विकल्प पर विचार कर रहे थे। पहला हर्ड इम्युनिटी और कोरोना वायरस की संक्रमण दर स्थिर करना। न्यूजीलैंड ने दूसरा रास्ता चुना।उन्होंने कहा, हमने जब शुरुआत की थी तो लगा था कि इसे पूरी तरह खत्म करना संभव नहीं है। लेकिन उनकी सोच जल्द बदल गई।लगभग 50 लाख की आबादी वाले न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस से केवल 25 मरीजों की मौत दर्ज की गई और तब तक संक्रमण को पूरी तरह से काबू में कर लिया गया।



इस्लामाबाद में पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी से तालिबान के राजनीतिक दल के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मुलाकात के दौरान

## क्विक न्यूज

### बाइडन ने पीट को परिवहन मंत्री पद के लिए किया नामित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने परिवहन मंत्री के रूप में पूर्व मेयर पीट बटइग को नामित किया है। पीट बटइग अमेरिका के इतिहास में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की दावेदारी करने वाले पहले ऐसे नेता हैं, जो सार्वजनिक तौर पर यह खुलासा कर चुके थे कि वह समलैंगिक हैं। वही 38 वर्षीय पीट स्टेट प्राइमरी या कॉकस का चुनाव जीतने वाले सबसे कम उम्र के नेताओं में से एक है।उन्हें इंडियाना के अपने गृहनगर साउथ बेंड का कायापलट करने में मिली सफलता के लिए जाना जाता है। वह सबसे पहले 29 साल की उम्र में निर्वाचित हुए थे और उन्होंने सार्वजनिक, निजी और सामुदायिक क्षेत्र के नेताओं को साथ लाकर साउथ बेंड को नवोन्मेष और नौकरियों के सृजन का हब बना दिया। किसी जमाने में इस इलाके को अमेरिका के मरणासन्न शहरों में गिना जाता था।बाइडन ने मंगलवार को एक बयान में कहा, मेयर पीट देशभक्त और समस्याओं को सुलझाने वाले इंसान हैं। हम एक देश के तौर पर जो हैं, वह उसी तरह की बात करते हैं। मैं उन्हें परिवहन मंत्री के रूप में नामित करता हूं क्योंकि यह पद हमारे सामने पेश आ रही कई तरह की चुनौतियो और अवसरो से भरा हुआ है। पीट ने नामित होने के बाद इसे नौकरियों के सृजन, पर्यावरण संबंधी चुनौतियों से निपटने और सभी के लिए बराबरी का माहौल तैयार करने का बेहतरीन अवसर करार दिया।

### मैकार्थी को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना का प्रमुख चुन सकते हैं बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन पर्यावरण एजेंसी की पूर्व प्रमुख जीना मैकार्थी को जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर समन्वित घरेलू अभियान की उनकी महत्वाकांक्षी योजना का प्रमुख चुन सकते हैं।योजना से अवगत एक व्यक्ति ने नाम उजागर ना करने की शर्त पर एपी को बताया कि मैकार्थी का चयन किया जा सकता है, क्योंकि अभी तक कई पदो पर बाइडन ने उनके उप राष्ट्रपति कार्यकाल मे उनके साथ काम कर चुके लोगों का चयन किया है।जलवायु प्रयासो में मैकार्थी के समकक्ष पूर्व विदेश मंत्री जॉन कैरी होंगे, जिन्हें बाइडन ने राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दो के लिए अपने जलवायु दूत के रूप में नामित किया है। मैकार्थी (66) पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल में 2013 से 2017 के बीच पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की प्रशासक थी। वह ओबामा के पहले कार्यकाल में वायु एवं विकिरण कार्यालय की सहायक प्रशासक थी।

### शीर्ष पदों पर अधिक महिलाओं को नियुक्त करने के लिए पेरिस सिटी हॉल पर लगा जुर्माना

**पेरिस।** फ्रांस मे नगर निकाय पेरिस सिटी हॉल पर 2018 मे शीर्ष पदो पर अधिक महिलाओ को नियुक्त करके लैगिक समानता बनाए रखने के नियम का उल्लंघन करने के आरोप में 90,000 यूरो का जुर्माना लगाया गया है।पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने मंगलवार को शहर परिषद की बैठक मे जुर्माने को अनुचित और असंगत बताया। पेरिस सिटी हॉल मे 2018 मे 11 महिलाओ और पांच पुरुषो को शीर्ष पदो पर नियुक्त किया गया था (जो कुल पदो का केवल 30 प्रतिशत है) ,जिसके बाद निकाय सेवा मंत्रालय ने यह जुर्माना लगाया है।महिलाओं की सिविल सेवा में वरिष्ठ पदो तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 2013 मे पारित एक कानून के तहत महिला और पुरुष दोनो की 40 प्रतिशत नियुक्ति जरूरी है।पेरिस सिटी हॉल में वरिष्ठ पदो में 47 प्रतिशत महिलाएं है। हिडाल्गो ने कहा, हां, हमे दृढ़ता के साथ महिलाओ को बढ़ावा देने की जरूरत है, क्योंकि फ्रांस अब भी इस मुद्दे पर काफी पिछड़ा है।

### संयुक्त राष्ट्र ने सिद्धार्थ चटर्जी को चीन में स्थानिक समन्वयक नियुक्त किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के वरिष्ठ अधिकारी सिद्धार्थ चटर्जी को चीन मे वैश्विक संस्था का स्थानिक समन्वयक नियुक्त किया है।स्थानिक समन्वयक देश स्तर पर विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के प्रतिनिधि होते है। वह सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के जरिए कोविड-19 महामारी से बेहतर तरीके से निपटने के लिए देशो की मदद के संबंध मे संयुक्त राष्ट्र के दल का प्रतिनिधित्व करते है। गुतारेस ने चीन की सरकार की मंजूरी के बाद चटर्जी को वहां का स्थानिक समन्वयक नियुक्त किया है। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को बताया, देश की मंजूरी के बाद नियुक्त की जाती है। वह (चटर्जी) अगले साल जून के मध्य से पद संभालेगे।उन्होंने कहा, हम अपने दोस्त सिद्धार्थ चटर्जी को बधाई देते है। स्थानिक समन्वयको की नियुक्ति मे लैगिक और क्षेत्रीय समानता बनाए रखने पर हमे गर्व है। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में कहा कि चटर्जी के पास अंतरराष्ट्रीय सहयोग, सतत विकास, मानवीय मदद और शांति-सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने का 25 साल से ज्यादा का अनुभव है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और इससे बाहर कार्य के दौरान ए अनुभव हासिल किए।चटर्जी केन्या में संयुक्त राष्ट्र के स्थानिक समन्वयक समेत संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के लिए भी काम कर चुके है।

# अमेरिकी संसद ने भारत के खिलाफ चीन की आक्रामकता का विरोध करने वाला रक्षा नीति विधेयक पारित किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी संसद** ने 740 अरब डॉलर का रक्षा नीति विधेयक आधिकारिक रूप से पारित किया है, जिसमें अन्य चीजों के साथ ही वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत के खिलाफ चीन की आक्रामकता का विरोध किया गया है।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा और सीनेट ने मंगलवार को राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार कानून (एनडीएए) पारित किया। इसमें भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति के प्रस्ताव की भाषा के अहम अंशों को शामिल किया गया है और चीन सरकार से एलएसी के पास भारत के खिलाफ सैन्य आक्रामकता को समाप्त करने का आग्रह किया गया है।

भारत और चीन के बीच इस साल मई से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सैन्य गतिरोध बना हुआ है। दोनों देशों के बीच कई दौर की वार्ता के बाद भी गतिरोध सुलझाने की दिशा में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। द्विदलीय कांग्रेशनल सम्मेलन समिति ने विधेयक के प्रतिनिधि सभा एवं सीनेट के संस्करणों को इस महीने की शुरूआत में मिलाकर अंतिम विधेयक तैयार किया था।

चीन की आक्रामकता के विरोध संबंधी प्रावधान को शामिल किया जाना हिंद-प्रशांत क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में भारत जैसे सहयोगियों के लिए अमेरिका के मजबूत समर्थन को दर्शाता है। कृष्णमूर्ति के प्रस्ताव को दोनों सदनों में अभूतपूर्व द्विदलीय समर्थन के साथ पारित किया गया। यदि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस पर हस्ताक्षर कर देते हैं, तो यह कानून बन जाएगा।

ट्रंप ने इस विधेयक के खिलाफ वीटो के इस्तेमाल की धमकी दी है, क्योंकि इसमें सोशल मीडिया कंपनियों के लिए कानूनी संरक्षण को रद्द करने की बात नहीं की गई है। कृष्णमूर्ति ने कहा, हिंसक आक्रामकता किसी चीज का जवाब नहीं होती और यह बात खासकर वास्तविक नियंत्रण रेखा के मामले में सही है, जो भारत से चीन को अलग करने वाला विवादित सीमा क्षेत्र है।

उन्होंने कहा, एनडीएए में मेरे प्रस्ताव की भाषा शामिल कर और इस विधेयक को हस्ताक्षर के बाद कानून में बदलकर अमेरिका सरकार यह स्पष्ट संदेश देगी कि भारत के खिलाफ चीन की आक्रामकता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कृष्णमूर्ति ने कहा, अमेरिका राजनयिक माध्यमों से सीमा गतिरोध सुलझाने में भारत जैसे सहयोगियों के साथ खड़ा रहने के लिए प्रतिबद्ध है। एनडीएए में भारत के साथ लगती सीमा के पास चीन की जारी सैन्य आक्रामकता पर काफी चिंता जताई गई है। इसमें कहा गया है कि चीन को मौजूदा राजनयिक तंत्रों के जरिए एलएसी पर तनाव कम करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए और बल प्रयोग से विवाद सुलझाने की कोशिश से बचना चाहिए।

## डोनाल्ड ट्रंप को जहरीला रसायन रिसिन भेजने वाली महिला के खिलाफ तय किए गए आरोप

**ब्राउंसविले, अमेरिका।** व्हाइट हाउस और टेक्सास की कई कानून प्रवतन एजेंसियों को डाक के जरिए खतरनाक जहरीला रसायन रिसिन भेजने के मामले में एक कनाडाई महिला के खिलाफ खतरा पैदा करने और जैविक हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप लगाए गए हैं।अभियोजन ने मंगलवार को बताया कि टेक्सास के ब्राउंसविले में ग्रैंड ज्यूरी ने सुनवाई के दौरान पास्केल फेरियर के खिलाफ 16 आरोप लगाए गए। कनाडा के मांट्रियल इलाके की 53 वर्षीय निवासी फेरियर उन्हीं आरोपों के तहत वाशिंगटन में संघीय अधिकारियों की हिरासत में है। फेरियर के वकील ने हाल में लगाए गए आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की।

# 2022 तक दुनिया की एक चौथाई आबादी को नहीं मिल पाएगा कोविड-19 का टीका: बीएमजे अध्ययन

**एजेंसी।** वाशिंगटन


**दुनिया की** करीब एक चौथाई आबादी को 2022 तक कोविड-19 का टीका संभवत: नहीं मिल पाएगा। द बीएमजे में बुधवार को प्रकाशित अध्ययन में यह बताया गया है और सचेत किया गया है कि टीका वितरित करना, उसे विकसित करने जितना ही चुनौतीपूर्ण होगा।


इसी पत्रिका में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में अनुमान जताया गया हो कि दुनियाभर में 3.7 अरब वयस्क कोविड-19 का टीका लगवाना चाहते हैं, जो खासकर कम और मध्यम आय वाले देशों में मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत रणनीतियां बनाने की महत्ता को रेखांकित करता है।ए अध्ययन दर्शाते हैं कि वैश्विक कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम की संचालनात्मक चुनौतियां टीका विकसित करने से जुड़ी वैज्ञानिक चुनौतियों जितनी ही मुश्किल होंगी।अमेरिका में जॉन्स हॉप्किन्स ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अनुसंधानकर्ताओं ने कहा, यह अध्ययन बताता है कि अधिक आय वाले देशों ने किस प्रकार कोविड-19 टीकों की भविष्य में आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है, लेकिन शेष दुनिया में इनकी पहुंच अनिश्चित है। उन्होंने कहा कि टीकों की आधी से अधिक खुराक (51 प्रतिशत) अधिक आय वाले देशों को मिलेंगी, जो दुनिया की आबादी का 14 प्रतिशत हैं और बाकी बची खुराक कम एवं मध्यम आय वाले देशों को मिलेंगी, जबकि वे दुनिया की जनसंख्या का 85 प्रतिशत से अधिक हैं।अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि दुनिया की करीब एक चौथाई आबादी को 2022 तक कोविड-19 का टीका संभवत: नहीं मिल पाएगा और यदि सभी टीका निर्माता अधिकतम निर्माण क्षमता तक पहुंचने में सफल हो जाए, तो भी 2022 तक दुनिया के कम से कम पांचवें हिस्से तक टीका नहीं पहुंच पाएगा।

## टेली टेल

# हाथी का गुस्सा कैसे होगा कम







सोनी सब चैनल पर चल रहा कल्पना आधारित शो 'बालवीर रिटर्न्स के अगले एपिसोड्स में एक अत्यंत रोचक मोड़ देखने को मिलेंगे। इसके हर दृष्य में दर्षकों को थ्रिल का आनंद मिलने वाला है। विवान (वंश सायामी) को अपने जाल में फंसाने में विफल रहने पर रे बालवीर (देव जोषी) तथा विवान की सोसायटी पर साइबेरियन हाथी द्वारा आक्रमण करने की योजना बना रहा है। इसके आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को साहसिक यात्रा का पूरा आनंद मिलने वाला है क्योंकि विवान की मां करूणा (जया बिंजू) मादा हाथी के हमले का आखेट बन जाती है। वापस आने पर बालवीर वीर लोक में अपनी मौलिक शक्तियों के साथ दिखाई देता है। बालवीर को मारने में विफल रहने पर रे (षोएब अली) अब धरती पर एक साइबेरियन हाथी के माध्यम से विनाष लीला खेलना चाहता है। रे विवान का रूप धर लेता है और हथिनी से उसके बच्चे को लालच देकर दूर ले जाता है। कुछ ही देर बाद गुस्से से फुंफकारती हथिनी बालवीर की सोसायटी की ओर जाकर वहां सबकुछ नष्ट कर देती है। बालवीर हथिनी को रोकने का हर जतन करता है लेकिन उसकी शक्तियां कम पड़ जाती हैं और जल्दी ही उसे पता चलता है कि परिस्थिति उसके नियंत्रण से बाहर होने वाली हैं। हथिनी बालवीर की ओर तेजी से दौड़कर उसे मारना चाहती है लेकिन करुणा विवान के सामने आकर हथिनी का रास्ता रोक लेती है। ऐसे में अब हथिनी करुणा को उठाकर अपने साथ ले जाती है।

**अब देबू और विवान करुणा को कैसे बचाएंगे और कैसे उस हाथी के बच्चे को ढूंढेगे?**

देव जोशी इसमें बालवीर का चरित्र कर रहे हैं। उन्होंने बताया, 'बालवीर के रूप में वापसी करना मेरे लिए अद्भुत अनुभव रहा है। भूत का चरित्र करना अपने आप में एक अलग अनुभव होता है। लेकिन मुझे बालवीर के परिधान बहुत आकर्षित करते थे। करुणा को हाथी उठाकर ले गया है तो ऐसे में देबू और विवान असमंजस की स्थिति में हैं और अब करुणा को वापस लाने के लिए हथिनी के बच्चे को खोज निकालने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन वास्तविक संघर्ष तो इस बात को लेकर है कि देबू और विवान में से किसी को उस बच्चे के बारे में नहीं पता है। ये देखना रोचक होने वाला है कि वे किस प्रकार से उस बेबी हाथी को ढूंढेंगे और क्या वे मिलकर करुणा को समय पर बचा सकेंगे?

## सिकंदर को ऑडिशन्स से कोई समस्या नहीं

**आल्ट बालाजी** तथा ज़ी 5 पर रिलीज़ किया गया नया शो मम भाई इन ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आते ही चर्चा का विषय बनते जा रहे हैं। इस शो में 90 के दषक की सेटिंग रखी गई हैं। इसके चरित्रों का अद्भुत प्रस्तुतीकरण ही वास्तव में लोगों को अत्यंत रोचक लग रहा है। कहने की बात नहीं है कि इसमें सिकंदर खेर की लुक विषेष रूप से लोगों को भा रही है जो इसमें रामांषेट्टी का चरित्र कर रहे हैं जो शो में उसका मित्र होने के साथ ही पुलिस अधिकारी बने अंगद बेदी का मित्र भी होता है। इस शो में अंडरवर्ल्ड का सत्य दिखाया गया है इसकी थीम एक पुलिस अधिकारी तथा अपराधी के बीच की दोस्ती पर आधारित कहानी है। कहना ही होगा कि इसकी ये थीम दर्षकों को बहुत लुभा रही है।

लेकिन क्या आपको पता है कि रामाषेट्टी का चरित्र कर रहे सिकंदर खेर को इस भूमिका के लिए लिया ही नहीं गया था? सिकंदर बताते हैं, 'मैंने इस शो के लिए ऑडिषन दिया और इसके बाद लंबे समय तक मुझे वहां से बुलाया ही नहीं गया। बहुत समय बाद शो की निर्माता तथा मेरी मित्र अपूर्वा लखिया ने मुझसे फोन करके पूछा कि मैंने उन्हें ऑडिशन के बारे में बताया क्यों नहीं? लेकिन मैं नहीं चाहता था कि इस रोल के लिए कोई मेरा संदर्भ दे या फिर मुझे उस रोल के लिए लेने को कहे। वे रामाशेट्टी के लिए किसी को फाइनल कर चुके थे लेकिन अंततः ये रोल मुझे मिल ही गया।'

आगे शो के लिए ऑडिशन देने के बारे में बताते हुए सिकंदर ने बताया, 'मैं एक अभिनेता हूं और हर बार किसी भूमिका के लिए ऑडिशन देना मेरा काम है। हॉलिवुड के बड़े अभिनेता भी ऑडिशन देने के लिए बुलाए जाते हैं। और वे इसे गरिमापूर्ण ढंग से स्वीकार भी करते हैं। यही बात मुझपर भी लागू होती है। यदि मुझे किसी रोल के लिए सीधी कॉल मिलती है और मुझे भूमिका पसंद होती है तो मैं ऑफर स्वीकार कर लेता हूं। लेकिन यदि बात ऑडिषन पर आती है तो मुझे इसपर किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है।'

आल्ट बालाजी और ज़ी 5 पर चल रहे मुम भाई एक ऐसा ड्रामा है जो नगर की आपराधिक दुनिया पर आधारित है। इसमें एक पुलिसवाले और एक अपराधी के बीच की मित्रता दिखाई गई है। इसमें 1980 से वर्ष 2000 के बीच का कालखंड दिखाया गया है।

## केबीसी पर छात्र-स्पेशल एपिसोड

**कौन बनेगा** करोड़पति (केबीसी) में इस सप्ताह देष भर से उभरती प्रतिभाओं को बुलाया गया है। हॉट सीट पर बैठकर वे अपने ज्ञान प्रदर्शन से धन अर्जित करने के साथ ही जागरूकता भी प्रसारित करते नजर आएंगे।

ये शो एक ऐसे समय पर आ रहा है जब ऑनलाइन शिक्षा का तेजी से प्रसार हो रहा है और कई लोग इसका सीधा लाभ भी ले रहे हैं। स्टूडेंट्स स्पेशल वीक में इस बार केबीसी में 10 से 16 साल के बच्चों को निमंत्रित किया गया है। वे हॉटसीट पर धमाल मचा देते हैं। तो क्या इस बार दर्शकों को एक युवा करोड़पति दिखने वाला है?


इस शो में सहयोग प्रदान करते हुए लाइव ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म वेदांतू ने एक वी क्विज़ का आयोजन किया। जिन लोगों ने इस क्विज़ में हिस्सा लिया उन्होंने इस गेम को सधे हुए ढंग से खेला और केबीसी के लिए पात्र बन गए। वेदांतू प्लेटफॉर्म पर भी छात्रों की संख्या दो गुणा से अधिक हो चुकी है। इसकी वी क्विज़ में प्रतिभागियों की संख्या में पांचगुणा वृद्धि देखी गई है। जिन लोगों ने इस क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया और आगे बढ़े उनमें से आठ छात्रों को हॉटसीट पर बैठने का अवसर मिलेगा। केबीसी अब अपनी शक्ति से भी आगे निकलकर हर साल हमारे बीच आता है। इसमें सामान्य व्यक्ति को केन्द्र में रखा जाता है और आत्मविश्वास, धैर्य, लगन, साहस, विश्वास, आशा तथा बुद्धिमानी जैसे गुणों को उचित महत्व प्रदान किया जाता है। इस सीज़न में भी हमें इसमें विविध क्षेत्रों से जुड़े ऐसे सामान्य लोग देखने को मिले जिन्होंने अपने संघर्षों से हार नहीं मानी और उन्हें ही ऊपर चढ़ने की सीढ़ी बनाते चल गए और सफल रहे। इस सीज़न में भी केबीसी में अब तक तीन करोड़ पति तो बन ही चुके हैं।

## स्टार प्लस ने पटियाला के स्थानीय लोगों की रखी बात

**स्टार प्लस** चैनल ने अब अपने नए धारावाहिक 'शौर्य और अनोखी की कहानी' लेकर आ रहा है। दिसंबर माह में किसी भी दिन इसे रिलीज़ किया जा सकता है। ये वास्तव में अनोखी भल्ला (देबात्मा साहा) जो पंजाब के एक छोटे से नगर की एक सामान्य युवती है। वो अपने सामान्य सपनों, जैसे कॅरियर बनाना और आत्मनिर्भर बनना, को पूरा करना चाहती है। लेकिन हमारे पितृसत्तात्मक समाज की रीतियों के कारण उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उधर क्रांतिवीर शर्मा (शौर्य सभ्भरवाल) तथा देबात्मा (अनोखी) इसमें लीड रोल निभाएंगे। हाल ही में पटियाला में इस शो के आरंभिक एपिसोड शूट किये गए। पटियाला में पूरी शूटिंग के दौरान पूरी टीम की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया। प्रतिभाशाली अभिनेता क्रांतिवीर शर्मा महामारी के बाद अपनी पहली शूटिंग पर अपने अनुभव साझा करते हुए बताते हैं, 'हमने मुंबई में शो की शूटिंग कुछ ही समय पूर्व प्रारंभ की थी। दर्शकों तक शो की जीवंतता पहुंचाने के लिए हमें कुछ शूटिंग बाहर भी करनी थी और यही कारण था कि हमें पटियाला जाना पड़ा। इसके अलावा धारावाहिक पंजाबी पृष्ठभूमि है यही कारण है कि हमें बाहर जाकर पटियाला में शूटिंग करनी पड़ी। मेरी सहयोगी कलाकार देबात्मा तथा मैं एक छोटी टीम के साथ हाल ही में पटियाला गए थे। हमनें वहां कुछ दिन की शूटिंग की और मुंबई वापस आ गए। वहां जाकर शूटिंग करना हमारे लिये स्मरणीय अनुभव था।'

---

## वरुण धवन कोरोना संक्रमण मुक्त




**मुम्बई।** अभिनेता वरुण धवन संक्रमण मुक्त हो गए हैं और उन्होंने फिल्म जुग जुग जियो की शूटिंग की तैयारी शुरू कर दी है। हाल ही में वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। फिल्म जुग जुग जियो के धवन के सह-कलाकार नीतू कपूर, मनीष पॉल और निर्देशक राज मेहता भी दिसम्बर के पहले सप्ताह में संक्रमित पाए गए थे। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि धवन और मेहता अब ठीक हो गए हैं और 19 दिसम्बर से चंडीगढ़ में फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू करेंगे। नीतू कपूर की कोविड-19 की जांच रिपोर्ट 11 दिसम्बर को आई थी, जिसमें उनके संक्रमण मुक्त होने की पुष्टि हुई थी। वहीं मनीष पॉल के स्वास्थ्य के संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। फिल्म जुग जुग जियो में अनिल कपूर, कियारा आडवाणी और प्राजक्ता कोली भी नजर आएंगी।

## आईएफएफआई में विश्व, एशिया और भारत की सर्वश्रेष्ठ फिल्में दिखाई जाएंगी: जावड़ेकर



**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बुधवार को कहा कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के 51वें समारोह में 16 जनवरी से 24 जनवरी के बीच विश्व, एशिया और भारत की सर्वश्रेष्ठ फिल्में दिखाई जाएंगी। नौ दिवसीय महोत्सव पहले 20-28 नवंबर के बीच गोवा में आयोजित होने वाला था लेकिन कोरोना वायरस महामारी की वजह से इसकी तारीखें आगे बढ़ा दी गईं। जावड़ेकर ने एक ट्वीट में कहा, भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 51वें समारोह में विश्व, एशिया और भारत की सर्वश्रेष्ठ फिल्में दिखाई जाएंगी। उन्होंने कहा, भारतीय पैनोरमा श्रेणी में 47 फिल्में दिखाई जाएंगी, वहीं फीचर श्रेणी में 26 और गैर फीचर श्रेणी में 21 फिल्में दिखाई जाएंगी। विभिन्न श्रेणियों में कुल 224 फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी।

## सुमन दुबे की पहली किताब फिक्सर लॉन्च




**जेंटलमैन गेम** पर क्रिकेट के उत्साही प्रशंसकों और फिक्शन के शौकीन पाठकों के लिए एक ज़बरदस्त उपन्यास पेश करते हुए लेखक सुमन दुबे ने अपनी पहली किताब द फिक्सर को लॉन्च किया। असफल क्रिकेट खिलाड़ी 40 वर्षीय नील उपाध्याय की दिलचस्प कहानी को बयाँ करते हुए मशहूर फिल्म निर्देशक इम्तियाज़ अली ने फेसबुक लाइव बातचीत में सुमन के साथ जमशेदपुर में उनके शुरुआती सालों की यादें ताज़ा करते हुए बताया कि दोनों ने एक ही स्कूल में पढ़ाई की और किस तरह शुरुआती वर्षों में खेल उनके जीवन का बड़ा हिस्सा रहा। जैसे.जैसे बातचीत आगे बढ़ी, इर्ं तयाज़ ने क्रिकेट और बास्केटबॉल के लिए अपने प्यार के बारे में खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जब वे बड़े हो रहे थे तो वे या तो बास्केटबॉल खेलना चाहते थे या थिएटर करना चाहते थे। उन्होंने थिएटर का रास्ता चुना और आज जहाँ हैं, वहाँ पहुँचे। यदि उन्होंने बॉस्केटबॉल को चुना होता तो वे सालों पहले रिटायर हो गए होते, जबकि वे वास्तविक जीवन में एक फिल्म निर्देशक के तौर पर बस अभी शुरुआत ही कर रहे थे। उन्हें खुशी है कि सुमन ने एक खिलाड़ी के जीवन में इस नाटकीय पहलू को चुना और अपनी किताब में इसकी खोज करने की कोशिश की।

स्क्रीनराइटिंग और कहानी कहने की कला के बारे में बात करते हुए निर्देशक इम्तियाज़ अली ने कहा, कभी-कभी मुझे बहुत अपराध जैसा महसूस होता है जब लोग मेरी फिल्में पसंद करते हैं और मेरे काम की तारीफ करते हैं क्योंकि यह वास्तविक नहीं लगता है ऐसा जैसे मैंने कुछ काम ही नहीं किया। लिखने के मेरे अनुभव में कभी-कभी किरदार इतने वास्तविक हो जाते हैं कि कहानी की दिशा को पूरी तरह आकार देने का काम उसके द्वारा किया जाता है और मुझे केवल एक टाइपिस्ट की तरह महसूस होता है। ऐसी स्थितियों में जैसा कि सुमन ने कहा, आपको केवल समर्पण करना होता है और किरदारों को कहानी की दिशा तय करने देना होता है। उपन्यास हमेशा उपन्यासकार से बड़ा होता है। कहानी हमेशा कहानीकार से बड़ी होती है। फिल्म हमेशा निर्देशक से बड़ी होती है। हमें केवल इनके रास्ते से हटने की और कहानी को अपने आप विकसित होने देने की ज़रूरत होती है। लिखने के अपने अनुभव और किरदारों के रेखांकन के अनुभव के बारे में चर्चा करते हुए सुमन दुबे ने कहाए मेरा इरादा कभी भी मैच फिक्सिंग के बारे में एक किताब लिखने का नहीं था। मैंने एक असफल क्रिकेट खिलाड़ी के बारे में लिखना शुरू किया जो खेल में एक विरासत तैयार करने के लिए बेताबहै। मैंनेवास्तविक जीवन के निरीक्षणों और अनुभवों का इस्तेमाल किरदारों को आकार देने के लिए किया।


## तापसी ने रश्मि रॉकेट के लिए अपने प्रशिक्षण की झलकियां साझा की

**भाषा। मुंबई**



**तापसी पन्नू** ने अपनी आगामी फिल्म रश्मि रॉकेट में एक खिलाड़ी की भूमिका को लेकर बुधवार को कहा कि किरदार के लिए प्रशिक्षण की प्रक्रिया और शारीरिक बदलाव बहुत मुश्किल और दर्द भरा था। गुजरात के कच्छ में बुनी गई इस फिल्म में पन्नू खिलाड़ी की मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेत्री ने रश्मि रॉकेट में अपनी भूमिका के लिए प्रशिक्षण की एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा की। पन्नू ने 44 सेकेंड के अपने वीडियो में कहा, यह दर्दभरा था। शूटिंग के तीसरे दिन मेरे शरीर ने जवाब दे दिया था, मैं बिल्कुल दौड़ नहीं पा रही थी। मुझे शूटिंग रोकनी पड़ी ताकि मैं चल पाऊं। इस फिल्म के लिए मुझे जिम में बहुत मेहनत करनी पड़ी। वीडियो में पन्नू की जिम में प्रशिक्षण करते हुए कुछ क्लिप थीं जिसमें वे कड़ी मेहनत के बाद थकी हुई भी दिखाई दे रही हैं और अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ लग रही हैं। वीडियो के साथ ही पन्नू ने कहा कि वह अपने इस प्रशिक्षण की कुछ और झलकियां साझा करेंगी। उन्होंने लिखा, आज मैंने रश्मि रॉकेट के लिए अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया और यही मैं आप सभी के साथ साझा करने का इंतजार कर रही थी...अगर आपको यह पसंद आया तो बदलाव सफल रहा। पूरी यात्रा कल साझा करूंगी। आकर्ष खुराना के निर्देशन में बन रही यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी।

## वेब वर्ल्ड



### टाइनी प्रेटी थिंग्स

**जब एक** हमले के कारण बैले स्कूल के एक प्रतिभाशाली छात्र के स्थान पर एक दूसरे छात्र को लिया जाता है तो झूठ, धोखा, और गलाकाट प्रतिस्पर्धा का एक नया दौर प्रारंभ हो जाता है। **कलाकार:** लॉरेन हॉली, किली जेफ्रसन तथा केसीमेएर जोलेट, पहला सीज़न 14 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर जारी



### एज ऑफ टुमॉरो

**बिल केज** टाइम लूप में फंस जाता है और युद्ध में मारे जाने को जीता है। अब बचने के लिए उसे कोई रास्ता तलाषना होगा नहीं तो एलियेन सबकुछ नष्ट कर देंगे। दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर रिलीज़।



### अ कैलिफोर्निया क्रिसमस

**एक जादूगर** अपना स्वच्छंद जीवन जी रहा होता है। वो क्रिसमस से पहले एक परिश्रमी किसान की जमीन को पाना चाहता है। क्या वो सफल होता है? **कलाकार:** लॉरेन स्विकार्ड, जोश स्विकार्ड तथा अली अफशर। दिसंबर 14 से नेटफ्लिक्स पर जारी।

सीतापुर के जमैयतपुर में चार वर्ष से तैयार है भवन

# जिले को 2021 में मिल पाएगी ट्रॉमा सेंटर की सौगात!

● सदर विधायक राकेश राठौर व पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल के प्रयास भी नाकाम

● रोजाना 15-20 एक्सीडेंटल मरीज होते रेफर समय पर इलाज के अभाव में चली जाती जान

● अत्याधुनिक मशीनें न तो पद ही हो पाए सृजित, गंभीर रोगियों को फौरन इलाज मिलने का सपना न बन सका हकीकत



जमैयतपुर स्थित बना खड़ा ट्रामा सेंटर

संवाददाता। सीतापुर

**लंम्बे इंतजार** के बाद योगी सरकार ने सीतापुर के महोली की आदर्श तहसील की तो सौगात दे दी, लेकिन अब सवाल यह है कि सीतापुर के बाशिंदों को ट्रॉमा सेंटर का तोहफा कब ध्मिलेगा ? ध्पिछले चार बरस से सीतापुर के जमैयतपुर में ट्रॉमा सेंटर का नया भवन बनकर तैयार खड़ा है, मगर अभी तक यहां का ट्रॉमा सेंटर न तो अत्याधुनिक मशीनों से लैस हो पाया है और न ही चिकित्सक-मेडिकल स्टॉफ के पद ही सृजित हो पाए, हालांकि समय-समय ये मुद्दा सुर्खियां जरूर बना और अफसर से लेकर माननीय तक आश्वासन भी देते रहे मगर ट्रॉमा सेंटर चालू नहीं हो सका। ऐसे में जिले के गंभीर रोगियो को तत्काल बेहतर इलाज मिलने का सपना हकीकत नहीं बन सका। वर्ष 2020 भी बीतने को है, ट्रॉमा सेंटर बने पांच साल होने को, क्या वर्ष 2021 में सीतापुर वासियों को ट्रॉमा सेंटर की सौगात मिल पाएगी। सीतापुर में गंभीर रोगियों को फौरीतौर पर ध्इलाज की सुविधा नहीं है। इसके अभाव में रोजाना 15 से 20 गंभीर मरीज लखनऊ रेफर होते है। कई बार मरीजों की जान भी चली जाती है। सीतापुर से होकर प्रदेश से देश की राजधानी को जोड़ने वाला सौ किमी से भी ज्यादा दूरी का एनएच-24 भी गुजरा है, जिस पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं और हेडइंजरी होने पर उन्हें करीब 90 किमी दूर लखनऊ ट्रॉमा सेंटर ले जाने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचता है। आकस्मिक चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शहर के सटे खैराबाद इलाके के जमैय्यतपुर में तत्कालीन अखिलेश सरकार में 2 करोड़ 32 लाख की लागत से ट्रॉमा सेंटर के लोकार्पण की रस्म भी 19 सितंबर 2016 को निभा दी गई थी। चार बरस से यह भवन तैयार खड़ा है। लोगों में उम्मीदें, उस वक्त बढ़ गई थी, ट्रॉमा सेंटर को चालू करने के लिए पद सृजित करने की कवायद शुरू हुई थी। लेकिन ये कार्रवाई कागजों में ही सिमट कर रह गई। हर साल ट्रॉमा सेंटर शुरू होने की उम्मीद जगती है। लेकिन यह शुरू नहीं हो पा रहा है। जबकि शुरुआती दौर में इस सेंटर के जरिए सीतापुर, लखीमपुर व हरदोई के बाशिंदों को सुविधाएं देने का लक्ष्य रखा गया था, क्योंकि गंभीर मरीज सीधे लखनऊ रेफर किए जाते हैं। अगर यह सेंटर चालू हो जाए तो उन मरीजों को सुविधाएं मिलेगी, जो एक्सीडेंट व अन्य गंभीर बीमारी के चलते लखनऊ जाते समय ही दम तोड़ देते हैं। तत्कालीन जिले की प्रभारी मंत्री रीता बहुगुणा जोशी ने भी कई बार ट्रॉमा सेंटर शुरू कराने का आश्वासन दिया मगर वो भी शुरू कराने में असफल रहीं। जिले की करीब 50 लाख से ज्यादा आबादी चार बरस से ट्रॉमा सेंटर शुरू होने की उम्मीदें संजोए बैठी हैं। 2019 में कई बार ट्रामा सेंटर चालू होने की कवायद शुरू हुई। भाजपा के सदर विधायक राकेश राठौर ने ट्रॉमा सेंटर चालू कराने को लेकर काफी लिखा-पढ़ी की, लेकिन वो रददी की टोकरी में डाल दी गई।

## महोली तहसील के बाद ट्रामा सेंटर तक रहा चलने की राह

**ट्रॉमा सेंटर** को चालू करने के लिए कभी पद सृजन की बात सामने आई तो कही स्टॉफ तैनाती के बातें सुर्खियों में रहीं। लेकिन यह सब केवल हवा हवाई साबित हुई। अफसर भी शासन पर लेटलतीफी का ठीकरा फोडकर बचते रहे। अभी हाल ही में योगी सरकार ने आदर्श तहसील महोली का वर्चुअल लोकार्पण कर यहां की जनता को सौगात दे दी है। नई आदर्श तहसील महोली के लोकार्पण के साथ ही एक बारगी फिर से ट्रॉमा सेंटर चालू कराने की मांग तेज हो गई। ट्रॉमा सेंटर चालू कराने को लेकर पायनियर ने सपा के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल से बातचीत की, तो वह अखिलेश सरकार के विकास कार्यों को गिनाने लगे और यह दावा भी करने लगे कि वर्ष 2022 में जब हमारी सरकार आएगी, तो तब हम ही उसे चालू करवाएंगे।

पहले दिन 160 गांवों में चिह्नित हुए 437 मृतक

# अब गांवों में दर्ज होगी वरासत, 15 फरवरी तक चलेगा अभियान

संवाददाता। सीतापुर




**वरासत दर्ज** कराने के लिए लेखपाल और अन्य दूसरे कर्मियों के अब चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ये सहूलियत अब उनके गांव में ही सुलभ होगी। योगी सरकार के फरमान पर राजस्व ध्महकमे से जुड़े लेखपाल और जिला स्तरीय अफसर गांव-गांव जाएंगे और आयोजित खुली बैठकों में खतौनियों को पढ़कर भी सुनाएंगे। साथ ही ऑनलाइन आवेदनों का निस्तारण कर उनका नाम भी खतौनी में दर्ज कराएंगे। सरकार के करीब दो माह के विशेष अभियान की शुरूआत भी कर दी गई है। सीतापुर में पंद्रहध् दिसंबर से शुरू इस अभियान के पहले दिन 160 गांवों में 437 मृतक चिंहित किए गए हैं। ये अभियान पंद्रह फरवरी तक चलेगा। अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक ने आई इंडिया को बताया कि सींतापुर जिले की 7 तहसीलों में 2373 ग्रामों का तहसील स्तर पर ग्रामवार भ्रमण कार्यक्रम तैयार कर मंगलवार से तहसील अधिकारियों द्वारा राजस्व ग्रामों में भ्रमणध्कैम्प लगाकर प्रचार-प्रसार तथा खतौनियों को पढ़कर मृतक खातेदारों को चिन्हित कर मृतक के वारिसानों से लेखपाल द्वारा वरासत हेतु आवेदन प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन किया जा रहा है। किसी भी आवेदक द्वारा वरासत हेतु स्वयं अथवा जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से राजस्व परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन अपलोड किया जा सकता है।

### 'पायनियर' से बोले एडीएम



**अपर जिलाधिकारी** विनय पाठक ने जानकारी दी, कि उत्तराधिकारियों के नाम खतौनियों में दर्ज करने के लिए दो माह का विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है, जो 15 फरवरी तक चलेगा। इस अभियान में तहसील अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर राजस्व ग्रामों में प्रचार प्रसार तथा खतौनियों को पढ़कर सुनाएंगे और उनसे आवेदन लेकर लेखपाल द्वारा उसे ऑनलाइन किया जाएगा। बाद में लेखपाल द्वारा ऑनलाइन आवेदनों की जांच की जाएगी। वह कहते हैं कि 16 जनवरी से 21 जनवरी 2021 तक राजस्व निरीक्षक नामांतरण आदेश को खतौनी के नामों को भूलेख साफ्टवेयर में दर्ज कराएंगे। अपर जिलाधिकारी पाठक कहते हैं कि 1 फरवरी से 7 फरवरी तक अभियान चलाकर जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार तथा उपजिलाधिकारी से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाएगा कि उनके क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित राजस्व ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण दर्ज होने से अवशेष नहीं है। एडीएम ने बताया कि अभियान के अंत में 8 फरवरी से 15 फरवरी तक जिलाधिकारी द्वारा जिले की प्रत्येक तहसील के दस प्रतिशत राजस्व ग्रामों को रैण्डमली चिन्हित किया जाएगा। चयनित गांवों में अपर जिलाधिकारी, एसडीएम व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गांवों में जाकर उनका सत्यापन करेंगे। साथ ही यह भी प्रमाण पत्र देंगे कि निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई प्रकरण दर्ज होने से बचा नहीं है।

## देना परिषदीय विद्यालय में कम्प्यूटर लैब हुई स्थापित

**सीतापुर।** कम्प्यूटर लैब की व्यवस्था हो जाने से विद्यालय में शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे बच्चों में सीखने की क्षमता का विकास होगा और कम्प्यूटर शिक्षा की सहायता से उन्हें लगातार आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। यह उद्गार आज संविलयित विद्यालय

● खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक यादव व ग्राम प्रधान राम भरोसे ने किया लैब का शुभारंभ

देना में कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन करते हुए .खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव ने कही। इस अवसर पर किरन देवी, अमरेन्दं सिंह, विजय प्रकाश, सुनील श्रीवास्तव, राजेश कुमार, अशोक कुमार, अरूण मिश्र, रेखा, गीता, अजमत, विनीता, आशाराम, नीतू, किरन अवस्थी, अर्चना वर्मा, विमल कुमार, नरेन्द्र श्रीवास्तव, नीलम, मुन्नी देवी, शान्ती आदि उपस्थित रहे।

क्विक न्यूज

## स्वेटर पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**कसमंडा सीतापुर।** विकास खण्ड कसमंडा के परिषदीय कम्पोजिट विद्यालय सरैया अकबरपुर में आज शासन के मनसा अनुरूप विद्यालय में नामांकित 180 में से 110 बच्चों को मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया । खण्ड़ शिक्षा अधिकारी कसमंडा ने बताया की कोरोना काल में भी सरकार के द्वारा स्कूल में नामांकित बच्चों को ड्रेस वितरण खाद्यान्न वितरण एवं ठंड के मौसम में स्वेटर वितरण किया जा रहा है जो बच्चों के लिए बहुत ही खुशहाली का दिन हैं विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गिरिजेश कुमार अवस्थी ने बताया की सरकार के द्वारा कोरोना काल में भी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के लिए जो भी सुविधाएं एवं स्वेटर जैसी व्यवस्था की जा रही है जो सराहनीय के पात्र है स्वेटर वितरण में उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हबीबुर्रहमान अनुदेशक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह वेद एवं एसएमसी अध्यक्ष सतीश कुमार वह विद्यालय स्टाफ प्रेरणा सिंह सुलेखा शर्मा महेंद्र सिंह जितेंद्र मिश्रा इंदु सिंधु मोहनलाल सहित छात्र-छात्राओं की अभिभावक सहित बच्चे मौजूद रहे।

## धान खरीद घोटाले में मार्केटिंग इंस्पेक्टर व दलाल गिरफ्तार

● एक अन्य आरोपी राजू टेलर फरार, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने पकड़ी थी गड़बड़ी

● तीन सदस्यीय जांच टीम ने भी पकड़ी थीं अनियमितताएं

**सीतापुर।** धान खरीद घोटाले में सीतापुर में हुई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई, रामपुर मथुरा के क्रय केंद्र पर हुए धान खरीद घोटाले में मार्केटिंग इस्पेक्टर प्रवीण सिंह और दलाल पंकज जायसवाल को पुलिस ने किया गिरफ्तार किया। एक अन्य आरोपी राजू टेलर फरार। यह गिरफ्तारी रामपुर मथुरा पुलिस ने की। सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने धान खरीद में गड़बड़ियों को निरीक्षण में था पकड़ा, शिकायत के बाद जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने जांच के लिए गठित की थी तीन सदस्यीय टीम, डिप्टी आरएमओ अरविंद कुमार दुबे, एआर कॉपारेटिव विनय सिंह, तहसीलदार अशोक कुमार की जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां उजागर होने के बाद मार्केटिंग इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह, दलाल राजू टेलर व पंकज जायसवाल के खिलाफ थाने में दर्ज कराया गया था मुकदमा, विधायक ज्ञान तिवारी के तीन दिनों के प्रयासों के बाद और ठगी का शिकार हुए किसानों के विरोध के बाद आखिरकार करीब डेढ़ करोड़ धान खरीद घोटाले के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## अवैध असलहे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**मानपुर सीतापुर।** प्रभारी निरीक्षक मानपुर राय साहब द्विवेदी के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान तलाश वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के तहत एक युवक को अवैध असलहे व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। टीम में एसआई. सतीश चंद्र मय हमराह हेड कांस्टेबल बालेंद्र सिंह, कांस्टेबल अखिलेश वर्मा ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मैजुद्दीनपुर तिराहे के पास से अभियुक्त गया प्रसाद उर्फ पुदन्ना पुत्र रामपाल भार्गव निवासी ग्राम कैमहरा मजरा मैजुद्दीनपुर गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पुदन्ना के पास से मय एक अदद तमंचा नाजायज 12 बोर चालू हालत व एक आदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा जा रहा है।

सीतापुर बार एसो. का चुनाव

## अध्यक्ष समेत दस पदों के लिए दाखिल हुए 37 परचे

**सीतापुर।** बार एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत विभिन्न 10 पदों के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया में बुधवार को 37 दावेदारों ने परचा किया। अध्यक्ष पद के लिए हरीश त्रिपाठी और महासचिव पद के लिए बुद्धि प्रकाश मिश्रा ने दो-दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। सबसे ज्यादा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए सात व सबसे कम संयुक्त सचिव पद पर एक नामांकन पत्र आया। 17 दिसंबर को सभी दाखिल परचों की जांच व वापसी प्रक्रिया

● 17 दिसंबर को नामांकन पत्रों की होगी जांच व वापसी

अपनाई जाएगी। बार एसोसिएशन के महासचिव विमल मोहन मिश्र के मुताबिक अध्यक्ष पद के लिए अक्षय सहाय, हरीश कुमार त्रिपाठी, विजय नाथ त्रिपाठी ने अपने समर्थकों के संग परचा दाखिल किया। हरीश त्रिपाठी ने दो सेट में नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अवधेश शुक्ला, नजीर अहमद, राजेश कुमार तिवारी, ज्येष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अमित कुमार पाल, आशुतोष दीक्षित, भूपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, लखपति सिंह, विवेक शुक्ला, शिवनाथ मिश्रा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अनुराग श्रीवास्तव, राम कृष्ण त्रिवेदी,शिवलेंद्र बहादुर सिंह, महासचिव के लिए बुद्धि प्रकाश मिश्रा, नीरज मिश्रा, रत्नेश द्विवेदी, संजय सिंह ने परचा दाखिल किया। बुद्धि प्रकाश मिश्रा ने दो सेट में नामांकन किया। कोषाध्यक्ष के लिए राजेंद्र कुमार भट्ट, शैलेंद्र कुमार टह्लन, संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए अनुपम कुमार अवस्थी, अनुज कुमार श्रीवास्तव, अजेंद्र कुमार शुक्ला, जया सिंह ने परचा दाखिल किया। संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए विशाल सक्सेना का इकलौता परचा आया। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार गौंड, राम मनोहर लोधी, राम प्रताप सिंह, सदाशिव त्रिवेदी, सईद अहमद अंसारी, विवेक गौरव गुप्ता एवं कनिष्ठ कारिणी सदस्य के लिए अनुज कुमार, बलीग अहमद, ललित किशोर, मोहम्मद फहीम, मिथिलेश कुमार वर्मा ने अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।

गन्ना काटने को लेकर सांसद समर्थकों व ग्रामीणों में हुआ विवाद

## विवादित खेत को लेकर दो पक्षों की दावेदारी



महोली-प्रदर्शन करते ग्रामीण

**महोली,सीतापुर।** थाना क्षेत्र के सेमौरा गांव में 81 बीघा खेत पर दो पक्ष अपनी-अपनी दावेदारी कर रहे हैं। बुधवार को सासंद रेखा वर्मा के समर्थक जब गन्ना कटवाने पहुंचे तो गांव के सतेन्द्र सिंह ने गन्ने पर अपनी दावेदारी की। बातचीत के दौरान दोनो पक्षो में तू-तू मै-मै शुरू हो गयी। इसी दौरान तमाम ग्रामीण आक्रोशित होकर सांसद मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। बातचीत के बीच पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षो को शांत कराया। सांसद रेखा वर्मा के समर्थक महेन्द्र वर्मा ने बताया 81 बीघा जमीन सांसद रेखा व उनके पुत्र अमिनेश के नाम गत वर्ष छोटकन्ने सिंह से बैनामा कराई गयी थी। खेत में लगा गन्ना शमशेर नामक व्यक्ति ने लगाया था। इस खेत पर दावेदारी कर रहे सतेन्द्र सिंह छोटकन्ने सिंह से न्यायालय में मुकदमा हार चुके हैं और बेवजह का बखेड़ा खड़ा कर रहे हैं। दूसरी तरफ सतेन्द्र सिंह का कहना है छोटकन्ने, इंद्रपाल,धर्मपाल सिंह के नाम 36 बीघा जमीन थी जिसका बैनामा वर्ष 2003 के तकरीबन सेमौरा खुर्द की गुड्डी देवी के नाम हो गयी थी। उन्होंने बताया सत्ता के चलते कहीं कोई सुनवाई नही हो रही है। फसल के स्थगन आदेश के बावजूद फसल कटाई जा रही है।

सीतापुर के तंबौर में दर्ज जिले के पहले

## लवजिहाद केस में फंसा उम्र का पेंच

● 22 दिन बाद भी पीड़िता लापता, मुख्य आरोपी की लोकेशन ट्रेस करने में नाकाम हाईटेक पुलिसिया तंत्र

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** थाना तंबौर में दर्ज हुआ लव जिहाद का पहला केस ही पुलिस के गले में फांस बनकर रह गया है। एक तरफराजनीति का गर्म मुद्दा होने के चलते हर कोई उस पर नजर गड़ाए है वहीं पुलिस सूचना के 22 दिन बाद भी पीड़िता की बरामदगी तो दूर पुलिसिया तंत्र मुख्य आरोपी की लोकेशन टेऊश करने में भी नाकाम है। यह तब है जब थाना समेत मुख्यालय की दर्जन भर से अधिक टीमें दोनो की तलाश में जिले के भीतर ही नहीं लखनऊ तक दस्तक दे चुकी है तो दूसरी तरफपीड़ित पक्ष द्वारा थाने में दी पहली तहरीर व एसपी ऑफिस दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता की अलग उम्र बताए जाने से मामले में नया मोड़ आ गया है, लोग मामले को राजनैतिक रंग की बात कह रहे है। 'पायनियर' ने कन्फ्यूजन को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद माधव अवस्थी से बात की तो उन्होंने भी इस बात का जिक्र किया कि इन मामलों में उम्र के आंकड़े मैटर करते है, पीड़िता के नाबालिग होने पर स्पेशल मैरिजएक्ट-1954 के तहत पीड़िता को कहीं भी किसी से भी विवाह कर लेने का अधिकार है। दरअसल पीड़ित गायब होने के बाद 25 नवम्बर की सुबह थाना तंबौर में सबसे पहले अज्ञात लोगो के विरूद्ध जो तहरीर दी उसमें उन्होंने पीड़िता की उम्र 19 वर्ष होने की बात कही है और जब 27 तारीख को एसपी आफिस में प्रार्थना पत्र दिया है तो पीड़िता की उम्र 17 वर्ष बताई है। मामले में सच्चाई क्या है यह जांच का विषय है। लेकिन अभी कई सवालों के जवाब पुलिस के लिए चुनौती बने हुए है। क्या सच में पीड़ित पक्ष उनके सहयोगियों ने मामले का राजनीतिकरण किया है? क्या सच में पीड़ित को जबरन धर्मपरिवर्तन के लिए ही अगवा किया गया है। अगवा करने के लिए ही अगवा किया गया है। अगवा करने के बाद पीड़िता कहा और किस हालत में है और सवाल तो यह भी है कि पुलिस के हाईटेक सूचना तंत्र की आंखो में धूल झोंककर आरोपी अब तक फरार कैसे है?

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

## दबंगों ने घर में घुसकर की दलित मां-बेटे की पिटाई

● मौके पर पहुंचे सीओ मिश्रिख एम पी सिंह, दो आरोपी पुलिस की हिरासत में, दो फरार

संवाददाता। सीतापुर

**सूबे में** सरकारें भले ही कितना दलित प्रेमी होने की नुमाइश करती हों, लेकिन वक्त के साथ केवल सरकार और उसके वादे बदलते हैं और अगर कुछ नहीं बदलता तो वह हैं दलितों के हालत। आपकी स्क्रीन पर नजर आ रहे वीडियो में आप देख सकते हैं कि किस तरह एक दबंग किसी को डण्डे से पीट-पीटकर अधमरा कर देना चाह रहा है या फिर इरादे कुछ और हों। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो का थाना मछरेहटा इलाके के गांव पौड़ावर का होना बताया जा रहा है। वीडियो में जो शख्स अपने डण्डे से किसी को पीटता दिख रहा है उसे गांव का नागेन्द्र सिंह होने की बात कही जा रही है। जिसने पुरानी रंजिश के चलते मंगलवार की शाम करीब 4 बजे बेटों व पत्नी संग गांव के एक दलित परिवार में मां-बेटे को लाठी डंडों से धुन डाला। इतना ही नहीं जब दुर्गेश अपनी जान बचाकर घर के भीतर भागा। तो दबंगों ने घर में घुसकर उसकी जमकर पिटाई की। यह आरोप पीड़ित की मां ने थाने में तहरीर देकर लगाएं हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इससे पहले भी गांव के दिलीप सिंह व छोटू सिंह पीड़ित को पीट चुके हैं, जिसका मुकदमा भी थाने में दर्ज किया जा चुका है। उसी मामले में सुलह का दबाव बनाने के चलते आरोपियों मंगलवार की घटना को अंजाम दिया है। प्रत्यक्षदर्शी भी घटना के सच होने की पुष्टि कर है- वीडियो वायरल होते ही घटना की सूचना आग की तरह फैल गई। पुलिस महकमे के शीर्ष अफसरों के फोन थाने पहुंचने लगे। सीओ मिश्रिख एमपी सिंह बुधवार को सुबह होते ही थाना प्रभारी समेत दल-बल के साथ पीड़ित के गांव पहुंच गये। मुआयना करने के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी नागेन्द्र सिंह व एक बेटे रमन सिंह को मौके से पकड़ कर हिरासत में ले लिया है। जबकि दूसरा बेटा कपिल व नागेन्द्र की पत्नी शीला अभी पुलिस के हाथ नहीं लगी हैं।

पाकिस्तान को धूल चटाने वाले रणबांकुरों के जेहन में आज भी ताजा है 1971 का युद्ध

# 1971 की जंग याद कर आज भी फड़फड़ाने लगती हैं इनकी भुजाएं

● गौरव दिवस पर शहीद स्तम्भ पर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-शहीदों पर पुष्प अर्पित करते पूर्व सेनानी

**हिन्दुस्तान के** लिए 16 दिसंबर का दिन बेहद खास है। इस दिन भारतीय फौज ने पाकिस्तानी सेना पर विजय पाई थी। इस युद्ध में भारतीय सेना का पराक्रम पूरे विश्व में फैला था। भारतीय सेना की जीत को सम्मान देने के लिए यह दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1971 के युद्ध का हिस्सा रहे देश के जांबाज सैनिक आज भी जंग का वह दौर याद कर अपनी जीत पर जहां उत्साह से लबरेज हो जाते हैं, वहीं साथियों की शहादत याद आते ही भावुक नजर आने लगते हैं। बुधवार को जिला सैनिक कल्याण परिषद कार्यालय परिसर में स्थापित शहीद स्तंभ पर पूर्व सैनिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान भारत-पाक की लड़ाई के रणबांकुरों की जुबानी पायनियर ने जानी। भारत-पाक के बीच तीन दिसंबर 1971 से 16 दिसंबर 1971 तक तेरह दिन चली इस जंग में भारतीय सैनिकों के पराक्रम के आगे पाकिस्तानी फौज घुटने टेकने पर मजबूर हो गई थी। भारतीय सेना के सामने 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। इस युद्ध में 39 हजार भारतीय जवान शहीद हुए थे और लगभग 10 हजार जवान घायल हुए थे। इस जंग के बाद भारत में 16 दिसंबर 1971 का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह देश के लिए वह दिन है जिस पर हर भारतीय को गर्व महसूस होता रहेगा। इस जंग का हिस्सा रहे सैनिकों के जेहन में याद भी उन तेरह दिनों की यादें ताजा हैं। देश के वीर जवानों ने भूखे-प्यासे रहकर लड़ाई लड़ी और दुश्मन को धूल चटा दी। किसी सैनिक को कई दिनों तक भूखे रहने के बाद जूठी रोटी खाने को मिली तो कोई नाले का पानी पीकर जिंदा रहा। जंग के दौरान कई बार मौत इनके बेहद करीब से गुजरी। वह बंधक भी बनाए गए। लेकिन हिम्मत नहीं हारी। अपने देश की आन-बान और शान के लिए जान की बाजी लगाकर दुश्मनों से मोर्चा लेते रहे। इनके पराक्रम के आगे आखिरकार दुश्मन ने हाथ खड़े कर आत्मसमर्पण कर दिया। इन सैनिकों की जिंदगी का 1971 की जंग अहम हिस्सा है। आज भी जंग का दौर याद कर इनकी भुजाएं फड़कने लगती हैं। ऐसे रणबांकुरों को पायनियर का सलाम।

### रणबांकुरों की जुबानी पायनियर ने जानी

- कसमंडा के पूर्व सैनिक रामनाथ अवस्थी ने युद्ध के दौरान जोथपुर में हुए धमाके की कहानी को बताते हुए सैनिकों के सम्मान में गीत सुनाने लगते हैं।
- जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर गिरी ने बताया कि हमारी सेनाओं ने कराची तक कैसे मार किया था।
- सैनिक की पुत्री कंचन पांडेय कहती हैं कि सैनिकों का देश के लिए बहुत बड़ा महत्व है। उनका हमेशा सम्मान होना चाहिए।
- पूर्व सैनिक कमांडर बाजवा वर्ष 1971 में हुए वार को याद कर बताते हैं कि कैसे बंगाल और त्रिपुरा की तरफ लड़ाई लड़ी गई और पाकिस्तान को धूल चटाई गई।
- तीन दिन तक दुश्मन के घेरे में रहकर जिंदा बच निकलने वाले पूर्व सैनिक आरसी द्विवेदी भी वर्ष 1971 के युद्ध के घटनाक्रम को बताते हैं।
- सूबेदार विनय कुमार अग्रवाल कहते हैं कि पाकिस्तान को जो भारत ने धूल चटाई थी, उसके पीछे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के निर्णय को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# मैजिक पर पलटा ट्रक, दो की मौत





संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**दस टायरा** ट्रक के पलटने से एक टाटा मैजिक दबी। दो की मौके पर मृत्यु हो गई। वहीं कई गंभीर रूप से घायल हो गए। पांच माह और डेढ़ वर्ष की बच्ची बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद कई घटे दो किलोमीटर तक लम्बा जाम लगा रहा। तीन जेसीबी ने ट्रक को सीधा किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर-गोला मार्ग पर पीडब्ल्यूडी का सड़क चौड़ीकरण का काम निर्माणाधीन है। उसी दौरान गोमती मोड़ तिराहे के पास गोला की ओर से आ रहा गन्ने की भूसी से ओवरलोड भरा 10 टायरा ट्रक टाटा मैजिक को रास्ता देते समय अनियंत्रित होकर गोमती तिराहे पर सड़क पर पलट गया। जिसके नीचे टाटा मैजिक दब गए और सवार 11 लोग ट्रक के नीचे आ गए। चौकी इंचार्ज रेहरिया तथा अन्य लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। मैजिक में तड़प रहे लोगों को बमुश्किल निकाला गया। इसमें मोहम्मदी कोतवाली के रामवृक्ष (55) निवासी फिरोजपुर तथा अशोक कुमार (50) थाना पिहानी की मौत हो गई।

- चार लोग गंभीर रूप से घायल
- दो जिला अस्पताल रेफर

टाटा मैजिक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। देखते ही देखते काफी भीड़ जमा हो गई। सीओ अभय प्रताप मल, प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, पसगवां आदर्श कुमार सिंह, नायब तहसीलदार ज्ञान प्रकाश सिंह तथा आस-पड़ोस के सभी चौकी इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंचे। घटना के बाद कई किलोमीटर लंबी जाम लग गई।

तीन जेसीबी की मदद से ट्रक को सीधा किया गया। बाद में गन्ने का भूसा यह देखने के लिए हटाया गया कि कोई और तो इसके नीचे नहीं दबा है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। इसमें रघुवर प्रसाद (60) हिम्मतपुर, हसमत अली (60), अर्जुन नगर गोला, नगमा (28) सिधौली शाहजहांपुर, सच्चे राम शिवपुरी मोहम्मदी शामिल थे। हालांकि 5 माह की निदा और डेढ़ वर्ष की एक बालिका सुरक्षित मैजिक से निकाली गई। दो लोगों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक अभय प्रताप मल ने बताया कि दोनों मृतकों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा जा रहा है। वहीं दोनों वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रक और टाटा मैजिक के ड्राइवर लापता हैं।

# डीएम, सीडीओ और नामित अधिकारियों ने किया कार्यालयों का गहन मुआयना

- हर कार्यालय में सब कुछ मिला दुरुस्त
- डीएम ने की सभी की सराहना



संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**बुधवार को** शासन के निर्देश पर डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीडीओ अरविंद सिंह, सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल, एडीएम अरुण कुमार सिंह एवं डीएम द्वारा नामित जिला स्तरीय अधिकारियों ने सरकारी कार्यालयों का ताबड़तोड़ निरीक्षण किया।

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने एसपी विजय दुल के साथ विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। डीएम-एसपी ने सीडीओ के साथ विकास भवन में स्थापित जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता समेत विभिन्न कार्यालयों का सघन निरीक्षण कर पंजिकाओं एवं पत्रावलियों का अवलोकन किया। डीएम ने एआर कोऑपरेटिव कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सहकारी समितियों परिसंपत्ति रजिस्टर देखा। यहां सब कुछ दुरुस्त मिला।

डीएम व एसपी ने सीडीओ के साथ पूरे विकास भवन परिसर का भ्रमण किया। विकास भवन परिसर में कराए गए कार्यों के संबंध में सीडीओ ने विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उक्त सभी कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क व्यवस्थित पाई गई। उपस्थित पंजिका के अवलोकन के दौरान डीएम ने संबंधित विभागाध्यक्ष से अनुपस्थित कर्मचारियों का कारण जाना और बिना सूचना के अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सीडीओ, सीएमओ, एडीएम, सीएमएस, डीडीओ, पीडी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, उपायुक्त श्रम रोजगार सहित तहसीलों हेतु संबंधित उप जिलाधिकारियो निरीक्षण हेतु नामित किया गया था।

# रोटरी क्लब ने कोरोना किट फेसशील्ड और मास्क बांटे



**लखीमपुर-खीरी।** रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल द्वारा रोडवेज बस स्टेशन पर यात्रियों, बस चालकों व कंडक्टर आदि को करोना किट, फेस शील्ड तथा मास्क का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में रोडवेज बस स्टैंड इंचार्ज जगदीश, अध्यक्ष डा. प्रदीप टंडन, सचिव संजय अग्रवाल, राजेश बरनवाल, राजीव, प्रतीक बरनवाल, अमित, प्रदीप गुप्ता, मुदित गुप्ता, संध्या बरनवाल, नूतन बरनवाल व सुयश अग्रवाल सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया। अध्यक्ष डा. प्रदीप टंडन ने बताया कि क्योंकि अभी कोरोना का कहर पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए रोटरी क्लब द्वारा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम जारी रखे जाएंगे।

# पत्रकारों और एसडीएम ने की गरीबों की मदद

संवाददाता । औरंगाबाद-खीरी






**गरीबों की** मदद को आगे आकर पत्रकार और प्रशासन ने मानवता की मिशाल पेश की। पत्रकारों ने जहां गरीब पत्रकार वितरक की बेटी की शादी के लिए सहायता दी तो वहीं एसडीएम मितौली ने फालिश अटैक से ग्रसित बीमार के परिवार को सहायता सौंपी।

औरंगाबाद कस्बा निवासी नन्हें गुप्ता समाचार पत्र वितरक हैं। अखबार बेचकर होने वाली आय से परिवार का भरण-पोषण करते है। नन्हें गुप्ता घर में बारात आनी थी। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय पत्रकारों को लगी तो सब पत्रकारों ने अपनी श्रद्धानुरूप गरीब बिटिया की शादी में सहयोग की ठान ली। वैसे तो नन्हें गुप्ता ने भी बहन के हाथ पीले करने की पूरी तैयारियां भी कर ली थी। लेकिन निर्धन होने के कारण तमाम व्यवस्थाएं धन के अभाव में अधूरी थीं। तभी मैगलगंज प्रेस क्लब के सदस्य पत्रकारों ने अपनी सामर्थ्य अनुरूप बहन की शादी के लिए सहयोग राशि एकत्रित करने का मन बनाया। फिर क्या था। कुछ ही समय में बहन की शादी के लिए सहयोग राशि एकत्र होनी शुरू हो गई और प्रेस क्लब मैगलगंज के पदाधिकारियों ने बहन के घर जाकर मां को 11 हजार की नगदी व साड़ी भेंट की। इस मौके पर समाजसेवी रिजवान हैदर, सोनू शुक्ला, नरेंद्र मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, संदीप शुक्ला, पवन गुप्ता, हिमांशु दीक्षित व लक्ष्मीकांत आदि पत्रकार मौजूद रहे।

मितौली तहसील के ढखिया रूप निवासी श्याम किशोर शुक्ला उर्फ लल्लू पुत्र मायाप्रकाश ने जिलाधिकारी पोर्टल पर आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। इसके चलते मितौली उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने उनके गांव जाकर उनके आवास पर आर्थिक सहायता प्रदान की। ढखिया रूप निवासी श्याम किशोर उर्फ लल्लू को एक महीने पहले फालिश का अटैक पड़ा था जिसके चलते उनके हाथ पावों ने काम करना बंद कर दिया था। इसके चलते उन्होंने जिलाधिकारी पोर्टल पर अपनी व्यथा सुनाई थी। जानकरी मिलते ही उपजिलाधिकारी मितौली दिग्विजय सिंह उनके घर पहुंचे और उनकी धर्मपत्नी विभा शुक्ला को पांच हजार की नकद राशि, एक कम्बल और राशन किट जिसमें 10 किलो गेंहू व 10 किलो चावल, 10 किलो आलू, सरसों तेल, हल्दी मिर्च धनिया आदि बीमारी से परेशान श्याम किशोर उर्फ लल्लू को दिए। उपजिलाधिकारी मितौली ने अपना पर्सनल नम्बर देते हुए कहा कि जब भी आवश्यकता हो तो नम्बर पर काल करना हर सम्भव मदद होगी। आर्थिक मदद पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे साथ ही ढेर सारी दुआयें उनके परिजनों ने उपजिलाधिकारी को दी।

## एसपी ने किया मैलानी थाने का निरीक्षण



**मैलानी-खीरी।** एसपी विजय ढुल ने मैलानी थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों, भोजनालय, कार्यालय व बंदी गृह आदि का निरीक्षण किया। सब-कुछ ओके पाया। सीओ गोला रविन्द्र कुमार व थाना प्रभारी विद्या शंकर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इनमें संदिग्ध वाहनों के प्रपत्रों की जांच, अवैध कच्ची शराब के कारोबार पर प्रतिबंध जैसे निर्देश शामिल थे। सुबह से ही थाना प्रभारी निरीक्षक ने दलबल के साथ वाहनों को रोक-रोक कर पूछताछ भी की। चेकिंग शाम तक चलती रही।

## क्विक न्यूज

### 11 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत लगभग आधा दर्जन थानों की पुलिस ने कई लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बिन्दकी कोतवाली-तीन, बकेवर-एक, थरियांव-एक, असोथर-तीन तथा सदर कोतवाली प्रभारी ने तीन लोगों के विरूद्ध शांतिभंग के तहत कार्रवाई की है।

### दो वांछित गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाने में तैनात उपनिरीक्षक इन्द्रपाल सिंह ने आज सुबह अपने हमराही सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहा राहुल पासवान पुत्र श्रीकेशन निवासी विधाती मजरे असोथर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार सदर कोतवाली में तैनात उ0नि0 अवधेश कुमार सिंह ने गश्त के दौरान वांछित प्रखर सिंह पुत्र देवेन्द्र पाल सिंह निवासी दपसौरा थाना चांदपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाही कर न्यायालय भेज दिया है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटोघन के समीप एन0एच0 2 में बुधवार की दोपहर आमने-सामने हुई बाइकों की भिडंत में एक लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे नेशनल हाईवे में तैनात एम्बुलेंस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां समाचार लिखे जाने तक युवक को होश नहीं आया है। इतनी जानकारी मिली है कि घायल युवक कानपुर का रहने वाला है और किसी टावर में काम करता है।

### पैसे नहीं देने पर पुत्र ने मां को उतारा मौत के घाट

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गढ़ा में मंगलवार की शाम मां द्वारा पैसा नहीं देने पर पुत्र ने लोहे का राड मार दिया जिससे मां की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पुत्र को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार अर्जुनपुर गढ़ा निवासी स्व0 विष्णुदेव की पत्नी सोमवती से मंगलवार की शाम उसका पुत्र किसी चीज के लिए पैसा मांग रहा था। मां द्वारा इंकार कर देने पर गुस्से में आकर पुत्र ने भारी चीज अपनी मां के सिर पर मार दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। उधर हत्या की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पुत्र को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बावत जानकारी मृतका के बड़े पुत्र गणेश तिवारी निवासी रामनगर ने दी है।

### सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम सौंरा के समीप एन0एच0 2 में दो दिन पूर्व ट्रक की चपेट में आ जाने से 41 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मंगलवार की शाम हालत ठीक नहीं होने पर चिकित्सक ने कानपुर के लिए रिफर कर दिया जिसकी रास्ते में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मैनपुरी जनपद के थाना औछा गांव नगलाभट निवासी स्व0 साहब सिंह का पुत्र प्रवेश कुमार जो सौंरा फैक्ट्री में नौकरी करता था। जो कुछ दिन पूर्व अपनी ससुराल बरजपुर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी गया था। सोमवार को वह मोटरसाइकिल द्वारा अपने जनपद मैनपुरी जा रहा था कि तभी सौंरा के समीप एन0एच0 2 में ट्रक के चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार की शाम हालत ठीक नहीं होने पर कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में ही मौत हो गयी। उधर सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदनगृह भेज दिया।

### मतदाता फार्म आवेदन कर बीएलओ को जमा करें: सदर विधायक

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सदर विधानसभा के मण्डल भिटौरा के मंसूर मोधनपुर, अहेवा, करियामऊ बूथों में सदर विधायक विक्रम सिंह द्वारा नये मतदाताओं का फार्म भरकर सम्बन्धित बीएलओ को जमा किये गये। इन सभी बूथों में लगभग छः सौ फार्मो को जमा किया गया। सदर विधायक ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से आवाहन किया कि अपना-अपना नाम मतदाता फार्म आवेदन कर सम्बन्धित बीएलओ को जमा करें, जिससे सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में अंकित हो जाये और सभी लोग अपने अधिकारों का उपयोग करें। कार्यक्रम में सदर विधायक ने अपनी उपस्थिति में नये मतदाताओं का फार्म भरवाया, जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा जिनका नया विवाह हुआ है। सभी स्थानों के कार्यक्रमों में महिलाओं एवं पुरूषों के फार्मो का आवेदन किया गया। कार्यक्रमों में मण्डल अध्यक्ष ब्रजेश द्विवेदी, जगन्नाथ पटेल समेत पार्टी के बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष व कई कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन के लिए 42 पदों पर होगा चयन

संवाददाता। फतेहपुर

**मुख्य पशु** चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आरके शर्मा ने बताया कि जनपद में सौ प्रतिशत कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन हेतु 34 सामान्य एवं 08 एससी/एसटी, मैत्री (मल्टीपर्पज एआई टेक्निशियन इन रूरल इंडिया) का चयन जनपद में किया जाना है। यह योजना पूर्णता स्व-रोजगार सृजन की अवधारणा पर आधारित है। आवेदक को किसी भी स्थिति में शासकीय सेवा में संविलयन का कोई अधिकार नहीं होगा। चयनित अभ्यर्थी को 35 दिनों का सैद्धांतिक प्रशिक्षण एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण कराया जाएगा, चयनित अभ्यर्थी को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत मैत्री के रूप में कार्य करने हेतु प्रमाण पत्र बायोलॉजिकल कंटेनर्स तथा एआई किट आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसकी शैक्षिक अनिवार्य योग्यता न्यूनतम अहर्ता हाईस्कूल जीव विज्ञान, इंटरमीडिएट जीव विज्ञान को वरीयता दी जाएगी। आवेदक चयनित क्षेत्र की न्याय पंचायत का स्थाई निवासी हो। पूर्णतय: स्वस्थ एवं कार्य करने के योग्य हो। पशुपालक के द्वार पर पहुंचकर सेवा कर सके, राजकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्य है। आवेदक की आयु 01 दिसंबर को 18 से चालीस वर्ष के मध्य हो। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र के साथ समस्त प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति कार्यालय में 31 दिसंबर तक व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं। संबंधित अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र भरने में सहायता की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को चयन उपरांत इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि वे एक स्वरोजगारी के रूप में कार्य करेंगे, सरकारी सेवा में किसी भी स्थिति में संविलयन का कोई अधिकार नहीं होगा तथा इसके लिए कोई दावा नहीं करेंगे। समस्त मैत्री का चयन उपरोक्त अनुसार सामान्य एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का किया जाएगा। सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

### एडीएम न्यायिक ने दिये सफाई के निर्देश

**फतेहपुर।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने शहर में व्याप्त गंदगी को हटाए जाने के संबंध में नगर पालिका परिषद द्वारा बनाए गए कूड़े के ढेर मंगलम मैरिज लान, रस्तोगी गंज, आवास विकास तिराहा, सीओ ऑफिस के सामने, जीआईसी के सामने पीलू तले, आईटीआई रोड में जीजीआईसी स्कूल के सामने वर्मा तिराहा आदि स्थानों का निरीक्षण किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अपनी विभागीय टीम के साथ उपस्थित रही। अपर जिलाधिकारी ने कूड़े के ढेरों को हटाए जाने एवं शहर को साफ सुथरा रखने के लिए के लिए कड़े निर्देश जारी किए।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में लिए गये महत्वपूर्ण फैसले

संवाददाता। हथगाम (फतेहपुर)

**ब्लॉक संसाधन** केन्द्र हथगाम के सभागार में प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई हथगाम की मासिक बैठक की शुरुआत काफी अरसे बाद की गयी। बैठक में पिछली बैठक की समीक्षा की गई एवं निर्धारित कार्यों की प्रगति साझा करते हुए महत्वपूर्ण फैसले लिए गये। निर्णय लिया गया कि विकासखण्ड स्तर पर शिक्षक साथियों के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी के दौरान उनके सहायतार्थ शिक्षक वेलफेयर कोष का निर्माण किया गया। जिसमें सम्पूर्ण विकासखण्ड के शिक्षक साथियों द्वारा एक रुपये प्रतिदिन के हिसाब से तीस रुपये मासिक सहयोग किया जाएगा।

शिक्षक वेलफेयर कोष में समस्त पूर्व न्याय पंचायत प्रभारियों के माध्यम से धन एकत्र किया जाएगा और प्रत्येक माह की मासिक बैठक में इस धनराशि को सभी न्याय पंचायत प्रभारियों के द्वारा एक साथ जमा किया जाएगा। यदि किसी शिक्षक साथी की कोई समस्या है तो समस्या के सापेक्ष एक प्रार्थना पत्र अपने पूर्व न्याय पंचायत प्रभारी के पास देकर सूचित कर देंगे, साथ ही मासिक बैठक में उनके साथ उपस्थित भी हों। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बीआरसी में जमा होने वाली प्रत्येक डाक एवं प्रार्थना पत्र के लिए एक पंजिका का निर्माण, जो अनुचर राजेन्द्र शर्मा के पास रहेगा व प्रत्येक जमा होने वाली डाक आदि की एंट्री इसमें की जाएगी।

साथ ही बीआरसी में मुख्यद्वार के पास एक शिकायत/सुझाव पेटिका रखी जायेगी, जो कि प्रत्येक माह की बैठक में खोली जाएगी। शिक्षक साथियों के अवशेष/एरियर पर गम्भीरता से बात हुई और शीघ्र ही इसके भुगतान के लिए प्रतिबद्धता पर बात हुई। बोनस पर चर्चा के दौरान ब्लॉक के बिल बाबू जितेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक अपने विकासखण्ड की एनएससी न जमा होने के कारण ये कार्य लम्बित है। अत: 17 दिसम्बर तक सभी शिक्षक बीआरसी में राजेन्द्र शर्मा के पास एनएससी जमा कर दें, जिससे इस कार्य को भी पूर्ण किया जा सके। उपरोक्त चर्चाओं के उपरान्त अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इसी प्रकार प्रत्येक माह बैठक होती रहेगी। बैठक में शिक्षकों की जो भी समस्याएं आयेंगी उनका निस्तारण संघ द्वारा किया जायेगा। बैठक में ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्य, ब्लॉक बिल बाबू, शिक्षक संकुल, विद्यालय प्रभारी व समस्या सम्बन्धी शिक्षक साथी सम्मिलित रहे।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के ग्राम भीमपुर के समीप मंगलवार की दोपहर चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से दंपत्ति समेत किशोरी घायल हो गयीं थी। जिन्हें गंभीर अवस्था में चिकित्सक ने कानपुर के लिए रिफर कर दिया था, जहां 28 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के बेनीपुर गांव निवासी सरजू प्रसाद प्रजापति का पुत्र अर्जुन सिंह प्रजापति 30 अपनी 25 वर्षीय पत्नी ललिता देवी व कौशाम्बी जनपद निवासिनी भांजी सपना पुत्री रामनाथ के साथ मंगलवार की दोपहर थरियांव थाने के बेती सांड़ा से बेनीपुर जा रहे थे कि तभी भीमपुर के समीप चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे तीनों घायल हो गये थे। जिन्हें सरकारी एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां तीनों की हालत देख चिकित्सक ने कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जिसमें कानपुर पहुंचते ही अर्जुन ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर वापस जनपद आ गये और पुलिस को सूचना दे दी, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदनगृह भेज दिया।

## मिशन प्रेरणा से सम्बन्धित बिन्दुओं पर गहन चर्चा

**देवमई ( फतेहपुर )।** ब्लॉक सभागार में आयोजित मिशन प्रेरणा गोष्ठी के तहत समस्त परिषदीय विद्यालयो के प्रधानाध्यापको व इंचार्ज प्रधानाध्यापको की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मौजूद सभी प्रधानाध्यापको को विद्यालय को आकर्षक बनाने, तीनो माडयूलो के बारे में बेहद सरल एवं सहज तरीके से विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉयट प्राचार्य ने की। एआरपी ललित कुमार उमराव, विजय द्विवेदी, सुनील गौतम, ललित कुमार, आलोक कुमार द्वारा मिशन प्रेरणा से सम्बन्धित विभिन्न बिंदू जैसे प्रेरणा लक्ष्य, सूची तालिका, आधारशिला, ध्यानाकर्षण, शिक्षण संग्रह एवं तीनो माडयूलों पर विस्तृत जानकारी दी। एबीएसए कृपाशंकर यादव ने ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष देवमई जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री योगेन्द्र सिंह चौहान, प्रदीप पटेल, संदीप उत्तम सहित तमाम प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक आदि मौजूद रहे।

# डीएम से की विकास प्राधिकरण की स्थापना की मांग



संवाददाता। फतेहपुर

**उद्योग व्यापार** मण्डल प्रदेश के कार्यालय में हुयी बैठक में जिलाधिकारी से विकास प्राधिकरण की स्थापना सूक्ष्म पूर्वलोकन किया जाये। जनपद गंगा जमुना के बीच बसा है जिसका मुख्यालय शहर बाँदा सागर राष्ट्रीय मार्ग एनएच 1 का संधि स्थल है। प्रदेश की आर्थिक व सामाजिक परिस्थितियों के कारण ग्रामीण अंचल की जनसँख्या का पलायन जिला मुख्यालय पर पिछले तीस वर्षो से चल रहा है परंतु दस वर्षो से यहा वार्षिक दर 4 गुना बढ़ गई है, शहर के बाहरी हिस्सों में मूलभूत संरचना जल, बिजली, सड़क इत्यादि की संगठित व्यवस्था न होने के कारण शहर के अंदरूनी क्षेत्र में उपलब्ध कृषि भूमि नगर पालिका सभा इत्यादि की भूमि कब्जे इत्यादि की होड़ चल पड़ी। यहां तक कि शहर के तालाबो/नालो इत्यादि पर भी कब्जा करके आवासीय व व्यावसायिक प्लाट के रूप में इस्तेमाल होता बढ़ता गया है। आज शहरी छेत्र में कोई भूमि पोखर नाले नही बचे है। शहर में आवास विकास प्राधिकरण अथवा फतेहपुर विकास प्राधिकरण की स्थापना की जाए ताकि शहर के चारो ओर हो रहे अनाधिकृत कालोनियों तथा आबादियों की अनियंत्रित बाढ़ को रोका जा सके तथा जनसामान्य की 21वीं सदी के अनुरूप आवासीय सुविधा मूलभूत संरचना के साथ मिल सके। जनपद के विकास हेतु उद्योग व्यापार मण्डल प्रदेश फतेहपुर विकास प्राधिकरण के आवंटन की मांग करता है। इस दौरान अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, महासचिव अनिल वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रेमदत्त उमराव, नगर अध्यक्ष मनोज साहू, युवा जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, युवा नगर अध्यक्ष सेराज अहमद खान, सह महामंत्री चन्द्र प्रकाश बब्लू गुप्ता, श्रवण कुमार दीक्षित, मनोज कुमार मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, गंगा सागर, उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अनिल सोनी, संगठनमंत्री मो0 वकील नगर अध्यक्ष इलेक्ट्रिकल संगठन आदि उपस्थित रहे।

## कृत्रिम अंग के लिए कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**फतेहपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदान किए जाने की योजना संचालित हैं। जिसमें ऐसे दिव्यांगजन जिनके पास कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण न हो ऐसे लाभार्थी कार्यालय कक्ष संख्या 18 विकास भवन भूतल में संपर्क कर अपना आवेदन पत्र पूर्ण कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन हेतु पात्रता चालीस प्रतिशत से अधिक का विकलांगता का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ग्रामीण क्षेत्र में आय रु0 46080 वार्षिक एवं शहरी क्षेत्र में रुपया 56460 वार्षिक, आधार कार्ड जाति प्रमाण पत्र एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 17 दिसंबर, 2020



# आयुष्मान कार्ड के लिये 30 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान: डीएम

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**शासन के** निर्देश पर उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में प्रत्येक परिवार में एक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनाये जाने के लिये एक विशेष अभियान आगामी 30 दिसम्बर 2020 तक चलेगा।

यह जानकारी बुधवार को जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने जिला मुख्यालय फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट भवन में अधिकारियों व पत्रकारों के बीच दी। उन्होंने बताया कि जिले में आयुष्मान कार्ड योजना 15 से 30 दिसम्बर तक प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति का बनाये जाने का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड धारक पांच लाख रूपये तक का अपना फ्री इलाज सरकारी एवं चिन्हित प्राइवेट अस्पतालों से करा सकेंगे।

जिले की कृषि भूमियों पर मकान बनाकर रहने को गलत बताते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी भूमियों पर भाईयों-भाईयों में विरासत को लेकर 80 प्रतिशत आये दिन झगड़े पैदा होते है। जिसके निस्तारण के लिये भी एक अभियान चलाया जायेगा। गांव के अलावा शहर में भी विरासत दर्ज करने का अभियान आगामी 30 दिसम्बर 2020 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि जिले के राजस्व गांव के लेखपालों को निर्देश दिये गये है कि वे प्रत्येक गांव में खुली बैठक अपरान्ह करीब 03 बजे से 05 बजे के मध्य आयोजित करें और खतौनी को पढ़कर विरासत के प्रार्थना पत्रों को प्राप्त कर ऑनलाइन कराएं।

इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी को नियत तिथि व समय पर उपस्थित होकर जन्म-मृत्यु रजिस्टर, परिवार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को लाना होगा ताकि विरासत कायम करने के विशेष अभियान को सफल बनाया जा सके यदि ऑनलाइन आवेदन से लेखपाल असहमत है तो असहमति का कारण अनिवार्य रूप से उल्लेख किया जाये ताकि प्रार्थना पत्र निरस्त करने हेतु अग्रसारित हो सके। इस दौरान पत्रकारों के तालाबों के अवैध कब्जों के उठाये प्रश्न पर उन्होने बताया कि गनीपुर-जोगपुर नवाबगंज ब्लाक के तीनों तालाबों का विवाद संज्ञान में लाया गया तथा शहर के श्यामनगर स्थित एक तालाब के अवैध कब्जे व सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के मामले को लेकर उन्होंने प्रशासनिक जांच कराकर कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया तथा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान जल्द ही शुरू करने पर विचार होगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वन्दना सिंह यादव, अपर जिलाधिकारी विवेक श्रीवास्तव, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रसाद, एसडीएम अनिल कुमार आदि कई अधिकारीगण मौजूद रहे।

# युवक का अपहरण कर बेरहमी से पीटा मरा समझ रेल पटरी किनारे फेंक गए

- परिजनों ने पिटाई के साथ एक हाथ काटने का लगाया आरोप
- तीन को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ



**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपालपुर में हो रही रामलीला के दौरान कुछ लोगों ने गांव के ही एक युवक का मारुति बैन से अपहरण कर गोपालपुर क्रासिंग पर ले आये वहां उसकी बेरहमी से पिटाई कर उसे मरा समझ कर रेलवे लाइन पर फेंक दिया उधर जानकारी पर युवक के परिजन उसे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ हालत गंभीर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने हैलट कानपुर रिफर कर दिया है, परिजनों ने अपहरण कर्ताओं पर उसका एक हाथ काट डालने का आरोप लगाया है। पुलिस घटना को लेकर गांव के ही एक युवक सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जाता है गांव में रामलीला हो रही थी जहाँ गांव निवासी ललित पुत्र करुणेन्द्र द्विवेदी का कुछ युवकों से किसी बात को लेकर विवाद के बाद मारपीट हो गयी थी इसी के बाद कुछ लोग उसे बैन में डाल कर ले आये थे। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर नही मिली है मिलने के बाद कार्यवाही की जायेगी। उधर देर शांम पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव कोतवाली पंहुचे और घटना के बावत जानकारी की।

## क्विक न्यूज

### ईंट भट्ठा स्वामियों ने विनिमयन शुल्क नही किया जमा

**कानपुर देहात।** जनपद में ईंट भट्ठों के संचालन पर विनियमन शुल्क( ईंट भट्ठा सत्र, 2020-21) जमा कराये जाने के सम्बन्ध में पूर्व में निर्देश दिये गये थे किन्तु अकबरपुर तहसील में 3, डेरापुर में 09, रसूलाबाद में 02 व मैथा में 01 संचालित ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क जमा नहीं किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए खान निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा ईंट भट्ठा स्वामियों से स्पष्टीकरण चाहा गया है। साथ ही सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिन ईंट भट्ठा स्वामियों द्वारा विनियमन शुल्क जमा नहीं किया गया है उनको तत्काल बंद कराकर आख्या प्रस्तुत की जाये।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

**इटावा।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटना में एक की मौत 3 घायल बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोमती पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रमोद कुमार पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी ग्राम चकरनगर की मौत हो गई घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा परिजनों को सूचना दी घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम छा गया दूसरी घटना वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोटरसाइकिल की टक्कर से शाहरुख खान पुत्र लाल मोहम्मद निवासी वैदपुरा घायल हो गए सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला अस्पताल के पास अज्ञात बहन की टक्कर से अजय पाल पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र बाबू निवासी मोती झील अस्पताल के पास थाना सिविल लाइन को उनके भाई संजय कुमार द्वारा जिला अस्पताल में घायल अवस्था में भर्ती कराया जसवंतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय भूपत के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दीपक पुत्र सुरेंद्र निवासी बरुख थाना बेवर को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

### सीडीओ ने की कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में प्रगति बढ़ाने हेतु अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।जनपद कानपुर देहात को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत 18000 का लक्ष्य आवंटित किया गया था किंतु उसके सापेक्ष अभी तक कुल 7540 आवेदन पत्र ही भराए गए है। महोदया द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष यथाशीघ्र आवेदन भराए जाने तथा लंबित आवेदन पत्रों का सत्यापन जल्द से जल्द पूर्ण कराकर जिला प्रोबेशन अधिकारी को अग्रसारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### विधायक ने बच्चों को बांटे स्वेटर व पुस्तकें

**राजेपुर/फर्रूखाबाद।** प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ के विद्यार्थियों को भाजपा विधायक सुशील शाक्य के करकमलों द्वारा निशुल्क स्वेटर व खाद्यान प्राधिकार पत्र एवं पुस्तकें वितरित की गई। यहां विद्यालय परिसर में आयोजित बच्चों के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा विधायक सुशील शाक्य ने बताया कि विद्यालय प्रबंध समिति के गठन में युवा शिक्षित, समर्पित व्यक्तियों का चयन किया जाये। जिससे विद्यालय को हर सम्भव सहयोग हो सके। उन्होने विद्यालय की व्यवस्थाएं देखी और संतोष व्यक्त करते हुये बच्चों को स्वेटर, पुस्तकें आदि वितरण किये। उन्होने शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय में 14 पैरामीटर कार्य, ग्राम प्रधान का सहयोग की सरहाना की। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेशचंद्र जौहर, प्रधानाचार्य सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### भाकियू ने धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित सौंपा ज्ञापन

**फर्रूखाबाद।** केन्द्रीय कृषि कानून को वापस लिये जाने के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने बुधवार को धरना प्रदर्शन करके सक्षम अधिकारी को ज्ञापन भेंट किया। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता ने बताया कि केन्द्रीय कृषि कानून को वापस लिये जाने के मामले को लेकर किसानों का समर्थन करते हुये भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के जिलाध्यक्ष सत्यभान राय के नेतृत्व में बुधवार को दोपहर करीब शहर के क्रिश्चियन कॉलेज के समीप यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुये और यहां जैसे ही सरकार विरोधी की नारेबाजी शुरू की वैसे ही भारी पुलिस बल तैनात कर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी। इसके बाद यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी बाइकों व ट्रैक्टरों आदि से जिला मुख्यालय फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट पहुँचे जहां उन्होने अपनी प्रमुख मांग केन्द्रीय कृषि कानून वापस लिये जाने के साथ ही आठ सूत्रीय मांगों का प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सक्षम अधिकारी को सौंप। इस अवसर पर संगठन मंत्री दलवीर सिंह कश्यप, संतोष कुमार शाक्य, अजीत यादव, धर्मेन्द्र कुमार, विमलेश गुप्ता, रविशर्मा आदि प्रमुख थे।

# दूसरा धर्म कबूल नहीं करने पर युवक ने महिला को पीटकर भगाया

- शादी कर घर बसाने का झांसा देकर सात बर्षो से करता रहा शारारिक शोषण



**भरथना।** कोतवाली कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला ब्रजराज नगर स्थित मिडिल स्कूल बाली गली की एक शादीसुदा महिला व कई बच्चों की माँ ने भरथना कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर भरथना कस्बा के मोहल्ला अंबरगंज निवासी एक नामजद युवक जो सरोजनी रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने नाई की दुकान किये हुए हैएपर जबरन दूसरा धर्म परिवर्तित कराने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए बताया है। कि उपरोक्त नामजद दबंग युवक ने पीड़िता से शादी कर घर बसाने का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फसा लिया और सात सालों से लगातार उसका शारारिक शोषण करता रहा। पीड़िता के अनुसार इस बीच दबंग युवक ने उसके पति की कई बार हत्या करने का प्रयास करता रहा लेकिन उसने उसका साथ नही दिया। जिसके कारण उसका पति पूरी तरह सुरक्षित है। लेकिन पति युवक की दबंगई के भय से घर छोड़ कर कहीं जान बचा कर रह रहा है। पीड़िता ने बताया बीते दिनों जब उसने कोर्टमेरिज कर शादी करने का प्रस्ताव रखा तो दबंग आग बबूला हो गया उसने दूसरा धर्म अपनाने का दबाव बनाया जिसको उसने ठुकरा दिया। जिससे खफा होकर दबंग युवक ने उसे मारा पीटा और भगा दिया। इसी बीच चोरी छिपे दबंग युवक ने अपने धर्म की एक अन्य लड़कीं से शादी रचाली है। जिसके कारण उसकी जिंदगी पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है।

# जलती आग में झोंकने के बाद गला दबा कर मासूम की हत्या

- बिस्तर परं पेशाब करने से था नाराज, राहा रोड पर स्थित लकी ईट भट्ठे की है घटना
- हत्या के बाद हत्यारा पिता शव लेकर पंहुचा था गांव, मां की तहरीर पर दर्ज किया गया मुकदमा गिरफ्तार

घाटमपुर। महानगर के लकड़ी मंण्डी इलाके में एक पिता अपने मासूम पुत्र की निर्मम हत्या की की स्याही अभी सूखी भी नही थी बीते मंगलवार को तड़के एक ईट भट्ठे में नशेबाज पिता ने अपने मासूम पुत्र को पहले जिन्दा जलाने का प्रयास किया और बाद में उसका गला दबा कर मार डाला, यही नही हत्यारे पिता ने घटना का अंन्जाम देने के बाद शव लेकर अपने गांव भाग निकला, उधर मासूम की माँ ने इस लोम हर्षक घटना की जानकारी मोबाइल से अपने मायके माँ को दी जिस पर मायके वाले बेटी के ससुराल पंहुचे और मासूम का शव कब्जे में लेकर कोतवाली पंहुचे तथा पुलिस का सारी घटना की जानकारी दी। ये लोम हर्षक घटना कोतवली के गांव



कोतवाली गेट पर बैठी मासूम की माँ अनीता

राहा रोड पर स्थित एक ईट भट्ठे की है। मंगलवार शांम मासूम का शव लेकर अनीता के मायके वाले घाटमपुर कोतवाली पंहुचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

बताया जाता है कि हमीरपुर जनपद के गांव छानी खुर्द थाना बिवांर निवासी संन्तराम अपनी पत्नी अनीता के साथ बीते माह की 25 तारीख से यहाँ के राहा रोड स्थित लकी ब्रिक फील्ड में ईट पथाई का काम करने आया था, वो पत्नी तथा रबीन्द (5) के अलावा दोनों पुत्रियों के साथ भट्ठे में ही बनी ईटों की छप्पर नुमा झोपड़ी में रहते थे, मासूम की माँ अनीता ने पुलिस को बताया कि बीते मंगलवार की रात पुत्र रबीन्द्र जो संन्तराम के संग लेटा था बिस्तर में पेशाब कर दिया था, इसी को लेकर मंगलवार तड़के करीब 5 बजे संतराम ने पहले उसकी जमकर पिटाई की और बाद में पुत्र रबींन्द्र को पीटने के बाद बाहर जल रहे अलाव में जिन्दा जलाने के लिये झोंक दिया जलने से रबींन्द्र के रोने-चिल्लाने पर संतराम ने उसकी गला दबाकर मार डाला और शव को चादर में लपेट कर भाग निकला। अनीता का माँ दुलारी पत्नी जियालाल निवासी पारा पंन्जी थाना भरुवा जिला हमीरपुर ने पुलिस को बताया कि बेटी अनीता ने मोबाइल से उन लोगों को सूचना देने पर वो लोग संन्तराम के गांव छानी खुर्द पंहुचे और मासूम रबीन्द्र के शव को लेकर कोतवाली आये है। उधर कोतवाली प्रभारी ने अनीता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर कढ़ाई से पूछतांछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने ईट भट्ठे जाकर सनतराम की झोपड़ी की तलासी भी ली, देर शांम पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तच घटना स्थल पर जाकर लोगों मामले के बावत जानकारी की।

## दो बहनों के बीच इकलौता चिराग था रबीन्द्र

पिता की हैवानियत का शिकार मासूम रबींन्द्र दो बहनों के बीच घर का इकलौता चिराग था, कोतवाली गेट पर गुमसम बैठी अनीता के पास ही खुशी के पास बैठी मासूम की मासूम की नानी दुलारी बताती है कि दो बहनों अन्जना (10) खुशी (8) के बाद तीसरे नंबर का रबीन्द्र था परिवार का इकलौता चिराग और सबसे छोटा होने से वो सबकी ऑखों का तारा था लेकिन पिता ने ही घर की खुशियाँ छीन ली।

# डीएम ने कोरोना की रोकथाम व गोल्डन कार्ड बनाने की समीक्षा की, दिये निर्देश



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम व गोल्डन कार्ड बनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी ने कोविड-19 के समंक्रमण की रोकथाम सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोविड के चलते कोविड अस्पताल में सभी व्यवस्थायें ठीक रहे तथा मरीजों को अच्छा भोजन दिया जाये तथा पानी गुनगुना दिया जाये तथा साफसफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये व मरीजों को समय से दवा दी जाये। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा सैम्पलिंग की जाये।

वहीं जिलाधिकारी ने गोल्डन कार्ड बनाये जाने की समीक्षा के दौरान गोल्डन कार्ड बनाये जाने में कम प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि 31 दिसम्बर 2020 तक विशेष अभियान चलाकर जिन परिवारों को अभी तक एक भी गोल्डन कार्ड नही प्राप्त हुआ है उन्हें अनिवार्य रूप से गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराया जाये। 31 दिसम्बर तक जनपद में कोई ऐसा परिवार शेष नही रहने पाये जिसके पास गोल्डन कार्ड न हो। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि ऐसी स्थिति में व्यक्तिगत ध्यान देते हुए तथा प्रभावी अनुश्रवण करते हुए अभियान अवधि में प्रत्येक दिन एस कार्य में अपने स्तर से गहन सीक्षा करे तथा समस्त बीएलई को नियंत्रित करते हुए अधिकाधिक संख्या में गोल्डन कार्ड जारी कराना सुनिश्चित करे इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी स्तर पर लारपरवाही बरते जाने पर सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुए इस कार्य में गुणात्मक सुधार लाना सुनिश्चित करे जिससे प्रदेश में जनपद की स्थिति सुदृढ़ हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेयए सीएमओ डा0 राजेश कटियार आदि सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर बनाए गए 380 गोल्डन कार्ड

**कानपुर देहात।** आयुष्मान भारत योजनाए भारत सरकार की एक स्वास्थ्य योजना है। इस योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को पांच लाख रुपये तक का कैश रहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड धारक व्यक्ति पाँच लाख रूपये तक का अपना मुफ्त इलाज चुने गये सरकारी/प्राइवेट अस्पताल में करा सकता है। जनपद में गोल्डेन कार्ड बनाये जाने में की जा रही शिथिलता/धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विशेष अभियान चलाकर गुणात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में आज 380 गोल्डेन काडे बनाये गये है। उक्त प्रगति जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग की टीमों के संयुक्त प्रयास से विशेष अभियान चलाकर किया गया है।

# अनियंत्रित कार बंद दुकान में घुसी, दीवार, दो वाहन क्षतिग्रस्त

**फर्रूखाबाद/कमालगंज।** रजीपुर की ओर जा रही कार कस्बे के रेलवे तिराहे पर अनियंत्रित होकर बंद दुकान में घुस गई। इससे दुकान का शटर, दीवार व बाहर खड़ी बाइक, एक स्कूटी कार की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई।

बुधवार सुबह 9 बजे थाना क्षेत्र के गांव तलैया नगला निवासी टीटू पुत्र संतराम अपनी कार से कस्बे के रेलवे स्टेशन से घर जा रहा था। रेलवे तिराहे पर कार अचानक अनियंत्रित होकर कस्बा निवासी योगेश चंद्र अग्रवाल की बंद दुकान में घुस गई। इससे दुकान की दीवार व शटर क्षतिग्रस्त हो गया। पास में हेयर कटिंग सैलून के बाहर खड़ी बाइक व स्कूटी भी टूट गई। हादसे में फिलहाल किसी के चोट नहीं आई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। दुकानदारों ने कार चालक



को पकड़ लिया। फतेहगढ़ निवासी प्रमोद पुत्र सोहनलाल ने बताया कि वह अपने साथी विजेंद्र कुमार यादव के साथ स्कूटी से तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर जा रहे थे। तिराहे पर सैलून में वह हेयर कटिंग करा रहे थे। कार की टक्कर से उनकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। सैलून में हेयर कटिंग करा रहे महरूपुर राबी निवासी इंद्रजीत की बाइक भी कार की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में दोनों पक्षों का समझौता हो गया।

# चोरी की गाड़ी सहित एक गिरफ्तार

**इटावा।** थाना लवेदी पर वादी अरुण कुमार राजपूत पुत्र दामोदर सिहं निवासी लुधियात मोहल्ला व कस्बा थाना इकदिल द्वारा सूचना दी गयी कि वह अपने मामा तिलक सिहं के घर ग्राम मर्दाना विलहटी थाना लवेदी अपनी बुलेरो पिकअप संख्या यूपी 75 एम 9005 से आया था । जिसे उसके द्वारा प्राथमिक माध्यमिक स्कूल नगला मर्दाना बिलहटी के पास खडा कर दिया गया था । जब मैं अपनी गाडी के पास रात्रि करीब 08ण्45 बजे पहुचा तो वहॉ पर मुझे मेरी बुलेरो पिकअप नही मिली । वादी की तहरीरी सूचना के आधार पर थाना लवेदी पर मु0अ0स0 114ध्2020 धारा 379 भादवि अभियोग पंजीकृत किया गया था । उक्त गाडी चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण हेतु थाना लवेदी पुलिस द्वारा अथक प्रयास किए जा रहे थे । मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि जो बुलेरो पिकअप कल चोरी की गयी है उसे लेकर अभियुक्त लखना चकरनगर मार्ग से होकर कही ले जाने की फिराक में है इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना लवेदी पुलिस द्वारा आईटीआई टकरुपुरा लखना चकरनगर मार्ग पर पहुच कर सघनता से चैकिंग की जाने लगी तभी पुलिस टीम को एक बुलेरो पिकअप आती हूयी दिखाई दी जिसे संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया तो बुलेरो चालक द्वारा गाडी को तेजी से भगाने का प्रयास किया गया जिसे पुलिस टीम द्वारा गाडी का पीछा कर गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से भागने के संबंध में पूछताछ की गयी तो अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उक्त गाडी को मेरे द्वारा कल ग्राम मर्दाना विलहटी से चुराया गया है

# रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें लगातार बढ़ने पर हाय-तौबा



**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति रजिण् औरैया की महिला शाखा तुलसी द्वारा बुधवार को दोपहर दो बजे संगठन के पंजीकृत कार्यालय रुहाई मुहालए औरैया में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में प्रमुख रूप से शाखा की सदस्यों द्वारा दिनों दिन बढ़ रही महंगाई पर चिंता व्यक्त की गयी। महिला शाखा तुलसी की अध्यक्ष बबिता ने कहा कि कोरोना काल के चलते लोग पहले से ही आर्थिक तंगी व बेरोजगारी से जूझ रहे हैंए तेल कंपनियों ने उपभोक्ताओं को एक और झटका देते हुए घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में रु. 50 प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है जबकि 3 दिसंबर को भी सिलेंडर की कीमतों में रु. 50 प्रति सिलेंडर का इजाफा किया गया थाए इस तरह 15 दिन के अंदर रसोई गैस की कीमतों में रु. 100 प्रति सिलेंडर की वृद्धि हुई है, बेतहाशा वृद्धि से लोगों में बहुत बेचैनी है। शाखा की संरक्षक सुनीता चौबे व लक्ष्मी बिश्नोई ने बैठक में कहा कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। रसोई का बजट बिगड़ता जा रहा हैए लोग आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान हैं। लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए सरकार को दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में आये दिन बढ़ोतरी तथा कालाबाजारी पर जनहित में अंकुश लगाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाखा की कोषाध्यक्ष क्षमा सोनी, शशि गुप्ता, मधु शर्मा, प्रतिभा सोनी, सीमा पोरवाल, शारदा अग्रवाल, नीलम यादव, आरती अग्रवाल, सुमन पोरवाल, गुड्डन गुप्ता, मीरा विश्नोई आदि सदस्या मौजूद रहीं।

## प्राइमरी स्कूल में बना तीन माह पूर्व बनाया गया डाइनिंग सेट हुआ धराशायी

**जसवंतनगर।** पंचायतों में घोटालों की चर्चाएं यूं ही आम नहीं है कुछ तो बात होती है। यहां नगला तौर गांव के प्राइमरी स्कूल के अंदर बनाया गया डाइनिंग सेट 3 माह में ही धराशाई हो गया है और शौचालय निर्माण व मरम्मत के नाम पर भी घोटाला किया गया है। विकासखंड क्षेत्र के नगला तौर गांव के प्राइमरी स्कूल में बनाया गया डाइनिंग सेट जो हजारों रुपयों की लागत से तैयार हुआ था वह अच्छी सामग्री का प्रयोग न किए जाने के कारण मात्र 3 महीने के अंदर ही धराशाई हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले से भी जो कार्य पंचायत में कराए जा रहे हैं उनमें यूं ही घटिया सामग्री का प्रयोग किया जाता है। इस कारण कोई भी निर्माण कार्य सही से जनता के प्रयोग में नहीं आ पाता है। इस डाइनिंग सेट का निर्माण होते समय भी कई जागरूक लोगों ने अच्छे मैटेरियल का प्रयोग करने का कहा था लेकिन प्रधान व सचिव द्वारा इस पर कतई ध्यान नहीं दिया गया उसी का नतीजा है कि जरा से समय में हवा का झोंका आया और धराशाई हो गया।

# 1971 के युद्ध में शामिल योद्धाओं की याद में कांग्रेसियों ने मनाया विजय दिवस

संवाददाता। औरैया

**जिला कांग्रेस** कमेटी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर बुधवार को कांग्रेसियों ने 1971 बांग्लादेश युद्ध की 50 वीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाया। इस दौरान कांग्रेसियों द्वारा योद्धाओं के परिवारों एवं वीरांगनाओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान युद्ध में शामिल हुए योद्धा भी शामिल थे।

शहर के पंडित गेंदालाल दीक्षित चौराहे के समीप स्थित कृष्णा धाम गेस्ट हाउस में जिला कांग्रेस कमेटी ने विजय दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिववीर दुबे ने बताया कि 1971 के युद्ध में जनपद के छह रणबांकुरे ने अपनी शहादत देकर भारत माता के चरणों में अपने प्राणों की कुर्बानी कर दी थी। उन शहीदों की वीरांगनाओं तथा उनके परिजनों को उनके द्वारा शत-शत नमन किया गया और शीश झुका कर उनका



अभिनंदन किया। उन्होंने सैनिकों के परिवार के सदस्यों को आमंत्रित कर उनका माल्यार्पण किया तथा उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों की ओर से कैप्टन निर्भय गुर्जर, सूबेदार आनंद कुमार धनगर, सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह सेंगर, कैप्टन विक्रम सिंह निषाद आदि ने भी 1971 की कहानी को बयां किया। जिला अध्यक्ष ने 1971 के युद्ध के संस्मरण को सुनाकर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की सूझबूझ की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष शिववीर दुबे ने एक दर्जन से अधिक पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिपाही लाल निषाद, अनिल सेंगर, कृष्ण चंद्र गोयल, नरेश कठेरिया, महेंद्र प्रताप सिंह ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हुए उनकी वीर गाथाओं का भी बखान किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस ने वीर शहीदों की पत्नियों जिनमें सिया रानी, श्रीमती राम कुमारी, श्रीमती शकुंतला, मीना देवी, ममता देवी, नारायणी देवी सहित पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनमोहन सिंह सेंगर ने किया।

# एएसपी पर स्टेनो के उत्पीड़न के आरोप की जांच एसपी करेंगे

**फर्रुखाबाद।** एडीजी जोन ने तत्कालीन स्टेनो के उत्पीड़न के आरोप की जांच एसपी को सौंप दी है। स्टेनो ने 24 दिसंबर को एडीजी को पत्र भेजकर प्रकरण की जांच डायरेक्ट आईपीएस से कराने की मांग की थी। इसमें दीवान व दरोगा द्वारा एएसपी पर लगाए गए आरोपों का भी उल्लेख किया गया है।

एएसपी अजय प्रताप के खिलाफ उनके ही तत्कालीन स्टेनो हेमेंद्र पाल सिंह ने 24 नवंबर को एडीजी जोन को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इसमें कहा कि एएसपी अजय प्रताप ने 29 जून को कार्यभार ग्रहण किया। उनका कर्मचारियों से बात करने का तरीका व व्यवहार ठीक नहीं है। एएसपी ने 23 जुलाई को आमद कराने आए दीवान हरिकृष्ण से दुर्व्यवहार किया।

उसका वीडियो भी उनके पास है। अगस्त में रिट सेल प्रभारी दरोगा अशोक कुमार के साथ एएसपी ने अभद्रता की थी। इस मामले में 26 अगस्त को दरोगा ने एएसपी को लीगल नोटिस देकर उनसे अभद्रता के संबंध में जवाब मांगा था। स्टेनो का आरोप है कि सितंबर 2020 को एक शिकायती प्रार्थना पत्र पर एएसपी से कार्रवाई के बारे में पूछने पर उन्होंने अभद्रता की।

स्टेनो हेमेंद्र पाल सिंह ने तत्कालीन एसपी डॉ. अनिल मिश्रा के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र देकर एएसपी के बारे में अवगत कराया और अपना स्थानांतरण अमृतपुर, सीओ मोहम्मदाबाद की पेशी में करने की गुहार लगाई थी। एसपी ने कार्रवाई करने का भरोसा दिया था। इसकी जानकारी होने पर तीन अक्तूबर को एएसपी अजय प्रताप ने फिर से अभद्रता कर कार्यालय के कर्मचारियों से उनके निलंबन को लेकर रिपोर्ट बनाने की बात कहकर अपमानित किया। एडीजी जय नारायण सिंह से स्टेनो ने डायरेक्ट आईपीएस से जांच कराने की मांग की थी। इस पर एडीजी ने जांच एसपी अशोक कुमार मीणा को सौंप दी है। एसपी कार्यालय से इस मामले में कई पुलिसकर्मियों को बयान के लिए बुलाया गया है। एडीजी जय नारायण सिंह ने बताया कि जांच फर्रुखाबाद के एसपी को दी गई है।

# सुरक्षाकर्मी की हत्या में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## ● पुलिस लाइसेंसी बंदूक की तलाश में नदी खंगालने में जुटी

संवाददाता। सरीला (हमीरपुर)

**जलालपुर** थाना क्षेत्र में बेतवा नदी की भेड़ी खरका मौरंग खदान के सुरक्षाकर्मी की हत्या की रिपोर्ट छह लोगो के खिलाफ दर्ज की गयी है। पुलिस सुरक्षाकर्मी की लाइसेंस बंदूक की तलाश में बेतवा नदी खंगालने में जुटी। जानकारी के मुताबिक जालौन जनपद के कदौरा कस्बा निवासी विजय बहादुर उर्फ गुड्डन (40) बेतवा नदी के मौरंग खदान में सुरक्षाकर्मी था। 11 दिसंबर को मौरंग खंड के कर्मचारियों से विवाद के बाद विजय बहादुर अपने घर जाने की बात कहकर खदान से लाइसेंसी बंदूक सहित चला गया था। लेकिन वह घर भी नहीं पहुंचा था।उसके बाद में कोई जानकारी न मिलने पर सुरक्षाकर्मी के भाई की तहरीर पर जलालपुर थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। लेकिन घटना के बाद से ही उसकी पत्नी अपहरण कर हत्या की आशंका जता रही थी। लेकिन जलालपुर व कदौरा पुलिस उसकी बात को नजरअंदाज करती रही।

मंगलवार को सुरक्षा कर्मी का शव जालौन जनपद की सीमा में बेतवा नदी किनारे पड़ा मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान भी थे।सूचना पर पहुंचे कालपी विधायक नरेंद्र सिंह जादौन ने जलालपुर पुलिस पर निशाना साधते हुए थानाध्यक्ष को हटाने की मांग की थी और परिजनों संग धरने पर बैठ गए थे। देर रात मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए कदौरा थाना पुलिस ले गई।

हत्या का मामला जलालपुर थाने में दर्ज किया गया है।जलालपुर थानाध्यक्ष उमापति मिश्रा ने बताया कि मृतक की पत्नी सोनी सिंह की तहरीर पर विवेक पाठक उर्फ बब्बू महाराज, मिंटू पाठक, सुशील उर्फ पुल्ली लाला निवासी भेड़ी डांडा,शरण सेवक विश्वकर्मा, मनोज शर्मा उर्फ बंटी निवासी लोहारी धौलपुर, ऋषिकेश निवासी पिदावली थाना कंचनपुर धौलपुर राजस्थान के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आगे बताया कि मृतक की लाइसेंसी बंदूक को बेतवा नदी में गोताखोरों की मदद से ढूंढा जा रहा है। मृतक की टॉर्च नदी में बरामद हुई है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम जालौन पुलिस ने कराया है।

# एनआरएलएम का बिजली बिल वसूली कार्यक्रम फ्लाप

**हमीरपुर।** सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यक्रम(एनआरएलएम) के तहत बिजली के बिल काटने की दी गयी जिम्मेदारी फ्लाप हो गयी है, एक दस महिलाओं द्वारा एक माह में सिर्फ एक लाख 25 हजार रुपये का संग्रह हो पाया है। जिससे विभाग का राजस्व प्रभावित हो रहा है। शासन ने एनआरएलएम से जुड़ी समूह की महिलाओं को रोजगार देने के लिये विजली की वसूली करना, राशन की दुकान चलाना, प्राइमरी बच्चों की यूनीफार्म बनाना जैसे तमाम कार्यों को करने की जिम्मेदारी सौपी गयी थी,इसके लिये विजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कुरारा, मौदहा, सुमेरपुर ब्लाक में करीब बीस महिलाओं को प्रशिक्षित किया था, इसके लिये महिलाओं ने विजली बिल निकालने की मशीन खरीदी थी, विजली विभाग ने संबंधित गांवों की सूची संबंधित महिला कर्मियों(दीदियों) को सौप दी थी। अधीक्षण अभियंता राजकुमार का कहना है कि एनआरएलएम की दस महिलाएं विजली का बिल काटने का काम कर रही है जिससे एक माह में सिर्फ एक लाख बीस हजार रुपये का ही संग्रह हो पाया है, जब कि एनआरएलएम को चाहिये कि जो बीस महिलाएं प्रशिक्षित की गयी है वह सभी विद्युत बिल काटे ताकि ज्यादा से ज्यादा राजस्व की प्राप्ति हो सके। महिलाओं यानी दीदियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिंह लगता जा रहा है, हालाकि एनआरएलएम के डीसी कमलेश कटियार का कहना है कि एक माह मे करीब ढाईलाख रुपये का संग्रह हुआ है नया काम है धीरे धीरे महिलाओं की कार्यक्षमता बढ़ेगी। इधर समूह की महिलाओ को काम की जो भी जिम्मेदारी दी गयी थी उसमे ज्यादा से ज्यादा काम फ्लाप होता जा रहा है। जब कि जो महिलाओं समूह से जुड़ी हुई है उनमें अभी पचास फीसदी से कम महिलाओं को ही काम मिल पाया है। यदि इसी प्रकार महिलाओं का काम पीछे होता गया तो विभागों का महिला समूह से विश्वास उठ जायेगा।

## बांदा में कोहरे और बदली से बढ़ी ठिठुरन

**बांदा।** तेज पछुवा हवा ने मंगलवार को भी जबरदस्त सर्दी का अहसास कराया। सुबह कोहरा की धुंध छटी तो बदली ने डेरा डाल लिया। दिन भर बादल छाए रहे। पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन को लोग तरस गए। तापमान में भी एक डिग्री की कमी और आ गई। कड़ाके की सर्दी के बावजूद अभी तक सार्वजनिक स्थलों पर अलाव नहीं जल सके हैं। जिले में सर्दी का सितम बढ़ रहा है। पिछले तीन दिनों से मौसम में बदलाव के बाद गलन धीरे.धीरे बढ़ती जा रही है। पहाड़ों से होकर आ रही तेज पछुवा हवाओं ने लोगों को कंपकंपाने को मजबूर कर दिया। मंगलवार को भी सुबह शहर कोहरे की धुंध में डूबा रहा। करीब आठ बजे कोहरा छोटा तो हल्के सूर्य देव के दर्शन हुए लेकिन यह धूप ठंड से कोई राहत नहीं दे सकी। सूर्य देव पूरे दिन जद्दोजहद करते नजर आए। जैसे.जैसे शाम ढली सार्वजनिक स्थलों व सड़क किनारे बेसहारा व गरीब ठिठुरते नजर आए।

## क्विक न्यूज

### 4094 स्वास्थ्य कर्मियों को लगेंगे कोविड टीके

**चित्रकूट।** कोरोना टीके आने की सम्भावना के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग टीका भंडारण की तैयारी में जुट गया है। सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होगा। सूचीबद्ध कर्मियों के नाम व मोबाइल नम्बर कोविड पोर्टल पर अपडेट किये जा रहे हैं। जिले में 11 बिन्दुओं पर कोविड वैक्सीन का भंडारण होगा। बुधवार को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मुकेश पहाडी ने बताया कि 11 बिन्दुओं पर रंगाई, पोताई, सफाई व विद्युत आपूर्ति व्यवस्था हो चुकी है। जिला वैक्सीन स्टोर के पास शहरी उपस्वास्थ्य केन्द्र कर्वी के हाल में कोविड वैक्सीन का भंडारण होगा। जिला कोल्डचेन प्वाइंट शहरी उपस्वास्थ्य केन्द्र कर्वी में ही सूखे कमरे में सीरिंज का भंडारण कर सभी प्वाइंट पर डीप रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था की जायेगी। अभी तक 4094 कर्मियों को सूचीबद्ध किया गया है। 25 सौ कर्मियों के नाम व मोबाइल नम्बर फीड हो चुके हैं। टीका लगने के बाद मोबाइल पर ही टीका लगवाने का प्रमाण पत्र और दूसरे डोज के टीकाकरण की तिथि की सूचना दी जायेगी। 34 सरकारी अस्पतालों के 3989 व सभी 19 निजी अस्पतालों के 105 लाभार्थियों का आंकड़ा मिल चुका है।

### नाली जाम करने की शिकायत पुलिस से

**कुरारा।** पड़ोस के ही दबंग द्वारा नाली जाम कर देने लोगो के घरों में पानी भरने की शिकायत मोहल्ले वासियों द्वारा थाने में की गई है। बीएसएनएल एक्सचेंज के पीछे के निवासी श्यामबाबू, रघुराज, राजू, कमला, रामावतार, सीताराम, शिवपाल आदि ने थाने में बताया है कि वार्ड के शिवशंकर यादव व बद्री प्रसाद अहिरवार द्वारा जाम कर दिया गया है जिससे हमारे घरों में पानी भर रहा है उक्त लोगो द्वारा जब नगर पंचायत के सफाई कर्मी नालियां साफकरने जाते है तो उन्हें डांट कर भगा देते है और हम लोगो के उलाहना देने पर हमे मारने को दौड़ते है। मोहल्ले वासियों ने उक्त दोनों दोगो के खिलाफथाने में तहरीर देकर नालियां साफकरवाये जाने की मांग की है।

### मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग बाइक से गिरकर घायल हो गये। मुस्करा गांव निवासी बबलू अपने साथी धर्मेंद्र पुत्र मदनपाल राठ से गुंदेला बाइक से जा रहे थे। तभी राठ-हमीरपुर मार्ग स्थित गहरा चौकी के पास बाइक अनियांत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। जिससे दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गये। इसी तरह म.प्र. के छतरपुर निवासी बृजगोपाल, अंबे पैलेस राठ संतोष राठ निवासी कुलदीप पुत्र सत्यवीर सिंह, कोतवाली क्षेत्र के धनौरी निवासी सुनील पुत्र वृंदावन बाइक से गिरकर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया।

### पति के खिलाफ पुलिस से शिकायत की

**कुरारा।** पति द्वारा आयेदिन मारपीट करने व घर से निकाल देने की तहरीर पीड़ित पत्नी द्वारा थाने में दी गई है।थाना क्षेत्र के जलाला गांव निवासिनी पीड़ित महिला लक्ष्मी पत्नी रिंकू निषाद ने अपने पति रिंकू के खिलाफथाने में तहरीर दी है कि मेरा पति रिंकू मेरे साथ मारपीट करता है व मारपीट करके घर से निकाल देता है तथा दूसरी शादी करने की धमकी देता है। लक्ष्मी द्वारा थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है।

### छत से गिरकर घायल

**मौदहा।** कस्बा के सिचौलीपुरवा निवासी लक्ष्मी पत्नी अरुण बीती शाम जब अपने घर के छत की सफाई कर रही थी तो अचानक उसका पैर पानी में फिसल जाने के कारण छत से नीचे गिर पड़ी परिजनों द्वारा आनन फानन लक्ष्मी को मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।

### दो लोगों को गजही बंदूक के साथ गिरफ्तार किया

**कुरारा।** कुरारा थाना क्षेत्र के बेरी चौकी इंचार्ज ने बीती शाम दो लोगो को गजही बंदूक के साथ पकड़ कर मुकदमा दर्ज किया है। वही दोनो को चालान कर जेल भेज दिया है। बेरी गांव में में महाराज सिंह मोंगिया पुत्र कल्याण सिंह निवासी शिवपुरी मप्र व विनोद मोंगिया पुत्र मुन्ना निवासी बहादुर पुर इटावा बलरई को चौकी इंचार्ज बेरी विवेक त्रि पाठी ने दो गजही बंदूक के साथ जंगल में शिकार करते हुए पकड़ा। दोनो मलहरा गांव के जंगल में थे । ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने दविश देकर ग्रिफ्तार कर दोनों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। वहीं चालान कर जेल भेज दिया

### बेटियों को मारपीट कर घर से बाहर निकालने का लगा आरोप

**माधौगढ़ (जालौन)।** बचपन में मां के गुजर जाने के बाद 6 साल बाद अपने ननिहाल से लौटी बेटियों को परिजनों ने घर में नहीं जाने दिया बल्कि मारपीट भी कर दी। शिकायत बेटियों ने कोतवाली में दर्ज कराई। मामला कोतवाली के कुरौती गांव का है। कमल सिंह पुत्र रामप्रकाश की 6-7 साल पहले पत्नी की मृत्यु हो गयी थी। जिसके दो बेटियां सोनम और रोशनी थीं। जिन्हें रामपुरा निवासी नाना हरिसिंह अपने साथ ननिहाल ले गए। कमल सिंह ने दूसरी शादी कर ली। इस बीच दोनों बेटियां अपने घर आई। घर दादा,सौतेली मां और अन्य परिजनों ने दोनों बेटियों मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। दोनों लड़कियों ने घटना की शिकायत कोतवाली में की है।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**मधौगढ (जालौन)।** बिजली विभाग के लगातार लापरवाही के चलते आए दिनों शॉर्ट सर्किट से लाखों की आम लोगों को चपत लग रही है बल्कि कई लोगों ने तो अपनी जान भी गंवा दी। अधिकारियों की लगातार लापरवाही आम लोगों को मुसीबत बनी हुई है ऐसा ही माधौगढ़ तहसील के ग्राम गुपलापुर में शॉर्ट सर्किट से संतोष कुमार पुत्र मुन्नीलाल, दीपक पुत्र रामप्रकाश के मकान में आग लग गई जिसमें नगदी 38 हजार की रकम का मंगलसूत्र कमर पेटी आदि जलकर राख हो गए जिससे उक्त व्यक्ति का लाखों का नुकसान हो गया।

### युवक ने महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते एक महिला को गांव के ही व्यक्ति ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डुंड़वाबुजुर्ग निवासी जफरुन्ना बेगम पत्नी चंदा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती शाम वह अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी समय गांव के ही सावन आए और अभद्रता करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नावालिग किशोरी को भगाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व नाबालिग किशोरी को गांव का ही युवक अपने परिजनों के सहयोग से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते 20 अक्टूबर की देर रात उसके घर में सो रही उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को गांव का ही नसरुद्दीन अपने परिजनों साहिया बेगम व सानू के सहयोग से उस समय बहला फुसलाकर भगा ले गया। जब सारे परिजन गहरी नींद में सो रहे थे। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दो ट्रकों की भिड़ंत में ड्राइवर की मौत, खलासी कानपुर रिफर

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** आज हिंदुस्तान यूनीलीवर के सामने दो ट्रकों की आमने सामने भिड़ंत हो गयी जिसमे एक चालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी तथा दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे मरणासन अवस्था मे उपचार के लिए कानपुर ले जाया गया। प्राप्त जानकरी के अनुसार नेशनल हाईवे में हिंदुस्तान लीवर के सामने आज सुबह कानपुर से कबरई जा रहा एक ट्रक ट्राला कबरई से पत्थर लादकर आ रहा दूसरा ट्रक ट्राला की आमने सामने जबरजस्त भिड़ंत हो गयी जिसमे कबरई गिट्टी लादने जा रहे चालक जीतू कुमार 26 वर्ष पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम निबिया खेड़ा थाना सजेती जिला कानपुर की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी इसी ट्रक ट्राला में सवार हेल्पर पुत्तन सिंह 35 वर्ष निवासी डूडा देव कानपुर नगर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे मरणासन्न अवस्था मे कानपुर भेज गया है जहाँ उसकी हालत गम्भीर बतायी जा रही है। दुर्घटना इतनी जबरजस्त हुई कि दोनों ट्रक चालक गाड़ी के अंदर फंस कर रह गये थे। जेसीबी मशीन से ट्रक को काटकर दोनों को बाहर निकाला गया मृतक ड्राईवर के दोनों पैर कट चुके थे जबकि दूसरा उसका सहायक गम्भीर रूप से घायल अवस्था मे बाहर निकाला गया। पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# गौशाला न होने से फसलों की रखवाली के लिए अब किसान कर रहे रतजगा

**जालौन ( उरई )।** कुठौंदा बुजुर्ग व कुदरा करौंदी मे गौशाला न होने से अन्ना जानवरों के विचरण से किसान परेशान हैं। दिन रात जागकर फसल उगाने में लगे किसानों की फसल को अन्ना जानवर नष्ट कर रहे हैं। परेशान किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर गांव में गौशाला खुलवाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के कुठौंदा बुजुर्ग गांव निवासी किसान गजेंद्र सिंह सेंगर, योगेंद्र कुमार, अशोक कुमार, जवान सिंह, शिवरतन के साथ कुदरा करौंदी गांव के किकान संजय, संदीप सिंह, उमाशंकर, सतेंद्र सिंह, भगवान शर्मा, शिव गोपाल आदि सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने एसडीएम गुलाब सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में अस्थाई गोशाला नहीं है। गोशाला न होने से अन्ना जानवर खेतों में विचरण करते रहते हैं। उनके खेतों में फसल उग चुकी है। ऐसे में अन्ना जानवर खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। फसल को जानवरों से बचाने के लिए वह ठंड के मौसम में रात रात भर जागकर खेतों की रखवाली कर रहे हैं। जानवर रूक नहीं रहे हैं। वह खेत में एक ओर जानवरों को हांकते हैं तो वह दूसरी ओर से खेतों में घुस जाते हैं। गांव में गोशाला खुलवाने के लिए वह कई बार ब्लॉक के अधिकारियों से मांग कर चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने से किसान परेशान हैं। इसके अलावा कई खेतों में आरी वाले तार लगे होने से कई बार जानवर घायल भी जाते हैं। जिनका इलाज नहीं हो पाता है।

### कीटनाशक छिड़काव से चार बीघा की फसल बर्बाद

**जालौन ( उरई )।** कीटनाशक विक्रेता द्वारा खराब कीटनाशक दवा देने से 4 बीघा खेत में खड़ी मटर की फसल बर्बाद हो गई है। पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर देकर कीटनाशक विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाते हुए उसे मुआवजा दिलाने की मांग की है। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम रैपुरा निवासी जयकरन सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने 4 बीघा खेत में मटर की फसल बोई थी। फसल के उगने पर उसमें कीटनाशक के छिड़काव की आवश्यकता थी। जिसके लिए उन्होंने नगर में स्थित एक कीटनाशक की दुकान से फसल में छिड़काव के लिए बीती 11 दिसंबर को कीटनाशक खरीदा था। जिसका फसल में छिड़काव करने पर फसल पीली पड़कर सूख गई है। जब वह इसकी शिकायत करने के लिए कीटनाशक विक्रेता की दुकान पर गया तो उन्होंने गाली, गलौज करते हुए वहां से भगा दिया।

## ट्रक ड्राइवर की सूझबूझ से बची चार की जान

**बांदा।** शहर से कोटेदारों का राशन लेकर जा रहा ट्रक पुलिया के पास असंतुलित होकर पलटने से बच गया। स्टेयरिंग फेल होने के बाद सभी ने कूदकर अपनी जान बचायी। थाना क्षेत्र के खप्टिहाकला चौकी के पास पूरन बाबा मंदिर के नजदीक राशन लेकर आ रहे ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। चालक उमेश कुमार ने बताया कि वह बांदा के एफसीआइ से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन (गेहूं) लेकर ग्राम सांड़ी खरेई अलोना के कोटेदारों के यहां जा रहा था। मंदिर की पुलिया के पास ट्रक असंतुलित होकर खाई में जाते.जाते पलटने से बच गया। ड्राइवर की सूझबूझ से ट्रक में बैठे पल्लेदार रामू पुत्र रामशरण अजूबा संजय मुनीम रामआशीष निवासी तिदवारी ने ट्रक से कूदकर जान बचाई। ट्रक ड्राइवर ने कहा कि स्टेयरिंग फेल होने के अंदेशा से ब्रेक लगाया तभी ट्रक असंतुलित हो गया।

### दिव्यांग के साथ मारपीट तमंचे से किया फायर

**बांदा।** अतर्रा ग्रामीण में पुराने विवाद के चलते एक दुकान पर बैठे दिव्यांग के साथ दबंगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर तमंचे से फायर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मजरा गर्गन पुरवा निवासी 55 वर्षीय बृजकिशोर गर्ग ने पुलिस बताया कि वह घर के पास परचून की दुकान में बैठा था। तभी चौरिहन पुरवा निवासी अमरीश गर्ग, आशीष गर्ग, शिवा तिवारी व महोतरा निवासी सितारा गौतम पहुंचे और गाली.गलौज करने लगे। मना करने पर लात.घूसों से मारते हुए जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। फायर की आवाज सुन आसपास के मौजूद लोग दौड़े तो धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी थानाध्यक्ष धनंजय सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

# पांच मंडलों व क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक में होंगे अहम फैसले



बैठक में मौजूद प्रदेश संगठन महामंत्री आदि।

**चित्रकूट।** भाजपा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के पांच मंडलों के मंडल प्रभारी व क्षेत्रीय कार्यसमिति की 17 दिसम्बर को उद्यमिता विद्यापीठ दीनदयाल शोध संस्थान में होने वाली बैठक की तैयारियों का जायजा लेने प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल आ गये हैं। बुधवार को प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील बंसल का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे व राघवेन्द्र सिंह आदि ने गर्मजोशी से कर कहा कि बंसल के साथ प्रदेश सहसंगठन मंत्री संतकुमार भी क्षेत्रीय कार्यशाला में मौजूद रहेंगे। इस बाबत व्यवस्था तैयारी की बैठक क्षेत्रीय महामंत्री सुखलाल पाल ने ली। क्षेत्रीय महामंत्री संत विलाश शिवहरे ने कहा कि पांच मंडलों के मंडल प्रभारी व क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक में पंचायत चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय होंगे। बैठक में राजेश जायसवाल, राघवेन्द्र सिंह, आलोक पाण्डेय, पंकज अग्रवाल, अंजू वर्मा, अर्पित जायसवाल, प्रेमलाल बाल्मीकि, राजीव तिवारी, बृजेन्द्र पाण्डेय व रामबाबू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के नेतृत्व में किसान मंडली महापंचायत का आयोजन




**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के बांदा में भाजपा ने एक किसान मंडली महापंचायत का आयोजन किया बांदा जनपद के राइफल क्लब में किया गया प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में बांदा के सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी हमीरपुर विधायक चित्रकूट विधायक महोबा विधायक और सांसद आरके पटेल के नेतृत्व में लगभग 15000 की भीड़ इकट्ठी की गई और इस समय जो किसान नए बिल का विरोध कर रहे हैं उनको दलाल और मक्कार कहा गया और कांग्रेस पार्टी समाजवादी पार्टी बीएसपी पार्टी को ललकारा और कहा कि किसान वास्तविक धरना प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं।

यह जो भी लग रहे हो दलाल लोग कर रहे हैं स्वतंत्र देव सिंह जी ने कहा की मंडियां बंद नहीं होंगी किसी को किसी भी प्रकार की दिक्कतें नहीं होंगी यह सिर्फ ब्राह्मण चीजें फैलाई जा रही है ऐसा शुरू में कांग्रेसमें अटल बिहारी वाजपेई के टाइम पर भी झूठ फैलाया था जिसकी वजह से अटल जी दोबारा प्रधानमंत्री नहीं बन पाए थे और सोनिया गांधी की वजह से अटल जी मैं बिस्तर पकड़ लिया था ऐसा आरोप कांग्रेश पर सिंह साहब ने लगाया इनका कहना है नरेंद्र मोदी के कोई परिवार नहीं है योगी के कोई परिवार नहीं है यह सिर्फजनता और किसानों के लिए ही कर रहे हैं नहीं तो स्वार्थ नहीं है ना इनका कोई मकान है ना निजी मकान है नानी के घर है स्वतंत्र देव ने सपा पर हमला करते हुए कहा के यह अखिलेश का यादव परिवार अपने आप में ही समस्याओं से घिरा हुआ है वह क्या जनता को किसानों को हित कर पाएगा यह तो बहुत ही असंभव चीज है ऐसा ही गांधी परिवार पर हमला करते हुए कहां निहित और निजी स्वार्थ की राजनीति करती हैं चाहे प्रियंका हो चाहे सोनिया हो चाहे राहुल गांधी।

आपको बताते चलें कि प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने हरियाणा पंजाब राजस्थान के किसानों को यह बताने का प्रयास किया है कि देखो उत्तर प्रदेश में कितनी खुशहाली है किस तरह से किसान विरोध नहीं कर रहा आप राजनीति में नहीं तो मत हो भाजपा जो कर रही है वह आपके हित में कर रही हैं और आप लोग दलालों और हाथियों के चक्कर में ना आएं और नए अध्यादेश किसान बिल का पूर्ण समर्थन करें एमएसपी मंडिया किसान जहां चाहे वहां अपना अनाज भेज सकता है ऐसी कोई भी भ्रांतियां नहीं है जैसे कि लोग भोले.भाले किसानों को भ्रमित करें हैं यहां की लगभग 10000 किसानों की महापंचायत को देखकर ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश का किसान नए बिल का कोई विरोध नहीं कर रहा समर्थन कर रहा है।

# एकमुश्त समाधान: बिजली बिल बकायेदारों को सरचार्ज में मिलेगी सौ फीसद छूट: मित्तल

## ● दुकानदारों, लघु व मध्यम उद्यमियों और निजी संस्थानों को मिलेगा योजना का लाभ



पी के मित्तल अधीक्षण अभियंता।

**चित्रकूट।** विद्युत वितरण खंड चित्रकूट के अधीक्षण अभियंता पी के मित्तल ने बताया कि कोविड-19 के चलते समय से बिजली का बिल अदा न कर पाने वाले दुकानदारों (वाणिज्यिक), लघु व मध्यम श्रेणी के उद्यमियों और निजी संस्थानों के संचालकों को अब बकाए पर सरचार्ज नहीं देना पड़ेगा। कोविड-19 एकमुश्त समाधान योजना के तहत 30 नवंबर तक के बकाए बिल पर उन्हें सौ फीसद सरचार्ज की छूट मिलेगी। 31 जनवरी तक लागू रहने वाली इस योजना में सरचार्ज से छूट पाने के लिए पिछले माह तक के मूल बकाए का 30 फीसद जमाकर पंजीकरण कराना होगा। बुद्धवार को अधीक्षण अभियंता पी के मित्तल ने बताया कि शासन द्वारा घरेलू व किसानों के बाद अब व्यापारियों व उद्यमियों आदि को भी राहत देने के लिए एलएमवी-2 (शहरी व ग्रामीण वाणिज्यिक), 4बी (निजी संस्थान) व श्रेणी-6 (औद्योगिक) के उपभोक्ताओं को उनके बकाये बिल पर शत-प्रतिशत सरचार्ज से छूट देने के लिए कोविड-19 एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है। बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित उपभोक्ता अधिशासी अभियंता व एसडीओ कार्यालय के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में सीएससी केंद्रों से आनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। कोविड को देखते हुए घर बैठे ही पावर कारपोरेशन की वेबसाइट के जरिये योजना में पंजीकरण कराया जा सकेगा। मित्तल ने बकाएदार उपभोक्ताओं को 30 नवंबर तक के मूल बकाए का 30 फीसद और उसके बाद के बिल का पूरा भुगतान सुनिश्चित करना होगा। उन्होने बकायादारों से अपील की है कि वे कनेक्शन कटने की समस्या से बचने के लिए योजना का लाभ उठाते हुए बकायेदारी खत्म कर लें।

# 21 दिसंबर से 8 जनवरी तक चलाया जायेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**कन्नौज।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए.) के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को मुख्य चिकित्सा सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 के. स्वरूप ने की। इस दौरान उन्होनें बताया कि जनपद में लगभग लाभार्थियों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डीईसी और अल्बंडाजोल की निर्धारित खुराक मुफ्त में दी जाएगी। ये दवाइयां प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर अपने सामने खिलाएंगे। किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाएगा। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाएं नहीं खिलाई जाएंगी। फाइलेरिया रोग नियंत्रण के नोडल अधिकारी डा.के.सी.राय ने बताया कि फाइलेरिया अभियान में जिले में 1825 टीमें है जिसमें 3650 कर्मचारियों द्वारा लगभग जिले की लगभग 18 लाख जनसंख्या को कवर करेंगी। गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों गर्भवती महिलाओं को छोड़कर। जिला मलेरिया अधिकारी मनोज दीक्षित ने बताया हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पाँव हो जाना महिलाओ के स्तन में सूजन आ जाना यह सब फाईलेरिया रोग के लक्षण हैं फाईलेरिया रोग मच्छरों द्वारा फैलता है। खासकर क्यूलैक्स मादा मच्छर के जरिए। इस बीमारी का कारगर इलाज नहीं है। इसकी रोकथाम इसका समाधान है। फाइलेरिया के लक्षण नहीं दिखने पर भी इस दवा का सेवन का सेवन करना जरूरी है। पी.सी.आई. संस्था के प्रतिनिधि सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि फाईलेरिया रोग प्रबंधन के लिए 2 वर्ष से ऊपर तथा 5 वर्ष से छोटे बच्चों को डी.ई.सी. की 1 टैबलेट और एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट दी जाएगी एवं 5 वर्ष ऊपर 15 वर्ष से छोटे बच्चों को डी.ई.सी.की 2 टैबलेट व एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट तथा 15 वर्ष से ऊपर सभी व्यक्तियो को डी.ई.सी. की 3 टैबलेट व एल्वेंडाजोल की 1 टैबलेट दी जायेगी । डी.ई.सी. एवं अलबेन्डाजोल की टैबलेट को खाली पेट नहीं खाना चाहिए यह दवाये खाना खाने के बाद खानी है ऐसे व्यक्ति जो अधिक बीमार हो, गर्भवती महिलाओं एवं 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों को फाइलेरिया की दवा नहीं खिलाई जाएगी। यह दवा पूर्णतया मुफ्त मिलेगी। फाइलेरिया के लक्षण -सामान्यत: तो इसके कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते हैं। बुखार, बदन में खुजली तथा पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द और सूजन की समस्या दिखाई देती है। पैरों व हाथों में सूजन, हाथी पाँव और हाइड्रोसिल (अंडकोषों का सूजन) के रूप में भी यह समस्या सामने आती है। फाइलेरिया से बचाव के उपाय-मच्छरो से बचने के लिए मच्छर दानी का प्रयोग करें। घर के आस-पास कूडे का को ईकटठा न होने दें। कूडेदान का प्रयोग करे।

# राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित कर आयुष्मान ने बढ़ाया चित्रकूट का गौरव



अभिनंदन करते केशव शिवहरे।

**चित्रकूट।** बंद आँखों से भगवान गणेश की मूर्ति बना कर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराकर धर्म नगरी चित्रकूट को गौरवान्वित करने वाले आयुष्मान रिछारिया का बुधवार को अग्रणी समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि बुंदेलखंड के सबसे पिछड़े जिले चित्रकूट में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कक्षा 9 वीं के छात्र आयुष्मान ने राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित कर यह साबित कर दिया है।

चित्रकूट जिला मुख्यालय कर्वी के पुरानी बाजार निवासी आयुष्मान रिछारिया पुत्र दयाशंकर रिछारिया ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से मूर्ति कला में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आयुष्मान रिछारिया ने बताया कि कोरोना लॉकडाउन में उसने अपने हुनर मूर्ति कला को निखारना शुरु किया। मूर्ति कला में शुरु से ही रुचि रही है, पढाई के कारण वक्त न मिलने से इस कला को सौकिया तौर पर ही रखा। लॉकडाउन में स्कूल बन्द होने पर समय का सदुपयोग कर कला को उडान के नये पंख देकर नया इतिहास रच दिया। मिट्टी के सूक्ष्म गणपति की 1.5 सेमी व दो इंच की मूर्ति आंख बन्द कर बनाई। उनका यह कीर्तिमान इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुआ है। बुद्धवार को देश की प्रमुख समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने चित्रकूट को मिली इस बडी उपलब्धि के लिए आयुष्मान रिछारिया का अभिनन्दन किया। इस मौके पर श्री शिवहरे ने कहा कि चित्रकूट जैसे पिछड़े जिले के होनहार छात्र द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान हासिल करना बड़े ही गौरव की बात है।आने वाले समय मे आयुष्मान गिनीज बुक ऑफ वर्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चित्रकूट का नाम दर्ज कराये ईश्वर से यही कामना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे ने आयुष्मान को सम्मानित करते हुए कहा कि इस बच्चे की वजह से हमारे चित्रकूट का नाम भी रोशन हुआ है।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 17 दिसंबर, 2020



# कमला नेहरू ट्रस्ट की जमीन पर गरजा बुलडोजर, अतिक्रमण साफ

● शहर में रात से ही प्रशासन ने कसी थी कमर, चौकस की गई थी सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता। रायबरेली

**वर्षों से** विवादित चली आ रही कमला नेहरू टेस्ट की जमीन पर आखिरकार सरकारी बुलडोजर गरजा अवैध अतिक्रमण किए दुकानदारों की दुकानों को तोड़ दिया गया अतिक्रमण को साफ करा दिया गया। इसके लिए प्रशासन ने देर रात से ही इंतजाम आपके लिए थे और बुधवार को भोर में कार्यवाही को अंजाम पर पहुंचाया जाना तय कर दिया गया मीडिया को कवरेज से दूर रोक दिया गया बदसलूकी भी की गई। विवादों से घिरे रहने वाले सर्किल अफसर सदर अंजनी चतुर्वेदी सजी-धजी गालियों में नजर आ रहे थे जो पुलिस पर कतई शोभा नहीं दे रही थी। रायबरेली शहर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज एनएच 30 सिविल लाइन चौराहा स्थित बहुचर्चित कमला नेहरू ट्रस्ट नाम से दर्ज जमीन पर अवैध कब्जा जमाए लोगों की दुकान व मकान पर जिला प्रशासन ने बुधवार को बुलडोजर चला दिया।

### कुछ ऐसे शुरू हुआ था विवाद....

सरकारी जमीन पर फर्जी तरीके से कब्जा जमाए लोगों को जगह खाली करने के आदेश कई महीने पहले ही दे दिए गए थे। कोर्ट के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने अवैध रूप से काबिज लोगों को नोटिस दिया। उनके बिजली कनेक्शन काट दिए। हालांकि, इतना करने के बाद भी जमीन खाली नहीं हो पाई। कोर्ट के आदेश का पालन करने के दबाव में जिला प्रशासन मंगलवार रात से तैयारी कर रहा था और बुधवार सुबह उसके बुलडोजर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर गरजने लगेअतिक्रमण हटाने से पहले कुछ उपद्रवियों ने पुलिस के ऊपर पथराव किया जिसके जवाब में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया लेकिन इन सबके दौरान जेसीबी और बुलडोजर चलते रहे। मामले में दुकानदारों को हिरासत में लिया गया है।मामले पर विवाद तब शुरू हुआ जब कमला नेहरू ट्रस्ट ने इस जमीन को एक भाजपा नेता को बेच दिया। खरीद-बिक्री प्रक्रिया को सही नहीं माना गया और मामला हाईकोर्ट पहुंच गया।हाईकोर्ट ने इस जमीन को नजूल लैंड बताते हुए जिला प्रशासन के हक में फैसला सुनाया और अवैध कब्जा हटाने का फरमान जारी कर दिया। कई महीनों की मशक्कत के बाद जिला प्रशासन ने बुधवार को अवैध कब्जा हटवा दिया गौरतलब है कि इससे पहले भी जिला प्रशासन ने कब्जा हटवाने का प्रयास किया था लेकिन सदर विधायक आदिति सिंह ने इसका तीखा विरोध किया और दुकानदारों के हक में धरना प्रदर्शन भी किया था।हाल ही में दुकानदारों की बिजली काट दी गई थी लेकिन बाद में जोड़ दी गई। मंगलवार को साप्ताहिक बंदी के बाद बुधवार की सुबह भारी फोर्स के साथ प्रशासन ने अतिक्रमण हटवा दिया। इस दौरान विरोध करने आए लोगों को पुलिस ने दौड़ा कर पीटा।





### 108 से अधिक दुकानदारों की जिंदगी अंधेरे में

हुई कार्यवाही से सबसे अधिक दुकानदार प्रभावित हुए हैं उनके परिवार के भरण-पोषण का आर्थिक संकट खड़ा हो गया है व्यवसाय तो पूरी तरह बर्बाद ही हो गया है। दुकानदार मौके पर पहुंची भारी-भरकम पुलिस बल देख कर घबरा गए थे वह चुपचाप नष्ट होती अपनी दुकानों को देखते रहे सवाल यही है कि अब उनके भविष्य का क्या होगा। वहीं सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीसी (फौ0) ओ.पी. यादव ने सिविल लाइन चौराहे पर स्थित कमला नेहरू ट्रस्ट की जमीन खाली कराने के नाम पर पुलिस व प्रशासन द्वारा किया गया नंगा नाच की कड़े शब्दों में निन्दा की है। श्री यादव ने कहा कि किसी भी आदेश का निष्पादन सूर्योदय के बाद ही किया जाता है, इस मामले में प्रशासन की क्या कमजोरी व मजबूरी थी कि जमीन खाली कराने के लिए रात के अंधेरे का समय चुनाव गया। मान्नीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का स्पष्ट आदेश है कि कोविड-19 के चलते 5 जनवरी 2021 तक किसी भी मामले में बेदखली व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही न की जाय। प्रशासन ने मान्नीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के आदेश को दरकिनार कर

### ट्रस्ट की जमीन खाली कराने के नाम पर प्रशासन ने किया नंगा नाचः ओ.पी. यादव

दिया। रात के अंधेरे में जब दुकानदार अपनी दुकानों में परिवार के साथ सो रहे थे, जबरदस्ती उन्हें खींच-खींच कर बाहर कर दिया गया। करोड़ों का समान तोड़-फोड़ कर नष्ट कर दिया। 108 दुकानदारों की रोजी रोटी छिन गयी, उन्हें हटाने के पहले उन्हें बसाने के बारे में नहीं सोचा गया, उनके बच्चे भुखमरी के लिए मजबूर हो गये। इन दुकानों में सैकड़ों मजदूरों की रोजी-रोटी छीन ली गयी। उनके घर के चूल्हे नहीं जलेगें। यही नहीं रोजी-रोटी का वास्ता देने वालों को पुलिस ने हिरासत में लेकर उनकी आवाज बन्द कर दी। श्री यादव ने कहा कि रहिमन हाय गरीब की हरि से सही न जाय, मरी खाल की श्वांस सो सार भस्म होइ जाय। प्रशासन ने जिस प्रकार से अमानवीय कृत्य किया है, उसे जनता कभी माफ नहीं करेगी।

## 71 के युद्ध के सेनानियों का हुआ सम्मान

संवाददाता। जगतपुर

**कस्बे के पंडित** जालीपा प्रशाद विधा मंदिर में 1971 में पाकिस्तान को विभाजित करके बांग्लादेश के निर्माण में सहभागी रहे , कैप्टन आर के दुबे सूबेदार लक्ष्मीकांत तिवारी सूबेदार समर बहादुर सिंह सूबेदार रामलखन सिंह हवलदार विन्दादीन यादव को कांग्रेस के जिला सचिव राकेश सिंह राना ने अंगवस्त्र ओढ़ा कर इन जांबाज योद्धाओं का सम्मान किया , सभी को मुह मीठा करा कर विजय दिवस की खुशियां बांटी गई । इस अवसर पर राकेश राना ने कहा कि इन सेनानियों को सम्मानित करने का अवसर पा कर मैं अबिभूत हूं । आप सब की बदौलत ही देश की सीमाएं सुरक्षित है । इस अवसर पर सुरेश नारायण पांडये , अशापाल सिंह , ज्ञानेंद्र तिवारी , प्रेमपाल सिंह तापसी पांडये , ब्रजेश सिंह विजय यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**बछरावां रायबरेली।** गत 15 अक्टूबर की रात बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलई मऊ मजरे सुल्तानपुर क्षेत्र के गांव में चरही रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिसमें दबंग अभियुक्तों के द्वारा सुशील बाजपेई निवासी बलईमऊ व उनके परिवार के नौ लोगों को बेरहमी से पीटा गया था। वही उनकी पत्नी शोभा बाजपेई का दबंगों ने कान काट डाला। वहीं उनकी बेटी की भी जमकर पिटाई कर लहूलुहान कर दिया था। वही डायल 112 के पहुंचने के बाद भी दोनों पक्षों मारपीट होती रही। उक्त मामले से संबंधित वांछित अभियुक्तों दीपक सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, दीपू सिंह उर्फ महेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी बलईमऊ को बछरावां पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए मुकदमा अपराध संख्या 636 धारा 147, 323, 148, 149, 504, 506 के तहत गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। उक्त गांव के खूनी तांडव से क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त हो गया था अभियुक्तों की गिरफ्तारी होने के बाद लोगों में कानून पर विश्वास और बढ़ा है।

## युवा सपा नेता की दावेदारी से विरोधियों के हौसले हुए पस्त

● किसान बिल का विरोध करने के साथ साथ जनता के बीच पहुंचा रहे सपा शासनकाल की योजनाएं

संवाददाता। सुलतानपुर

**जनता के** बीच अच्छी पकड़ रखने वाले युवा समाजवादी नेता को मिल रहे अपार जन समर्थन से विरोधियों के हौसले पस्त नजर आ रहे हैं। चाहे केन्द्र सरकार द्वारा पारित किसान बिल का विरोध हो या फिर सपा सरकार में चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाएं, सभी को आवाम तक पहुंचाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। यही वजह है कि पार्टी पदाधिकारी और समर्थकों के साथ साथ इन्हे क्षेत्र की जनता पसन्द कर रही है। 2022 में



होने वाले विधानसभा चुनाव में इनकी दावेदारी को जनता परवान चढ़ाकर विधायक के रूप में देखना चाह रही है। गौरतलब हो कि 189 सदर (जयसिंहपुर) विधानसभा के गड़ौली दफ्लपुर निवासी शिवेन्द्र विक्रम उर्फ संजय वर्मा समाजवादी पार्टी के जुझारू और संघर्षशील नेताओं में गिने जाते हैं। क्षेत्र में इनकी लोकप्रियता इस कदर बढ़ गई है कि आवाम इन्हे विधायक के रूप में देखना चाहती है। संजय विधानसभा क्षेत्र में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लगातार जन संपर्क में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला दिन समाजवादी पार्टी का है। प्रदेश की जनता योगी सरकार से ऊब चुकी है। युवा बेरोजगार हैं, किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है। प्रदेश की जनता सिर्फऔर सिर्फसपा की ओर निहार रही है। कहा कि सपा शासनकाल में चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म, जाति के लोगों के साथ-साथ समाज के अंतिम पायदान तक सीधे पहुंचा था। यही वजह है कि जनता सूबे में एक बार फिर अखिलेश जी को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने जा रही है। यही नही आगामी विधानसभा चुनाव में सदर (जयसिंहपुर) से शिवेन्द्र के विधायक पद की दावेदारी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। शिवेन्द्र विक्रम के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष वर्मा, सारंगपुर प्रधान परमदेव यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजनीश यादव, छात्रसंघ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बीके यादव जन संपर्क कर सपा सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं समस्याएं

**सुलतानपुर।** शासन के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये सभी फरियादियों की कोविड -19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए एक-एक फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनी और उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भिजने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन सहित जनता दर्शन में आये फरियादीगण आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने हरीझण्डी दिखा वाहन किया रवाना

● प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में दी जाएगी जानकारी

संवाददाता। सुलतानपुर

**डीएम रवीश** गुप्ता द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से फसल बीमा योजनान्तर्गत रवी फसल 2020-21 में प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को जनपद में प्रचार के लिये फीता काटने के पश्चात हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद के कृषको को सन्देश प्रसारित किया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 रवी फसल में एग्रीकल्चर इन्शोरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को अधिकृत किया गया है। रवी फसल 2020 मौसम में बीमा हेतु 31 दिसंबर की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि फसल बीमा हेतु ऋणी कृषक एवं गैर ऋणी कृषकों दोनों को योजना में



वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते डीएम रवीश गुप्ता

सम्मिलित किया जाएगा। फसल बीमा हेतु शासन द्वारा जनपद की अधिसूचित ग्राम पंचायतों में गेहूँ, चना, मसूर एवं आलू फसल को लिया गया है, जिसकी बीमित राशि के अनुरूप फसल वार प्रीमियम दर निश्चित है। किसान क्रेडिट कार्ड धारक जो कृषक बीमा नहीं कराना चाहते है वे अंतिम तिथि के एक सप्ताह पूर्व अनिवार्य रूप से बैंक को लिखित सूचना उपलब्ध कराएं। डीएम ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाने के पश्चात बताया कि इस प्रचार वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के विषय में प्रचार प्रसार कर जनपद के गांवों गांवों में जाकर लोगो को जागरूक किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### तमंचे के साथ वांछित अपराधी गिरफ्तार

**बछरावां रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रायबरेली व अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली एवं क्षेत्र अधिकारी महाराजगंज के पर्यवेक्षण में चल रहे वांछित अपराधियों के अभियान में बछरावां पुलिस कोआज इसी क्रम में बड़ी सफलता हाथ लगी पंजीकृत धारा 2द्3 उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट में बांछित अभियुक्तगण सर्वेश कुमार यादव पुत्र श्रीनाथ निवासी लूलूखेड़ा मजरे अकोहरी थाना मौरावां उन्नाव व बालराज उर्फबलराज उर्फगुड्डू लोधी पुत्र हनुमान निवासी अकोहरी थाना मौरावां उन्नाव को गिरफ्तार किया गया बालराज के पास एक अदद तमंचा 32 बोर व 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ व अभियुक्त सर्वेश के पास 2 अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ वैधानिक कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार कर्ता पुलिस टीम उ0नि0 अनिल यादव उ0नि0 श्री बाबू कांस्टेबल उदित राणा ,साजान कुमार , जय शंकर , महिला कांस्टेबल नेहा पांडेय मौजूद रहे।

### उचक्कों ने कागज की गड्डी थमा उड़ाए रूपये

**लालगंज,रायबरेली।** बैंक आफइंडिया से रूपये निकालकर जा रहे एक युवक को झांसा देकर उचक्के रूपये ले उड़े। बदले में उचक्कों ने युवक को 50 हजार रूपये बताकर कागज की गड्डी थमा दी। कस्बे के कृष्णानगर मुहल्ला निवासी युवक अमित कुमार का कहना है कि वह बैंक आफइंडिया से 11 हजार रूपये निकालकर घर जा रहा था। बैंक से बाहर निकलते ही दो अज्ञात युवकों ने उसे रोंकते हुए रूमाल में बंधी कागज की गड्डी थमाते हुए कहा कि इसमें 50 हजार रूपये हैं। वह उसके रूपये खाते में जमा कराने में मदद कर दे। इस पर अमित ने अपने 11 हजार रूपये उन युवकों के हवाले करते हुए उनके द्वारा दी गई रूमाल की पोटली लेकर बैंक के अंदर चला गया।जब उसने पीछे मुड़कर देखा तो दोनो युवक नदारद दिखे। उसे शंका हुई तो उसने रूमाल खोलकर देखा तो आवाक रह गया। उसमें रूपयों के बजाय कागज की गड्डी थी। उसने काफी खोजबीन की लेकिन उन उचक्कों का पता नही चल सका जिस पर वह कोतवाली पहुंचा और मामले का शिकायती पत्र दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**डलमऊ रायबरेली।** नगर पंचायत स्थित आदर्श नगर मोहल्ले में घर मे सोए युवक की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई एक करीबी के कथनानुसार युवक मंगलवार को एक शादी से घर वापस लौटने के बाद घर पहुंच कर अपने कमरे में जाकर सो गया सुबह घरवालों को मौत के बावत जानकारी होने पर घर मे कोहराम मच गया. जानकारी के मुताबिक आदर्श नगर निवासी रज्जन सोनकर उम्र 45 वर्ष पुत्र स्व बंसलाल मंगलवार एक रिश्तेदार की बारात में शामिल होने के लिए गया था। देर रात शादी से लौटने पर सामान्य दिनो की तरह अपने कमरे मे जाकर सो गया. सुबह उसकी मौत से घर मे कोहराम मच गया फिलहाल युवक की मौत ही वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है फिलहाल सूचना के काफी देर बाद पहुंची पुलिस को पंचनामा कर शव को घरवालों के सुपुर्द कर दिया

### फैसिलिटेशन काउंसिल का हुआ गठन

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्यम ;स्थापन एवं संचालन सरलीकरणद्ध अधिनियम .2020 लागू किया गया है। प्रदेश में कार्यरत सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों के भुगतान सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण एवं औद्योगिक इकाइयों के लम्बित भुगतान के सेटेलमेण्ट हेतु प्रत्येक मण्डल में एक फैसिलिटेशन काउंसिल की स्थापना के निर्णय के क्रम में आयुक्त देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव की अध्यक्षता में देवीपाटन मंडल गोंडा हेतु फैसिलिटेशन काउंसिल का गठन किया गया है। इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन द्वारा नामित प्रतिनिधि विजय केडियाए लघु उद्योग भारती द्वारा नामित प्रतिनिधि राम प्रकाश गुप्ता तथा अग्रणी जिला प्रबन्धकए इंडियन बैंक गोंडा को काउंसिल का सदस्य तथा संयुक्त आयुक्त उद्योगए देवीपाटन मण्डलए गोण्डा को सदस्य सचिव बनाया गया है।

### पेंशनर्स दिवस में उपस्थित रहें अधिकारीः मुख्य कोषाधिकारी

**गोंडा।** राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 दिसम्बर 2020 को प्रदेश के सभी जनपदों में पेंशनर्स.दिवस के रूप में आयोजित किये जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। तत्क्रम में जिला पंचायत सभागार गोण्डा में पूर्वान्हन 12रू00 बजे पेंशनर्स.दिवस का आयोजन किया गया है। शासन के निर्देशानुसार कार्यालयाध्यक्षों अथवा कार्यालय के किसी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी को कार्यक्रम में उपस्थित होना आवश्यक है ताकि पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके। इस अवसर पर शासन द्वारा निर्गत कोविड.19 के दिशा निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाएगा।मुख्य कोषाधिकारी ने कार्यालयाध्यक्षों से अपेक्षा की है कि वे पेंशनर्स.दिवस के प्रभावकारी एवं सार्थक रूप से आयोजन हेतु स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## कानून-व्यवस्था पर सतर्क निगाह रखें डीएम-एसपीः आयुक्त

**गोंडा।** देवीपाटन के आयुक्त एसवीएस रंगाराव की अध्यक्षता में बुधवार को आयुक्त सभागार में विकास कार्यक्रमोंए कानून व्यवस्था तथा कर.करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई जिसमें स्वास्थ विभागए सिंचाई विभागए विद्युतए खाद्य सुरक्षाए कृषिए सहकारिताए लोक निर्माण विभागए बाल विकास एवं पुष्टाहारए चिकित्सा एवं स्वास्थ्यए पंचायतीराजए समाज कल्याणए कन्या सुमंगलाए गन्ना मूल्य भुगतानए अमृत योजनाए मत्स्यए उद्यानए दुग्धए पिछ?वर्गए जल निगमए पशुपालनए श्रम तथा खादी एवं ग्रामोद्योग आदि विभागों में संचालित शासकीय योजनाओंए कार्यक्रमों तथा कराए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आयुक्त ने मानक व गुणवत्ता के साथ निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने एडी हेल्थ को निर्देशित किया कि कोविड.19 की माानीटरिंग गम्भीरता से कराते रहें। एडी द्वारा आयुक्त को अवगत कराया गया कि देवीपाटन मण्डल में कोरोना वायरस से रिकबरी रेट 97 प्रतिशत है तथा संभावित कोरोना वैक्सीन के दृष्टिगत मानक अनुरूप व्यवस्थाएं दुरूस्त कराई जा रही हैं। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने गोल्डेन कार्ड में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी पात्र व्यक्ति कार्ड से वंचित न रहने पाये। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों का भी गोल्डेन कार्ड बनवाए जाने हेतु अभियान चलाने के निर्देश उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल को दिए हैं।धान खरीद की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि मण्डल में लक्ष्य के सापेक्ष 68 प्रतिशत धान की खरीद हुई है जिसमें गोण्डा में 53ए बलरामपुर में 82ए बहराइच में 72 तथा श्रावस्ती में 74 प्रतिशत खरीद हुई है। आयुक्त ने आरएफसी को निर्देश दिए कि धान क्रय केन्द्रों से मिलों को धान समय से भेजा जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि मिल मालिकों के साथ बैठक करके एफसीआई को चावल भेजवाना तथा दिसम्बर माह अन्त तक धान खरीद लक्ष्य की शत.प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें। जल निगम व पंचायतीराज विभाग की समीक्षा में उन्होंने निर्देश दिए कि मण्डल में आर्सेनिक प्रभावित गांवों का डीपीआर बनाकर प्रस्ताव शीघ्रातिशीघ्र भेजें। समीक्षा के दौरान आयुक्त ने कहा कि धान क्रय केन्द्रों से 73 प्रतिशत धान मिलों को भेजा जा चुका है जिसके सापेक्ष अभी तक 39 प्रतिशत ही चावल एफसीआई को भेजा गया है। इसलिए मिल मालिकों के साथ बैठक कर शत.प्रतिशत चावल एफसीआई को भेजवाना सुनिश्चित करें। 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि देवीपाटन मण्डल में 60 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकीं जिनमें गोण्डा मे 10ए बलरामपुर में 07ए बहराइच में 29 तथा श्रावस्ती में 14 परियोजनाएं हैं। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के लोकार्पण की तैयारी कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन विभागों में निर्माण कार्यों के लिए शत.प्रतिशत धनराशि प्राप्त हो गई हैए उन परियोजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र पूरा कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों से कहा है कि निरन्तर मानीटरिंग करने के साथ ही प्रत्येक जनपद की तकनीकी टीम से कार्यों के मानक व गुणवत्ता की जांच कराते रहें ताकि कोई कमी न होने पाये। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मण्डल में उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों की बैंकों के माध्यम से क्रियान्वित हो रही रोजगार परक योजनाओं में कोई व्यवधान न प?ए इसके लिए विशेष ध्यान देकर बैंकों के साथ बैठक करके योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य को पूरा कराएं। कर.करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा में आयुक्त ने वाणिज्य करए स्टाम्पए विद्युत देयए आबकारीए परिवहनए वन तथा खनन आदि के विभागों से लक्ष्य के सापेक्ष अधिकाधिक वसूली सुनिश्चित करते हुए लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए हैं।

## मकान का ताला तोड़कर लाखों के गहने ले उड़े चोर

**रायबरेली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नेताजी सुभाष नगर में अज्ञात चोरों द्वारा मकान का ताला तोड़कर लाखों के सोने चांदी के गहने पार कर दिए भुक्तभोगी महिला ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही है। बताते चलें कि सदर कोतवाली के अंतर्गत नेताजी सुभाष नगर निवासिनी शोभा सिंह पत्नी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में कहा है कि प्रार्थिनी के मायके में दिनांक 8 .12. 2020 को छोटी बहन की शादी थी प्रार्थनीय दिनांक 6.12 .2020 को अपने घर रायबरेली से अपने मायके बलिया जनपद सपरिवार गई हुई थी शादी समारोह से दिनांक 11.12 2020 को वापस अपने परिवार के साथ समय करीब 3रू00 बजे अपने घर रायबरेली पहुंची तो देखा कि घर के बाहर लोहे के दरवाजे का ताला बंद है और जब मेन गेट का ताला खोलकर अंदर उन्होंने देखा तो सभी दरवाजे व अलमारी के ताले टूटे हुए थे सामान कपड़ा सब बिखरा हुआ था जिसमें से एक सोने की चेन व एक मंगलसूत्र एक जोड़ी कान का कुंडल नहीं थी जो अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। मामले में कोतवाली प्रभारी अतुल सिंह ने कहा है कि जांच पड़ताल की जा रही है मुकदमा पंजीकृत कर जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।



## अष्टधातु की मूर्ति के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा. कोतवाली** क्षेत्र भिनगा अन्तर्गत तीन दिन पूर्व एकघरवा कुट्टी गांव के रहने वाले प्रद्युम्ननाथ तिवारी के घर से दिन में ही चोरी गए अष्टधातु की मूर्ति की घटना का पुलिस ने पटाक्षेप कर दिया है। पुलिस के अनुसार मूर्ति चोरी का मास्टर माइंड शिकायत कर्ता प्रदुम्न नाथ तिवारी का नाती हीं निकला । प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदुम्न नाथ तिवारी के घर के सामने एक प्राचीन क्षतिग्रस्त मंदिर था जिसमें 12 मूर्तियां स्थापित है जिसमे से भगवान शत्रुघ्न की अष्टधातु की मूर्ति तेरह दिसम्बर को रहस्यमय ढंग से दिन दहाड़े चोरी हो गई थी। जिसकी सूचना प्रदुम्न नाथ तिवारी ने थाना कोतवाली भिनगा को लिखित रूप से दी थी। मूर्ति चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने क्राइम ब्रांच व भिनगा पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर घटना के अनावरण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्राइम ब्रांच एवं भिनगा पुलिस घटना के खुलासे के लिए लगातार प्रयासरत थी। इसी बीच संयुक्त टीम ने पटना खरगौरा के पास से दो अभियुक्तों अंकित कुमार तिवारी पुत्र अनिल कुमार तिवारी निवासी एकघरवा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती तथा आशुतोष प्रताप मिश्रा पुत्र शंकर दयाल मिश्रा निवासी नऊवागढ़ी थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी गई अष्टधातु की मूर्ति बरामद कर लिया।



## सफाईकर्मी की मौत पर हुआ प्रदर्शन अध्यक्ष को युवक ने जड़ दिया थप्पड़

संवाददाता। लालगंज,रायबरेली

**संविदा सफाई** कर्मचारी की मौत के बाद प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों व परिजनों को आश्वासन देते समय नगर पंचायत अध्यक्ष पर एक युवक हमलावर हो गया और उसने अध्यक्ष को थप्पड़ जड़ दिया। गुस्साए लोगों ने दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया और वहां मौजूद पुलिस के हवाले कर दिया। उल्लेखनीय है कि नगर पचांयत लालगंज में संविदा सफाई कर्मचारी शीतला प्रसाद पुत्र भगौती प्रसाद निवासी सरेनी बीती 8 दिसंबर को बाबा का पुरवा मोहल्ला में एक निजी गेस्ट हाउस में सफाई के दौरान करंट से झुलस गया था। जिसे इलाज के लिए लखनऊ स्थित एक अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों को मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर बुधवार को सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले नगर पंचायत के सभी सफाई कर्मचारियों ने शव को गेट पर रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कुछ देर बाद नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और धरने की अगुवाई कर रहे मिश्रीलाल वाल्मीकि तथा राजेश कुमार उर्फ गब्बर को बुलाकर वार्ता करनी चाही। जैसे ही उन्होंने बात शुरू की अचानक एक युवक ने अध्यक्ष श्री गुप्ता पर हमला करते हुए थप्पड़ जड़ दिया। इससे वहां पर अफरा तफरी मच गई।मौजुद लोगों ने युवक को पकड़ कर कस्बा इचार्ज महेश यादव के हवाले कर दिया। आक्रोशित लोग युवक पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़ गए। इसी बीच वहां पर कोतवाल अरूण सिंह पहुंच गए। कोतवाल ने तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। अधिशासी अधिकारी अनुराग शुक्ल ने अध्यक्ष पर हमला करने वाले युवक अरविंद पुत्र राजेंद्र समेत धरने की अगुवाई करने वाले मिश्रीलाल, राजेश गब्बर, नीरज आदि अज्ञात लोगों के विरूद्ध शिकायती पत्र दिया है। जिसमें अध्यक्ष की पिटाई से चोट आने व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचने की बात कही गई है। कोतवाल अरूण सिंह ने बताया कि आरोपित युवक अरविंद को पुलिस ने हिरासत में लिया है। शिकायती पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मृतक के एक परिजन को नौकरी देने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। मृतक के परिजनों को हर संभव मदद एवं एक परिजन को नौकरी का आश्वासन दिया है।साथ ही उन्होंने कहा कि वह इस घटना से आहत हैं। इसलिए अध्यक्ष पद से इस्तीफा भी देंगे।इस बात पर सभी सभासद एवं कर्मचारियों ने अध्यक्ष पर इस्तीफा न देने का दबाव बनाया।



# सोनभद्र में शीघ्र उपलब्ध होगी वैक्सीन

संवाददाता। सोनभद्र

**कोविड**-19 के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए देश में टीका बनाने का कार्य तेजी से जारी है। उम्मीद है कि जिले में भी शीघ्र कोरोना वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी और दिसंबर व जनवरी 2021 में वैक्सीन लगना प्रस्तावित है जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग आवश्यक है। इसके मद्देनजर शासन स्तर से स्वास्थ्य विभाग के समस्त चिकित्सकों, अधिकारियों कर्मचारियों व संविदा तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मियों की पूर्व में स्वीकृत किए गए सारे अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं ।वह अपने तैनाती स्थल पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा वैक्सीन लगाने को लेकर जूम एप के माध्यम से लखनऊ से प्रशिक्षण लिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके उपाध्याय ने बताया कि कोरोना वैक्सीन जनपद में शीघ्र उपलब्ध होने वाली है। इसको देखते हुए शासन स्तर पर प्राप्त निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन एच एम एवं

### ● कोरोना टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य कर्मी ले रहे प्रशिक्षण

आपरेटर व चिकित्सकों समेत अन्य लोगों को जूम एप के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इसके अलावा कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिए टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सकों, अधिकारियों, संविदा व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की छुट्टी तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सभी कर्मचारी अपने कार्य स्थल पर तैनात रहेंगे बिना सूचना दिए यदि कोई स्वास्थ्य कर्मचारी अपने ड्यूटी से गायब पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मुताबिक कोरोना टीकाकरण को लेकर शासन द्वारा दिए गए निर्देश पर जनपद में 21 केंद्रों पर स्टोर बनाया गया है ।और वैक्सीन स्टोर करने के लिए लखनऊ से आई एल आर मशीने भी उपलब्ध करा दी गई हैं। कोरोना वैक्सीन को लेकर उहापोह की स्थिति बनी हुई है लेकिन उम्मीद है कि शीघ्र ही जिले में वैक्सीन आ जाएगी। वैक्सीन लगाने को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण चल रहा है। इसके बाद तहसील व ब्लाक स्तर पर वैक्सीनेटरो को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे वैक्सीन लगाने में कोई परेशानी न होने पाए। वैक्सीन आते ही टीकाकरण का कार्य किया जाएगा। जिससे जनपद को करोना संक्रमण से निजात दिलाया जा सके।

## मिर्जापुर में कोविड-19 टीकाकरण के लिए प्रशिक्षण आज से

**मिर्जापुर।** कोविड-19 के टीकाकरण हेतु ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 17 व 18 दिसम्बर को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित स्वामी विवेकानन्द सभागार में अपर मुख्य चिकित्साधिकारीध्नोडल अधिकारी डाक्टर अजय शुरूआत करेगे। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ध्नोडल अधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि कोविड.19 के टीकाकरण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। जिसमें प्रत्येक ब्लाक से तीन ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य कमी व बीसीपीएम को दिया जायेगा। जो प्रशिक्षण लेने के बाद ब्लाक स्तरीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का कार्य करेगे। इसके लिए पूर्व में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय की ओर से पहले ही जिले के सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियोंए अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों समेत स्वास्थ्य कर्मियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन चील्हए विजयपुर लालगंजए हलियाए पटेहराए राजगढ़ व अर्बन एवं प्रशिक्षण के दूसरे दिन पड़रीए चुनारए जमालपुरए सीखड़ए कछवां समेत गुरूसण्डी के स्वास्थ्य कर्मी व बीसीपीएम को प्रशिक्षित किया जायेगा। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने बताया कि टीकाकरण के प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होना है। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान टीकाकरण करने के तरीके व डोज के साथ ही साथ सावधानियों के विषय पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा किया जायेगा। इस अभियान में जिले में तैनात 2043 आशाओं व 563 ए0एन0एम0 समेत बाल विकास विभाग में तैनात लगभग 2500 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लिया जायेगा।

# सड़क का नाम बदल दो बार किया लाखों का पेमेंट

संवाददाता। बस्ती

**कई गंभीर** आरोपों के जांच का सामना करने वाले जिले के चर्चित ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश शुक्ल और प्रधान इस बार बुरे फंस गए हैं। डीपीआरओ ने इन पर विभिन्न अनियमितता के आरोप में नोटिस जारी किया है। एक ही कार्य का अलग-अलग बिल बाउचर के जरिए धन निकालना, पंचायत भवन में आहरित धन के सापेक्ष काम न कराना, हैंडपंप का रिबोर किए बिना धन खर्च करना, स्कूल का कायाकल्प किए बिना धन आहरित करना, स्टीट लाइट लगाए बिना भारी धन व्यय करना और ह्यूम पाइप के नाम भारी गोलमाल करना, कूप मरम्मत के नाम पर लाखों का बंदरबांट करना, पंचायत भवन के निर्माण में 12 एमएम सरिया के स्थान पर मात्र छह एमएम का सरिया लगवाकर भवन को कमजोर करने सहित अन्य आरोप में प्रधान और सेक्रेटरी को दोषी माना गया है। दोनों पर लगभग 30 लाख का चपत लगाने का आरोप है। मामला कप्तानगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसपुरा का है।

### ● एक काम के लिए दो को दिया ठेका, आईडी बदलकर निकाले लाखों

### ● स्कूल का कायाकल्प किया नहीं और खर्च कर दिया धन

### ● हैंडपंप का रिबोर किया नहीं और लाखों निकाल लिया गांव के बाहर कर दिया खड़ंजा निर्माण

### ● प्रधान और सेक्रेटरी ने मिलकर लगाया 30 लाख का चूना, सेक्रेटरी से मांगा स्पष्टीकरण

ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश शुक्ला पर अधिकारियों और राजनेताओं का मेहरबान होना सरकार के लिए कितना घातक साबित हो रहा है। इसका अंदाजा इनके द्वारा एक ही ब्लॉक में रहकर बार-बार सरकारी धन का नुकसान करना है। ब्लॉक और विकास भवन के चहेते सेक्रेटरियों में इनका नाम षुमार है। यही कारण है कि अनियमितता करने के बाद भी इनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। हालही में डीपीआरओ विनय कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत परसपुर में कराए गए विकास कार्यो का भौतिक सत्यापन किया, तो हालत देखकर 'साहब' दंग रह गए। जिस तरह से प्रधान और सेक्रेटरी ने मिलकर मनमाने तरीके से नीजि धन समझ कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया, उससे पता चलता है कि प्रधानी के कार्यकाल के अंतिम दिनों में प्रधान और सेक्रेटरी मिलकर अधिक से अधिक धन बटोरना चाहते हैं, ताकि दमदारी से अगला चुनाव लड़ा जा सके। सेक्रेटरी को जिन आरोपों में स्पष्टीकरण मांगा है, और प्रधान को दोषी ठहराया गया, उससे पता चलता कि बिना स्थलीय निरीक्षण किए भुगतान हो रहा है। एक ही सड़क का नाम बदलकर दो बार भुगतान करना यह साबित करता हैं, इस खेल में सभी लोग मिले हुए है।

# मीरजापुर बनाना हब घोषित राज्य मंत्री ने की घोषणा

**मीरजापुर।** प्रदेश के उर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटे ने उद्यान विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में आज जनपद मीरजापुर बनाना हब घोषित किया तथा इस अवसर पर मंत्री व विधायक मझंवा श्रीमती सुचिश्मिता मौर्य, जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल व मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा महिला समूह की महिलाओं को एलोवेरा एवं ड्रैगन फरूट के पौधे का भी वितरण किया गया। विसुन्दरपुर स्थिति उद्यान विभाग के राजकीय गंगा नर्सरी में उद्योग हविभाग द्वारा श्यामा प्रसाद मुख्यार्जी रूबर्न मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत् हलिया कलस्टर के महिला समूह की महिलाओं को एलोवेरा एवं ड्रेग्न की खेती के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर महिलाओं को मुख्य अतिथि के द्वारा एलोवेरा व ड्रेगन फरूट के पौध का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमाशंकर सिंह पटेल,

### ● केले की खेती से किसानों की बढ़ी आय

उर्जा राज्य मंत्री उप्र एवं विधायक मझंवा श्रीमती सुचिश्मिता मौर्य रही। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल, मुख्य विकास अधिकारी अविनाश सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया तदुपरान्त स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती गान एवं स्वागत प्रस्तुत किया गया। कर्यक्रम को सम्बोधित करते हुये उर्जा राज्य मंत्री ने सबसे पहले उद्यान विभाग के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि वर्तमान में उद्यान विभाग के द्वारा सीधे किसानों से सम्पर्क सा्पित कर उन्हें तकनीकी खेती व कम क्षर्च में अधिक उत्पादन के बारे में जानकारी दी जा रही है जिससे किसाना लाभान्वित हो रहे ।

# डीएम और एसपी ने सुनीं जन समस्याएं

**मिर्जापुर।** प्रदेश सरकार की महत्वांकाक्षी कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समधान का आयोजन किया । इस अवसर पर जिलाधिकारी के अलावा मुख्य विकास अधिकारी अविनाश सिंहए उप जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव के द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के प्रदेश सरकार के द्वारा समपूर्ण समाधान का आयाजन किया गया है ताकि जन समस्याओं का निस्तारण त्वरित गति से हो सके। उन्होंने अधिकारियों से जनता की समस्याओं का अधिकारी स्वयं रूचित लेकर प्राथकिमता के आधार पर निस्तारण करायें तथा उसके मोबाइल नम्बर पर निस्तारण कार्यवाही से अवगत कराते हुये आख्या सम्बंधित तहसील को ससमय उपलब्ध करायें। आज तहसील सदर में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 94 प्रार्थना पत्र आये जिनमें से चार का मौके पर निस्तारण कर शेष सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये समय के अन्दर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जन समस्यओं को सुना गया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल के बारे में चर्चा करते हुये अधिकारियों से कहा कि अधिकारी प्रति दिन कार्यालय पहुँच कर सबसे पहले अपने पोर्टल को अवश्य देखे तथा पोर्टल पर प्राप्त पर प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित करायें। उन्होंने पोर्टल पर निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से उसके दूरभाष पर जानकारी प्रापत की जायेगी यदि निस्तारण से शिकायतकर्ता असंतुष्ट पाया जाता है सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी के वियद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी।

# परिवार नियोजन को बढ़ावा देने को खोइछा प्रथा शुरू



**सोनभद्र।** प्रसव पश्चात परिवार नियोजन परामर्श एवं सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए नवाचार के रूप में खोइछा प्रथा को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया है। इसकी शुरुआत बुधवार को नगवा ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगवा पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव की मौजूदगी में की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर जी यादव ने बताया की हमारे समाज में यह प्रथा है कि महिला शादी के बाद जब वह अपने घर से दूसरे घर जाती है तो उसके आंचल में चावल, हल्दी, गुड़, व जीरा तथा कुछ पैसे डालने का प्रचलन है जिसे कोछ या खोइछा के रूप में दिया जाता है। इसी प्रथा को अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा यूपीटीएसयू के सहयोग से सेवा प्रसव सेवा केंद्र नगवा में शुरू किया गया है।नगवा स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रसव पश्चात वार्ड में एक कॉर्नर बनाया गया है जहां प्रत्येक महिला को प्रसव के बाद डिस्चार्ज करने से पहले खोइछा प्रथा के माध्यम से उसके आंचल में टीकाकरण कार्ड तथा परिवार नियोजन विधि जिसको महिला ने चुना है उससे संबंधित आईसीसी फोल्डर एवं फॉलोअप कार्ड उसके आंचल में डालकर सम्मान सहित विदा किया जाएगा । उन्होंने बताया कि इस प्रथा के साथ कार्यक्रम करने से सेवा केंद्र पर गुणवत्तापूर्ण प्रसव पश्चात सेवा एवं परामर्श को सुनिश्चित करने पर बल मिलेगा।

## क्विक न्यूज

### नवागत एडीएम ने पद का लिया चार्ज



**संतकबीरनगर।** नवागत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार की देर शाम अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। श्री सिंह जनपद देवरिया के मूलतः निवासी है। इससे पूर्व मथुरा जनपद में सिटी मजिस्ट्रेट पद पर तैनात रहे। शासन से पदोन्नति प्राप्त कर अपर जिलाधिकारी पद पर प्रथम तैनाती जनपद संतकबीरनगर में उन्होने प्राप्त किया। श्री सिंह 19 वें अपर जिलाधिकारी के रूप में पद का चार्ज लिये। नवागत अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आम जनमानस के समस्याओं का पारदर्शिता के साथ निस्तारण हो तथा सभी कार्य शासन के अनुरूप किया जाय।

### दबंगई करने वाले से नाराज ग्रामीणो ने किया प्रदर्शन, एसपी से शिकायत

**संतकबीरनगर।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भोकाई निवासी दर्जनो ग्रामीणो ने एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर शिकायती पत्र देते हुए गांव के दबंग पर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। ग्रामीणो ने कहा है कि दबंग आये दिन ग्रामवासियो को परेशान कर रहा है। अपशब्दो की भाषा का प्रयोग सभी को जान से मारने की धमकी मनबढ़ तरीके से सभी को डराया धमकाया करता है। ग्रामीणो का आरोप है कि दबंग 302 का मुल्जिम रहा है और जमानत पर रिहा होकर आया हुआ है और उसके उत्पात मचाने से ग्रामवासी त्रस्त है। ग्रामीणो ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दबंग से निजात दिलाये जाने की मांग की है। प्रदर्शन करने आयी महिलाओं ने कहा कि गांव की महिलाये भी दबंग से परेशान है। ग्रामीणो की समस्याओं को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक ने उक्त मामले में महुली थानाध्यक्ष कार्यवाही किये जाने का आदेश दिया है।

### डीएम ने सीवीओ का वेतन रोकने को दिया निर्देश

**बस्ती।** डीएम आशुतोष निरंजन ने कहा कि जिन उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा पीओएस मशीन का प्रयोग सही प्रकार से नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होने निर्देश दिया कि पीओएस मशीन के नए वर्जन को अनिवार्य रूप से क्षेत्रीय कर्मचारियों को लगाकर अपडेट कराया जाए। बीज वितरण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की बीज गोदामों पर उपलब्ध बीज को क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से समय से वितरित कराने को कहा। डीएम ने सीवीओ के गैरहाजिर होने पर नाराजगी एक दिन का वेतन राकने का निद्रेष दिया। उन्होने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी का एक दिन का वेतन अवरुद्ध करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करें।

### सूफी निजामुद्दीन का आठवां उर्स शुरू, लगा मेला

**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** बुधवार को ब्लॉक के अगया स्थित प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान खतीबुल बराहीन अलहाज अश्शाह हजरत मोहम्मद सूफी निजामुद्दीन साहब का आठवां उर्स उनके पैतृक गांव अगया में उनकी खानकाह पर सज्जादा नसीन हजरत मौलाना हबीबुर्रहमान की अगुवाई में नमाज-ए-जोहर बाद कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए उनके मकान से सीमित संख्या में आये मुरीदो, जायरीनों व क्षेत्र के विभिन्न गांव से निकाली गयी चादरों को लेकर लोग जुलूस में उपस्थित होते हुए नारे तकबीर की सदाएं बुलंद करते अल्लाहो अकबर व नारे रेसालत की सदाएं लगाते हुए पंरपरागत तरीके से जुलूस में शरीक होकर चादरपोशी कर उर्स का आगाज किया। इस दौरान चादर पोशी के बाद उनकी खानकाह पर मुल्क में अमन-चौन कायम रहे और कोविड-19 जैसी वबा से निजात के लिए दुआएं मगफिरत मांगी गयी।

### गरीबों असहायों को कंबल वितरित

**घोरावल/सोनभद्र।** स्थानीय तहसील सभागार में गरीबों असहायों में विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्य ने कम्बल वितरित कर ठंड से राहत दिलाने का प्रयास किया। बुधवार को तहसील सभागार में विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। उन्होने बताया कि भाजपा सरकार गरीबों को लेकर चिंतित है इनके लिए अनेको योजनाएं चलायी जा रही हैं। शौचालय, बिजली, सड़कों, पेयजल एवं आवास समेत अनेक योजनाओं पर सरकार प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है। मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी जैनेन्द्र सिंह ने उपस्थित अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने जानकारी दी कि प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है। मौके पर 100 से अधिक लाभार्थियों को कंबल वितरित किया गया।

# आदेशों पर भारी, दंबग वीडीओ

**बस्ती।** जिले में एक दंबग किस्म के सेक्रेटरी का मामला और सामने आया है। विकासखंड हर्रैया में तैनात जितेद्र कुमार नामक सेक्रेटरी पर तबादला होने के बाद भी अपने आईडी का इस्तेमाल कर पूर्व के ग्राम पंचायत पटना से अनियमित रुप से धन निकालता रहा। इतना ही नहीं इस सेक्रेटरी ने तबादला होने के बाद भी अपना चार्ज नहीं दिया, जिससे ग्राम का विकास रुका हुआ। इस पर सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने डीपीआरओ को त्वरित निलंबित करने और आरोप पत्र देने का आदेश दिया है। ग्राम पंचायत पटना की प्रधान उमा देवी सात दिसंबर 20 को एक षिकायत की थी, जिसमें ग्राम पंचायत सचिव जीतेंद्र सिंह के द्वारा वर्तमान में तैनात ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद मिश्र को तबादला होने के बाद भी चार्ज नहीं दिया गया। द्वेषवश जीतेंद्र द्वारा कोई भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत ढ़ेबया बक्ष के प्रधान अनिल कुमार ने षिकायत की कि, उनके ग्राम में छह जुलाई 20 को सेकेटरी कुसुमलता सिंह की तैनाती हुई, मगर ग्राम में कार्यरत सेक्रेटरी जीतेंद्र सिंह के द्वारा आज तक चार्ज नहीं दिया गया। ग्राम में सभी कार्य हो रहे हैं मगर सेक्रेटरी जीतेंद्र सिंह द्वारा देषवष कोई भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसकी जांच सीडीओ के द्वारा डीपीआरओ से कराई गई। इसकी जांच सीडीओ के द्वारा डीपीआरओ से कराई गई। जांच में बिनाकिसी सक्षत अधिकारी के आदेश सेक्रेटरी जीतेंद्र सिंह द्वारा अनाधिकृत रुप से भुगतान करना पाया गया। सीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी जीतेंद्रसिंह को आंवटित प्रत्येक प्रभार की ग्राम पंचायतों का आवंटन आज ही करने करने का आदेष दिया। साथ ही डीडीओ को 30 दिन में जांच निष्पादित कर आख्या देने को कहा है।

### तबादला होने के बाद भी पूर्व के ग्राम से आईडी पर निकालते रहे धन

### हर्रैया के ग्राम पटना की और ढेबया बक्ष के प्रधान की शिकायत पर हुई कार्रवाई, सीडीओ ने सेक्रेटरी को निलंबित और पत्र जारी करने का दिया आदेश

# व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के कारण हुई राम भुवन यादव की हत्याः ओपी सिंह

### ● 24 घंटे पहले हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा



**सोनभद्र।** रावर्ट्सगंज कोतवाली अंतर्गत ओरमौरा में 24 घंटे पहले हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया। जनपद मुख्यालय स्थित कोतवाली परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि ओरमौरा स्थित पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति स्कार्पियो वाहन के पास अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है इस सूचना पर रावर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस द्वारा उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया मृत्यु का कारण गोली लगना बताया गया उक्त घटना को लेकर मृतक राम भुवन यादव पुत्र नान्हक यादव निवासी रावर्ट्सगंज सोनभद्र के भाई रामजनम यादव की तहरीर पर कोतवाली रावर्ट्सगंज में मुकदमा दर्ज किया गया अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर राज कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था टीम द्वारा बुधवार को हिंदूवादी तिराहे के पास से दो अभियुक्तों संजय परिहार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 16 रावर्ट्सगंज सोनभद्र तथा शिवम केसरी पुत्र लक्ष्मण प्रसाद केसरी निवासी ओरमौरा रावर्ट्सगंज सोनभद्र को लाइसेंसी पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया अभियुक्तों द्वारा अपना जुल्म भी स्वीकार कर लिया गया है इन लोगों के बीच व्यवसाय को लेकर आपसी प्रतिद्वंद्विता थी जिसको लेकर विवाद चल रहा था इसी विवाद को हत्या का कारण बताया गया।

# न्याय पाने की हसरत लेकर स्वर्ग सिधार गए

### अब भाई ने संभाली कमान आरोपी सेक्रेटरी को ही जांच टीम में शामिल कर दिया सेक्रेटरी और प्रधान को बचाने को कर दी लीपापोती

**बस्ती।** सुनने में अजीब लग रहा होगा, मगर यह सच है कि एक षिकायतकर्त्ता न्याय पाने की हसरत लेकर दुनिया से चले गए, अब भाई ने इस उम्मीद के साथ शिकायत की हैं, कि जो न्याय बड़े भाई को नहीं मिल सका वह कम से कम छोटे भाई को अवष्य मिलेगा। मामला परसुरामपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत ठाकुरपुर का है। यहां के निवासी देवनाथ ने एक साल से अधिक समय हो गया ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यो की जांच के लिए शिकायत की थी। जांच का तो पता नहीं चला अलबत्ता इस बीच षिकायतकर्त्ता का निधन अवष्य हो गया। अब उनके भाई गयाप्रसाद ने जांच कराने की डीएम से की है। इसके जांच के आदेश भी दिए गए, जांच भी हुई, मगर आरोप है कि जांच की लीपापोती कर दी गई। इसी ग्राम पंचायत के अंकित पांडेय ने तालाब खुदाई में गड़बड़ी होने की शिकायत सीडीओ ने की, इस पर बीडीओ ने जिन तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई उस टीम में आरोपी सेक्रेटरी रंजीत चौधरी को शामिल कर दिया। अब जरा अंदाजा लगाइए कि जांच के नाम पर ब्लॉक वाले किस तरह का खेल-खेल रहें है। शिकायतकर्त्ताओं ने प्रधान लालबहादुर और सेक्रेटरी रंजीत चौधरी के खिलाफ षपथ-पत्र के जरिए गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि इन दोनों के खिलाफ कई बार षिकायत की गई, मगर हर बार राजनैतिक दबाव के चलते जांच को ही प्रभावित कर दिया जाता है। कहा कि इस परिवार में पिछले 30 साल से कभी चाचा, कभी पत्नी तो कभी खुद प्रधान पद पर कार्यरत रहें, जिसके चलते इनके खिलाफ कोई जांच ही पूरा नहीं हो पाती। जो जांच होती है, उसमें भी प्रधान और सेक्रेटरी दोनों कों क्लीन चिट दे दिया जाता, और जांच रिपोर्ट की कापी शिकायतकर्त्ता को नहीं दी जाती, ताकि जांच अधिकारियों की पोल न खुल जाए। जब कि जांच के समय गांव वालों ने अनियमित कार्यो को लेकर बयान भी दिया, बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, आरोप है कि जांच को ही दबा दिया गया।

# डीएम ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल बुधवार को अर्थ एवं संख्यिकी अधिकारी एन0के0 सिंह के साथ कबीर स्थली मगहर पर हो रहे निर्माण कार्यो को जॉचा। उन्होने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि कार्य प्रगति में और तेजी लाए। निर्माण कार्यो के दौरान कही भी कोई समस्या उत्पन्न हो रही हो तो तत्काल सम्पर्क करें जिससे समस्या का निदान और कार्य में अवरोध न पैदा हो। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल लगातार मगहर कबीर स्थली पर हो रहे भारत सरकार के प्रोजेक्ट निर्माण कार्यो का भौतिक सत्यापन कर रही है। उन्होंने गुणवत्ता को भी देखा। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारी डीएसटीओ एनके सिंह को निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्था के सम्पर्क में रहे तथा निर्माण कार्यो की रिपोर्ट प्रेषित करते रहे।

### ● भारत सरकार के प्रोजेक्ट द्वारा निर्माण हो रहे कबीर स्थली निर्माण कार्यो को डीएम ने जांचा

# ...आवाज नहीं उठाई तो गुम हो जाएगी जिले की पहचान

**बस्ती।** 'माननीयगण' अगर नहीं चेते और आवाज नहीं उठाई तो जिले की पहचान ही समाप्त हो जाएगी। पहले भगवान बुद्ध को जिले से अलग किया, फिर संत कबीर को छीन लिया गया, और अब मखौढ़ा धाम को भी अलग करने की साजिष हो रही है। अब तक जिले के दो टुकड़े हो चुके हैं, इन टुकड़ों से जिलेवासी दो महापुरुष को खो चुके है, जिले के आखिरी पहचान मखौढ़ा धाम को जिस तरह अयोध्या में मिलाने का प्रस्ताव अयोध्या प्रषासन द्वारा षासन में दिया गया, अगर वह मंजूर हो गया तो जिले की आखिरी पहचान मखौढ़ा धाम से भी हाथ धोना पड़ेगा। इसका प्रभाव लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र और राजस्व पर भी पड़ेगा। 14 ब्लॉक से घटकर 13 ब्लॉक रह जाएगें।

आज भले ही 'माननीयगण' और जिले की जनता अयोध्या विकास प्राधिकरण में विक्रमजोत और परसुरामपुर ब्लॉक के 126 गांवों को षामिल करने का स्वागत कर रही हैं, मगर जब भविष्य में इसके दुष्परिणाम सामने आएगें तो यही माननीय और जनता सरकार के निर्णय की आलोचना करना षुरु कर देंगे। जब इन 126 ग्राम वासियों को छोटे-छोटे भूखंडों में निर्माण कराने के लिए अयोध्या दौड़ना पड़ेगा और अधिकारियों के आगे गिड़गिड़ाना पड़ेगा, तब उन्हें फायदे और नुकसान का पता चलेगा। मानचित्र के लिए एडीए जाना तो न्यायिक कार्यो के लिए बस्ती आना पड़ेगा। यहां तक कि सरकार की किसी योजना जैसे अस्पताल और स्कूल सहित अन्य भवन का निर्माण के लिए अयोध्या जाना पड़ेगा। एक तरह से जिला दो हिस्सों में बटकर रह जाएगा। तब जनता और नेताओं को समझ में आएगा कि सरकार के निर्णय का स्वागत करना उन्हें कितना मंहगा और भारी पड़ रहा है। मखौड़ा धाम को अयोध्या विकास प्राधिकरण में षामिल कर देने से देर सवेर इसे अयोध्या जनपद में षामिल करने की संभावना बनी है। अगर ऐसा हो गया तो बस्ती का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जिले से कट जाएगा।

### ● बार-बार टुकड़े होने से जिले के अस्तित्व को ही हो गया खतरा

### ● पहले बुद्ध को ले गए, फिर कबीर को अलग किया और अब मखौढ़ा को छीनने की साजिश

### ● 126 गांव अयोध्या विकास प्राधिकरण में चले जाने से जिलेवासी हैं चिंतित और परेशान

### ● इन सभी ग्रामों को अयोध्या जनपद में शामिल करने का प्रस्ताव शासन में लंबित

### फिर उठी मखौड़ा धाम को तहसील बनाने की मांग

पूर्वांचल विद्वत परिषद के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्रनाथ तिवारी कहते हैं कि षासन में जनपद बस्ती की तहसील हर्रैया को दो भागों में बांटकर मखौड़ाधाम में नई तहसील बनाए जाने का जो प्रस्ताव लंबित हैं, उसे सरकार को त्वरित मान लेना चाहिए। यह प्रस्ताव आयुक्त की ओर से राजस्व परिषद के अध्यक्ष को भेजा जा चुका है। इसमें विक्रमजोत और परसुरामपुर के 571 राजस्व ग्रामों को शामिल करके मखौड़ाधाम के नाम से नई तहसील बनाने का प्रस्ताव है। इन 571 में से 126 राजस्व ग्राम अयोध्या विकास प्राधिकरण में शामिल हो चुका है। कहते हैं कि नई तहसील के बन जाने से जिले की पहचान मखौड़ाधाम के रुप में बनी रहेगी, और दूसरी ओर आम जनता के कार्य कम समय और कम दूरी तय करके सुगमता से हो सकेगा।

# वरासत को चलेगा विशेष अभियान

## 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक जारी रहेगी मुहिम

## लापरवाह जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगीः डीएम

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

**गांवों** में खुली बैठक कर खतौनी पढ़कर ग्रामीणों को सुनायी जाये। लोग अब वरासत के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक दो माह का अभियान चलाकर प्रतीक्षारत व नए आवेदनों का वरासत किया जायेगा। हीलाहवाली व लापरवाह जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कही। वह बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज कराए जाने सम्बंधित जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि भू अभिलेखों को अपडेट रखना राजस्व विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य है।

समय-समय पर वरासत आदि को राजस्व अभिलेखों में सही करते रहना राजस्व विभाग का दायित्व भी है। विरासत के प्रकरणों में समय से कार्रवाई ना होने के चलते न केवल विधिक उत्तराधिकारी अपने अधिकार से वंचित रह जाते हैंए बल्कि अनावश्यक विवाद भी उत्पन्न होते हैं। जिसके कारण असामाजिक तत्व भू माफियाओं द्वारा भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं से निपटने के लिए 15 दिसंबर से 15 फरवरी तक 2 माह का विशेष निर्विवाद उत्तराधिकारियों के नाम खतौनी में दर्ज करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण इसके लिए दो तरह से आवेदन कर सकते हैं। आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र ऑनलाइन अथवा जन सेवा केंद्र पर राजस्व परिषद की वेबसाइट इवतण् नचण्दपबण्पद पर जाकर कर सकते हैं। साथ ही आवेदक अपना प्रार्थना पत्र लेखपाल को भी रिसीव करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 15 दिसंबर से 30 दिसंबर तक राजस्व अधिकारियों द्वारा गांव गांव भ्रमण कर इसका प्रचार प्रसार तथा सामूहिक रूप से खतौनीओं को पढ़ा जाएगाए इसके साथ ही ग्रामीणों का आवेदन ऑनलाइन भरा जाएगा। 31 दिसंबर से 15 जनवरी तक क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ऑनलाइन जांच प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई किया जाएगा। 16 से 31 जनवरी तक राजस्व निरीक्षकों द्वारा जांच का आदेश पारित किया जाएगा। 16 से 31 जनवरी तक राजस्व निरीक्षकों द्वारा कार्रवाई की जाएगी। 16 से 31 जनवरी तक राजस्व निरीक्षकों द्वारा खतौनी की प्रविष्टियों को एक सॉफ्टवेयर में दर्ज कराया जाएगा। एक से सात फरवरी तक जिलाधिकारी द्वारा सभी लेखपालए राजस्व निरीक्षकए तहसीलदार तथा एसडीएम से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाएगा। 8 से 15 फरवरी तक निर्विवाद अधिकारी का द्वारा द्वारा कोई आवेदक बचा ना होने जांच की जाएगी। वहीं 20 फरवरी को जनपदों द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि इस अभियान के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किसी भी प्रकार की हीला हवाली अथवा लापरवाही बरते जाने पर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विकास कार्यों व 25 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की हुई समीक्षा



**सिद्धार्थनगर।** विकास कार्यो एवं 25 लाख से ऊपर की परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि गौशाला का निरीक्षण करने तथा पशुओ का टीकाकरण कराने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि आयुष्मान भारत योजना के गोल्डेन कार्ड बनवाने का निर्देश दिया गया तथा पात्र लाभार्थियों का इलाज कराने तथा उनका क्लेम जनरेट कराने का भी निर्देश दिया गया तथा टीकाकरण अभियान की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से डाक्टरों की तैनाती तथा दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। स्वच्छ भारत मिशन के अंन्तर्गत शौचालय की जियो टैंगिग कराने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन का सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने फसल बीमा योजना का लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन (राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन (बाल स्वास्थ्य गारन्टी योजना),प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (जननी सुरक्षा योजना), तथा अन्य विभागों के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने कार्यदायी संस्थाओं/विभागों के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी निर्माण कार्य कराये जाए वह गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सीताराम गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इन्द्र विजय विश्वकर्मा, पीडी सन्त कुमार, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उपकृषि निदेशक लालबहादुर यादव, जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. राहुल गुप्ता, जिला दिव्यांग जनसश्क्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## सीडीओ ने की विकास कार्यो की गहन समीक्षा

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन ने विकास, निर्माण कार्यो व सांसद, विधायक निधि कार्यो की समीक्षा विकास भवन के गांधी सभागार में की। इस दौरान उन्होने निर्माण कार्यो को समय सीमा के अन्दर पूर्ण कराये जाने का निर्देश के साथ ही जिस कार्य परियोजना में रिवाइज डिमाण्ड प्रेषित किया जाना होए उसे समय से भेजे जाने का निर्देश कार्यदायी संस्थाओं को दिया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट रुप से निर्देश दिया कि निर्माण कार्य से जुडे परियोजनायें कब शुरु हुई और कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण हुए है, उसकी प्रगति का विवरण बैठकों में प्रस्तुत करें। उन्होने निर्माण कार्यो में गुणवत्ता व समयबद्धता भली-भांति सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। कहा कि जो कार्य जिस समय पूर्ण किया जाना होए उसका विशेष रुप से ध्यान रखें तथा तदअनुरुप उसे पूर्ण करायें।

## रसोई गैस में मूल्यवृद्धि वापस नहीं हुई तो होगा जन आन्दोलनः विजय

संवाददाता। देवरिया



**देवरिया**-बरहज बाई पास पर घरेलू गैस मूल्य 50 रुपये बढ़ाए जाने पर जोरदार प्रदर्शन हुआ इस दौरान सरकार विरोधी नारे लगाए गये तथा सर पर गैस सिलेन्डर लेकर प्रदर्शन हुआ। इस दौरान प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए सपा नेता विजय रावत ने कहा की जबसे भाजपा की सरकार बनी है तबसे महंगाई चरम पर है। अगर गैस मूल्य वापस नही हुआ तो पूरे जिले मे बड़ा आन्दोलन होगा युवा सपा नेता ने कहा जबसे भाजपा की सरकार बनी तबसे और महगाई चरम पर हुई लेकिन भाजपा सरकार मंहगाई पर रोक लगाने के बजाए मंहगाई बड़ाकर पुजीपतियों को फायदा पहुंचा रही है। यह सरकार एक ओर जहां मंहगाई बढ़ा रही है, वहीं किसानों बेरोजगारों पर अत्याचार कर रही है। इस सरकार से कोई तबका खुश नहीं है, आज जिस तरह से किसानों के ऊपर अत्याचार भाजपा सरकार कर रही उसका खामियाज़ा आने वाले दिनों मे भाजपा की सरकार को भेजना पड़ेगा।

सपा नेता संजय पासवान ने कहा की भाजपा की सरकार से कुछ लेना देना यह सरकार हमेशा गरीबों के का शोषण करती है यह सरकार पहले फिर मे गैस सिलेंडर देती, उसके बाद गैस का दाम बड़ा कर चार गुना पैसा लेती है इस सरकार मे गरीबों का भला नहीं होने वाला है।

छात्र सभा जिलाध्यक्ष मनोज यादव ने कहा जबसे भाजपा की सरकार बनी है तबसे गरीबों का उत्पीड़न हो रहा है यह सरकार किसान विरोधी है। इस दौरान मुख्य रूप से विकास यादव, संजय मदेशिया, राहुल मदेशिया आदि मौजूद रहे।

## भारतीय सैनिकों का बलिदान सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोतः पवन मिश्र

संवाददाता। देवरिया



**आचार्य** व्यास मिश्र स्मृति देवरिया महोत्सव समिति द्वारा आज विजय दिवस के 50 वर्ष पूरे होने पर समिति सदस्यों द्वारा रामलीला मैदान स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि और दिप प्रज्ज्वलन करके 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध मे शहीद हुए अमर जवानों को याद किया गया। समिति अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि आज ही के दिन 16 दिसम्बर 1971 में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ जीत मिली थी और एक देश के रूप में बांग्लादेश अस्तित्व में आया था।

भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम से पाकिस्तान को पराजित किया था। 1971 के युद्ध मे शहीद हुए सैनिको का त्याग और बलिदान सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती सिमा जायसवाल ने कहा कि 1971 के युद्ध मे शहीद हुए अमर सपूतो को यह देश हमेशा याद रखेगा। अम्बिकेश पांडेय ने 1971 के युद्ध मे शहीद हुए अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों ने 1971 के युद्ध मे सार्वभौमिक मूल्यों की रक्षा करते हुए विश्व मानचित्र पर एक ऐतिहासिक बदलाव किया। विजय दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यापारी नेता प्रेम अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ। तीन दिसम्बर 1971 को पाकिस्तान ने लड़ाई की शुरुआत तो कर दीएलेकिन भारतीय सेना ने पाकिस्तानियों को धूल चटाई और महज 13 दिन में ही पाकिस्तानी सैनिकों को घुटने टेकने पड़े।उन्होंने कहा कि आज भारतीय सैनिकों के शौर्य और पराक्रम को याद करने का दिन है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक 20 को

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी देवरिया के पूर्व जिला महामंत्री एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जिला संयोजक कृष्णा नाथ राय ने आज समाचार पत्रों के प्रकाशित खबर के खंडन में संशोधित करते हुए बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सन्दर्भ में जो बैठक 18 को जिले पर होनी थीए वह अब 20 दिसम्बर को होगी। पंचायत चुनाव के सन्दर्भ में 18 दिसम्बर को ही भाजपा प्रदेश कार्यालय पर सभी वरिष्ठ व प्रदेशए क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत है। इसी कारण तिथि में संशोधन किया गया है। जिला संयोजक कृष्णा नाथ राय ने बताया कि जिले पर होने वाली उक्त बैठक में पूर्व सूचना के तहत जिला पदाधिकारीगणए सभी मंडल प्रभारी गणए सभी मंडल अध्यक्ष, ब्लाकों के पंचायत चुनाव संयोजक, जिला पंचायत वार्डों के पंचायत चुनाव संयोजक, पंचायत प्रकोष्ठ के जिले व मंडल के संयोजकों की उपस्थिति होंगे। बैठक देवरिया जिला पंचायत के सभागार में 20 दिसम्बर को 11 बजे दिन में होगी।

## प्रथम चरण में जनपद के 13,341 स्वास्थ्यकर्मियों का होगा कोरोना टीकाकरण

संवाददाता। गाजीपुर

**कोविड**-19 के टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तरह से कमर कस ली है द्य इसके तहत प्रथम चरण में जनपद के स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं का टीकाकरण होगा द्य जनपद के 25 सरकारी अस्पतालों और 141 प्राइवेट अस्पतालों के 13341 लोगों का डाटा सरकार के कोविन पोर्टल पर अपडेट करने का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसमें से अब तक 11556 सरकारी अस्पताल के कर्मचारी और प्राइवेट अस्पतालों के 1775 लोगों का डाटा अपलोड किया जा चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उमेश कुमार ने बताया कि वैक्सीनेशन को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कराया जा चुका है। वहीं सभी ब्लाकों जहां पर वैक्सीनेशन होना है वहाँ के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर की ट्रेनिंग 18 दिसंबर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रशिक्षण भवन में करायी जाएगी। उन्होंने बताया कि वैक्सीन को रखने के लिए तीन आइस लाइन रेफ्रिजरेटर जनपद को प्राप्त हो चुके हैं जिसमें आने वाले वैक्सीन को स्टोर किया जाएगा । उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक के साथ ही जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पताल में 10 लोगों की टीम बनाई गई है।

## बीआरपी मैदान में लगा भारतीय हैण्डलूम क्राफ्ट व शिल्प बाजार



**जौनपुर।** नगर के बीआरपी इण्टर कालेज मैदान में प्रतापगढ़ की निर्धन महिला रोजगार वेलफेयर सोसाइटी की ओर से भारतीय हैंडलूम क्राफ्ट एवं शिल्प बाजार लगाया गया है। उक्त जानकारी देते हुए संयोजक कमलेश गिरि ने बताया कि उक्त मेला में सहारनपुर का फर्नीचरए भदोही का कारपेटए मेरठ की खादी शर्टए कुर्ताए पैजामेए जैकेटए हाथरस की ज्वेलरीए दिल्ली की ज्वेलरीए जयपुरी कड़ा एवं चूड़ीए अमरोहा की बेडशीटए बनारसी शूट एवं साड़ीए कानपुर का लेदर वर्क महिलाओं के लिये किचन वेयर का आइटमए लड़कियों के लिये जयपुरी कुर्ती एवं स्कर्टए लुधियाना शर्ट एवं टी.शर्टए खुरजा की क्राकरी जयपुरी चूरनए कानपुर की आयुर्वेदिक दवायेंए ड्राई फ्लावरए आगरा की प्रसिद्ध जूतेए जीन्स पैन्टए लैगीए कुर्तीए कलकत्ता की काटन साड़ीए काश्मीरी ड्राई फ्रूटए जयपुरी रजाई कम्बलए काश्मीरी साल एवं जैकेटए जयपुरी बैग एवं पर्सए भदोही का कारपेटए डोरमेट एवं पावदानए बाम्बे की भेलपुरीए पुस्तक एवं चन्दन फेस पैकए बरेली का जरिवर्कए बच्चों के लिये झूले एवं फ्रूट स्टाल इत्यादि उपलब्ध है। मेवा लाल वर्मा ने बताया कि यह मेला 11 से 23 दिसम्बर तक दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलाया जा रहा है। मेले में महिलाओं और दिव्यांगों की बनाई वस्तुओं को भी प्रदर्शित किया गया है। इस दौरान शिवए पूजाए संजय कन्नौजियाए सुनील वर्माए समर बहादुर श्रीवास्तवए विजय प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## बेसहारा गरीबों की मदद को लोगों ने बढ़ाया कदम

### टेंट व स्टाल लगाकर नेकी की दीवार का किया गया शुभारम्भ

### गरीबों के लिए गर्म कपड़े, स्वेटर, जूता और मोजा कराया उपलब्ध

संवाददाता। मऊ




**ठंड** के मौसम में जरुरतमंदों की मदद के लिए एमएए फाउण्डेशन के प्रयास से नगर क्षेत्र के मिर्जाहादीपुरा चौक पर टेंट व स्टाल लगाकर नेकी की दीवार का शुभारम्भ किया गया। इसमें नगर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों व नौजवानों की मदद से गरीब जरुरतमंदों की मदद के लिए गर्म कपड़े, रजाई, स्वेटर, मोजा, जूता, चप्पल आदि की व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एमएए फाउण्डेशन चेयरमैन जमाल अख्तर अर्पण ने किया। फाउण्डेशन चेयरमैन जमाल अख्तर अर्पण ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब असहायों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों की मदद की आवश्यकता है। ताकि इस ठंड के मौसम में किसी भी गरीब व असहाय को परेशानी का सामना न करना पड़े। श्री जमाल ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है कि टेंट व स्टाल लगाकर नेकी की दीवार जो बनाई गई है उसमें एक तरफ जहां आर्थिक रुप से मजबूत लोग गरीब जरुरतमंदों के लिए गर्म कपड़े से लेकर कापी.किताब दान करें तथा वहीं दूसरी तरफ जरूरतमंद लोग अपनी जरूरत के हिसाब से यहां से सामान ले जाए। जमाल अर्पण ने कहा कि अगर आपके घर में पुराने पहनने, ओढ़न, बिछाने के कपड़े, किताबें, खिलौना, बर्तन,फर्नीचर आदि जो भी है, जिसका आप प्रयोग नहीं कर रहे हैं ऐसे सामान दान करने के बाद यह सामान जब जरुरतमंद प्रयोग करेगा तो उसकी काफी हद तक मदद मिल जाएगी। यहां से जरूरतमंद आकर खुद इन्हें ले जाएंगे। कपड़े टांगने के लिए यहां खूंटियां लगाई गई हैं। इसके अलावा बर्तन आदि अन्य सामान रखने के लिए नीचे जगह बनाई गई है। यहां जरूरतमंद आकर अपनी जरूरत के हिसाब से कोई भी चीज ले सकता है।

नेकी की यह दीवार उन लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अपने स्वाभिमान के कारण किसी के सामने हाथ नहीं फैलाते। जरूरतमंद लोग यहां आकर अपनी जरूरत के हिसाब से चीजें ले सकते हैं। उन्होंने शहर के सभी सम्पन्न लोगों से अपील की कि लोग ओढ़ने व बिछाने के कपड़े नेकी दीवार पर डोनेट करें।

## बहनों ने धूमधाम के साथ किया पीडिया का विसर्जन

संवाददाता। देवरिया



**भारत** में हर रिश्ते के लिए एक त्योहार है और भाई बहन के लिए तो कई त्योहार मनाये जाते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पर्व है प्रत्येक वर्ष अगहन शुक्ल पक्ष एकम को मनाया जाने वाला रुद्रव्रत पीड़िया। पौराणित कथाओं में इसका महत्व प्राचीन काल से ही बताया जाता है। बुधवार को नदी तालाबों घाटों पर काफी संख्या में बहने पहुंची और पीड़िया का विसर्जन किया जहां हुए इस दौरान डीजे पर डांस भी किया ।

**कंयाओं का त्योहारः** बोलचाल की भाषा में पीड़िया के नाम से प्रचलित रुद्रव्रत को ज्यादातर लड़कियां ही करती हैं। वे इस व्रत के माध्यम से अपने भाईयों की खुशहाली, लंबी उम्रए सुख समृद्धि की कामना करती हैं। इस वर्ष यह 16 दिसंबर बुधवार को पड़ रहा है। व्रत के संबंध में बताते हैं कि इसमें रात भर जागकर पीड़ियों के गीतों के माध्यम से ही पूजा का विधान है।

**गोवर्धन पूजा से होती है शुरूआतः** इसकी शुरुआत गोवर्धन पूजा के दिन से ही हो जाती है। गोवर्धन पूजा के गोबर से ही घर के दीवारों पर छोटे छोटे पड़ों के आकार में लोक गीतों के माध्यम से पीड़िया लगायी जाती है। इस दौरान लड़कियां घर की बुजुर्ग महिलाओं से अन्नकूट से कार्तिक चतुर्दशी तक छोटी कहानी व कार्तिक पूर्णिमा से अगहन अमावस्या तक सुबह स्नान कर बड़ी कहानी सुनती है। व्रत के दिन छोटी बड़ी दोनों कथाएं सुनती हैं। इस व्रत में नए चावल व गुड़ का रसियाव (गुड़ चावल का बिना दूध का खीर) बनाया जाता है जिसे व्रती दिन भर उपवास रहने के बाद शाम को सोरहिया के साथ ग्रहण करती हैं।

**जितने भाई उतना धानः** खास बात ये है कि धान की संख?या भाईयों की संख्या के अनुसार होती है। यानि व्रत रखने वाली लड़की के जितने भाई होते हैं उसी संख्या के हिसाब से प्रति भाई 16 धान से चावल निकलाकर वो सोरहिया निगलती है। व्रत के बाद इस पड़ को सुबह तालाब या नदीए पोखरों में पीड़िया के पारंपरिक गीतों के साथ बड़े ही उत्साह से विसर्जित करती हैं। साथ ही कंयायें आपस में चिउड़ा और मिठाई एक दूसरे से आदान.प्रदान करती हैं फिर पारण कर व्रत तोड़ती हैं।

## चोरों ने सेंध लगाकर नगदी सहित किराने के सामान को उड़ाया

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

**चोरों** ने दीवाल में सेंध फोड़कर नगदी सहित किराने के सामान को उड़ाया। मामला खेसरहां थाना क्षेत्र के महुआ चौराहे का है। दुकान मालिक त्रियुगी किराने की दुकान मंगलवार की रात्रि बंद करके अपने घर चले गए। बुधवार को सुबह जब वे अपने दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके दुकान में सेंध कटा हुआ है द्य शटर उठाकर जब वे अंदर गए तो उन्होंने देखा कि दुकान के अंदर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था जब उन्होंने देखना चालू किया तो काजू, बदाम, अरहर, दाल, साबुन तेल, आदि सामान गायब थे। इसके अलावा काउंटर में रखे लगभग 15000 रुपये पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। दुकान मालिक त्रियुगी ने तत्काल सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर लोगों से पूछताछ कर चली गई।

## विटामिन ए की खुराक पिलाकर सीएमओ ने किया बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ

संवाददाता। गाजीपुर

**बच्चों** को रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि करना तथा मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर शासन के तरफ से साल में दो बार बाल स्वास्थ्य पोषण माह मनाया जाता है। जिसकी शुरुआत सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जीसी मौर्य ने जिला महिला अस्पताल में बच्चे को विटामिन ए की खुराक पिलाकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने 5 साल तक के बच्चों को चलने वाले इस माह में विटामिन ए की खुराक जरूर पिलाए जिससे उनमें रोगों से लड़ने की क्षमता में बढ़ोतरी हो सके।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उमेश कुमार ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह जून माह में भी चला था वहीं अब एक बार फिर से 14 दिसंबर से 14 जनवरी तक पूरे जनपद में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस विभाग के सहयोग से संचालित बाल स्वास्थ्य पोषण माह बिटामिन ए संपूर्ण टीकाकरण का एक विभिन्न अंक है। जो प्रत्येक सप्ताह बुधवारए शनिवार और नियमित टीकाकरणए बीएचएनडी सत्रों में प्रतिवर्ष जून और दिसम्बर में होता है। बाल स्वास्थ्य पोषण माह का उद्देश्य नौ माह से पांच वर्ष की आयु के बच्चों में रोगों में कमी लाना है।

उन्होंने बताया कि नौ माह से पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि करना। पांच वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु दर में कमी लानाए रतौंधी से बचावए कुपोषण से बचाव और उपचार, नियमित टीकाकरण के दौरान बच्चों के साथ आंशिक ड्रापआउट का प्रतिरक्षणए आयोडीन युक्त नमक के प्रयोग से बच्चों में शारीरिक एवं विकृतियों की कमी।

## मल्हनीवासियों के हर सुख.दुख में साथ हूंः लकी यादव

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक मल्हनी लकी यादव ने उपचुनाव में मिली जीत पर विधानसभा की पूरी कमेटी बूथ व सेक्टर प्रभारियों को सम्मानित किया। उक्त आयोजन महामारी को देखते हुये बक्शाए सिकराराए सिरकोनी और करंजाकला के प्रभारियों को अलग.अलग बुलाया गया। मल्हनी विधायक लकी यादव सहित उनके अनुज ओम यादव व वेद यादव ने सभी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर लकी यादव ने कहा कि परिणाम आने के बाद शादी विवाह मे निमंत्रण मे व्यस्तता की वजह से आप सभी को अब बुलाया गया। मतदाता सूची में सभी लोग अपने क्षेत्र के लोगों का नाम बढ़वा लें जिससे 2022 की लड़ाई में लम्बी विजय हासिल हो सके। श्री यादव ने कहा कि विधायक मैं नहीए बल्कि मल्हनी की महान जनता है। मैं तो मल्हनी का बेटा भाई हूं।

# हादसे में दो बच्चियों की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

## ● ट्रक में घुसी रोडवेज बस, उड़े बस के परखच्चे



**मसौली बाराबंकी।** सवारियों से खचाखच भरी लोहिया ग्रामीण सेवा डिपो की बस बीती मध्य रात्रि अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का आधा हिस्सा ट्रक में घुस गया। रोंगटे खड़े कर देने वाले इस हादसे में 2 बच्चियों की मौत हो गई है तथा एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये जिनमे 8 घायलों की हालात गम्भीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। यह हृदय विदारक हादसा सफ्दरगंज थाना क्षेत्र के बजहा गांव के समीप साईं ढाबे के निकट हुआ है। जनपद अम्बेडकरनगर से सवारियां लेकर अकबरपुर लोहिया ग्रामीण सेवा डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी 45 टी 5813 लखनऊ जा रही थी। बीती मध्यरात्रि करीब साढ़े बारह बजे बस जैसे ही सफ्दरगंज थाना क्षेत्र के लक्षवर बजहा गांव को पार किया तभी बस अनियंत्रित होकर हॉइवे के किनारे खड़े ट्रक नम्बर आर जे 02 जीसी 555 में घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का आधा हिस्सा ट्रक में समा गया। इस दौरान उसमें सवार यात्री बस के अंदर ही फंस गए। तत्काल सफ्दरगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत और बचाव कार्य शुरू किया। ट्रक में फंसी बस को बाहर निकलवा कर घायलों को हॉइवे की एव 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवा दिया गया। जहां घायलों का इलाज शुरू कर किया गया।

हादसे की खबर लगते ही थानाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँच कर ट्रक में फंसी बस को क्रेन के जरिये निकाल कर करीब आधा दर्जन एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला प्रशासन द्वारा हादसे की सूचना देने पर चिकित्सकों की टीम पहले से ही अस्पताल में तैयार थी और अस्पताल पहुँचते ही घायलों का इलाज शुरू कर दिया। हादसे में दो बच्चियों की मौत हुई है। हादसे में घायल 17 यात्रियों में आठ लोगों की हालत भी काफी नाजुक है। जिन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे की खबर जैसे ही यात्रियों के परिजनों को हुई तो बदहवास परिजन अस्पताल पहुंच गए। बस में सवार मृतकों के परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

### अस्पताल पहुँचने से पूर्व बच्चियों ने तोड़ा दम

हादसे में गम्भीर रूप से घायल अम्बेडकरनगर जनपद के थाना बसखारी के ग्राम करवाला कासिमपुर निवासी मोहम्मद अली की 5 वर्षीय पुत्री आलिया व रामनगर जनपद अम्बेडकरनगर के ग्राम चकौरा निवासी मोहम्मद हारून की 20 वर्षीय पुत्री नूरसबा की जिला अस्पताल पहुँचने से पूर्व मृत्यु हो गयी। मृतको के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये है।

### आठ की हालत नाजुक

हादसे में अम्बेडकरनगर जिले के थाना रिवाना के ग्राम कन्हावाकोरा निवासी राममनीष की 7 वर्षीय पुत्री प्रिया व 58 वर्षीय राममनीष पुत्र रामसूचित, बसखारी थाना क्षेत्र के ग्राम करवाला कासिमपुर निवासी 30 वर्षीय रुखसाना पत्नी मो0 अली, थाना अंसावा के ग्राम काजीपुर निवासी 25 वर्षीय प्रमोद कुमार यादव पुत्र मंशाराम, जनपद आजमगढ़ के थाना महराजगंज के ग्राम अजीमलपुरवा निवासी 36 वर्षीय विजय कुमार पुत्र रामब्रिज, जनपद अम्बेडकरनगर के थाना इब्राहिमपुर के ग्राम असिवादेवचंद निवासी 20 वर्षीय प्रवीण कुमार पुत्र उमेशचन्द्र,थाना व कस्बा जलालपूर निवासी 26 वर्षीय अनूप कुमार पुत्र रामधारी,थाना व कस्बा मालीपुर निवासी 40 वर्षीय रामचेत पुत्र रामब्रज,थाना अल्लापुर के ग्राम खटनी पुर निवासी 24 वर्षीय विजय कुमार मिश्रा पुत्र हरीराम, थाना समरपुर के ग्राम कुर्कीबाजार निवासी 30 वर्षीय नरसिंह यादव पुत्र आशाराम यादव, मालीपुर निवासी 28 वर्षीय ज्ञानसागर पुत्र राम प्रसाद, मालीपुर के ग्राम बीबीपुर निवासी 18 वर्षीय आदित्य कुमार पुत्र ओमप्रकाश, थाना दीवाना के ग्राम मलिकपुर निवासी 60 वर्षीय रामचन्द्र पुत्र मनबोध, भासमा जलालपुर निवासी 25 वर्षीय डब्लू पुत्र बाबूलाल, आलमबाग लखनऊ के बड़बड़हा निवासी 68 वर्षीय चन्द्रबली पुत्र बुद्धलाल गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें विजय कुमार पुत्र रामब्रिज,रामचन्द्र पुत्र मनबोध, आदित्य पुत्र ओमप्रकाश, डब्लू पुत्र बाबूलाल, प्रिया पुत्री राम मनीष, रामचेत पुत्र रामब्रज, राममनीष पुत्र रामसुचित, परिचलाक नरसिंह पुत्र आशाराम की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

### दोनों वाहनो को पुलिस ने लिया कब्जे में

थानाध्यक्ष सफ्दरगंज श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस पुरी तरह से भरी थी घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**अमेठी।** डीएम अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने आज जिला कारागार रायबरेली का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। अमेठी में जिला कारागार न होने के कारण तहसील तिलोई के थाना जायस, फुरसतगंज, मोहनगंज व शिवरतनगंज के अपराधियों को रायबरेली जेल भेजा जाता है जिसको लेकर आज डीएम व एसपी ने जिला जज रायबरेली तथा डीएम व एसपी रायबरेली के साथ संयुक्त रूप से जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण किया। जिला कारागार रायबरेली में अमेठी के 160 अपराधी बंद हैंए जिनमें से 20 अपराधी दोष सिद्ध हैं व 140 अपराधी न्यायालय में विचाराधीन है। डीएम एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला बैरकए कारागार चिकित्सालय व अन्य बन्दियों की बैरकों का निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय में भर्ती बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं



निरीक्षण कर निकलते हुए डीएम व एसपी

उनके समुचित उपचार हेतु डॉक्टरों को निर्देश दिए। बैरकों में कैदियों के सामानों एवं बिस्तरों की सघन तलाशी ली गयी। डीएम ने बैरकों में नियमित रूप से साफसफाई कराने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया। जेल के अन्दर किसी भी तरह के प्रतिबन्धित सामाग्री को अन्दर कदापि न जाने दिया जाये। जिला कारागार में डीएम ने अमेठी के कैदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जिला कारागार में रसोई घर का भी निरीक्षण किया और साफसफाई से भोजन बनाये जाने के निर्देश दिये, आज कैदियों के लिए भोजन में दालए चावल, रोटी, आलू व गोभी की सब्जी बनाई गई थी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि प्रतिदिन समस्त बैरकों में बन्दियों की सघन तलाशी करायी जाये यदि किसी बन्दी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तुयें बरामद हो तो तत्काल संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये।

## फाइनेंस कम्पनी जनता की गाढ़ी कमाई लेकर फरार

**बाराबंकी।** जनता की गाढ़ी कमाई लेकर एक फाइनेंस कम्पनी के चम्पत होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ितों ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जनपद में आयुषमान माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक फाइनेंस कम्पनी संचालित की जा रही थी। कम्पनी ने लोगो को लालच देकर उनकी गाढ़ी कमाई हड़प ली और फरार हो गयी। इस बात की जानकारी कम्पनी के निवेशको को तब हुई जब वह कार्यालय पहुंचे, जहां ताला लटकता दिखाई पड़ा जिससे उनके होश उड़ गये। बाताया जा रहा है कि इसने करीब पांच सौ लोगो को ठगी का शिकार हुए। वही कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है, जांच के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# मंडलायुक्त ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

**ललितपुर।** आयुक्त झांसी मण्डल, झांसी सुभाष चन्द्र शर्मा ने जनपद ललितपुर में सदर कोतवाली के सामने स्थित रैनबसेरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैनबसेरा में शरणार्थी पिता.पुत्र मनोज सिंह एवं अभिषेक सिंह अपने पुत्र के एडमिशन के लिए आये हुए थे। इस दौरान आयुक्त ने शरणार्थियों के पहचान पत्रों की जांच की साथ ही रैनबसेरा के रजिस्टर का अवलोकन किया। रजिस्टर में शरणार्थियों की आने एवं पहचान पत्रों की प्रिविष्ठि थीए परन्तु उनके गंतव्य स्थान का उल्लेख अंकित नहीं पाया गया। साथ ही विगत दिवस रैनबसेरा छोड़ने वाले शरणार्थियों के गंतव्य स्थान एवं जाने का समय अंकित नहीं पाया गया, इस पर संबंधित को रजिस्टर अद्यावधिक रखने एवं समस्त प्रपत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में बबजअ कैमरें संचालित पाए गए। निरीक्षण के समय शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए गएए साथ ही शौचालयों में साबुन एवं लिक्विड हैंडवॉश रखवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही रैनबसेरा में कोविड के नियमों का पालन कराये जाने पर विशेष बल दिया गया, इसके अलावा रैनबसेरा में आवश्यक फर्स्टेड दवाएं रखने के निर्देश दिए गए। मौके पर रैनबसेरा के बाहर अलाव जलता हुआ पाया गया। साथ ही रजाई एवं गद्दे उपलब्ध पाए गए। पानी की उपलब्धता हेतु बगल में स्थित महिला रैनबसेरा से सप्लाई होती हैए साथ ही हैंडपम्प भी लगा है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि रैनबसेरा में लाइट जाने पर प्रकाश हेतु उचित प्रबंध किए जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार, एडीएम अनिल कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशे मे टल्ली आरोपियों ने पीड़ित के घर काटा बवाल, गांव मे आक्रोश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के शिवबोझ गांव मे नशे मे धुत आरोपियों ने पीडित के घर पहुंचकर जमकर बवाल काटा। गांव के अशोक कुमार के पुत्र अनुज शुक्ला के घर मंगलवार की रात करीब पौने नौ बजे कार पर सवार नशे मे टल्ली आरोपी पहुंच गये। आरोपियों ने दो तीन दिनों पहले पीडित से हुई कहासुनी को लेकर गालीगलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने मना किया तो आरोपियो ने उसे लाठी डंडे तथा हॉकी से मारना पीटना शुरू कर दिया। पीडित की चीखपुकार पर गांव के लोग दौडे तो आरोपी अपनी कार छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने आरोपियो की तलाश की किंतु उनका कुछ अता–पता नही चल सका। इसके बाद बुधवार की सुबह आरोपी दोबारा पीडित के घर पहुंच गये। आरोपी दरवाजे से खडी कार ले जाने का प्रयास करने लगे। मना करने पर दोबारा आरोपी पीडित व परिवार के सदस्यो के साथ मारपीट करने लगे। पीडित के हल्लागुहार पर गांव के लोग दौडे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पुलिस ने दो आरोपियो को हिरासत मे लेकर थाने आई है। थाने मे पुलिस घटना को लेकर आरोपियो से पूछताछ मे जुटी हुई बतायी जाती है। इस बाबत पीडित अनुज शुक्ला ने दी गई तहरीर मे कहा है कि मंगलवार की रात जेठवारा थाना के पतुलकी निवासी मोनू यादव अपने साथ काछा गांव के उमेश व धीरेन्द्र को लेकर आ धमके और मारपीट करने लगे। तहरीर मे कहा गया है कि बुधवार की सुबह पतुलकी के जीतेन्द्र यादव तथा उसके गांव के मुरली व विनोद उसके घर आ धमके और खडी कार ले जाने का प्रयास करने लगे। मना करने पर आरोपियो ने मारपीट करनी शुरू कर दी। कार को कोतवाली ले आने के लिए मशक्कत करती दिखी। घटना को लेकर गांव मे तनाव व आक्रोश का माहौल बना देखा गया। इस बाबत कोतवाल संजय यादव का कहना है कि आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा तथा सभी आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार कर कडी कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** निमंत्रण मे बाइक से जा रहे युवक की कार की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। उदयपुर थाना के हर्षपुर निवासी मो. सफीक 40 पडोसी जिले अमेठी के गौरीगंज मे परिवार के साथ रहकर मजदूरी किया करता था। बुधवार की शाम वह बाइक से पत्नी नसीमुद बानो तथा रिश्तेदार आसिफा बानो के साथ अठेहा मे किसी निमंत्रण मे आ रहा था। करीब चार बजे मृतक जैसे ही अमांवा गांव के पास पहुंचा कि पिंजरी की तरफसे आ रही कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना मे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस घायलो को सांगीपुर सीएचसी इलाज के लिए ले गई। यहां चिकित्सको ने सफीक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दुर्घटना मे घायल आसिफा तथा नसीमुद बानो को गंभीर दशा मे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सफीक की मौत की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया।

# तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी का खनन, प्रशासन मौन



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन जोरों पर चल रहा है। सब कुछ पुलिस व प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा है,लेकिन प्रशासनिक अमला शांत बैठा हुआ है। तहसील क्षेत्र में जेसीबी व ट्रैक्टर लगा कर खनन माफिया शासन के दिशा निर्देशो की धज्जियां उड़ा रहे हैं कार्रवाई न होने से खनन माफियाओं के हौसले पूरी तरह से बुलंदी पर है। तहसील सिरौलीगौसपुर थाना रामनगर अन्तर्गत ग्राम पंचायत लतपुरवा मज़रे तौकलपुर में आज़ महीनों सेए जगदीश, राममिलन, राजिन्दर प्रसाद, नंद किशोर आदि के खेतों में पुलिस व तहसील प्रशासन की अनदेखी के चलते मिट्टी खनन का कार्य बे रोक.टोक जोरों से चल रहा है। खनन माफिया खुलेआम जेसीबी से ट्रैक्टर.ट्राली पर मिट्टी लाद कर क्रय विक्रय कर रहे है। ग्रामीणों की मानें तो रिंकू अवस्थी, मोहित, अवस्थी, मर्कामऊ व अबसार अली, मैनू, जरवलव दुर्गेश सिंह सूरतगंज राजिन्दर आदि लोगों के द्वारा खनन कराया जा रहा है।देखना यह होगा खनन माफिओं को चिन्हित कर कार्यवाही होती है या नही यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

## तंमचे के साथ शातिर युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बाराबंकी।** पुलिस ने एक शातिर युवक को गिरफ्तार कर उसकी जामा तलासी कराई तो युवक के पास से एक 315 बोर के अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ उसके बाद पुलिस ने युवक पर आर्म्स एक्ट में धाराओं में चालान किया है।विवरण के अनुसार कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत उपनिरीक्षक शशिकांत सिंह ने हैदरगढ़मार्ग पर ओवरब्रिज के पास से सन्दिग्ध हालत में खड़े एक युवक को देखा तो उसकी जामा तलासी ली उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया युवक की पहचान सफ्दरगंज थाना क्षेत्र केअघेरा निवासी राजकुमार पुत्र राम रूप रावत के रूप में हुई पुलिस ने राजकुमार पर आर्म्स एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की है।

## क्विक न्यूज

### खनिज फाउंडेशन न्यास को मंजूरी, भाजपा की देनः उपेन्द्र

**फतेहपुर बाराबंकी।** यूपी में बीजेपी सरकार बनने के बाद जिला खनिज फाउंडेशन न्यास को मंजूरी दी गई थी ताकि बालू मौरंग के खनन की वजह से प्रभावित होने वाले उस इलाके का विकास जिले की खनिज निधि में जुटाए गए राजस्व से कराया जा सके। उक्त बातें सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने हेतमापुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि पहले कि सरकारों में जुटाए गए राजस्व में गड़बड़ झाला कर नेता और अफसर केवल अपनी जेब भरने का काम करते थे। डीएम डॉ. आदर्श व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, विधायक शरद अवस्थी, सीडीओ मेधारूपम ने चार परियोजनाओं का शिलान्यास किया। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि वह तराई इलाके के विकास के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं। अक्सर बाढ़ के दिनों में पानी भर जाने की वजह से ग्रामीणों को आयुर्वेदिक दवाएं भी नहीं मिल पाती हैं। इससे तटबंध के पास सुरक्षित स्थान पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को गोल्डन कॉर्ड बांटे गए। सांसद ने 51 जरूरतमंद लोगों को तहसील प्रशासन की ओर से मुहैया कराए कम्बल भी दिए।

### झुका प्रशासन मानीं मिलर्सो की बात

**बाराबंकी।** हाईब्रिड धान खरीद को लेकर जिले मे टप्प हुई सरकारी खरीद का बुधवार को समाधान हो गया। प्रशासन ने मिलर्सो की बात मान ली जिसके बाद तय हुआ कि खरीदे गये हाइब्रिड धान की खरीददारी तभी होगी जब पहले से डम्प धान की कुटाई कर ली जायेगी। साथ ही तब तक कामन धान खरीदा जायेगा। अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि इधर कई दिनो से मिलर्स द्वारा क्रय केन्द्रो से धान उठान किये जाने से सरकारी धान खरीद टप्प होने के कगार पर पहुच गयी थी। मिलर्स लक्ष्य के सापेक्ष 35 प्रतिशत से अधिक हाइब्रिड धान उठान कर चुके थे साथ ही उसमे टूटन भी अधिक आ रहा था। इस कारण धान खरीद में परेशानी आ रही थी। इसी के चलते आज मिलर्स की एक बैठक बुलाई गयी थी, जिसमें सभी बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। उन्होनें बताया कि इसके बाद सभी मिलर्स मान गये है अब धान खरीद मे कोई व्यवधान नही आयेगा। वही मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमूल सिंह ने बताया कि जब तक पहले के धान की कुटाई नही होती तब तक मिलर्स धान उठान न करने के लिये विवश है। बैठक में जिले के सभी मिलर्सो सहित अपर जिलाधिकारी भी मौजूद रहे।

### पुलिस ने मार्फीनके साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी।** पुलिस ने तस्कर को मार्फिन के साथ गिरफ्तार किया है।विवरण के अनुसार सोनभद्र जिले का निवासी तस्कर जैदपुर क्षेत्र के अहमदपुर चौकी के परसोला चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से पुलिस ने 50 ग्राम नाजायज मार्फिन बरामद हुई है। पुलिस की गिरफ्त में आये तस्कर की पहचान हीरालाल पुत्र रामखेलावन निवासी मारकुंडी चोपन जनपद सोनभद्र के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने विशेष अभियान के तहत चौकी इंचार्ज सतेन्द्र प्रकाश पाण्डेय की टीम ने गिरफ्तार किया है तस्कर पर एनडीपीएस एक्ट धाराओं में कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

### एसपी के निर्देश पर जालसाजी का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात आरोपी ने आधार कार्ड की जालसाजी कर पीडित के खाते से पैतालिस हजार एक सौ साठ रूपये उडा लिये। मंगलवार को संपूर्ण समाधान दिवस मे पीडित ने एसपी अनुराग आर्य से अपनी व्यथा सुनाई तो कप्तान ने पुलिस को फौरन केस दर्ज करने का फरमान जारी किया। पुरवारा गांव के बद्री ने एसपी को दी गई तहरीर मे कहा है कि भिन्न-भिन्न तिथियों मे अज्ञात आरोपी ने फर्जी आधार कार्ड लगाकर उसके धारूपुर स्थित बैक आफ बडौदा ग्रामीण बैंक की शाखा से पैतालिस हजार एक सौ साठ रूपये निकाल लिये। पीडित जब जरूरी काम से बैंक गया तो जानकारी होने पर वह आवाक रह गया। पीड़ित का कहना है कि उसने शाखा प्रबंधक से शिकायत की तो प्रबंधक ने उसकी सुनवाई नही की। पीडित ने एसपी को आपबीती सुनाई। एसपी अनुराग आर्य की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को अज्ञात के खिलाफ धोखाधडी समेत कई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**प्रतापगढ़।** बाइक से ससुराल जा रहे युवक को अनियंत्रित बस ने टक्कर मारी दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेशगंज थाना क्षेत्र के गोपालापुर झींगुर निवासी राजेंद्र प्रसाद तिवारी का पुत्र अतुल (26) दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। लॉकडाउन में वह घर आ गया था। उसकी पत्नी मंजू कई दिन से बीमार चल रही है। वह अपने पिता लक्ष्मीकांत के सरुआ जमेठी कुंडा स्थित घर में है। अतुल बीमार पत्नी का इलाज कराने के लिए बुधवार को दोपहर में घर से बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। बताते हैं कि जैसे ही वह अंजनी गांव के पास पहुंचा सवारी लेकर जा रही निजी बस ने उसे टक्कर मार दी। अतुल बाइक समेत सड़क पर जा गिरा और उसका हेलमेट दूर गिरकर टूट गया। सिर में गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर बस लेकर भाग निकला। अतुल की मौत की खबर सुनते ही मां गौरी देवी, पिता राजेंद्र प्रसाद, पत्नी मंजू समेत पूरा परिवार बिलख पड़ा। अतुल के तीन भाई और दो बहनें हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चर्चा रही कि पुलिस ने कुंडा में खड़ी निजी बस को भी कब्जे में ले लिया है।

### भूमिपूजन में आज शामिल होगें प्रमोद व मोना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी गुरूवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे मधुकरपुर-डुहिया पिच मार्ग के भूमिपूजन कार्यक्रम मे शामिल होगें। प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा मोना यहां आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेगें। इसके बाद विधायक मोना तथा प्रमोद तिवारी राहाटीकर स्थित डा. बलभद्र सिंह इण्टरमीडिएट कालेज मे शैक्षिक समारोह मे शामिल होगें। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति मे दी है।

### भाजपा का विशाल रक्तदान शिविर आज

**प्रतापगढ़।** भाजपा की नगर कमेटी के आयोजकत्व में 17 दिसंबर दिन गुरुवार को नगर क्षेत्र स्थित किशोरी सदन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी भाजपा के नगर महामंत्री आलोक गर्ग ने देते हुए अपील किया है कि जो भी महिला पुरुष भाई बहन रक्तदान करना चाहते हो वह उक्त कार्यक्रम में भागीदारी कर सफल बनाएं और इस नेक कार्य में रक्तदान करके मानव सेवा का परिचय देते हुए किसी के जीवन की रक्षा में सहयोग करें।

### सपा जिला अध्यक्ष कर रहे हैं किसानों को जागरूक

**ललितपुर।** इन दिनों किसान खेतों में रबी की फसल को सींच रहा है। ऐसे में कई किसानों को केन्द्र सरकार द्वारा संशोधित किये गये कृषि कानून की जानकारी नहीं हैए जिससे वह अनभिज्ञ है। ऐसे किसानों को उनके गांव व खेतों तक पहुंच कर जागरूक करने का काम समाजवादी पार्टी द्वारा किया जा रहा है। कृषि बिल से किसानों को जागरूक करने के लिए बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव एडण् ने ग्राम परौंदा व नकवाना में पहुंच कर चौपाल लगायी। चौपाल के जरिए उन्होंने किसानों को जागरूक तो किया हीए साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी शक्तिए नारी सुरक्षाए नारी स्वावलंबन को लेकर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी अमेठी अजय पाल सिंह ने बताया की महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षाए सशक्तिकरण व सम्मान हेतु शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र के मध्य ष्मिशन शक्तिष् के अंतर्गत नारी सुरक्षाए नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैंए जिसके क्रम में आज जनपद के सभी विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियोंए जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से विकास खंडोंए आंगनवाड़ी केंद्रों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को शपथ दिलाई गई तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टीकरमाफीए राजकीय हाई स्कूल मंगरौलीए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जामो एवं श्री निषाद राज इंटर कॉलेज किटियांवा अमेठी में बालिकाओं को सूक्ष्म व्यायाम कराया गया तथा आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। उक्त अभियान में विद्यालय शिक्षिकाओ कॉलेजध्स्कूलों में किशोरध्किशोरियों में मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक परामर्श के संबंध में जागरूक किया गया। बालकध्बालिकाओं को विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1098 चाइल्ड लाइनए 1090 महिला हेल्पलाइन तथा 112 पुलिस सहायता के संबंध में जागरूक किया गया।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



अस्पताल में मौजूद पूर्व मंत्री

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** लखनऊ.वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकला युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था मे नहर पुल पर मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हरपाल पुर निवासी विक्रम सिंह उर्फ भोलू पुत्र रमेश सिंह स्थानीय कस्बा स्थित दयाल बाग में बैटरी की दूकान चलाते हैं।बुधवार की सुबह प्रतिदिन की तरह विक्रम सिंह बाइक से मॉर्निंगवाक पर निकले थे। वे हाई वे के किनारे बाइक खड़ी कर वे पैदल टहलते थे। बुधवार की सुबह शारदा सहायक नहर पर बने पुल के पैदल ट्रैक के पास विक्रम सिंह घायल अवस्था मे पड़े थे। राहगीरों की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा ने मय हमराही सिपाही घायल विक्रम को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने विक्रम (28) को मृत घोषित कर दिया। पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह ब्लॉक प्रमुख दिनेश सिंह सहित परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ मुसाफिरखाना मनोज कुमार यादव ने बताया कि मृतक के पिता रमेश बहादुर सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## सगे भाई व ताऊ को पुलिस ने किया गिरफ्तार, बिन ब्याही मां बनने पर की गयी थी हत्या

### ● नदी में मृत मिली गर्भवती युवती के मामले का हुआ खुलासा

**बाराबंकी।** लोक लाजके डर से हत्या कर नदी मे फेंके गए युवती के शव की हुई बुधवार कोशिनाख्तहो गयी। पुलिस ने भाई और युवती के ताऊको गिरफ्तार कर इसका खुलासा किया है। अगस्त में सतरिख थाना क्षेत्र में स्थित सुल्तानपुर गांव में स्थित रेठ नदी मे मिले गर्भवती युवती के शव के मामलेमें खुलासा करते हुए एसपी ने बताया कि गर्भवती सैलखा गांव के निवासी राम सुचित यादव की बेटी थी। सावित्री ननिहाल देवा थाना क्षेत्र के रायगंज में रहक़र बरेठी स्थित एक इंटर कॉलेज से अपनी बारहवी परीक्षा वर्ष 2018 में पास की थी।मृतका के ननिहाल मे किसी लड़के से शारिरिक सम्बन्ध हो गए जिसके कारण मृतका गर्भवती हो गई। इसी बीच 3 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर अपने गांव सैलखा लेकर आये तो परिजनों को गर्भवती होने का पता चला तो परिजनों ने लोकलाज में गर्भपात करवाने का दबाव बनाने लगे लेकिन मृतका के गर्भपात करवाने से मना कर दिया उसके बाद 4/5 अगस्त रात में घर मे शव मिला और आरोपी भाई ने ताऊ के साथ मिलकर शव को रेठ नदी में फेंक दिया और लोगों के पूछने पर युवती के पिता बताते रहे मृतका अपने ननिहाल में है। एसपी ने घटना का अनावरण करने वाले प्रभारी निरीक्षक सतरिख बृजेश कुमार वर्मा उपनिरीक्षक दिनेश यादव हेडकांस्टेबल फूलचन्द्र यादव की प्रशंसा करते हुए नकद इनाम देने की घोषणा की है।

# पत्नी ने प्रेमी से मिलकर कराई पति की हत्या

## ● बुढ़वार नहर के पास हुये नृशंस हत्याकाण्ड का 24 घण्टे में खुलासा ●घटना में शामिल अभियुक्त व मृतक की पत्नी गिरफ्तार

**ललितपुर।** 15 दिसंबर 2020 को ग्राम बुढवार के निवासियों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि ग्राम बुढवार के पास स्थित नहर के किनारे एक व्यक्ति का शव रक्तरंजित अवस्था में पड़ा है। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल उच्च अधिकारी कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलान्स टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर मुआयना किया गया। रक्तरंजत पड़े शव को किसी धारदार हथियार से चेहरे व गर्दन पर अत्यन्त क्रूरता से प्रहार कर हत्या को अंजाम दिया गया था। शव की तलाशी लेने पर प्राप्त आधार कार्ड से उसकी शिनाखा मनोज निगम पुत्र राजबाबू निगम निवासी काशीराम कालोनी सिद्धन के रूप में हुई। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर उपरोक्त प्रकरण के संबंध में कोतवाली में मामला पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के कुशल निर्देशन में बृजेश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सदर केशवनाथ के निकट पर्यवेक्षण में एसओजीए सर्विलान्स व कोतवाली पुलिस को उपरोक्त हत्याकाण्ड के अनावरण हेतु लगाया गया। घटना की गहनता से छानबीन करने पर जानकारी हुयी कि मृतक की पत्नी दीपमाला सदनशाह स्थित बेकरी में कार्य करती हैण् उसी बेकरी में काम करने वाले जयराम सेन उम्र लगभग 20 वर्ष के साथ मृतक की पत्नी के अवैध सम्बन्ध हो गये थे। पत्नी के अवैध सम्बन्धों के चलते मृतक मनोज व उसकी पत्नी में आपस में झगडा भी होता था। मृतक मनोज की पत्नी ने जयराम से कहा कि मनोज के मरने के बाद ही हम दोनों साथ में रह सकते हैं। 14.12.2020 को रात्रि में जयराम अपने दोस्त की मोटर साइकिल लेकर मनोज के घर पर गया और कहा कि मेरे फूफा जी को हार्ट अटैक आया हैए भोपाल लेकर जाना है। चूंकि मृतक किराये पर गाडियां चलाता थाए मृतक जयराम की बातों पर विश्वास कर उसके साथ चला गया। ग्राम बुढदार के पास स्थित नहर पर गाडी रोककर जयराम ने मनोज पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। दिनांक

16.12.2020 को समय लगभग 09.10 बजे निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार पटेल प्रभारी कोतवाली, एसओजी प्रभारी व सर्विलान्स प्रभारी मय हमराही पुलिस बल द्वारा घटना में सम्मिलित अभियुक्त जयराम सेन को मुखबिर की सूचना पर बुढवार बच्चा जेल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। हत्या के षडयन्त्र में शामिल मृतक की पत्नी दीपमाला को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पटेल एवं एसओजी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल सहित अन्य उप निरीक्षक तथा कांस्टेबल साथ रहे।